सूर्योदय 5:27 सूर्यास्त 7:08

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.5 न्यू | 27.6 अधि |
| धर्मशाला | 14.6 न्यू | 34.1 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 81,186.44 |
| निफ्टी | 24,683.90 |
| सोना | 96,540 |
| चांदी | 97,500 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




हिमाचल स्काउट बटालियन की स्थापना जरूरी : सुक्खू

पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | बुधवार, 21 मई 2025 | 8 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 142, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

**आज का मैच**

मुंबई इंडियंस vs दिल्ली कैपिटल्स

समय: रात 7:30 बजे (मुंबई)

**न्यूज शॉर्ट्स**

## मुंबई में कोरोना से 2 की मौत का संदेह

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई के केईएम अस्पताल में कोरोना से दो मरीजों की मौत का संदेह जताया गया है। हालांकि, डॉक्टरों का कहना है कि इनकी मौत कोविड से नहीं, बल्कि पुरानी बीमारियों की वजह से हुई है। एक मरीज को मुंह का कैंसर था और दूसरे को किडनी से जुड़ी बीमारी नेफ्रोटिक सिंड्रोम थी। इधर, एशिया के सिंगापुर, हॉन्गकॉन्ग, चीन और थाईलैंड में कोरोना वायरस के मामले फिर से बढ़ रहे हैं। इन देशों में नए मामलों की संख्या में इजाफा हो रहा है। सिंगापुर में 1 मई से 19 मई के बीच 3000 मरीज सामने आए हैं। हॉन्गकॉन्ग में जनवरी से अब तक 81 मामले सामने आए हैं। इनमें से 30 की मौत हो चुकी है। चीन और थाईलैंड में भी अलर्ट जारी किया गया है। (अनंत ज्ञान)

## पाक सेना प्रमुख आसिम मुनीर बने फील्ड मार्शल

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर को प्रमोट करके फील्ड मार्शल बनाया गया है। सूत्रों के मुताबिक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की कैबिनेट ने मंगलवार को यह फैसला लिया। मुनीर का यह प्रमोशन भारत के खिलाफ ऑपरेशन बुनयान-उम-मार्सूस के दौरान आर्मी को लीड करने की वजह से किया गया। फील्ड मार्शल पाकिस्तान सेना में सर्वोच्च सैन्य रैंक है, जो एक फाइव स्टार रैंक के रूप में माना जाता है। यह रैंक जनरल (फोर स्टार) से ऊपर है। पाकिस्तान में फील्ड मार्शल का पद सेना, नौसेना और वायुसेना में सबसे ऊंचा होता है। पाकिस्तान के इतिहास में आसिम मुनीर से पहले 1959 में अयूब खान को फील्ड मार्शल बनाया गया था। (अनंत ज्ञान)

## सोना तस्करी मामले में एक्ट्रेस रान्या राव को मिली जमानत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कर्नाटक के चर्चित गोल्ड स्मगलिंग केस में मुख्य आरोपी रान्या राव और सह आरोपी तरुण कोंडारू राजू को विशेष अदालत (आर्थिक अपराध) द्वारा जमानत दे दी गई है। न्यायमूर्ति विश्वनाथ सी गौदर ने अपने आदेश में दोनों को जमानत देते हुए दो शर्तें भी लगाई हैं। इसके अनुसार दोनों देश नहीं छोड़ सकते और दोबारा ऐसा अपराध नहीं कर सकते। इन शर्तों के उल्लंघन पर जमानत रद्द किए जाने की बात कही गई है। (अनंत ज्ञान)



**अंदर के पन्नों पर पढ़ें**


- पुनर्सीमांकन को लेकर उठे विरोध के स्वर — पेज 2
- कंडवाल बैरियर एंट्री शुल्क पर विवाद गरमाया — पेज 4
- शिक्षा के साथ-साथ खेलों को देंगे बढ़ावा: रोहित ठाकुर — पेज 6
- एनएच निर्माण कंपनी पर दर्ज करें एफआईआर — पेज 9
- तीन से चार दिन बाद हो रही पेयजल आपूर्ति — पेज 12


**बड़ी चूक** रद्द हुए अंग्रेजी के पेपर की उत्तर कुंजी को स्कैन कर जारी किया था रिजल्ट

# स्कूल शिक्षा बोर्ड 12वीं का दोबारा घोषित करेगा संशोधित परिणाम

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा हाल ही में घोषित किए गए 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में अंग्रेजी विषय पर लगे गंभीर आरोपों को लेकर बोर्ड ने अपनी गलती को स्वीकार करते हुए 12वीं कक्षा का पुनः संशोधित परीक्षा परिणाम घोषित करने का ऐलान किया है।

12वीं कक्षा के अंग्रेजी विषय के पेपर स्कैन मामले में बोर्ड की बड़ी गलती सामने आई है। हालांकि, स्कूल शिक्षा बोर्ड ने इस पूरे मामले में गलती को स्वीकार करते हुए माफी भी मांगी है, परंतु जो बोर्ड की जो गलती सामने आई है, इससे बोर्ड की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान खड़े हो गए हैं।

ज्ञात रहे कि चंबा जिले के चुवाड़ी स्थित सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों ने गलती से 10वीं कक्षा की जगह 12वीं कक्षा का अंग्रेजी का प्रश्नपत्र खोल दिया था। 10वीं कक्षा की अंग्रेजी की परीक्षा 7 मार्च को थी, जबकि 12वीं कक्षा की अंग्रेजी की परीक्षा 8 मार्च को थी। जिसके बाद हिमाचल बोर्ड ने पेपर लीक होने की आशंका के चलते राज्य के सभी परीक्षा केंद्रों पर 12वीं कक्षा की अंग्रेजी की परीक्षा रद्द कर दी थी।



विशाल शर्मा सचिव स्कूल शिक्षा बोर्ड।

**संशोधित परिणाम में अधिकतर विद्यार्थियों के अंक बढ़े**

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के सचिव मेजर विशाल शर्मा ने मंगलवार को इस मामले बोर्ड की गलती को स्वीकार करते हुए कहा कि 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम को बनाते समय बोर्ड के संबंधित विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों से 8 मार्च को रद्द हुए अंग्रेजी विषय के पेपर की उत्तर कुंजी स्कैन हो गई थी, जिसमें दोबारा लिए गए अंग्रेजी के पेपर की उत्तर कुंजी रह गई।

उन्होंने कहा कि इसी गलती के कारण अंग्रेजी विषय में बच्चों के अंकों में असमानताएं सामने आई हैं। विशाल शर्मा ने कहा कि यह एक मानवीय गलती है जिस पर बोर्ड को दुख व खेद है। उन्होंने कहा कि विभिन्न शिक्षक संगठनों, निजी स्कूल संघ, अभिभावकों की ओर से अंग्रेजी विषय में कम अंक आने की शिकायतें मिलने के बाद बोर्ड ने यह फैसला लिया है कि बोर्ड द्वारा अब पुनः 12वीं कक्षा का संशोधित परीक्षा परिणाम घोषित करेगा। उन्होंने कहा कि इसके लिए अंग्रेजी विषय की उत्तर कुंजी को सुधारने का कार्य तेजी से चला हुआ है तथा इसका काम खत्म होते ही 21 या 22 मार्च को 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस पूरे मामले में उन्हें शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर का भी फोन आया, जिसमें उन्होंने भी अंग्रेजी विषय में बच्चों के कम आए अंकों को लेकर बात की।

### दोषी अधिकारियों के खिलाफ बोर्ड लेगा एक्शन

12वीं कक्षा के अंग्रेजी विषय पर बोर्ड के सबंधित विभाग के अधिकारियों के खिलाफ बोर्ड एक्शन लेगा। सचिव विशाल शर्मा ने कहा कि अंग्रेजी विषय की उत्तर कुंजी स्कैन करने के मामले में 3 से 4 अधिकारियों व कर्मचारियों की गलती सामने आई है, जिनके खिलाफ बोर्ड अनुशासनात्मक कार्रवाई करेगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में इस प्रकार की गलतियां न हों, इस पर भी बोर्ड की तीखी नजर रहेगी। उन्होंने कहा कि संशोधित परिणाम में अधिकतर विद्यार्थियों के अंक बढ़े हैं। पहले से घोषित परिणाम के अंकों को कम नहीं किया जाएगा।

### यह था मामला, जहां से चूक बढ़ती चली गई

**चंबा** जिले के चुवाड़ी स्थित सरकारी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में शिक्षकों ने गलती से 10वीं कक्षा की जगह 12वीं कक्षा का अंग्रेजी का प्रश्नपत्र खोलने के बाद स्कूल शिक्षा बोर्ड परीक्षा विनियम, 1993 (जुलाई 2017 तक संशोधित) की धारा 2-1-2 के तहत दी गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए प्रदेश भर में 12वीं कक्षा की अंग्रेजी परीक्षा को तत्काल रद्द कर दिया था। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी आधिकारिक अधिसूचना में 7 मार्च को एक गुमनाम शिकायत प्राप्त हुई। इसमें आरोप लगाया गया था कि 12वीं कक्षा के अंग्रेजी के पेपर को निर्धारित तिथि और समय से पहले खोल दिया गया है। इसके बाद बोर्ड ने इस मामले की तुरंत जांच की और सुरक्षा बढ़ाने के लिए शुरू की गई नई निगरानी प्रणाली 'एग्जाम मित्र ऐप' से वीडियो साक्ष्य का उपयोग कर दावे को सत्यापित किया था। स्कूल शिक्षा बोर्ड के इस मामले को गंभीरता से लिया था। बोर्ड ने बात पर जोर दिया था कि परीक्षा प्रक्रिया की शुचिता बनाए रखना सर्वोच्च प्राथमिकता है और सुरक्षा में किसी भी तरह की चूक बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हालांकि 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम को बनाते हुए खुद बोर्ड के अधिकारियों से चूक हो गई।

## भारतीस सेना बोली-पाकिस्तान हमारी रेंज में, कहीं भी कर सकते हैं स्ट्राइक

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय सेना ने कहा है कि भारत के पास इतनी ताकत है कि वह पाकिस्तान के किसी भी हिस्से को निशाना बना सकता है। एयर डिफेंस चीफ लेफ्टिनेंट जनरल सुमेर इवान ने कहा कि चाहे पाकिस्तानी सेना अपना मुख्यालय रावलपिंडी से हटाकर खैबर पख्तूनख्वाह तक कहीं और क्यों न ले जाए, वह हमारी रेंज में ही रहेगा।



इधर, इसराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर अभी खत्म नहीं हुआ है, सिर्फ रोका गया है। उन्होंने पाकिस्तान से मांग की कि हाफिज सईद, सज्जाद मीर और जकीउर रहमान लखवी जैसे बड़े आतंकियों को भारत को सौंपा जाए। उन्होंने कहा कि हमने पाकिस्तान में आतंकी ठिकाने तबाह करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर चलाया। भारत अब नई रणनीति पर काम कर रहा है, जहां भी आतंकी होंगे, हम हमला करेंगे और उनके ठिकाने तबाह करेंगे।

उधर, भारतीय सेना ने सोमवार को कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ हमारे स्वदेशी हथियार बेहद कारगर रहे। आकाशतीर डिफेंस सिस्टम और एल-70 एयर डिफेंस गन ने पाकिस्तान के हर ड्रोन और मिसाइल को नष्ट कर दिया। पाकिस्तान ने ये हमले 9-10 मई को किए थे। (अनंत ज्ञान)

### राजस्थान की लोंगेवाला पोस्ट पहुंचे आर्मी चीफ

**सेना** प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सोमवार को राजस्थान के लोंगेवाला में सीमावर्ती इलाके में पहुंचे। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर में अहम भूमिका निभाने वाले जवानों की सराहना की और भारतीय वायुसेना और बीएसएफ के साथ मिलकर की गई संयुक्त कार्रवाई का रिव्यू किया। जनरल द्विवेदी का पांच दिन में फौज की पोस्ट पर यह पांचवां दौरा था। इससे पहले वे 15 मई को बारामूला में डैगर डिवीजन की पोस्ट्स पर पहुंचे थे। इसी दिन उन्होंने श्रीनगर, उरी और ऊंची बस्सी की चौकियों का दौरा किया और सैनिकों को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की बधाई दी थी।

## यूट्यूबर ज्योति और आईएसआई एजेंट की मिली व्हॉट्सऐप चैट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की पाकिस्तानी हैंडलर के साथ व्हॉट्सऐप चैट मिली है। हरियाणा पुलिस के सूत्रों के अनुसार पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई ज्योति के जरिए भारत के रॉ एजेंट्स की मौजूदगी का पता लगाना चाहती थी।



यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा

सूत्रों के अनुसार ज्योति और पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी के अधिकारी अली हसन के बीच हुई चैटिंग में हसन ने ज्योति से पूछा था कि जब वह अटारी बॉर्डर गई थी, तब उसे वहां कोई अंडरकवर पर्सन मिला था क्या? ज्योति और अली हसन ने इस मुद्दे पर लंबी बातचीत की थी। पुलिस सोर्सेज के मुताबिक इसी वजह से ज्योति से पूछताछ में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) शामिल हुई है।

जांच एजेंसियों को पता चला है कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी का अधिकारी अली हसन ही वह व्यक्ति है, जिसने ज्योति के पाकिस्तान जाने पर उसके बेरोकटोक घूमने का सारा इंतजाम किया था। हिसार की ज्योति मल्होत्रा कुल तीन राज्यों के 11 लोग पाकिस्तान के लिए जासूसी कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)

## बंबर ठाकुर गोलीकांड के आरोपी का जेल में हुड़दंग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में स्थित जबली जिला एवं मुक्त कारागार में सोमवार को एक सनसनीखेज घटना सामने आई है, जहां बंबर ठाकुर गोलीकांड के मुख्य आरोपी सौरभ पटियाल उर्फ फांदी सहित 10 कैदियों ने मिलकर एक अन्य कैदी पर जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले ने जेल सुरक्षा व्यवस्था और कैदियों के बीच चली आ रही पुरानी रंजिशों पर एक बार फिर से सवाल खड़े कर दिए हैं।

**9 अन्य के साथ मिलकर बंदी कैदी पर किया जानलेवा हमला**

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित कैदी सन्नी पुत्र धर्म सिंह, निवासी गांव दरकौट, बलद्वाड़ा, पर 19 मई को जेल परिसर में अचानक हमला किया गया। यह हमला कथित तौर पर पुरानी दुश्मनी के चलते किया गया। पीड़ित को जेल परिसर में ही अन्य कैदियों ने घेर लिया और उसकी बेरहमी से पिटाई की।

हमले में शामिल कैदियों में सौरभ पटियाल उर्फ फांदी पुत्र सुरेंद्र निवासी जाहड़ी, मंजीत नड्डा पुत्र नंद लाल, रोहित पुत्र गुरपाल, कुलदीप पुत्र बिजेंद्र, बॉबी (बंबर ठाकुर गोलीकांड का शूटर), अजय, सागर, नरेश पुत्र प्रेम लाल, शशिकांत पुत्र प्रेम लाल और रोहित पुत्र नरेंद्र के नाम सामने आए हैं। इनमें से अधिकांश पहले से ही बंबर ठाकुर गोलीकांड जैसे गंभीर आपराधिक मामलों में सजा काट रहे हैं। इस घटना की सूचना जेल में तैनात वार्डन मनीष कुमार ने तुरंत थाना सदर पुलिस को दी।

वार्डन की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आईपीसी की विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर लिया है। बिलासपुर डीएसपी मदन धीमान ने खबर की पुष्टि की है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है और मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है।

## हाई अलर्ट: उत्तर भारत में प्रचंड गर्मी का कहर, 55°C तक जाएगा पारा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूरे उत्तर भारत में इन दिनों भीषण गर्मी का प्रकोप जारी है, लेकिन अब स्थिति और भी गंभीर होने वाली है। मौसम विभाग और नागरिक सुरक्षा महानिदेशालय ने आगामी 20 मई से 2 जून तक के लिए हाई अलर्ट जारी किया है। चेतावनी दी गई है कि इस अवधि में तापमान 45 डिग्री सेल्सियस से 55 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है, जिससे जनजीवन बुरी तरह प्रभावित होगा। आम जनता से विशेष सावधानियां बरतने और सुरक्षित रहने का आग्रह किया गया है।



मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी के बीच बारिश का अलर्ट है। प्रदेश के आधे हिस्सों में तेज गर्मी और आधे में बारिश की चेतावनी जारी की गई है। वहीं 25 मई से 2 जून तक नौतपा में भी बारिश होने के आसार है। मौसम विभाग का कहना है कि प्रदेश के ग्वालियर-चंबल और सागर संभाग में अगले 2 दिन तेज गर्मी रहेगी। यहां के 8 जिलों में लू का अलर्ट है। वहीं, चार सिस्टम की वजह से भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नर्मदापुरम संभाग में आंधी और बारिश का दौर रहेगा। 21 और 22 मई को पूरे प्रदेश में 30 से 50 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार से आंधी चल सकती है। (अनंत ज्ञान)

### समय से पहले केरल में दस्तक दे सकता है मानसून

**दक्षिण**-पश्चिम मानसून तय अनुमानित समय से पहले केरल में दस्तक दे सकता है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने मंगलवार को कहा कि दक्षिण-पश्चिम मानसून के अगले चार-पांच दिनों में केरल पहुंचने की संभावना है। यह एक जून की सामान्य तिथि से काफी पहले है। मौसम विभाग ने पहले पूर्वानुमान लगाया था कि मानसून 27 मई तक केरल में दस्तक देगा।

## नाराज चल रहे छगन भुजबल महाराष्ट्र कैबिनेट में बने मंत्री

**एजेंसी, मुंबई**

नेशनलिस्ट कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के नेता छगन भुजबल ने मंगलवार सुबह महाराष्ट्र कैबिनेट में मंत्री पद की शपथ ली। मंत्री बनने के बाद उन्होंने कहा कि कहते हैं न 'अंत भला तो सब भला'। मैंने अब तक हर जिम्मेदारी अच्छे से निभाई है। अब भी जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे निभाऊंगा।



दरअसल, पिछले साल नवंबर में महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की सरकार बनी थी। हालांकि, 77 साल के छगन को मंत्रिमंडल में शामिल नहीं किया गया था, जिससे वह नाराज चल रहे थे। भुजबल ने महाराष्ट्र कैबिनेट में एनसीपी के नेता धनंजय मुंडे की जगह ली है। मुंडे ने मार्च में मंत्री पद से इस्तीफा दिया था। भुजबल को खाद्य, नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता संरक्षण मंत्रालय मिल सकता है, क्योंकि इसके पहले वह दो बार यह मंत्रालय संभाल चुके हैं। (अनंत ज्ञान)

## कर्नल कुरैशी के खिलाफ मंत्री की टिप्पणी मामले में एसआईटी गठित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय सेना की कर्नल सोफिया कुरैशी को लेकर शर्मनाक टिप्पणी करने वाले मंत्री विजय शाह की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने मध्य प्रदेश के डीजीपी को मामले की जांच के लिए तीन वरिष्ठ आईपीएस अधिकारियों की एसआईटी गठित करने का आदेश दिया था। वहीं, अब सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद मध्य प्रदेश के डीजीपी ने विजय शाह मामले में एसआईटी गठित कर दी है। एसआईटी अपनी रिपोर्ट 28 मई तक सुप्रीम कोर्ट के समक्ष पेश करेगी। (अनंत ज्ञान)

## पंजाब : पाकिस्तान के आईएसआई नेटवर्क का पुलिस ने किया पर्दाफाश, 6 गिरफ्तार

**एजेंसी, बटाला**

पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई समर्थित आतंकवादी नेटवर्क के खिलाफ पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है। बटाला पुलिस ने हरविंद्र सिंह रिंदा के निर्देश पर विदेशी संचालकों मनिंद्र बिल्ला और मन्नू अगवान द्वारा चलाए जा रहे बीकेआई आतंकी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए छह गुर्गों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान जतिन कुमार उर्फ रोहन, वीरिंद्र सिंह उर्फ साजन, राहुल मसीह, अब्राहम उर्फ रोहित, सोहित और सुनील कुमार के रूप में हुई है। इस मॉड्यूल ने बटाला में एक शराब की दुकान के बाहर ग्रेनेड हमला करने का प्रयास किया था।



आरोपियों को पुर्तगाल स्थित मनिंद्र बिल्ला और बीकेआई मास्टरमाइंड मन्नू अगवान से सीधे निर्देश मिल रहे थे। जिन्होंने हाल ही में अमेरिका में हैप्पी पाशियां की गिरफ्तारी के बाद परिचालन जिम्मेदारी संभाली थी। बटाला के सिविल लाइंस पुलिस स्टेशन में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। (अनंत ज्ञान)

## हाईकोर्ट ने डीजीपी की रिपोर्ट विमल नेगी के परिवार के साथ साझा करने का दिया आदेश

**पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** हिमाचल उच्च न्यायालय ने राज्य सरकार को ओंकार शर्मा कमेटी की रिपोर्ट विमल नेगी के परिवार के साथ साझा करने के आदेश दिए है। एचपीपीसीएल के मुख्य अभियंता विमल नेगी की मौत से संबंधित चल रहे मामले में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय ने मंगलवार को निर्देश दिया कि पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) द्वारा अदालत में प्रस्तुत सीलबंद लिफाफे में स्थिति रिपोर्ट याचिकाकर्ता के साथ साझा की जाए।

**अतिरिक्त मुख्य सचिव के निष्कर्षों की अब बेंच करेगी जांच**



हालांकि, अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) ओंकार शर्मा द्वारा प्रस्तुत हलफनामे के बारे में, जिसमें मामले पर विस्तृत निष्कर्ष शामिल हैं। अदालत ने आदेश दिया है कि इसे पीठ के साथ साझा किया जाए। इस रिपोर्ट को परिवार को भी उपलब्ध कराया जा सकता है या नहीं, इस पर निर्णय न्यायिक जांच के बाद लिया जाएगा। मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति अजय मोहन गोयल की एकल पीठ ने की, जिन्होंने मामले को बुधवार को आगे की सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया है।

नेगी के परिवार द्वारा दायर याचिका में उनकी मौत से जुड़ी परिस्थितियों की केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) से जांच कराने की मांग की गई है। कार्यवाही के दौरान, अधिवक्ता बावा ने कहा कि राज्य ने जान-बूझकर ओंकार शर्मा रिपोर्ट की सामग्री को परिवार से छिपाया है। उन्होंने कहा कि निष्कर्षों तक पहुंचने के लिए सूचना के अधिकार (आरटीआई) के तहत आवेदन करने से भी मना कर दिया गया, जिससे पारदर्शिता और प्रक्रियात्मक निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं।

### सरकार ने सीबीआई को मामला सौंपने से पहले अतिरिक्त समय मांगा

**राज्य** की ओर से पेश हुए एडवोकेट जनरल अनूप रतन ने अदालत को बताया कि विशेष जांच दल (एसआईटी) अभी भी फोरेंसिक साइंस लैबोरेटरी (एफएसएल) से अंतिम रिपोर्ट का इंतजार कर रहा है, जिसमें कॉल डिटेल रिकॉर्ड और अन्य फोरेंसिक इनपुट जैसे महत्वपूर्ण साक्ष्य शामिल होने की उम्मीद है। उन्होंने पीठ को आश्वासन दिया कि जांच अभी भी जारी है और मामले को सीबीआई को सौंपने पर कोई भी निर्णय लेने से पहले अतिरिक्त समय मांगा।

**पर्यटन** भारत-पाक के बीच बढ़ते तनाव के बाद ट्रेनों की बुकिंग हो गई थी कैंसिल

## हिमाचल में पर्यटन की बहार, 30 मई तक ट्रेनें बुक

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** देश के मैदानी राज्यों में भीषण गर्मी से निजात पाने को पर्यटकों ने बड़ी संख्या में हिमाचल का रुख किया है। इससे पर्यटन स्थल पर्यटकों से गुलजार है। इसका फायदा कालका-शिमला रेलवे को भी हुआ है। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के आसार बनने से पर्यटन सीजन पर संकट के बादल छा गए थे।

देशभर से बढ़ रही गर्मी से निजात पाने को पर्यटकों ने बड़ी संख्या में हिमाचल की ठंडी वादियों का रुख किया है। इसका असर कालका-शिमला रेलमार्ग पर चलने वाली ट्रेनों की बुकिंग में देखा जा सकता है। विश्व धरोहर ट्रैक पर सभी ट्रेनों की 30 मई तक एडवांस बुकिंग चल रही है। युद्ध के आसार बनने के बाद ट्रेनों में भी बुकिंग कैंसिल हो गई थी। इस कारण एक सप्ताह से कम लोगों ने ट्रेनों से आवाजाही की।





### सभी ट्रेनों में एडवांस बुकिंग

**विश्व** धरोहर कालका-शिमला लाइन पर चलने वाली छह ट्रेनें भी पैक हैं। अब ट्रेनों में 107 की अधिकतम वेटिंग चल रही हैं। ये वेटिंग 24 मई को है। अगर कोई टिकट कैंसिल होती है तो ही वेटिंग में चल रहे लोग टॉय ट्रेन का लुत्फ उठा सकेंगे। खास बात यह है कि ट्रेन में जितनी सीटें उपलब्ध हैं मई माह में उतनी से वेटिंग चली हुई है। मई के दूसरे सप्ताह में कालका से शिमला जाने वाली ट्रेनों में तो कुछ यात्री दिखे, जबकि शिमला से कालका आने वाली अधिकतर ट्रेनें खाली ही दौड़ी, लेकिन अब हालात ठीक होने के बाद से ट्रेनों में फिर भीड़ होनी शुरू हो गई है। दूसरे राज्यों में अधिक गर्मी पड़ने से भी लोग हिमाचल का रुख कर रहे हैं।

### कसौली व चायल में होटलों की बहार

**शिमला** के अलावा हिल स्टेशन कसौली और चायल में पर्यटकों के आने से होटल चालकों की बहार है। होटलों में पर्यटकों ने बुकिंग करवानी फिर शुरू कर दी है। वीकेंड में तो 90 फीसदी से होटल बुक है। इससे अब कारोबारियों ने फिर से आस लगाई है। बीते सप्ताह बुकिंग कैंसिल होने से कारोबारी काफी निराश थे।

> **विश्व** धरोहर कालका-शिमला ट्रैक पर आगामी दिनों में सभी ट्रेनों की एडवांस बुकिंग चल रही हैं। वेटिंग भी काफी लंबी चल रही है। गर्मियों को लेकर प्लान तैयार किया जा रहा है।
>
> **-नवीन कुमार, वरिष्ठ मंडल वाणिज्यक प्रबंधक, अंबाला**

### शिमला आने वाली ट्रेनों की लंबी वेटिंग

**कालका** से शिमला की ओर जाने वाली कालका-शिमला एक्सप्रेस (52457) में 17 मई को 10, 18 मई को 18, 19 मई को 15, 20 मई को 10 वेटिंग रही, जबकि शिवालिक एक्सप्रेस (52451) में 17 मई को 12, 18 मई को 55, 19 मई को 40, 20 मई को 16 वेटिंग है। इसी तरह कालका-शिमला एक्सप्रेस (52453) में 17 मई को 41, 18 मई को 70, 19 मई को 65, 20 मई को 71 वेटिंग हैं। वहीं, कालका-शिमला एक्सप्रेस (52459) में 17 मई को 13, 18 मई को 37, 19 मई को 11, 20 मई को 15 वेटिंग हैं। जबकि हिमालयन क्वीन में 17 मई को 40, 18 मई को 25, 19 मई को 42, 20 मई को 63 की वेटिंग है। इस सप्ताह में यह वेटिंग पहले से बढ़ गई।

## न्यूज ब्रीफ

### महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी 27 को लेगी साक्षात्कार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मोहाली स्थित महिंद्रा एंड महिंद्रा कंपनी के प्लांट में 100 पदों को भरने के लिए 27 मई को सुबह साढ़े दस बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए बारहवीं पास, किसी भी ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा धारक और पॉलिटेक्निक डिप्लोमा धारक महिला एवं पुरुष उम्मीदवार पात्र हैं। आवेदक की आयु 18 से 30 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 12 से 22 हजार रुपए तक मासिक वेतन के साथ-साथ वर्दी, अटेंडेंस बोनस और सस्ता खाना दिया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अगर कोई युवा उपरोक्त योग्यता रखता है और उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह अपने मूल प्रमाण पत्रों तथा हिमाचली प्रमाण पत्र के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है।

### भोरंज में वन अधिकार अधिनियम-2006 पर मंथन

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** वन अधिकार अधिनियम के विभिन्न प्रावधानों के बारे में जागरूक करने के उद्देश्य से मिनी सचिवालय में एक कार्यशाला आयोजित की गई। एसडीएम शशि पाल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के अधिकारियों, क्षेत्र के पंचायत जनप्रतिनिधियों और अन्य लोगों ने भाग लिया। इस अवसर पर एसडीएम ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य वन अधिकार अधिनियम-2006 के विषय में हितधारकों को जागरूक करना तथा अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए बेहतर समन्वय सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि वन अधिकार अधिनियम के अंतर्गत वन भूमि पर कानूनी अधिकार प्राप्त करने के लिए पात्र नागरिक निर्धारित फार्म पर दावा प्रस्तुत कर सकता है। दावेदार भूमि पर 13 दिसंबर 2005 से पूर्व लगातार तीन पुश्तों से खेती कर रहा हो, निवास कर रहा हो तो वह मालिकाना हक के लिए आवेदन कर सकता है। कार्यशाला में संवाद सत्र भी आयोजित किया गया। इस अवसर पर तहसीलदार डॉ. आशीष शर्मा ने वन अधिकार अधिनियम-2006 और खंड विकास अधिकारी कुलवंत सिंह ने भी वन संरक्षण अधिनियम-1980 के विभिन्न प्रावधानों की जानकारी प्रदान की।

### नंदनी मिस व रिधम मिस्टर फेयरवेल चुने




**अनंत ज्ञान, नादौन।** डीडीएम साई लॉ कॉलेज कल्लर जलाड़ी में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इसमें कॉलेज के प्रशासनिक अधिकारी राजेश कपिल, लॉ के प्रधानाचार्य डॉ. नंदा चिरंजीवी राव एवं कॉलेज स्टाफ भी उपस्थित रहा। इस अवसर पर फाइनल ईयर वाले बच्चों को टाइटल से सम्मानित किया गया। छात्रों के द्वारा विभिन्न प्रस्तुतियां दी गईं। इस विदाई समारोह के बीएएलएलबी में मिस फेयरवेल नंदनी व मिस्टर फेयरवेल रिधम चुना गया और एलएलबी में मिस फेयरवेल प्रियंका व मिस्टर फेयरवेल विक्रम चुने गए। इस अवसर पर छात्रों ने अपने अनुभव साझा किए।

### ड्रग्स का इस्तेमाल करने पर दो काबू

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन की एक टीम ने गश्त के दौरान भूंपल के पास दो युवकों को प्रतिबंधित ड्रग्स का इस्तेमाल करने के आरोप में पकड़ा है। पुलिस ने दोनों का मेडिकल करवाकर उनके ब्लड सैंपल प्रिजर्व करके आरएफएसएल मंडी में जांच के लिए भेजे थे। जांच में पाया गया कि इन दोनों युवकों ने प्रतिबंधित ड्रग्स का सेवन किया था। मिली जानकारी के अनुसार नादौन पुलिस गश्त पर दी। इस दौरान तरकेड़ी सुधियाल गांव के संतोष कुमार व हमीरपुर के गांव जलवानी नरेली के अक्षित कुमार को नशे की संदिग्ध अवस्था में पकड़कर इनका मेडिकल करवाया तथा ब्लड सैंपल लेकर जांच के लिए लैब में भेजे। जांच में प्रतिबंधित ड्रग्स के सेवन की पुष्टि हुई है। एसएचओ निर्मल सिंह ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है।

### बीड़ बगेहड़ा में श्रीमद् भागवत कथा शुरू



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विधानसभा क्षेत्र सुजानपुर टीहरा के साथ लगते गांव बीड़-बगेहड़ा के शिव शक्ति मंदिर में कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का भक्तिमय शुभारंभ हुआ। शिव शक्ति मंदिर कमिटी के प्रधान सुधीर मेहरा ने बताया कि यह कलश यात्र मंदिर से शुरू होकर बावड़ी तक पहुंची। इस कलश यात्रा में 70-80 महिलाओं ने पंचतीर्थी के पवित्र जल को अपने कलशों में संग्रहित किया और शिव शक्ति मंदिर में शीश झुकाकर आशीर्वाद प्राप्त किया। दिल्ली से कामना शर्मा श्रीमद् भागवत के महात्म्य का वर्णन करेंगी। पंडित अश्विनी शर्मा विशेष पूज अर्चना करेंगे। प्रधान सुधीर मेहरा ने बताया कि 26 मई को पूर्णआहुति के साथ श्रीमद् भागवत कथा का समापन होगा। इस दौरान भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

# पुनर्सीमांकन को लेकर उठे विरोध के स्वर

## लोग उपायुक्त से मिलकर जिला परिषद के वार्डों को शामिल न करने की कर रहे मांग

**अनिल कुमार, अनंत ज्ञान**

**हमीरपुर।** पंचायतीराज चुनावों से पहले जिला परिषद वार्डों का प्रस्तावित पुनर्सीमांकन की सूची जारी कर दी है। इसके तहत विभिन्न पंचायत के सदस्यों व लोगों ने इसका विरोध जताना शुरू कर दिया है। मंगलवार को भाजपा के अलावा मुख्यमंत्री के विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने भी जिला परिषद के वार्डों में शामिल करने की आपत्ति जताई। विधानसभा क्षेत्र नादौन के जिला परिषद वार्ड 13 मालग से पंचायत बहैरड़ व जसाई को काटकर लहड़ा वार्ड 12 में शामिल किया जा रहा है।


विरोध जताते पंचायत के प्रतिनिधि व अन्य।

मंगलवार को पूर्व जिला परिषद सदस्य वार्ड धनेटा बलबीर चौधरी व पंचायत प्रधान जसाई की प्रधान शालू देवी व अन्य लोग उपायुक्त से मिले और ज्ञापन सौंपा। उन्होंने इसकी कॉपी मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू व जिला पंचायत अधिकारी को भी भेजी है। उन्होंने कहा कि पंचायत समिति के मद्देनजर रखते हुए बहैरड़ व पनसाई का एक वार्ड है। वैसे ही जसाई व मालक पंचायत का वार्ड है, जबकि दोनों पंचायतें ही मालग वार्ड 13 में आती हैं, इनको तोड़ने से दोनों पंचायतें अलग हो जाएंगी। पुनर्सीमांकन के बाद जिला परिषद वार्ड मालग की दूरी लगभग 3 से 4 किलोमीटर है, जबकि लहड़ा वार्ड की दूरी 12 किलोमीटर बनती है। बसारल पंचायत जिला परिषद वार्ड जलाड़ी में आती है, जबकि पंचायत समिति वार्ड करौर, कमलाह व बसारल है। अब बसारल को मालग वार्ड में जोड़ा जा रहा है, वह सरासर गलत है।

मनसाई पंचायत का पंचायत समिति वार्ड कश्मीर व मनसाई है, अगर इसे लहड़ा वार्ड में जोड़ा जाए तो वह न्याय संगत बनता है। जबकि मनसाई पंचायत की तहसील भी गलोड़ पड़ती है। उन्होंने कहा कि जिला परिषद वार्डों में इन वार्डों को शामिल न करें। इस बारे में हमीरपुर के उपायुक्त ने बताया कि जिला परिषद के वार्डों का पुनर्सीमांकन जनसंख्या के आधार पर किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके बारे में फिर से विचार-विमर्श किया जाएगा।

### पुनर्सीमांकन की भाजपा ने भी जताई आपत्ति

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**


डीसी को ज्ञापन सौंप कर पुनर्सीमांकन को लेकर की शिकायत

नगर परिषद हमीरपुर को नगर निगम बनाए जाने के बाद जिला परिषद के वार्ड में भी पुनर्सीमांकन किया जा रहा है। जिला परिषद के 18 वार्डों में पुनर्सीमांकन को नए गांवों को शामिल किए जाने की सूची जारी कर दी है, जिसको जिला भाजपा ने सवाल उठाए हैं। भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश ठाकुर के अगुवाई में लोगों ने डीसी अमरजीत सिंह को ज्ञापन सौंप कर पुनर्सीमांकन को ठीक करने की मांग की है। जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुरा का कहना है कि राजनीतिक दबाव के चलते पुनर्सीमांकन में गड़बड़ी की जा रही है। राकेश ठाकुर का कहना है कि कई वार्डों में गांव को इधर-उधर किया गया है, जिसकी शिकायत डीसी हमीरपुर से की गई है। जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश ठाकुर का कहना है कि जिला प्रशासन के द्वारा जिला परिषद के वार्डों को पुनर्सीमांकन को प्रस्तावित किया गया है, लेकिन यह पुनर्सीमांकन ठीक नहीं है। इसमें शामिल किए गए कई गावों को इससे दिक्कतें पेश होंगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के हस्तक्षेप के चलते पुनर्सीमांकन में काम किया जा रहा है।

### कांग्रेस समर्थित पंचायत प्रधान लता ने भी जताई नाराजगी



जिला परिषद के पुनर्सीमांकन को लेकर ज्ञापन सौंपने आए भाजपा नेता एवं कार्यकर्ताओं के साथ कांग्रेस समर्थित बलोह पंचायत की प्रधान लता देवी ने भी चमनेड़ वार्ड को दूसरे वार्ड में जोड़ने व एतराज जताया है। उन्होंने बताया कि बेशक वे कांग्रेस पार्टी की समर्थक हैं, लेकिन इससे गांव के लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि हमें गसोत वार्ड में ही रहने दें।

उन्होंने सरकार से मांग करते हुए कहा कि अगर पुनर्सीमांकन के बाद 18 वार्ड नहीं बन सकते हैं, तो 17 वार्ड बनाए जाएं।

### नादौन में चोर गिरोह हुआ सक्रिय

**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन में कार चोर गिरोह सक्रीय हो गया है, जिससे वाहन चालकों की चिंता बढ़ गई है। बीती रात दो युवकों ने नादौन बस स्टैंड के नजदीक अमतर रोड के किनारे दुकानों के बाहर खड़े चौपहिया वाहनों की रैकी की। पार्क की गई कारों को चोरी करने का प्रयास कियाग्र लेकिन कोई भी कार न्यूटल न होने के चलते उन्हें सफलता हाथ नहीं लगी। यदि कोई कार न्यूटल होती तो शायद वे चोरी कर सकते थे। इन कथित कार चारों ने हेलमेट पहने हुए थे और कारों को बारीकी से देख रहे थे। इनकी पूरी एक्टिविटी सीसीटीवी में रिकॉर्ड हो गई है। इसमें देखा गया कि दो युवक हेलमेट पहने हुए थे और कारों की रैकी कर रहे थे। सुनील जैन ने इस बारे पुलिस थाना में शिकायत की है कि इन कथित दो युवकों का पता लगाकर कार्रवाई अमल में लाई जाए ताकि चोरी की घटनाएं न घट सकें। काबिलेगौर है कि कुछ साल पहले पतन बाजार में राम लीला मैदान में खड़ी कई कारों के टायर, स्टीरियो आदि चोरी हो चुके हैं। एसएचओ निर्मल सिंह ने कहा कि मामले की छानबीन की जाएगी। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जाएंगे, यदि कोई दोषी पाया गया तो कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## विधायक ने सुजानपुर शहर को विकसित करने के लिए किया निरीक्षण

# बाजार के प्रवेश द्वार पर होगा भव्य मंच का निर्माण

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर मेन बाजार की एंट्री वाली जगह को हमीरपुर के गांधी चौक की तर्ज पर विकसित किए जाने की योजना है। इसके लिए विधायक कैप्टन रणजीत सिंह ने सुजानपुर बाजार में पहुंचकर जगह का जायजा लिया। इस अवसर पर उनके साथ नगर परिषद कार्यवाहक ईओ रमन शर्मा, जेई सूर्या कटवाल, बिजली विभाग के एसडीओ चंद्रकांत मौजूद रहे।

कैप्टन रणजीत सिंह ने एसडीओ को निर्देश दिए कि 31 मई तक यहां स्थित शिकायत घर को विभाग के मेन ऑफिस में शिफ्ट किया जाए। उन्होंने कहा कि शहर की इस प्राइम लोकेशन को विकसित कराए जाने के प्रोजेक्ट का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा।


विभिन्न जगहों का निरीक्षण करते रणजीत।

इसके लिए उन्होंने लोगों से सुझाव भी मांगे। विधायक रणजीत ने कहा कि सुजानपुर को सुंदर सुजानपुर बनाना उनका लक्ष्य है।

शहर में एक करोड़ के अधिक के कार्य कर सुजानपुर को सुंदर बनाया जा रहा है। इसके लिए सुजानपुर के पुराने टियालों का जीर्णोद्वार करके वहां पर नई टाइल लगवाई गई हैं तथा बैठने के लिए नए बेंच लगवाए गए हैं। सुजानपुर के चारों ओर नए बिजली के पोल लगाए गए हैं ताकि किसी को कोई परेशानी न हो। इसके अलावा पीएनबी बैंक के साथ पार्किंग की सुविधा के लिए नई पेवर टाइल लगाई गई हैं।

महाराजा संसार संसार की नगरी जहां प्राचीन धरोहर पर्यटकों को अपनी ओर खींचती हैं, वहीं शहर के विकास को लेकर विधायक भी कोई कमी नहीं रखना चाह रहे। बाजार के प्रवेश द्वार पर एक भव्य मंच का निर्माण किया जाएगा। चर्चा है कि विद्युत शिकायत कक्ष के भवन की जगह वहां पर निर्माण होगा। इसके बाद विधायक ने बाजार स्थित पुराने टियाले को लेकर विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि इसको भी अन्य टियालों की तरह नया और सुंदर बनाया जाए।

### ले. नरैण मैमोरियल स्कूल में छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित

**संजय कुमार, अनंत ज्ञान, धनेटा।** लेफ्टिनेंट नरैण मैमोरियल पब्लिक स्कूल, घड़ोह में मेरे शहर के 100 मोती छात्रवृत्ति परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा 6वीं से 10वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

यह आयोजन शिक्षा विभाग तथा क्रैक अकादमी के संयुक्त सहयोग से संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य सुमन लता ने परीक्षा के सफल संचालन हेतु विद्यालय स्टाफ एवं सहभागी विद्यार्थियों को बधाई दी तथा भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक बताया।

### हैप्स के विजेता छात्रों का किया सम्मान



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिम अकादमी पब्लिक स्कूल विकासनगर के छात्रों ने जिला ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में कुल 51 पदक जीतकर विद्यालय का नाम रोशन किया। यह प्रतियोगिता राजकीय डिग्री कॉलेज ग्राउंड, अणू हमीरपुर में आयोजित की गई, जिसमें अंडर-8 से लेकर अंडर-19 आयु वर्ग के विभिन्न एथलेटिक्स इवेंट्स शामिल थे। हैप्स के खिलाड़ियों के समर्पण और जोशपूर्ण प्रदर्शन के फलस्वरूप विद्यालय को 18 स्वर्ण, 18 रजत और 15 कांस्य पदक प्राप्त हुए। छात्रों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि को सम्मानित करने हेतु प्रातःकालीन सभा का आयोजन किया गया, जिसमें प्राचार्य इंजी. नैना लखनपाल तथा अकादमिक समन्वयक विनिता गुप्ता, कंचन लखनपाल एवं मनीषा मारवाह ने विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित किया। इस उल्लेखनीय सफलता का श्रेय विद्यालय के समर्पित खेल शिक्षकों सुमन, पूनम, विपिन, पीयूष एवं अनुकूल के मार्गदर्शन व प्रेरणा को भी जाता है। समारोह में उनके योगदान को भी हार्दिक रूप से सराहा गया।

### बाड़बंदी को लेकर जनता में रोष : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने जिला परिषद वार्डों की नई डीलिमिटेशन प्रक्रिया को पूरी तरह अव्यवस्थित और राजनीति से प्रेरित करार दिया। उन्होंने कहा कि हमीरपुर जिले में जो हाल ही में जिला परिषद की बाड़बंदी की गई है, वह बेहद गलत तरीके से हुई है और इसके पीछे सरकार की लापरवाही व राजनीतिक मंशा स्पष्ट झलकती है। राणा ने आरोप लगाया कि इतिहास में कभी ऐसी डीलिमिटेशन देखने को नहीं मिली, जैसी इस बार की गई है, जिसको लेकर लोगों में रोष है।

# धर्मशाला की बजाए हमीरपुर में शिक्षा निदेशालय को शिफ्ट करने की मांग

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

प्रदेश के 11 कर्मचारी संगठनों ने मुख्यमंत्री के समक्ष मांग रखी है कि स्कूल शिक्षा निदेशालय को हमीरपुर में स्थापित किया जाए। इसी मुद्दे को लेकर हमीरपुर में सभी कर्मचारी संगठनों की बैठक आयोजित की गई। प्रदेश के सभी संगठन सरकार से मांग करते हैं कि स्कूल शिक्षा निदेशालय को धर्मशाला की बजाए हमीरपुर जिले में स्थापित किया जाए।

यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि शिमला प्रदेश की राजधानी होते हुए एक भीड़भाड़ वाला क्षेत्र भी है, जहां गाड़ी पार्क करने के लिए भी जदोजहद करनी पड़ती है तथा धर्मशाला प्रदेश के एक छोर में स्थित है और ये दोनों जिले आपदा की दृष्टि से भी उचित नहीं हैं। परंतु जिला हमीरपुर प्रदेश के अन्य जिलों के लिए एक केंद्र का स्थान है जहां आना-जाना शिमला व धर्मशाला की अपेक्षा अति सुलभ है। बैठक में हिमाचल प्रदेश विज्ञान अध्यापक संघ हमीरपुर जिले के अध्यक्ष विकेश कौशल, हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ के अध्यक्ष दरशोक सिंह, बिहारी लाल कार्यकारी अध्यक्ष, वरिष्ठ उपाध्यक्ष रानू राम, शिकायत निवारण कमेटी के चेयरमैन लोकेश कपिल आदि मौजूद थे।

# मजदूरों का केंद्र सरकार व प्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन

**शशि सोनल, अनंत ज्ञान**

**नादौन।** चोडू में स्थित निर्माणाधीन विद्युत परियोजना धौलासिद्ध में सीटू के बैनर तले मजदूरों ने अपनी मांगों को लेकर केंद्र सरकार व स्थानीय प्रबंधन के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन तथा नारेबाजी की।

इस अवसर पर जिला सचिव जोगिंद्र कुमार, जिला अध्यक्ष प्रताप राणा, रंजन शर्मा, धौलासिद्ध इकाई के महासचिव संतोष कुमार, अध्यक्ष नवीन कुमार ने मजदूरों को संबोधित किया। सीटू के नेताओं ने कहा कि मजदूरों ने भारी कुर्बानियों के बल पर जो श्रम कानून बनवाए थे, मोदी सरकार ने उन्हें समाप्त कर दिया है और उसके स्थान पर चार श्रम


सीटू के बैनर तले विरोध-प्रदर्शन करते हुए मजदूर।

संहिताओं को बनाया है, जो मालिकों के पक्ष में हैं और ये संहिताएं मजदूरों के लिए गुलामी का रास्ता ही प्रशस्त करती ह।

इसका मजदूर देशभर में जमकर विरोध कर रहे हैं और 9 जुलाई को इन श्रम संहिताओं के विरोध में देशभर में हड़ताल की जाएगी और हमीरपुर में भी इसके विरोध में विशाल प्रदर्शन किया जाएगा। मजदूरों को संबोधित करते हुए निर्माण फेडरेशन के राज्य अध्यक्ष जोगिंदर कुमार ने कहा कि मोदी सरकार ने अमेरिकी साम्राज्यवाद के आगे घुटने टेक दिए हैं।

यूनियन के महासचिव संतोष कुमार ने कहा कि यदि मजदूर संगठित नहीं रहते हैं तो जो कुछ हासिल भी है उसके छिन जाने का खतरा बना रहता है।

# कार्रवाई न होने से सज रहीं अवैध रेहड़ियां

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

नगर परिषद प्रशासन द्वारा जहां अतिक्रमण को लेकर निरीक्षण किया गया, वहीं निरीक्षण के दौरान अतिक्रमण तथा मनमर्जी से घेर रखी जगह को लेकरप्रशासन हैरान हो गया। निरीक्षण में पाया कि कुछ रेहड़िया नगर परिषद के बिना अनुमति से अवैध रूप से लगी हुई हैं। अव्यस्थाओं को देखकर नगर परिषद अधिकारी भी हैरान हो गए।

**नगर परिषद के निरीक्षण में सामने आईं अव्यवस्थाएं**

महत्वपूर्ण पहलू है शहर में अतिक्रमण तथा बिना रोक-टोक के लग रही अवैध रूप से रेहड़ी-फड़ी दिन-प्रतिदिन ज्वलंत समस्या बनती जा रही है, लेकिन इस गंभीर मुद्दे से निजात दिलाने को लेकर स्थानीय प्रशासन के पास मानो समय नहीं है। शायद यही कारण है कि देखा देखी में जहां अतिक्रमणकारियों दुकानदारों के हौसले बुलंद हैं, वहीं मनमर्जी से अवैध रूप से रेहड़िया सज रही हैं।

नगर परिषद सुजानपुर प्रशासन द्वारा अतिक्रमण के ऊपर तथा अवैध रूप से लग रही रेहड़ी-फड़ी के ऊपर शिकंजा न कसने के कारण शहर में जहां अतिक्रमण को बढ़ावा मिल रहा है, वहीं हर कोई रेहड़ी सजा कर बैठ रहा है जिससे अतिक्रमण को बढ़ावा होने के साथ सुंदरता को ग्रहण लग रहा है।

नगर परिषद के कार्यकारी अधिकारी रमन शर्मा नगर परिषद के कनिष्ठ अभियंता सूर्यकांत, जगजीत ठाकुर मोदीनगर परिषद की संयुक्त टीम ने रेहड़ी-फहड़ी व नगर परिषद की दुकानों का निरीक्षण किया। इस दौरान अवैध रूप से लगी रेहड़िया नजर आई वहीं फहड़ी वाले दुकानदारों द्वारा तय स्थान से अधिक स्थान घेरने के मामले भी सामने दिखे।

### क्रेच सुविधा का लाभ उठाएं महिलाएं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** डीसी अमरजीत सिंह ने बताया कि सबसे शिक्षित जिला हमीरपुर में रोजाना अपने काम के सिलसिले में घर से बाहर जाने वाली अन्य महिलाओं के छोटे बच्चों की देखभाल के लिए बचत भवन में संचालित किए जा रहे क्रैच एवं डे-केयर सेंटर में अतिरिक्त सुविधाओं का प्रावधान किया गया है।

डीसी ने बताया कि इस सेंटर में पूरे दिन के लिए बच्चों को रखने के लिए मासिक फीस सभी करों सहित 1500 रुपए, जबकि, आधे दिन की फीस 800 रुपए रखी गई है, जिसका महिलाएं लाभ उठाएं।

# विकास खंड कार्यालय के भवन के निर्माण की औपचारिकताएं पूरीं

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

**सुजानपुर।** शहर में विकास कार्य को अंजाम देने को लेकर विकास खंड कार्यालय सुजानपुर के भव्य भवन का निर्माण कार्य की औपचारिकताएं पूरी होने के साथ ही ठेके पर कार्य आवंटित हो गया है। धरातल पर योजना को अमलीजामा पहनाने को लेकर के चयनित जगह की सफाई शुरू हो गई है।

बहुमंजिला इस भवन का निर्माण कार्य पूरा होने के बाद कार्यालय की अपनी छत होगी। वर्तमान में विकास खंड कार्यालय सुजानपुर अन्य इमारत के कमरों में चल रहा है। नए भवन पर चार करोड़ की अनुमानित धनराशि खर्च

**3. 99 करोड़ की अनुमानित राशि होगी खर्च**

होगी। भवन का शिलान्यास करीब तीन वर्ष पहले पूर्व भाजपा सरकार के समय हुआ था, उस समय प्रथम चरण के रूप में 50 लाख की धनराशि विभाग के पास जमा हो गई थी।

नगर परिषद सुजानपुर के वार्ड नंबर पांच में सुजानपुर-हमीरपुर मुख्य सड़क के साथ 10 अप्रैल 2022 को तत्कालीन केंद्रीय मंत्री एवं सांसद अनुराग ठाकुर व तत्कालीन पंचायती राज्य मंत्री वीरेंद्र कवर ने विकास खंड कार्यालय सुजानपुर के भवन का शिलान्यास किया था तथा पहली किस्त के तौर पर 50 लाख की धनराशि उस समय स्वीकृत हुई थी जो कि विभाग के पास जमा थी।

गौरतलब है कि वर्तमान में वार्ड नंबर 8 में जहां मिनी सचिवालय के निर्माण किया गया है, वहां पर विकास खंड कार्यालय का भवन था, लेकिन मिनी सचिवालय के निर्माण के चलते उस भवन को गिराकर अन्य जगह कार्यालय शिफ्ट कर दिया गया। महत्वपूर्ण पहलू है कि वार्ड नंबर पांच में जहां भवन का शिलान्यास किया, उक्त भूमि वाकायदा से 100 मरले के करीब विभाग के नाम है। पांच मंजिला इस भवन के निर्माण कार्य पूरा होने पर विकास खंड कार्यालय को कमरों की दिक्कत नहीं उठानी पड़ेगी। इस पांच मंजिला भवन के निर्माण की योजना में 4 करोड़ के करीब धन राशि खर्च होने अनुमान है। शिलान्यास के 3 वर्ष के उपरांत निर्माण कार्य शुरू होने से संभावना है कि इस कार्य का तेजी से निर्माण पूरा कर दिया जाएगा।

विकास खंड अधिकारी किशोरी लाल ने बताया कि बहुमंजिला भवन पर 3 करोड़ 99 लाख 17 हजार 118 रुपए की अनुमानित राशि खर्च होगी तथा विभाग ने बाकायदा से ठेकेदार को टेंडर अवार्ड कर दिया है।

**मंथन** उपायुक्त अमरजीत सिंह ने की स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न कार्यक्रमों की समीक्षा

# वैक्सीनेशन से न छूट पाए कोई भी बच्चा : उपायुक्त

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

उपायुक्त अमरजीत सिंह ने स्वास्थ्य विभाग के टीकाकरण एवं प्रतिरक्षण कार्यक्रम की जिला स्तरीय टास्क फोर्स, सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा (आईडीसीएफ) की जिला स्तरीय समन्वय समिति और विभाग के अन्य कार्यक्रमों से संबंधित जिला स्तरीय समितियों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता करके कार्यक्रमों की समीक्षा की।

उपायुक्त ने कहा कि छोटे बच्चों को अलग-अलग समय पर 12 वैक्सीन पूरी तरह निशुल्क दी जाती हैं, जो इन्हें कई रोगों से बचाती हैं। उन्होंने कहा कि जिले में लगभग 97.6 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की डिलीवरी अस्पतालों में ही करवाई जा रही है, जिससे वैक्सीनेशन की कवरेज


बैठक में पानी की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने के डीसी ने आदेश दिए।

की प्रतिशतता भी काफी अच्छी है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग के विभिन्न टीकाकरण एवं प्रतिरक्षण कार्यक्रमों तथा स्वास्थ्य के अन्य मानकों में जिला हमीरपुर का प्रदर्शन बहुत ही अच्छा है, लेकिन यहां प्रवासी श्रमिकों की संख्या काफी ज्यादा होने के कारण कई प्रवासी बच्चों के टीकाकरण से महरूम रहने की आशंका बनी रहती है।

इस दिशा में विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि शत-प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए स्वास्थ्य विभाग के अलावा आयुर्वेद विभाग, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, अन्य विभागों तथा स्वयंसेवी संस्थाओं की भूमिका भी बहुत ही महत्वपूर्ण है।

उपायुक्त ने कहा कि पांच साल तक के बच्चों को डायरिया से बचाने के लिए एक मई से 30 जून तक सघन डायरिया नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है। इस दौरान डायरिया के 18 मामलों का पता भी चला है। अमरजीत सिंह ने कहा कि भारत में हर वर्ष लगभग 62 हजार बच्चों की मौत डायरिया से होती है।आईडीसीएफ का उद्देश्य बच्चों की इन मौतों के आंकड़े को शून्य पर लाना है। इसलिए, जिला का कोई बच्चा इस अभियान से नहीं छूटना चाहिए।

उपायुक्त ने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे पानी की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें तथा नियमित रूप से सैंपलिंग एवं टैस्टिंग करवाएं। बैठक में सीएमओ डॉ. प्रवीण चौधरी और टीकाकरण एवं प्रतिरक्षण अभियान के जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अजय अत्री ने अभियानों की प्रगति का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैठक में खंड चिकित्सा अधिकारी तथा इन अभियानों से संबंधित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### 55 ने पास की खनन रक्षक की शारीरिक दक्षता परीक्षा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिले में खनन रक्षकों के 5 पदों को भरने के लिए भारतीय खेल प्राधिकरण के मैदान में अणू में उम्मीदवारों का शारीरिक दक्षता परीक्षण किया गया। 108 आवेदकों में से 91 उम्मीदवारों ने इस परीक्षण में भाग लिया। इनमें 60 युवक और 31 युवतियां शामिल थीं। परीक्षण में कुल 55 उम्मीदवार सफल हुए, जिनमें 42 युवक और 13 युवतियां शामिल हैं।

यह शारीरिक दक्षता परीक्षण की प्रक्रिया एडीसी अभिषेक गर्ग की उपस्थिति में पूर्ण की गई। इस अवसर पर खनन अधिकारी एवं चयन समिति के सदस्य सचिव राजीव कालिया, डीएसपी हमीरपुर, उद्योग विभाग की प्रबंधक रीता देवी, ईआई प्रवेश कपूर, उद्योग प्रसार अधिकारी सुमन, मनदीप, गगन, प्रदीप कुमार, उद्योग विभाग और खनन विभाग के अधिकारी मौजूद थे।

# पेयजल समस्या का जल्द होगा निवारण : डॉ. पुष्पेंद्र

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

शहर में भोटा चौक से लेकर पुलिस कंट्रोल कक्ष तक फुटपॉथ बनाने का कार्य चला हुआ है। इसके चलते नालियों को उखाड़ने से पेयजल पाइपें टूट गई हैं, जिस कारण वार्ड नंबर 9 के निवासियों को पानी नहीं आ रहा है। इसी समस्या को लेकर वार्ड नंबर 9 के निवासियों का प्रतिनिधिमंडल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा से उनके कार्यालय में उनके निवास स्थान पर मिला। इसके बाद उनकी मांग पर डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने उनके वार्ड का दौरा किया।

इसमें वार्ड के निवर्तमान पार्षद शहरी, कांग्रेस के अध्यक्ष शहंशाह, जल सिंचाई विभाग के अभियंता, अन्य कर्मचारी व बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। पिछले काफी दिनों से वार्ड नंबर 9 के लोगों को पीने के पानी की समस्या चली हुई है। पानी की सप्लाई न होने से प्रतिदिन लोगों को इस समस्या से दो चार होना पड़ रहा था। यहां काफी समय से जल भंडारण टैंक प्रस्तावित था और टैंक के लिए उपयुक्त स्थान का चयन किया गया था जिसको सभी ने दौरे के दौरान उचित पाया। इसके साथ ही एसडीओ आईपीएच ने मौके पर सभी जनों को आश्वस्त किया के दो दिन के भीतर सुचारु सप्लाई पीने योग्य पानी की शुरू कर दी जाएगी।


वरिष्ठ कांग्रेस नेता वार्ड नंबर 9 हमीरपुर का दौरा करते हुए।

इसके अलावा मुख्य सड़क के साथ वार्ड नंबर 9 से लगती हुई नाली के ऊपर फुटपाथ बनाने की भी मांग की और साथ ही बड़े-बड़े सफेदे के पेड़ों को हटाने की मांग रखी। इस अवसर पर दौरा करने के बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डॉक्टर पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि निवासियों की मूलभूत सुविधाओं का प्राथमिकता पर ख्याल रखा जाएगा। उन्होंने आश्वस्त किया के मुख्यमंत्री के आशीर्वाद से वार्ड नंबर 9 की पेयजल समस्या को 48 घंटे के भीतर सुचारु रूप से चला दिया जाएगा और फुटपाथ की मांग को भी पूरा किया जाएगा, वहीं सफेदे के पेड़ों को भी हटवाने के लिए प्रशासन से सहायता ली जाएगी, ताकि लोगों को इनसे आगे कोई नुकसान न हो।

## न्यूज ब्रीफ

### शिमला बार एसो. ने निकाली तिरंगा यात्रा



**अनंत ज्ञान, शिमला।** शिमला बार एसोसिएशन द्वारा भारतीय सेना के अद्वितीय साहस एवं हाल ही में संपन्न ऑपरेशन सिंदूर में जवानों के शौर्य को नमन करते हुए कोर्ट परिसर में तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। यह यात्रा न केवल देशभक्ति की भावना का प्रतीक रही, बल्कि अधिवक्ता समुदाय के राष्ट्र के प्रति समर्पण का भी जीवंत उदाहरण बनी। इस गरिमामयी अवसर पर शिमला संसदीय क्षेत्र के सांसद सुरेश कश्यप मुख्यातिथि के रूप में विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने अपने संबोधन में भारतीय सेना के पराक्रम, बलिदान और अनुशासन की सराहना की। यह तिरंगा यात्रा कोर्ट परिसर से आरंभ होकर गरिमापूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। वहीं कश्यप ने बताया कि लोक सभा चुनाव में उन्होंने जो कमिटमेंट की थी, वह पूरी होने वाली है। हमने आज के कार्यक्रम में लाइब्रेरी के लिए सांसद निधि से पांच लाख रुपए की घोषणा भी की। सांसद होने ने नाते डेट रिकवरी ट्रिब्यूनल यानी डीआरटी को शिफ्ट करने की मांग केंद्र सरकार से भी उठाई, जो आने वाले समय में चंडीगढ़ से हिमाचल शिफ्ट किया जाएगा। मैंने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया भी डीआरटी ट्रिब्यूनल का एक बेंच यहां शिफ्ट किया जाएगा।

### बंदरों के झुंड ने स्कूल जा रही छात्राओं पर किया हमला

**अनंत ज्ञान, गलोड़।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक धनेटा की दो स्कूली छात्राओं पर अचानक बंदरों के एक झुंड ने हमला कर दिया ये दोनों छात्राएं रिशिका और दीपिका पुत्री सुनील कुमार गांव भद्घु धनेटा की निवासी है। मंगलवार सुबह के समय ये दोनों बहनें अपने तय समय पर स्कूल जा रही थीं बड़ी बहन दसवीं की छात्रा है और छोटी नौवीं कक्षा की छात्रा है। घर से कुछ ही दूरी पर अचानक बंदर इन पर झपट पड़े। गनीमत यह रही जब बंदरों ने इन दोनों छात्राओं पर हमला किया तो इन्होंने जोर जोर से चिल्लाने लगी और मदद की गुहार लगाई। उसी समय वहां से स्कूटर सवार जा रहा था स्कूटर सवार ने इस बंदरों को वहां से खदेड़ा, लेकिन तब तक दोनों लड़कियों को बंदरों ने घायल कर दिया। इसके बाद दोनो लड़कियां वापस घर चली गई दोनों को समुदायिक स्वस्थ्य केंद्र गलोड़ लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के बाद इन्हें घर भेज दिया गया है। बता दें कि गलोड़ और धनेटा क्षेत्र में आजकल बंदरों की संख्या बहुत बढ़ गई है आए दिन बंदर लोगों और खास कर महिलाओं पर हमला कर रहे हैं। लोगों ने वन विभाग से शीघ्र इन उत्पाती बंदरों को पकड़ने की गुहार लगाई है।

### पंडोह में बंदूक की सफाई करते चली गोली, मौत

**बालक राम, पंडोह।** पंडोह के नेहरा-जरल में 42 वर्षीय खूब सिंह की अपनी ही टोपीदार बंदूक से मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार खूब सिंह हर बार की तरह अपनी लाइसेंसी टोपीदार बंदूक की साफ-सफाई अपने घर के पिछे बैठ कर कर रहा था। तभी अचानक बड़ा धमाका हुआ तो उसकी पत्नी घर से बाहर निकली, देखा तो उसके पति तड़प रहे थे। आवाज सुनते ही पास के लोग भी इकट्ठा हो गए। जब तक खूब सिंह को उठाने के लिए लोग आए उससे पहले ही उसकी मौत हो गई। पंडोह पुलिस मौका पर पहुंच कर जांच में जुट गई है। बीडीसी सदस्य खेम चंद ने बताया कि इस घटना ने एक परिवार को सकते में डाल दिया है। खूब सिंह बहुत ही निर्धन परिवार से हैं, उसके दो बेटे हैं। पिता शोभा राम पिछले 10-11 वर्षों से पैरालाइज्ड हैं और बेड पर हैं। उन्होंने कहा कि यह एक दुर्घटना है, जबकि एसएचओ सदर देशराज ठाकुर ने बताया कि अभी जांच चल रही। स्पेशल टीम मौके पर आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# सेब बैन का मुद्दा पहुंचा राज्यपाल के दरबार

## संयुक्त किसान मंच ने सौंपा ज्ञापन, कहा-तुर्किये को मिल रहा करोड़ों का राजस्व

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** तुर्किये से सेब आयात का मुद्दा गरमाने लगा है। सीएम पहले ही बैन करने की मांग कर चुके हैं। अब संयुक्त किसान मंच ने भी मोर्चा खोल दिया है। मंच ने सामूहिक रूप से सेब पर प्रतिबंध का मुद्दा राज्यपाल के दरबार तक पहुंचाया है और राज्यपाल के माध्यम से पीएम मोदी से तुर्किये से आयात होने वाले सेब पर तुरंत बैन लगाने की मांग की है। संयुक्त किसान मंच के एक प्रतिनिधिमंडल ने मंगलवार को राजभवन में राज्यपाल के माध्यम से प्रधानमंत्री से तुर्किये से सेब आयात पर प्रतिबंध लगाने के लिए ज्ञापन भी सौंपा।

मंच के संयोजक हरीश चौहान ने राज्यपाल को अवगत करवाया कि भारत वर्तमान में लगभग 44 देशों से सेब आयात करता है, जिसमें तुर्किये, भारत को प्रतिवर्ष लगभग 1.29 लाख मीट्रिक टन सेब निर्यात करता है। उन्होंने कहा कि तुर्किये भारत को सेब निर्यात से लगभग 800 से 1,000 करोड़ रुपए के वित्तीय लाभ अर्जित करता है।



संयुक्त किसान मंच के पदाधिकारी राज भवन में राज्यपाल को ज्ञापन सौंपते हुए।

**तुर्किये का सेब बैन होने पर मिलेगा हिमाचल को फायदा**

### प्रदेश के लाखों परिवार सेब की खेती पर निर्भर

**हिमाचल** प्रदेश में सेब उद्योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए चौहान ने बताया कि राज्य में प्रतिवर्ष 6 से 10 लाख मीट्रिक टन सेब का उत्पादन होता है तथा लगभग 3 से 4 लाख परिवार प्रत्यक्ष रूप से इस क्षेत्र पर निर्भर हैं। उन्होंने कहा कि तुर्की से सेब आयात पर प्रतिबंध लगाने से न केवल राज्य की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, बल्कि आतंकवाद का समर्थन करने वाले तथा पाकिस्तान के साथ घनिष्ठ संबंध रखने वाले देशों को एक कड़ा संदेश भी जाएगा।

### राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा ज्ञापन : राज्यपाल

**राज्यपाल** ने मंच की मांगों के प्रति समर्थन व्यक्त किया तथा प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि उनका ज्ञापन राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री को भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि यह मामला सीधे तौर पर राज्य की आर्थिक खुशहाली से जुड़ा है तथा किसानों और बागवानों के हितों की रक्षा की जानी चाहिए। इस अवसर पर राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा भी उपस्थित थे।

### अमेरिका और इराक से आयातित सेब पर भी शुल्क बनाए रखें

**संयुक्त** किसान मंच के संयोजक हरीश चौहान ने ज्ञापन के बाद पत्रकार वार्ता में बताया कि तुर्किये ने पाकिस्तान को ड्रोन और हथियारों की आपूर्ति की, जबकि भूकंप के समय भारत ने तुर्किये की सहायता की थी। बागवानों का कहना है कि तुर्किये का सेब 55-60 रुपए प्रति किलो भारत में बिकता है, जिससे उसे 800 से 1000 करोड़ रुपए का राजस्व मिलता है। यह राशि भारत के खिलाफ गतिविधियों में इस्तेमाल होती है। चौहान ने कहा कि हिमाचल, जम्मू-कश्मीर और उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था में सेब उत्पादन का अहम योगदान है। तुर्किये के सेब आयात पर रोक लगने से इन राज्यों के बागवानों को सीधा लाभ होगा। उन्होंने अमेरिका और इराक से आयातित सेब पर भी आयात शुल्क बनाए रखने की मांग की।

# संगठन की बागडोर किसे सौंपनी है यह हाई कमान तय करेगा : प्रतिभा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस संगठन के लिए उन्होंने पूर्व में भी बहुत मजबूती के साथ काम किया है और आगे भी करती रहेंगी।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के अपने तीन साल के कार्यकाल पूरा होने व मीडिया में छप रही नए प्रदेश अध्यक्ष की खबरों पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए प्रतिभा सिंह ने कहा कि प्रदेश में संगठन की बागडोर किसे सौंपनी है संगठन की बागडोर किसे सौंपनी है यह हाई कमान के अधिकार क्षेत्र में है, पर उन्होंने अपने इस कार्यकाल का सफलतापूर्वक निष्पादन किया है। प्रदेश में कांग्रेस की सरकार पार्टी कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों के बाद बनी है और उनका हर स्तर पर सम्मान किया जाना चाहिए।

प्रतिभा सिंह ने कहा है कि स्व वीरभद्र सिंह ने अपने कार्यकाल में प्रदेश में कभी भी न तो किसी क्षेत्रवाद को कोई जगह दी और न ही कोई गुटबाजी को कोई जगह। उन्होंने कहा कि आज उन्हें लगता है कि हम कही न कही उनके उस पथ से भटक रहे है। उन्होंने कहा है कि समय रहते हमें पार्टी कार्यकर्ताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए किसी भी राजनीति से ऊपर उठ कर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस बहुत ही मजबूत स्थिति में है।

### होली लॉज हमेशा लोगों के सुख-दुख बांटता रहेगा

**प्रतिभा** सिंह ने कहा कि लोग आज भी स्व. वीरभद्र सिंह के कामकाज को याद करते है। उन्होंने प्रदेश के लोगों का आभार व्यक्त करते कहा कि हमेशा ही होली लॉज वीरभद्र सिंह के दिखाए रास्ते का अनुसरण करते हुए लोगों का दुखदर्द बांटने व इसे दूर करने के पथ पर चलता रहेगा।

### हाईकमान का फैसला सर्वोपरि

**वह** किसी भी पद की लालसा नही रखती पर हाईकमान ने आजतक जो भी जिम्मेबारी उन्हें दी। उससे वह कभी पीछे नही हटी। आगे भी जो जिम्मेदारी उन्हें पार्टी हाईकमान देगा, उसे पूरी निष्ठा व ईमानदारी से पूरा करेंगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि हाईकमान जल्द ही प्रदेश में कांग्रेस संगठन को लेकर मीडिया में हो रही चर्चाओं पर विराम लगाएगा।

# नशे के खिलाफ सभी को लड़नी है लड़ाई : जयराम

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**



**मंडी।** प्रदेश के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल बुधवार को सराज के जंजैहली पहुंच रहे हैं। जहां वे पूर्व मुख्यमंत्री एवं सराज के विधायक जयराम ठाकुर के साथ बतौर मुख्यातिथि नशा मुक्त हिमाचल अभियान में भाग लेंगे।

जयराम इस कार्यक्रम को लेकर तीन दिन से सराज में ही डेरा डाले हुए हैं। उन्होंने जगह-जगह इस कार्यक्रम को लेकर लोगों के साथ बैठकें की। मंगलवार को उन्होंने कार्यक्रम स्थल जंजैहली में पहुंचकर पूरी तैयारियों का जायजा लिया। राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल पहली बार इस तरह के कार्यक्रम के लिए सराज पहुंच रहे हैं। जंजैहली में जयराम ने कहा कि इस अभियान को अंजाम तक पहुंचाने के लिए हमारे कार्यकर्ता जुटे हुए हैं और आम जनता भी इसकी सफलता के लिए आगे आ रही है। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा कर निर्देश दिए। जयराम ने कहा कि नशे के खिलाफ हर प्रदेशवासी को लड़ाई लड़नी है। जिस तरह से प्रदेश में नशा बढ़ रहा है, अब नशा प्रदेश की सबसे बड़ी चुनौती है। प्रदेशवासी नशे के खिलाफ जिम्मेदारी निभाएगा तभी मुक्ति मिल पाएगी।

# हिमाचल स्काउट बटालियन की स्थापना जरूरी : सुक्खू

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 10 जून को किन्नौर जिला के शिपकी-ला से सीमा पर्यटन गतिविधियों का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री इस अवसर पर सद्भावना साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। राज्य सरकार ने रक्षा मंत्रालय से राज्य के सीमावर्ती क्षेत्र लेप्चा, शिपकी-ला, गिउ और रानी कंडा में पर्यटन गतिविधियों की अनुमति प्रदान करने का आग्रह किया था और इस संबंध में रक्षा मंत्रालय से स्वीकृति प्राप्त हुई है।

इन क्षेत्रों में आने वाले पर्यटकों को अधिकारियों को आधार कार्ड दिखाना अनिवार्य होगा। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को सेना अधिकारियों और बीआरओ के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने अधिकारियों के साथ विभिन्न सीमा विकास परियोजनाओं की समीक्षा की तथा उन्हें इन परियोजनाओं में तेजी लाने के निर्देश दिए, ताकि सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तथा सैन्य बलों को सर्वोत्तम लाभ मिल सके। उन्होंने लोक निर्माण विभाग तथा सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों को विकासात्मक परियोजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए समन्वय स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी नई दिल्ली दौरे के दौरान वह केंद्र सरकार के समक्ष हिमाचल स्काउट बटालियन की स्थापना का मामला प्रस्तुत करेंगे। स्थानीय युवाओं का यह विशेष बल राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों में किसी भी स्थिति से निपटने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



राज्य सचिवालय में उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते सीएम सुक्खू।

**सीएम 10 जून को शिपकी-ला से पर्यटन गतिविधियों का करेंगे शुभारंभ**

### तेजी से हो सड़क निर्माण

**मुख्यमंत्री** ने सीमा सड़क संगठन को संसारी-किलाड़-थिरोट-तांदी सड़क के निर्माण कार्य में तेजी लाने तथा इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर सड़क सम्पर्क सुविधा उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इस परियोजना पर 35 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है तथा सीमा सड़क संगठन को परियोजना को शीघ्र क्रियाशील करने के लिए तीव्र गति से कार्य करना चाहिए।

### सेब संयंत्र होगा स्थापित

**उत्तर** भारत क्षेत्र के जनरल ऑफिसर कमांडिंग लेफ्टिनेंट जनरल जीडी मिश्रा ने मुख्यमंत्री को अवगत करवाया कि सेना इस क्षेत्र में सेब प्रसंस्करण संयंत्र स्थापित करेगी तथा सीमावर्ती क्षेत्रों के लोगों को लाभान्वित करने के लिए इस वर्ष जून माह में मोतियाबिंद सर्जरी के लिए चिकित्सा शिविर भी आयोजित करेगी।

### स्कूल बंद करने का फैसला शिक्षा विरोधी : नैंसी अटल

**अनंत ज्ञान, शिमला।** एबीवीपी की प्रदेश मंत्री नैंसी अटल ने कहा कि कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित सरकारी स्कूलों को बंद करने एवं मर्ज करने का जो निर्णय लिया गया है, वह पूरी तरह से शिक्षा विरोधी एवं छात्र विरोधी है। उन्होंने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इस निर्णय का कड़ा विरोध करती है। अगर सरकार ने जल्द ही इस दिशा में पुनर्विचार नहीं किया तो एबीवीपी पूरे प्रदेश में आंदोलन करने को बाध्य हो जाएगी।



नैंसी ने कहा कि सरकार ने सत्ता में आते ही वर्ष 2023 में 286 स्कूलों को बंद कर दिया गया, 2024 में 99 स्कूल बंद किए गए और अब 70 और स्कूलों को बंद करने का प्रस्ताव कैबिनेट में लाया गया है, जो बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है।

# हिमाचल नॉर्वे के सतत् पर्वतीय विकास को अपनाएगा : पठानिया



**अनंत ज्ञान, शिमला**

विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने कहा कि हिमाचल प्रदेश नॉर्वे के सफल और समावेशी पर्वतीय विकास मॉडल को अपनाएगा। यह बात उन्होंने मंगलवार को नॉर्वेजियन संसद के दौरे के उपरांत कही।

पठानिया ने कहा कि हिमाचल और नॉर्वे, दोनों में पहाड़ी भौगोलिक परिस्थितियां, प्राकृतिक सुंदरता और जल संसाधनों की प्रचुरता जैसी समानताएं हैं, लेकिन इन संसाधनों के उपयोग के तरीके अलग हैं। नॉर्वे ने स्थानीय स्व-शासन संस्थाओं को सशक्त किया है, भविष्य के लिए तैयार आधारभूत ढांचा विकसित किया है ।

### प्रशासन तंत्र की मजबूती

**उन्होंने** हिमाचल में पंचायतों और खंड स्तर की संस्थाओं को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया, जिससे विकास में तेजी आएगी, प्रशासन तंत्र अधिक उत्तरदायी और मजबूत बनेगा।

### कचरा प्रबंधन का निपटारा

**नॉर्वे** की सुरंग निर्माण तकनीक, इलेक्ट्रिक वाहनों और कचरा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में प्रगति का उल्लेख करते हुए पठानिया ने कहा कि हिमाचल इन क्षेत्रों में वैज्ञानिक योजना और सार्वजनिक-निजी साझेदारी को अपनाकर लाभ उठा सकता है। वहीं नार्वे के इको टूरिज्म मॉडल को अपनाया जाएगा।

### पुलिस कांस्टेबलों की लिखित परीक्षा 15 जून को

**अनंत ज्ञान, शिमला ।** हिमाचल प्रदेश लोकसेवा आयोग (एचपीपीएससी) ने जून और जुलाई 2025 के महीने में आयोजित होने वाली विभिन्न पदों की लिखित परीक्षाओं का अस्थायी शेडयूल जारी किया है।

**परीक्षाओं का अस्थायी शेडयूल हुआ जारी**



एन्वायरनमेंट ऑफिसर की परीक्षा 5 जून को होगी। हिमाचल प्रदेश पुलिस कांस्टेबलों की लिखित परीक्षा 15 जून और जूनियर ऑफिस असिस्टेंट ग्रुप सी की लिखित परीक्षा 22 जून को होगी। जूनियर ऑफिस असिस्टेंट ग्रुप सी के पद हिमाचल प्रदेश लोकसेवा आयोग में भरे जाने हैं।

वहीं, असिस्टेंट डिस्ट्रिक्ट अटॉर्नी की लिखित परीक्षा 5 जुलाई औट कृषि विकास अधिकारी के पदों के लिए लिखित परीक्षा 6 जुलाई को आयोजित की जाएगी। विभिन्न पदों की लिखित परीक्षाओं का अस्थायी शेडयूल जारी करने की पुष्टि हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग की सचिव निवेदिता नेगी ने की है।

### हिमाचल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला फिर विवादों में घिरा

# गलत लॉगिन से अंग्रेजी विषय का अंक प्रतिशत गिरा

**अनंत ज्ञान, शिमला**

हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड धर्मशाला एक बार फिर से विवादों में घिर गया है। कारगर कार्यशैली के अभाव में बच्चों के भविष्य से खिलवाड़ अब नई बात नहीं है। प्लस-टू के बच्चों को अंग्रेजी विषय में गलत मार्किंग की वजह से अपने बेहतर अंक प्रतिशत से मेहरूम रहना पड़ा और ट्राइबल क्षेत्र के बच्चों को फिजिक्स में भी गलत मार्किंग की वजह से अनुत्तीर्ण दिखाया गया। मंगलवार को इस मामले में हिमाचल प्रदेश राजकीय अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने बताया कि जब उन्हें भी मालूम हुआ, तो वह भी अचंभित रह गए।

उन्हें ट्राइबल क्षेत्र सहित अन्य अध्यापकों के टेलीफोन आए और उन्हें वस्तु: स्थिति से अवगत कराया। उसके बाद, जब उन्होंने तहकीकात की, तो पाया कि यह कहीं ना कहीं कुछ गड़बड़ का नतीजा है, जिसकी वजह से इस तरह के परिणाम निकले हैं। चौहान ने बताया कि उन्होंने इस संदर्भ में शिक्षा मंत्री रोहित से लगातार बातचीत की।

उनकी एग्रेसिव कार्यप्रणाली की वजह से ही, इसमें तुरंत कार्रवाई की गई और जो टेक्निकल फॉल्ट था, वह सामने आया। चौहान ने बताया कि इस सारी गड़बड़ी को दुरुस्त कर दिया गया है और उन्होंने विस्तार से हिमाचल प्रदेश शिक्षा बोर्ड के सचिव से भी बातचीत की है। जो इसे सुधारने का प्रयास कर रहे हैं और जल्द ही प्लस टू के अंग्रेजी विषय का संशोधित रिजल्ट घोषित होगा और इसके साथ ट्राइबल क्षेत्र के बच्चों के फिजिक्स के परिणाम भी घोषित किए जाएंगे।

उन्होंने बोर्ड के अधिकारियों से आग्रह किया है कि बच्चों के जो मार्क पहले घोषित किए गए हैं, उससे नीचे उनके मार्क ना आए, बल्कि इससे बेहतर उन्हें अंक दिए जाएं।

### देवभूमि संघर्ष समिति ने मस्जिद के बाहर किया हनुमान चालीसा का पाठ

**अनंत ज्ञान, शिमला।** संजौली मस्जिद विवाद फिर भड़क गया है। देवभूमि संघर्ष समिति के कार्यकर्ता मस्जिद में बिजली पानी के कनेक्शन न काटने पर आक्रोशित हो गए हैं और प्रदर्शन करते हुए मस्जिद के करीब पहुंच गए, लेकिन पुलिस के हल्का बल प्रयोग करते हुए उन्हें बीच रास्ते में रोक दिया। जहां पर संघर्ष समिति के कार्यकर्ताओं ने बैठकर हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। भारी संख्या में मौजूद प्रदर्शनकारियों ने बिना देर किए मस्जिद का बिजली-पानी काटने की मांग की।

**बिजली-पानी का कनेक्शन काटने की मांग उठाई**

दोपहर बाद करीब साढ़े चार बजे प्रदर्शनकारी प्रदर्शन करते हुए संजौली मस्जिद की तरफ बढ़ रहे थे, लेकिन पुलिस दल ने उन्हें संजौली मस्जिद से पहले ही सड़क पर रोक दिया। तब कुछ देर के लिए माहौल बेहद तनावपूर्ण हो गया था।

पुलिस के बल प्रयोग करने पर देवभूमि संघर्ष समिति कार्यकर्ता सड़क पर बैठ गए और यहां हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया। देवभूमि क्षत्रिय संगठन के विजय शर्मा ने कहा कि नगर निगम आयुक्त के आदेशों के बावजूद मस्जिद का बिजली-पानी नहीं काटा जा रहा है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन पर इस मामले में लापरवाही बरतने के आरोप लगाए और कहा कि इस मामले में जान-बूझकर लापरवाही बढ़ती जा रही है और निगम आयुक्त के आदेशों की आवेहलना की जा रही है।

**आंदोलन** बैकलॉग भर्तियों की मांग पर चक्का जाम, पुलिस ने हटाया

# दृष्टिहीनों का सचिवालय के बाहर प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश में बैकलॉग कोटे की भर्तियों की मांग को लेकर दृष्टिहीन संघ का संघर्ष लगातार जारी है। मंगलवार को एक बार फिर संघ के सदस्यों ने सचिवालय के बाहर चक्का जाम कर दिया। इससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं और यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। करीब एक घंटे तक सड़क पर डटे रहने के बाद पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को गाड़ियों में भरकर सड़क को खाली कराया।

दृष्टिहीन संघ का यह आंदोलन अब 581वें दिन में पहुंच गया है। संघ का आरोप है कि सरकार उनकी मांगों की लगातार अनदेखी कर रही है। इसके चलते उन्हें बार-बार सचिवालय के बाहर विरोध प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ रहा है।

संघ के सदस्य लक्की ने बताया कि वर्षों से बैकलॉग कोटे के अंतर्गत लंबित भर्तियों को लेकर सरकार को कई बार ज्ञापन दिए जा चुके हैं और वार्ताएं भी हुई हैं लेकिन कोई ठोस नतीजा अब तक नहीं निकला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की ओर से कई बार आश्वासन जरूर दिए गए, लेकिन न तो भर्तियां हुईं और न ही दृष्टिहीनों की पेंशन में कोई बढ़ोतरी की गई। लक्की का कहना है कि सरकार जब तक बैकलॉग कोटे की भर्तियों को पूरा नहीं करती और दृष्टिहीनों की आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए ठोस कदम नहीं उठाती तब तक आंदोलन जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अगर जरूरत पड़ी तो वे गिरफ्तारी देने से भी पीछे नहीं हटेंगे।

उल्लेखनीय है कि दृष्टिहीन संघ कई महीनों से शिमला में डटा हुआ है और समय-समय पर प्रदर्शन के माध्यम से अपनी मांगें सरकार के समक्ष रख रहा है। अब तक कोई सार्थक समाधान नहीं निकल पाया है। आंदोलनकारियों का कहना है कि यह लड़ाई उनके अधिकारों की है और वे किसी भी सूरत में पीछे नहीं हटेंगे।

### केंद्र की नीतियों के खिलाफ फूटा सीटू का गुस्सा




**शिमला।** मोदी सरकार द्वारा मजदूर विरोधी चार लेबर कोड के जरिये मजदूरों पर गुलामी थोपने व बंधुआ मजदूरी कायम करने के खिलाफ 26 हजार न्यूनतम वेतन, योजना कर्मियों, आउटसोर्स, ठेका प्रथा, मल्टी टास्क, टेंपररी, कैजुअल, ट्रेनी की जगह नियमित रोजगार देने, मनरेगा बजट में बढ़ोतरी, मनरेगा मजदूरों हेतु न्यूनतम वेतन लागू करने, श्रमिक कल्याण बोर्ड के आर्थिक लाभ सुनिश्चित करने आदि मांगों पर हिमाचल प्रदेश के हजारों मजदूर सड़कों पर उतरे। इस दौरान प्रदेशभर में किसानों ने भी मजदूरों के समर्थन तथा भूमिहीनों को जमीन देने, घरों पर तालाबंदी, जमीन पर बार्डवंदी, जमीन से बेदखली रोकने, ढारों को नियमित करने आदि मांगों को लेकर इन प्रदर्शनों में भाग लिया। सीटू प्रदेशाध्यक्ष विजेंद्र मेहरा व महासचिव प्रेम गौतम ने केंद्र सरकार को चेताया कि अगर लेबर कोड तुरंत निरस्त न किए, तो मोदी सरकार को भारी नुकसान झेलने के लिए मानसिक तौर पर तैयार रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि ट्रेड यूनियनों के संयुक्त मंच के बैनर तले देश की दस केंद्रीय ट्रेड यूनियनें व दर्जनों फेडरेशन मजदूरों व जनता में जाएंगी तथा उनसे मजदूर व मोदी सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ 9 जुलाई की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने का आह्वान करेंगी। उन्होंने कहा किपर मोदी सरकार की मजदूर विरोधी नीतियों का पर्दाफाश किया जाएगा।

### स्कूल शिक्षा बोर्ड ने पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण की फीस दो गुना बढ़ाई

**एसके शर्मा, अनंत ज्ञान**

**हर विषय पर देने पड़ेंगे 1000 रुपए**

**जाहू।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के द्वारा पुर्नमूल्यांकन व रीचैकिंग के लिए आवेदन फीस को लगभग पिछले वर्ष की तुलना में दो गुना बढ़ा दिया है। पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण के लिए छात्र-छात्राओं को 31 मई तक ऑनलाइन आवेदन करना होगा।

छात्र अपने पेपरों का पुनर्मूल्यांकन व रीचैकिंग करवाने चाहते हैं उन्हें प्रत्यके विषय के 1000 रुपए चुकाने पड़ेंगे। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के द्वारा एकदम पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण की फीस की फीस डबल कर देने पर बच्चों के अभिभावकों पर बोझ बढ़ गया है।

अब विद्यार्थियों को विभिन्न विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मल्यांकन और पुनर्निरीक्षण के लिए पहले से लगभग दो गुना फीस देनी पड़ेगी। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के द्वारा बढ़ी हुई फीस की नोटिफिकेशन जारी कर दी है।

पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण की फीस के बढ़ने पर बच्चों के अभिभावकों देशराज राकेश कुमार, रविंद्र कुमार, पुष्पलता, सरोज कुमार, प्रदीप कुमार, कमल कुमार, अशोक कुमार ने बताया कि स्कूल शिक्षा बोर्ड के द्वारा एकदम बढ़ाई गई फीस से फेल हुए छात्र-छात्रों के विषयों की पुनर्मूल्यांकन व पुनर्निरीक्षण करवाना काफी मुश्किल हो गया है। एक तरफ तो बच्चा फेल हुआ है और दूसरी तरफ बोर्ड के द्वारा फीस दो गुणा करने पर अभिभावकों की ओर परेशानी को बढ़ा दिया है।

# राजीव ने अमित शाह से पैरामिलिट्री फोर्स ट्रेनिंग सेंटर खोलने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नई दिल्ली में गृह मंत्री अमित शाह से मिलते सांसद राजीव भारद्वाज।

भाजपा सांसद डॉ राजीव भारद्वाज ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह से उनके दिल्ली स्थित कार्यालय में मुलाकात की। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के कई विषयों को लेकर केंद्रीय मंत्री से चर्चा की और केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात के दौरान प्रदेश की सुरक्षा सीमाओं को लेकर एक महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया।

उन्होंने शिमला से जारी अपने बयान में बताया कि चंबा जिला के डलहौजी एवं चुराह के सीमा से लगते क्षेत्र जहां एसपीओ अपनी सेवाएं दे रहे हैं। आतंकवाद अगर इन क्षेत्रों में बढ़ता है, तो इन क्षेत्रों में सेवाएं दे रहे एसपीओ की मानदेय बहुत कम है। चंबा जिला जोकि, बिलकुल जम्मू-कश्मीर से लगता क्षेत्र है और संवेदनशील जिला है। वहां पर पैरामिलिट्री फोर्स का कोई ट्रेनिंग सेंटर स्थाई रूप से खुले, ताकि आंतकी गतिविधियों पर सीधी नजर रखी जा सके। भारद्वाज ने बताया इन दोनों विषयों पर केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा है कि वे इस मुद्दे पर गंभीर विचार करेंगे और उठाई गई मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

### बैजनाथ-पपरोला स्टेशन का पुनर्विकास ऐतिहासिक कदम : भारद्वाज

**धर्मशाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 22 मई को अमृत भारत योजना के तहत पुनर्विकसित बैजनाथ-पपरोला रेलवे स्टेशन का वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उद्घाटन किया जाएगा। हिमाचल प्रदेश में अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत अम्ब अन्दौरा, पालमपुर और शिमला रेलवे स्टेशनों का भी पुनर्विकास किया जा रहा है। कांगड़ा-चंबा संसदीय क्षेत्र से सांसद डॉ. राजीव भारद्वाज ने बताया कि बैजनाथ-पपरोला स्टेशन पठानकोट-जोगिंद्रनगर नैरो गेज रेलवे लाइन पर स्थित है, जो उत्तर रेलवे के जम्मू मंडल के अंतर्गत आता है। यह रेलवे स्टेशन हिमाचल प्रदेश के सुरम्य कांगड़ा जिले में है, जो इसे एक महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन बनाता है। यह स्टेशन यात्रियों के लिए एक सुविधाजनक पड़ाव है। यह स्टेशन उन तीर्थयात्रियों की सेवा करता है जो बैजनाथ शिव मंदिर, चिंतपूर्णी मंदिर, ज्वालामुखी मंदिर, कांगड़ा किला और मसरूर मंदिर की यात्रा करते हैं। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत इस स्टेशन का पुनर्विकास और आधुनिकीकरण किया गया है। देश भर में 1309 रेलवे स्टेशनों को बदलने और पुनर्विकसित करने के लिए तैयार है।

# कंडवाल बैरियर एंट्री शुल्क पर विवाद गरमाया

## ग्रामीणों और ठेकेदार के बीच बेनतीजा रही बैठक, डिप्टी एक्साइज कमिश्नर को सौंपा ज्ञापन

भूषण शर्मा, अनंत ज्ञान

**नूरपुर।** हिमाचल-पंजाब सीमावर्ती क्षेत्र कंडवाल बैरियर पर एंट्री शुल्क को लेकर कंडवाल स्थानीय निवासियों और बैरियर ठेकेदार के बीच चल रहा विवाद पर दोनों पक्षों की बैठकें होने के बावजूद कोई नजीजा नहीं निकल पाया। यह विवाद हिमाचल बैरियर से पांच किलोमीटर आगे जाकर वापस आने पर हिमाचल नंबर की गाड़ियों की पर्ची काटने को लेकर शुरू हुआ है।

इस समस्या का स्थायी हल न निकलने पर कंडवाल क्षेत्र के स्थानीय लोग इस समस्या को लेकर डिप्टी एक्साइज कमिश्नर के कार्यालय जसूर पहुंचे और उन्होंने डिप्टी एक्साइज कमिश्नर से इस समस्या को लेकर बात की और उन्हें ज्ञापन सौंपा। जल्द इस समस्या का हल करने को लेकर कहा। राजेश पठानिया ने कहा कि जिस ठेकेदार ने टोल प्लाजा लिया है, वह जबरन हिमाचल टू हिमाचल लोगों की पर्ची काट रहा है और जितने भी टिप्पर आते हैं और हिमाचल से ही अपना क्रेशर लेकर जाते हैं या किसी काम से आते हैं तो उनसे यह पर्ची काटते हैं, जिसका हम सब लोग सख्त विरोध कर रहे हैं। हम सभी लोग पंचायत प्रधान, टिप्पर ट्रैक्टर मालिक सब एक्साइज कमिश्नर से अनुरोध करने आए हैं कि इसे दो तीन दिन में यहां से शिफ्ट करें। उन्होंने कहा कि हमें परमिशन लेनी पड़ेगी, जब तक परमिशन नहीं मिलती है तब तक पर्ची काटने से रोका जाए।



कंडवाल बैरियर एंट्री शुल्क को लेकर डिप्टी एक्साइज कमिश्नर को ज्ञान सौंपते लोग।

### जल्द हो समस्या का समाधान: नरेंद्र

**कंडवाल** पंचायत के प्रधान व टिप्पर मालिक नरेंद्र ने कहा कि कंडवाल में जो टोल प्लाजा लगा था, तब से हमें कोई परेशानी नहीं थी और पर्ची भी नहीं कटती थी। जब से यह नई फर्म आई है, तब से इस फर्म के कर्मचारी बदतमीजी कर रहे हैं और पर्ची काट रहे हैं। हम रोकते हैं तो यह हमारे खिलाफ झूठे पर्चे दर्ज करवाने की कोशिश करते हैं। इस समस्या से जल्द हल करवाया जाए, अन्यथा कोई समस्या खड़ी होगी, उसकी जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की होगी।

### टोल पॉलिसी के अनुसार कर रहे काम: कृष्ण

**टोल** प्लाजा ठेकेदार कृष्ण गर्ग ने कहा कि यह विवाद क्यों चल रहा है, हमें तो पता नहीं। हम तो जो हिमाचल सरकार के टोल पॉलिसी एक्ट के नियम हैं, उसके तहत काम कर रहे हैं। हमने 16 करोड़ तीन लाख में टेंडर लिया है। सरकार ने 15 से 16 जगह हमें दी हैं कि यहां से पैसा इकट्ठा करके हमारा रिवेन्यू पूरा करना है। अभी तक क्या होता था, हमें नहीं मालूम, लेकिन मैंने कोई भी काम नियम से बाहर नहीं किया है। बीस क्विंटल से ऊपर वाले वाहनों की पर्ची है, वो हम काटेंगे और इसके नीचे सरकार की तरफ से फ्री है। हिमाचल नंबर की गाड़ी का कोई पैसा नहीं ले रहे हैं, अगर किसी को बाहर का नंबर अपनी गाड़ी में रखना चाहता है तो उसका हम पास बना देंगे। हमारे टोल पर चाहे पंजाब की गाड़ी हो हिमाचल की गाड़ी हो, जो बीस क्विंटल से ऊपर वजन वाली होगी, उस गाड़ी का टोल लगेगा। स्थानीय लोगों को लगता है कि मैं गलत कर रहा हूं तो वह कोर्ट में मेरे खिलाफ केस कर कसते हैं।

> हमारे पास कंडवाल के पंचायत प्रधान स्थानीय लोगों के साथ आए थे और उन्होंने कंडवाल टोल प्लाजा को लेकर बात की और हमें ज्ञापन दिया है। इसे उच्च अधिकारियों को भेज जाएगा और जो निर्णय करेंगे उस पर अगली कार्रवाइ अमल में लाई जाएगी।
>
> -प्रीतपाल सिंह, एक्साइज कमिश्नर।

# भूमिहीनों को जल्द दी जाए जमीन

## हिमाचल किसान सभा ने डीसी के माध्यम से सरकार को भेजा ज्ञापन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**हिमाचल** किसान सभा कांगड़ा इकाई ने हिमाचल किसान सभा के राज्य उपाध्यक्ष शकुनी कपूर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से प्रदेश सरकार को ज्ञापन भेजकर भूमिहीनों को जमीन दिए जाने की मांग उठाई है। प्रतिनिधिमंडल में जिला अध्यक्ष जगदीश जग्गी, कांगड़ा के उपाध्यक्ष प्रताप सिंह, धर्मशाला ब्लॉक कमेटी के सचिव धनवीर सिंह, ओम प्रकाश, बलवंत सिंह और सुभाष कुमार मौजूद रहे।

ज्ञापन के माध्यम से किसान सभा वन अधिकार अधिनियम के तहत उपयुक्त अधिकारियों को अधिनियम के तहत किसानों की ओर से किए गए सभी दावों को स्वीकार करने के निर्देश दिए जाएं और सरकार की ओर से मासिक आधार पर इसकी निगरानी की जाए। सभी भूमिहीन लोगों को सरकार की नीति के अनुसार, ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में क्रमश में भूमि दी जाए और जब तक उन्हें उपयुक्त भूमि आवंटित नहीं की जाती, तब तक उनके आवास से बेदखल न किया जाए।



धर्मशाला में डीसी को ज्ञापन सौंपती हिमाचल किसान सभा कांगड़ा।

### प्राकृतिक आपदा प्रभावित को दिया जाए विशेष पैकेज

2023 की प्राकृतिक आपदा में जिनके घर नष्ट हो गए हैं, उन्हें 7 लाख रुपए प्रदान करने का विशेष पैकेज दिया जाए। अधिग्रहण चौड़ाई के बाहर सड़क किनारे खाद्य पदार्थ सब्जी और फल या इसी किस्म के अस्थायी स्टॉल लगाए जाने वालों की सभी बेदखलियां रोकी जाए और सरकार आने वाले बजट में एक नीति बनाए जो आजीविका प्रदान करने के साधन के साथ-साथ राज्य के लिए राजस्व का स्रोत भी हो। इसके अलावा भूमि अधिग्रहण अधिनियम 2013 के अनुसार, किसानों को उनकी अधिग्रहित भूमि का चार गुना मुआवजा दिया जाए। 2019 के बाद घटाए गए सर्किल रेट को खारिज करके अपडेट किया जाए।

## सार्थक एनजीओ ने सम्मानित किए मेधावी विद्यार्थी

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** शाहपुर क्षेत्र के सार्थक एनजीओ ने हाल ही में हिमाचल स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से घोषित मैट्रिक एवं जमा दो कक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को तथा उनके माता-पिता को सम्मानित किया। यह सम्मान कार्यक्रम दरगेला स्कूल में प्रधानाचार्य एवं सार्थक प्रमुख लोकेश नंदन की देखरेख में किया गया। मैट्रिक में रितिका प्रदेश में सातवें पायदान पर रही।

जमा दो की अंकिता आर्ट्स संकाय में राज्यभर में प्रथम रही। दोनों छात्राएं बहनें हैं। ग्राम सम्मान के रुप शॉल, स्मृति चिह्न, टोपियां तथा ग्यारह सौ रूप नकद दि गए। मीडिया प्रवक्ता अशोक शर्मा ने बताया कि सार्थक-संस्था समय-समय पर विलक्षण बुद्धि वाले विभिन्न विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करती है।

# गद्दी बस्ती में धनराशि स्वीकृत होने के डेढ़ साल बाद भी नहीं लगा डंगा

राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान

**डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेडूमहादेव के तहत आने वाली गगल पंचायत की गद्दी बस्ती के पूर्व सैनिक सरुप चंद मेहता के घर के पास बहने वाले नाले में धनराशि स्वीकृत होने के बावजूद डेढ़ साल के बाद डंगा नहीं लग पाया है, जिससे घर को खतरा बना हुआ है। सरुप मेहता ने बताया कि 2022 में बरसात के मौसम में आई भयानक बाढ़ से उनके घर के समीप गुजरने वाले बरसाती नाले ने भयानक रूप धारण कर लिया था और नाले का जलस्तर बढ़ जाने से उनके घर के पास की जमीन बह गई थी, जिससे घर को खतरा बना हुआ है।

उन्होंने बताया कि डीसी ने अन्य अधिकारियों सहित गांव का दौरा कर नुकसान का जायजा लिया और डीसी ने घर के समीप के नाले में डंगा लगाने के लिए 10 नवंबर, 2023 को सेंक्शन नंबर रिलीफ 1425 के अंतर्गत 75 हजार की राशि स्वीकृत करके बीडीओ सुलह स्थित भेडूमहादेव को भेजी थी, लेकिन आज तक डंगा नहीं लाया है। उन्होंने प्रशासन से घर के समीप नाले में डंगा लगाने का कार्य शीघ्र शुरू करवाने का आग्रह किया है, ताकि बरसात में घर को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके। बीडीओ भेडूमहादेव ने कहा कि सरुप चंद मेहता के घर के समीप लगाए जाने वाले डंगे के लिए जमीन किसी और व्यक्ति की है और जब पंचायत ने काम शुरू करना चाहा तो जमीन के मालिकों ने मना कर दिया। विभाग ने सरुप चंद को अनापत्ति प्रमाणपत्र देने को कहा है, जो उन्होंने अभी तक न तो पंचायत और न ही उनके कार्यालय में जमा करवाया है। इस कारण यह कार्य आरंभ नहीं हो सका है। बीडीओ ने कहा कि उन्होंने भी व्यक्तिगत दौरा करके सरुप चंद को एनओसी लेने या जमीन की निशानदेही करवाने की सलाह दी है।



2022 में बरसाती नाले का जलस्तर बढ़ने से घर के समीप बही जमीन।

# 'मेंगो हॉपर' कीट से आम की फसल को बचाएं

अनंत ज्ञान, नूरपुर

मेंगो हॉपर एक छोटा रस चूसने वाला कीट है, जो युवा टहनियों के पत्तों को खाता है और जब यह फूलदार टहनियों में खाता है, तो यह चिपचिपा पदार्थ स्रावित करता है, जिसे हनीड्यू कहते हैं, जो संक्रमण के बाद के चरण में पत्तियों और फलों पर सूटी मोल्ड नामक बीमारी को बढ़ावा देता है। इसके सामान्य लक्षण हैं कि मेंगो हॉपर के शिशु और वयस्क दिखाई देते हैं, जो फूलों का रस चूसते हैं, जिससे फूल मुरझा जाते हैं और झड़ जाते हैं। क्षेत्रीय बागवान अनुसंधान केंद्र के सह निदेशक डॉ. विपन गुलरिया ने बताया कि पत्तियों की सतह पर शहद के रस के स्राव से सूटी मोल्ड का विकास होता है। पेड़ों के भीतर हॉपर की आवाजाही के कारण पेड़ के अंदर अच्छी क्लिकिंग ध्वनि सुनाई देती है। इस वर्ष अभी तक इस क्षेत्र में पाउडरी फफूंद का कोई प्रकोप नहीं देखा गया है। हालांकि, फूल आने से पहले और मटर के आकार के फल लगने तक रोग के विकास को रोकने के लिए रोगनिरोधी स्प्रे किया जाता है। चालू वर्ष वार्षिक अधिक फसल का मौसम है, जिसका अर्थ है कि 10 वर्ष से अधिक आयु के पेड़ों में फसल प्रति पेड़ 70 से 80 किलोग्राम तक अधिकतम क्षमता वाली उपज देगी। कम उत्पादन वर्ष यानी ऑफ एयर के दौरान उपज 10 से 12 किलोग्राम पेड़ तक कम हो जाती है या यहां तक कि उस मौसम के दौरान कोई आम की फसल नहीं होती है और पेड़ उस मौसम के दौरान वानस्पतिक रूप से बढ़ता है। आम की फसल को बचाने के लिए छिड़काव करें।

**एमिडा क्लोरोपिट का छिड़काव करें**



### किसान 3 दिन के अंतराल पर लीची के पेड़ को दें पानी

**बागवानी** के वैज्ञानिक डॉ. राजेश कलर ने किसानों को सलाह दी कि वे क्षेत्रीय बागवानी अनुसंधान केंद्र, जाच्छ, नौणी विश्वविद्यालय की पैकेज और प्रैक्टिस या बागवानी विभाग के अधिकारियों की ओर अनुशंसित उचित अंतराल पर पेड़ लगाएं। किसान वे रोग को नियंत्रित करने के लिए स्प्रेयर के माध्यम से 200 लीटर पानी में 50 मिलीग्राम एमिडा क्लोरोपिट का छिड़काव करें, रसायन का इस क्षेत्र में लीची एक और महत्वपूर्ण फसल है, जो किसानों को अच्छा रिटर्न देती है, लेकिन इसमें फल का फटना एक बड़ी समस्या है, इसलिए किसान 3 दिन के अंतराल पर प्रत्येक लीची के पेड़ को भारी पानी के बहाव से सींचें और 200 लीटर पानी में 200 मिली लीटर डाइमैथोएट का छिड़काव करें ताकि लीची नट बोरर का प्रकोप न हो। पौधों को एफिड्स से बचाने के लिए 200 लीटर पानी में 200 मिली लीटर मोनोक्रोटोफॉस का छिड़काव करें जो निचले हिमाचल में लीची और खट्टे फलों की एक बहुत ही आम समस्या है।

# मोंटेसरी कैंब्रिज स्कूल के होनहार चमके

## 12वीं कक्षा का सीबीएसई का परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर मनाया जश्न



अध्यक्ष विनोद महाजन और प्रिंसिपल रश्मि अहलूवालिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी स्टूडेंट्स को बधाई दी।

अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान

**पठानकोट।** मोंटेसरी कैंब्रिज स्कूल पठानकोट में सीबीएसई का 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम बेहतर आने पर जश्न मनाया गया।

मानविकी स्ट्रीम में दिशा गुप्ता ने 96.2% के साथ शीर्ष स्थान हासिल किया। उन्नति शर्मा ने 95% और सिया अबरोल ने 94.4% अंक हासिल किए। सिया 94%, अक्षयनी महाजन 93.4%, पाहुल प्रीत सिंह 93% और अरमान खन्ना ने 92% अंक शामिल हैं। कॉमर्स स्ट्रीम में शिव नारायण गुप्ता ने 95.4%, अर्शनूर कौर ने 93.2%, तनिष्का महाजन ने 92%, सांची गुप्ता ने 92 % अंक प्राप्त किए। तानिया ने 90.2%, हर्षित सिंह ने 90% और आर्य शर्मा ने 90% अंक प्राप्त किए हैं।

मेडिकल स्ट्रीम में अनुजा ठाकुर ने 93.2% अंक प्राप्त कर शीर्ष स्थान प्राप्त किया, जबकि टिया सैनी ने 91% अंक प्राप्त किए। नॉन मेडिकल स्ट्रीम में सचित महाजन ने 88.8%, पार्थिव ने 88.6% और दिव्यांश पंसोत्रा ने 88% अंक प्राप्त किए। अध्यक्ष विनोद महाजन, उपाध्यक्ष आकाश महाजन और प्रिंसिपल रश्मि अहलूवालिया ने उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी स्टूडेंट्स को बधाई दी है।

## कायस्थवाड़ी और कवाड़ी में आज नहीं होगी बिजली

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** विद्युत उपमंडल, नगरोटा बगवां के तहत पेड़ों की कटाई छंटाई एवं जरूरी मरम्मत कार्य के चलते बुधवार को समलोटी फीडर के तहत कवाड़ी, कायस्थवाड़ी, रहूं इत्यादि क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। यह जानकारी सहायक अभियंता ने दी। वहीं, 22 मई को अंबाडी , चाहड़ी, 61 मील, पठियार, अपर मलां इत्यादि क्षेत्रों व 23 मई को डाढ, चामुंडा, जद्रांगल इत्यादि स्थानों में बिजली बंद रहेगी। 24 मई को ठारु, त्रिंड, कनेड, बड़ाई इत्यादि क्षेत्रों व 25 मई को नगरोटा बंगवा औद्योगिक क्षेत्र इत्यादि क्षेत्रों में बिजली की सप्लाई बंद रहेगी।

## सुढलियारा और कड़ोआ में कल बंद रहेगी बिजली

**डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल ढलियारा, कड़ोआ, चलाली, चनौता, बरवाड़ा, लमीपुखर, धनोटू बल्ला, मच्चकुंड महादेव, सूरजपुर, बगली, चमारड़ा, दौंटा, घियोरी बेई, जंबल बस्सी, बढल, समनोली, संवाणा व फलवाड़ा गांवों में वीरवार को सुबह नौ बजे से तीन बजे तक बिजली बंद रहेगी। विद्युत उपमंडल ढलियारा के सहायक अभियंता मनीष संधू ने बताया कि इस दौरान मरम्मत कार्य किया जाएगा।

### दिल्ली में हिमाचल और सिक्किम के स्थापना दिवस का आयोजन

# देश की प्रगति में हिमाचल और सिक्किम का अहम योगदान: विनय



दिल्ली में उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को चित्र भेंट करते राकेश चंद्र।

अनंत ज्ञान, धर्मशाला

**देश** की राजधानी दिल्ली में एक भारत श्रेष्ठ भारत के तहत सिविल लाइंस स्थित राज निवास में उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने हिमाचल के 55वें और सिक्किम के 50वें स्थापना दिवस का आयोजन किया।

दिल्ली में कार्यरत हिमाचलियों की विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। ज्वालामुखी विकास सभा के महासचिव राकेश चंद्र ने मुख्यातिथि को मां ज्वालामुखी जी का चित्र भेंट किया। विनय सक्सेना ने कहा कि हिमाचल और सिक्किम दोनों पहाड़ी राज्य हैं, यहां के लोग शांतिप्रिय एवं मेहनती हैं, जिनका देश की प्रगति में अहम योगदान रहा है और तीनों सेनाओं में रहकर देश की सेवा कर रहे हैं। दोनों राज्यों के कलाकारों ने कला, संस्कृति एवं संगीत को दर्शाते विभिन्न कार्यक्रम प्रस्तुत पेश किए। हिमाचल से संबंध रखने वाले सर्वोच्च न्यायलय के न्यायमूर्ति संजय करोल, आवासीय आयुक्त मीरा मोहंति, अतिरिक्त जिला न्यायाधीश डॉक्टर पंकज शर्मा, आईपी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर महेश वर्मा, हिमाचल सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, पालमपुर सुधार सभा के अध्यक्ष विजय डोगरा, एक अलग पहचान की अध्यक्ष यशोदा कुमारी एवं विभिन्न हिमाचली सामाजिक संस्थायों के पदाधिकारी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।

इस मौके पर उपस्थित सभी लोगों ने उपराज्यपाल के साथ अपने विचार साझा किए और दोनों राज्यों के विकास और प्रगति के बारे में चर्चा की पालमपुर सुधार सभा की अध्यक्ष विजय डोगरा ने बताया कि दिल्ली एवं एनसीआर में लगभग पांच लाख हिमाचली परिवार रहते हैं।

**बैठक** जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत चिह्नित गांवों में 15 से 30 जून तक लगेंगे विशेष शिविर

# जिले के 19 गांवों का होगा कायाकल्प: डीसी



जनजातीय उत्कर्ष अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक करते डीसी हेमराज बैरवा।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला

**डीसी** हेमराज बैरवा ने कहा कि धरती आबा उत्कर्ष जनजातीय उत्कर्ष अभियान के तहत कांगड़ा जिले के 19 गांवों को आदर्श गांव के रूप में विकसित किया जाएगा। 15 से 30 जून तक जिले की विभिन्न पंचायतों में चिह्नित 19 ग्रामों में विशेष शिविरों का आयोजन किया जाएगा। एनआईसी सभागार में आबा उत्कर्ष जनजातीय उत्कर्ष अभियान की तैयारियों को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीसी कांगड़ा ने बताया कि जिले में उत्कर्ष अभियान के लिए ऐसी पंचायतों का चयन किया है, जहां पचास प्रतिशत के करीब जनजातीय वर्ग की जनसंख्या है। उन्होंने कहा कि इन पंचायतों में सरकार के माध्यम से जनजातीय वर्ग के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी मुहैया करवाई जाएगी।

### योजनाओं से जुड़ेंगे पात्र लोग

**डीसी** ने कहा कि पात्र लोगों को योजना के साथ जोड़ा जाएगा, ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग लाभान्वित हो सकें। उन्होंने कहा कि 15 से 30 जून तक की अवधि में सुविधानुसार इस अभियान के तहत आधार कार्ड, जनधन खाते, कम्यूनिटी प्रमाण पत्र, एफआरए मामलों का निपटारा, आयुष्मान कार्ड, पेंशन, पोषण योजनाओं के बारे में हेल्प डेस्क स्थापित किए जाएंगे। स्वास्थ्य शिविर भी आयोजित किए जाएंगे। साथ ही विभिन्न विभागों की ओर से स्वीकृत गतिविधियों में जनजागरूकता शिविर, विकास प्रदर्शनी लगाने के भी निर्देश दिए हैं। स्वयं सहायता समूहों तथा नेहरू युवा केंद्रों के सदस्यों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

### ठोस कचरा प्रबंधन पर होगा काम

**डीसी** ने कहा कि योजना के तहत जनजातीय आबादी वाले गांवों में सड़क संपर्क, दूरसंचार संपर्क, विद्यालय, आंगनबाड़ी केंद्र, स्वास्थ्य उपकेंद्र, पेयजल सुविधा, जल निकासी और ठोस कचरा प्रबंधन जैसे 8 क्षेत्रों में प्रमुखता से कार्य किया जाएगा। डीसी ने सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को अपने अपने विभागों से संबंधित योजनाओं की जानकारी इस अभियान के माध्यम से देने के निर्देश दिए हैं।इससे पहले जिला प्लानिंग अधिकारी अलोक धवन ने आबा उत्कर्ष जनजातीय उत्कर्ष अभियान के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की। इस अवसर पर ग्रामीण विकास विभाग, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा बैंक अधिकारी उपस्थित थे।

## आईटीआई दाड़ी में साक्षात्कार कल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** राजकीय आद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थान धर्मशाला में 22 मई को बॉन न्यूट्रिएंट्स प्राइवेट लिमिटेड, लुधियाना की ओर से कैंपस साक्षात्कार का आयोजन किया जाएगा। साक्षात्कार में आईटीआई प्रशिक्षित युवक व युवतियों (फिटर, इलेक्टीशियन, वेल्डर तथा आरएसी) जिन्होंने उक्त व्यवसायों में प्रशिक्षण पूरा कर लिया है, वे इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। प्रधानाचार्य राजेश कुमार पुरी ने कहा कि इच्छुक अभ्यार्थी 22 मई को सुबह 10:00 बजे तक संस्थान में आकर भाग ले सकते हैं।

साक्षात्कार में भाग लेने वाले उम्मीदवार अपने साथ दसवीं व आईटीआई के मूल प्रमाण पत्र, आधार कार्ड व 3 फोटोग्राफ तथा अन्य सभी प्रमाण पत्रों की फोटोकॉपियां लेकर आएं। अधिक जानकारी के लिए संबंधित कंपनी के नियुक्ति अधिकारी नरेंद्र कुमार के मोबाइल नंबर 8219879417 पर संपर्क कर सकते हैं।

# प्राकृतिक सौंदर्य को प्रदूषण मुक्त और साफ-सुथरा रखें पर्यटक: राधिका शर्मा

## डायबिटीज स्ट्रोक सोसायटी ने गोपालपुर में छेड़ा स्वच्छता अभियान

राज शर्मा, अनंत ज्ञान

**चामुंडा।** हिमाचल डायबिटीज स्ट्रोक सोसायटी ने स्वयंसेवकों के साथ मिलकर गोपालपुर वन क्षेत्र में विशेष पर्यावरण स्वच्छता अभियान चलाया। यह अभियान लगभग 500 मीटर के क्षेत्र में संचालित किया गया, जहां प्रतिदिन 200 से 300 लोग अपने परिवारों सहित पिकनिक और प्राकृतिक भ्रमण के लिए आते हैं।

यह क्षेत्र अपने शांत वातावरण, हरियाली और वन्य सौंदर्य के कारण पर्यटकों व स्थानीय नागरिकों के लिए आकर्षण का केंद्र बन चुका है, लेकिन बीते कुछ समय से यह स्थल बेतरतीब कूड़े-कचरे के कारण प्रदूषण और बदसूरती का शिकार हो रहा था। इस समस्या को गंभीरता से लेते हुए सोसायटी ने निर्णय लिया कि केवल जागरूकता से काम नहीं चलेगा, अब समाज को सक्रिय होकर स्वयं उदाहरण प्रस्तुत करना होगा। इसी उद्देश्य को लेकर अभियान की शुरुआत की गई, जिसमें प्लास्टिक कचरा, थर्मोकोल, पैकिंग सामग्री, बोतलें, रैपर, खाने-पीने के बचे हुए अवशेष और अन्य अनुपयोगी वस्तुएं साफ की गईं।

### सबका नैतिक कर्तव्य, परिवेश को स्वच्छ और सुरक्षित बनाए रखें

**हिमाचल** डायबिटीज स्ट्रोक सोसाइटी की अध्यक्ष राधिका शर्मा ने अभियान का नेतृत्व किया और लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि गोपालपुर का यह वन क्षेत्र सिर्फ एक पिकनिक स्पॉट नहीं, बल्कि एक जीवंत पर्यावरणीय प्रणाली है। यहां के पेड़-पौधे, जानवर, पक्षी सभी मानव जीवन की गुणवत्ता बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जब हम यहां पिकनिक मनाने आते हैं और अपना कचरा यहीं छोड़ जाते हैं, जिससे जीव-जंतुओं और पर्यावरण को भी गहरा नुकसान पहुंचाते हैं। उन्होंने कहा कि हम सभी का नैतिक कर्तव्य है कि हम अपने परिवेश को स्वच्छ, हरित और सुरक्षित बनाए रखें। समाज तभी बदलेगा जब हम खुद बदलाव की शुरुआत करेंगे। आज का हमारा छोटा सा प्रयास आने वाली पीढ़ियों को एक स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण दे सकता है। आज यहां सफाई करके हमने सिर्फ कचरा नहीं हटाया, बल्कि लोगों की सोच में बदलाव लाने की कोशिश की है।

## न्यूज ब्रीफ

### आग से हुए नुकसान की आर्थिक सहायता मांगी



**अनंत ज्ञान, फतेहपुर।** उपमंडल फतेहपुर के तहत रियाली पंचायत के किसान कुलदीप कुमार सलोचना देवी, देसराज व जमाल दीन आदि ने गत दिन क्षेत्र में आग लगने से पेड़ पौधों व खेतों के चारों ओर लगाया बाड़ जल गया था, जिससे किसानों को लाखों रुपए का नुकसान हुआ था। इसको लेकर किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने एसडीएम विश्रुत भारती को ज्ञापन सौपा। उन्होंने आग से हुए नुकसान की आर्थिक मदद मांगी है।

### डाडासीबा व जंबल में आज बिजली बंद रहेगी

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** विद्युत उपमंडल डाडासीबा के सहायक अभियंता दिनेश कुमार ने बताया कि 33 केवी लाइन एवं 33/11 केवी उपकेंद्र डाडासीबा की उचित मम्मत एवं रखरखाव कार्य के चलते बिजली सप्लाई सुबह 9 बजे से शाम 3:00 बजे तक बाधित रहेगी। डाडासीबा, जंबल, नंगल चौक, रोड़ी कोड़ी, चनौर, बढल, स्यूल खड्ड, बाड़ी, बढाल, जौड़बड़, बलभाल, आदि क्षेत्र बाधित होंगे। दिनेश कुमार ने कहा कि जिन उपभोक्ताओं ने बिजली के बिल जमा नहीं करवाएं हैं, वे जल्द बिल जमा करवाएं, अन्यथा बिना नोटिस के बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### थुरल स्कूल का 10वीं, 12वीं का रिजल्ट शानदार



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय थुरल में दसवीं तथा बारहवीं कक्षा का परिणाम सराहनीय रहा। दसवीं की कनिष्का धीमान 93.7 फीसदी अंक लेकर पहला, कृतिका धीमान ने 93.14 फीसदी अंक लेकर दूसरा और रितिका राणा 92.58 फीसदी अंक लेकर तीसरा स्थान हासिल किया। 12वीं कक्षा का परिणाम 93.83 फीसदी रहा है। साइंस संकाय में आकांक्षा ने 92.6 फीसदी, अपूर्वा ने 90.6 फीसदी, अितिशय ने 90.4 फीसदी अंक लिए। वाणिज्य संकाय में इशिका ने 90.2 फीसदी, वंशिका ने 88.6 फीसदी, राधिका ने 88.2 फीसदी अंक हासिल किए। वहीं कला संकाय में सूर्यांश गौतम ने 90.8 फीसदी, मानसी ने 90.6 फीसदी और दिवांशी ने मेहरा 87.6 फीसदी अंक लिए। प्रधानाचार्या अनुपम बाला ने सभी विद्यार्थियों को बधाई दी है। (अनंत ज्ञान)

### सिद्धबाड़ी व फतेहपुर में आज नहीं होगी लाइट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल सिद्धपुर के सहायक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि 21 मई को 11 केवी टंग फीडर और 11 केवी होडल फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों सिद्धबाड़ी, वाइट रिज, सुक्कड़, बागणी, सैंट मैरी, सेक्रेड हार्ट, त्रिलोकीनाथ, फतेहपुर, तिरंगा, खैबर, दव चैंक, टिकरी, सालिग, बगिआरा, कंड कडियाना, जुहल, डिकटु, नरवाणा, नरवाणा कस्बा, बलेहड़, आदि क्षेत्रों में प्रातः 9:30 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति पूर्णतः बाधित रहेगी। जनता से सहयोग करने की अपील भी की है।

### इच्छी में धान के बीज खरीदने के लिए उमड़ी भीड़



**अनंत ज्ञान, गगल।** धान की खेती के लिए बीज खरीदने के लिए दुकानों में भीड़ उमड़ रही है। इच्छी के इकबाल सीड की दुकान में मंगलवार को सैकड़ों किसान पहुंचे। इकबाल सीड के संचालक इकबाल गुलेरिया ने बताया कि दूर-दूर से किसान धान खरीदने के लिए पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि सिहूंता, दरिनी, नूरपुर, नगरोटा बगवां, ज्वालाजी, दौलतपुर, पालमपुर, नगरोटा सूरियां आदि क्षेत्रों से किसान बीज खरीदने आ रहे हैं।

### घुरकड़ी में निजी बस ने स्कूटी को मारी टक्कर

**आशीष दमीर, अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** कांगड़ा। पुलिस थाना कांगड़ा के तहत घुरकड़ी में सोमवार देर शाम को एक स्कूटी चालक महिला निजी बस के नीचे आने से बाल-बाल बच गई। निजी बस चालक ने स्कूटी चालक को साइड मार दी, जिससे स्कूटी चालक महिला नीचे गिर गई और बस चालक बस को लेकर आगे निकल गया। गनीमत यह रही कि इस हादसे में स्कूटी सवार महिला को कोई चोट नहीं लगी। हालांकि, स्कूटी चालक महिला अपनी साइड से ही जा रही थी और पीछे आ रही निजी बस ने टक्कर मार दी। इस दौरान लोग एकत्रित हो गए, जिन्होंने महिला उठाया। इसके बाद महिला अपनी स्कूटी को लेकर रवाना हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, इस हादसे की गलती निजी बस वाले की बताई जा रही। पुलिस थाना प्रभारी कांगड़ा संजीव कुमार ने बताया कि इस संबंध में कोई भी शिकायत पुलिस थाना में नहीं आई है।

## पठानकोट के फाइनांसर मयंक महाजन हत्याकांड में बड़ा खुलासा

# जेएंडके का कारोबारी भानु मास्टरमाइंड

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**पठानकोट।** फाइनांसर मयंक महाजन हत्याकांड में कठुआ (जम्मू-कश्मीर) का माइनिंग और क्रशर का बड़ा कारोबारी भानु प्रताप सिंह मास्टरमाइंड निकला। भानु ने अपने करीबी शमशेर सिंह शेरा के जरिए हत्या की सुपारी दी थी।

पुलिस ने भानु प्रताप को हत्याकांड का मुख्य आरोपी नामजद करते हुए दावा किया है कि शूटर फौजी को भेजे गए 2 लाख रुपए भी बरामद कर लिए गए हैं। भानु के माइनिंग कारोबार का मयंक महाजन लगातार विरोध कर रहा था। इसके चलते उसने हत्या की साजिश रची।

एसएसपी ने प्रेसवार्ता में बताया कि मयंक हत्याकांड का मुख्य आरोपी और साजिशकर्ता कठुआ के वार्ड-7 टड्डा मेहताबपुर निवासी माइनिंग और क्रशर कारोबारी भानु प्रताप सिंह है। मयंक भानु प्रताप सिंह के माइनिंग और क्रशर कारोबार का सरकारी संस्थानों में विरोध करता था और उसके खिलाफ एनजीटी, पुलिस में केस भी दायर कर रखे थे। इस पर भानु प्रताप सिंह ने मयंक की हत्या की सुपारी अपने करीबी और रिश्तेदार गुरदासपुर जिले के पनियाड़ निवासी शमशेर सिंह उर्फ शेरा को दी थी, जिसने भटोआ (दीनानगर) निवासी संजीव सिंह बंटी उर्फ फौजी व पठानकोट के सुंदरचक्क निवासी जतिंदर कुमार लद्दू को हत्या की जिम्मेदारी सौंपी। फौजी ने अपने लाइसेंसी रिवाल्वर से निजी मोटरसाइकिल पर कार में जा रहे मयंक को चक्की पुल के पास दिनदिहाड़े गोली मार दी।



प्रेसवार्ता में मयंक हत्याकांड के मास्टमाइंड के बारे में जानकारी देते एसएसपी।

### शूटर फौजी से 2 लाख रुपए बरामद

**पुलिस** का दावा किया कि गोली मारने वाले फौजी से 2 लाख रुपए बरामद किए गए हैं, जो हत्या के लिए भानु प्रताप सिंह की ओर से दिए गए थे और पैसे भेजने का वादा किया गया था। पूरे हत्याकांड के लिए कितने की सुपारी दी गई थी। शेरा और जतिंदर को भानु की ओर से कितने पैसे भेजे गए, इसकी जांच की जा रही है और उनकी गिरफ्तारी के बाद खुलासा हो पाएगा। भानु प्रताप समेत तीनों की गिरफ्तारी के लिए 10 टीमों का गठन किया है। शूटर फौजी और उसका मददगार वरुण ठाकुर को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, जबकि जतिंदर और शेरा फरार हैं। मुख्य साजिशकर्ता भानु प्रताप सिंह की तलाश में पुलिस टीमें कठुआ से लेकर जम्मू तक दबिश दे रही हैं, लेकिन उसे काबू नहीं किया जा सका।

# गद्दारी से बड़ा और कोई अपराध नहीं : शांता कुमार

## बोले- ऐसे लोगों को दिया जाए मृत्युदंड

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**पूर्व** मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री शांता कुमार ने कहा कि पहलगाम की दर्दनाक और शर्मनाक घटना के बाद भारत के करोड़ों लोग हैरान और परेशान थे। इसके बाद ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता के कारण मन को थोड़ा सा चैन मिला कि भारत ने उसका सही बदला लेने में सफलता प्राप्त की, लेकिन अब ज्योति जैसे जासूसों की कहानियों से भारत के लोग एक बार फिर से परेशान हो गए हैं।



उन्होंने कहा कि सभी अपराधी कभी पकड़े नहीं जाते, मुश्किल से एक या दो प्रतिशत अपराधी ही पकड़े जाते हैं। इस दृष्टि से 15 के लगभग पाकिस्तान की मदद करने वाले जासूसों का पकड़ा जाना एक बहुत बड़े सकंट को बताता है। ज्योति लंबे समय तक जासूसी करती रही। दो बार पाकिस्तान गई, एक बार चीन गई। उसके यूटयूब संदेशों में इस संबंध में बहुत से तथ्य आते रहे। निश्चित रूप से एक सवाल पैदा होता है कि इस प्रकार के जासूसों को पहले पकड़ा क्यों नहीं गया। इस संबंध में विषेश जांच की जानी चाहिए। शांता कुमार ने सरकार से आग्रह किया कि मातृ भूमि से गद्दारी करने के अपराध से बड़ा और कोई अपराध नहीं हो सकता। कानून बदला जाए और विषेश अदालतें बनाकर ऐसे लोगों को जल्द मृत्युदंड दिया जाना चाहिए।

### पीएम आवास योजना : घर बनाने के लिए 28 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** धर्मशाला नगर निगम के अंतर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी-2 के तहत अब अपना खुद का पक्का घर बनाने की प्रक्रिया को सरल कर दिया है। संयुक्त आयुक्त जितेंद्र कुमार ने बताया कि यदि आपके पास धर्मशाला नगर निगम क्षेत्र में स्वयं की जमीन है और आप उस पर पक्का मकान बनाना चाहते हैं, तो केंद्र सरकार की इस योजना के अंतर्गत आपको अढ़ाई लाख तक की सहायता राशि प्रदान की जा सकती है। योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ पात्रता मापदंड निर्धारित किए गए हैं।

आवेदक का भारतीय नागरिक होना, उसके पास धर्मशाला नगर निगम क्षेत्र में अपनी स्वयं की भूमि होना, परिवार के किसी भी सदस्य को पूर्व में सरकारी सहायता से पक्का मकान न मिला होना तथा आवेदक आय प्रमाण पत्र के अनुसार, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग आय 3 लाख रुपए तक या निम्न आय वर्ग आय तीन लाख से छह लाख तक हो। इसके अतिरिक्त, आधार कार्ड होना अनिवार्य है। इस योजना के लिए आवेदन करते समय आपको कुछ आवश्यक दस्तावेज साथ लाने होंगे, जैसे कि आधार कार्ड, जमीन के स्वामित्व के कागजात, आय प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो और बैंक खाता विवरण। आवेदन की अंतिम तिथि 28 मई है। आवेदन करने के लिए धर्मशाला नगर निगम कार्यालय में संपर्क करें और इस सुनहरे अवसर का लाभ उठाएं।

# पर्यटन की दृष्टि से विकसित होगा कंडवाड़ी क्षेत्र: इंदु गोस्वामी

## सांसद आपके द्वार कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद ने की शिरकत

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**पालमपुर।** कंडवाड़ी में सांसद आपके द्वार कार्यक्रम के तहत राज्यसभा सांसद इंदु गोस्वामी ने बतौर मुख्यातिथि मौजूद रहीं। पढियाढखर वार्ड की जिला परिषद सदस्य नवी ठाकुर ने मुख्य अतिथि को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। नवी ठाकुर ने सांसद से धृमण से स्पैडु तक सड़क को सुधारने व क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित करने की मांग की।

स्पैडु के पूर्व प्रधान मान चंद ठाकुर ने भी इलाके की समस्याओं को सांसद के समक्ष रखा। सांसद ने अपने संबोधन में कहा कि इस क्षेत्र को पर्यटन की दृष्टि से भी विकसित किया जाएगा। उन्होंने लोगों की समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना व समस्याओं को हल करने का आश्वासन दिया। इस मौके पर नैण पंचायत के उपप्रधान अमरजीत सिंह राणा, ननाहर के उपप्रधान अनुज कुमार, कंड पंचायत केपूर्व उपप्रधान डीआर ठाकुर, पूर्व प्रधान प्रमोद ठाकुर, बूथ अध्यक्ष ओंकार ठाकुर, बूथ अध्यक्ष सुभाष सिंह राणा, पूर्व बूथ अध्यक्ष करम सिंह, हंसराज ठाकुर, ओंकार ठाकुर, पूर्व प्रधान द्रोणा राम, कैप्टन अजीत कुमार टूटानिया, शंकर दास, संसार चंद, महिला मंडलों के प्रधान, गद्दी यूनियन के प्रधान मनवीर सिंह, बलदेव आदि उपस्थित रहे।



मुख्य अतिथि इंदु गोस्वामी को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित।

### मिशन तृप्ति कांगड़ा की अभिनव पहल: डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में कुपोषण और अनीमिया जैसी समस्याओं के समाधान के लिए चलाए जा रहे मिशन तुप्ति अभियान के तहत आज बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय रैत में एकदिवसीय जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर कार्यशाला का आयोजन किया गया। डीसी हेमराज बैरवा ने मुख्य अतिथि के रूप में कार्यशाला में शिरकत की। कार्यशाला में जिले के 15 विकास खंडों से सीडीपीओ, पोषण समन्वयकों, आंगनवाड़ी सुपरवाइजरों एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधियों को मास्टर ट्रेनर के रूप में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। डीसी ने मिशन तृप्ति को कांगड़ा जिले की एक अभिनव पहल बताते हुए कहा कि इसका उद्देश्य मातृ एवं शिशु पोषण में सुधार कर कुपोषण और अनीमिया जैसी स्वास्थ्य समस्याओं का स्थायी समाधान करना है।

शिशु की प्रारंभिक आयु के दो वर्ष अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि इस अवधि में उनके 85 प्रतिशत मस्तिष्क का विकास हो जाता है। ऐसे में संतुलित पोषण अत्यावश्यक है। कार्यशाला के पश्चात मास्टर ट्रेनर खंड स्तर पर आंगनवाड़ी व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को प्रशिक्षित करेंगे। यह प्रशिक्षण अभियान 20 जून तक पूर्ण किया जाएगा।

# सड़क सुरक्षा और परिवहन के खतरों से बचाव पर मंथन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**एडीएम ने चेलियां में किया तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ**

एडीएम शिल्पी बेक्टा ने कहा कि सड़क हादसों पर अंकुश लगाने के लिए आम जनमानस को जागरूक करना अत्यंत जरूरी है। मंगलवार को चेलियां में सड़क सुरक्षा एवं परिवहन से संबंधित खतरों और उनके निवारण पर केंद्रित तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए एडीएम बेक्टा ने कहा कि भारत में ही प्रतिवर्ष सड़क हादसों के कारण डेढ़ लाख के करीब लोग जान गंवाते हैं, जिनमें 18 से 45 वर्ष आयुवर्ग के ज्यादा लोग सड़क हादसों के शिकार होते हैं। सड़कों पर यातायात से संबंधित साइन बोर्ड भी जगह-जगह प्रदर्शित किए जाएं। इसके साथ दुर्घटना संभावित जगहों की शिनाख्त कर वहां पर साइन बोर्ड लगाए जाएं, ताकि किसी भी स्तर पर दुर्घटनाओं की आशंका नहीं रहे। आईआईटी रोपड़ के प्रोफेसर डॉ. सूर्यकांत सहदेव ने अपेक्षाएं और कार्य नियम निर्धारण विषय पर विचार रखे। इसके आईआईटी (आईएसएम) के प्रोफेसर डॉ. अक्षय गुप्ता ने 'पर्वतीय सड़कों की सुरक्षा डिजाइन विचारों और सुरक्षा उपायों' पर चर्चा की। तत्पश्चात आईआईटी रुड़की के शोध फेलो डॉ. कालीप्रसन्ना मुदुली ने दुर्घटनाओं को पहले से रोकना बेहतर सड़क योजना के लिए सुरक्षा संकेतकों का उपयोग विषय पर जानकारी साझा की।

कार्यक्रम का संचालन रॉबिन कुमार, प्रभारी, जिला आपात संचालन केंद्र एवं कुलदीप सिंह, प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण समन्वयक ने किया। रॉबिन ने बताया कि प्रशिक्षण कार्यक्रम आगामी दो दिनों तक जारी रहेगा, जिसमें सड़क सुरक्षा एवं परिवहन खतरों के निवारण के विभिन्न पहलुओं को कवर किया जाएगा। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य पुलिस विभाग, लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, होम गार्ड, राज्य आपदा प्रतिक्रिया बल, खंड विकास कार्यालयों, चिकित्सा विभाग, अभियंत्रण महाविद्यालयों, जिला इंटर एजेंसी सदस्य और आपदा मित्र स्वयंसेवकों जैसे प्रमुख हितधारकों के बीच जागरूकता और तैयारियों को सुदृढ़ करना है।

### 75 फीसदी फसलों के परागण में मधुमक्खियां महत्वपूर्ण कारक : प्रो. नवीन कुमार

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर ने मधुमक्खी अनुसंधान केंद्र नगरोटा बगवां में विश्व मधुमक्खी दिवस मनाया। कार्यक्रम का आयोजन कुलपति प्रो. नवीन कुमार के मार्गदर्शन में किया गया, जिन्होंने नगरोटा बगवां में ऐतिहासिक मधुमक्खी स्टेशन को आयोजन स्थल के रूप में चुना। प्रो. नवीन कुमार ने खाद्य सुरक्षा में मधुमक्खियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि मधुमक्खियां न केवल शहद का उत्पादन करती हैं, बल्कि भोजन के लिए उगाई जाने वाली लगभग 75 फीसदी फसलों के परागण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उनका संरक्षण पारिस्थितिक संतुलन और सतत विकास के लिए महत्वपूर्ण है। कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एमसी राणा ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति दर्ज कराई। उन्होंने किसानों के लिए उत्पादकता और लाभप्रदता बढ़ाने के लिए मधुमक्खी के अनकूल वनस्पतियों को लगाने और मधुमक्खी पालन को एकीकृत कृषि प्रणालियों (आईएफएस) के साथ एकीकृत करने की महत्वपूर्ण आवश्यकता पर जोर दिया।

शिमला स्थित नाबार्ड क्षेत्रीय कार्यालय के महाप्रबंधक संदीप शर्मा ने गुणवत्तापूर्ण छत्ते के उत्पादों की आर्थिक क्षमता पर प्रकाश डाला और राष्ट्रीय और वैश्विक बाजारों में प्रतिस्पर्धा करने के लिए मानकों में सुधार के महत्व पर बल दिया।

# पालमपुर में कृषि सखियों के लिए प्राकृतिक खेती प्रशिक्षण शिविर शुरू



प्रशिक्षण शिविर में भाग लेतीं कांगड़ा जिले के सात ब्लॉकों की 32 कृषि सखियां।

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

**चौधरी** सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर के जैविक कृषि और प्राकृतिक खेती विभाग में कृषि सखियों और सामुदायिक संसाधन व्यक्तियों के लिए आयोजित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का उद्घाटन कुलपति प्रो. नवीन कुमार ने किया। विश्वविद्यालय के पूर्व अनुसंधान निदेशक प्रो. रणजोध सिंह ने हरित क्रांति के बाद से भारतीय कृषि में रसायन-प्रधान तरीकों से प्राकृतिक, पुनर्योजी प्रथाओं की वर्तमान आवश्यकता की ओर हुए बदलाव पर विचार रखे।

उन्होंने कहा कि हमारा अतीत रासायनिक इनपुट के माध्यम से पैदावार बढ़ाने पर केंद्रित था, आज हम मिट्टी के स्वास्थ्य, मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण पर इसके परिणामों का सामना कर रहे हैं। उन्होंने प्राकृतिक खेती के लिए राष्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की और इस बदलाव का नेतृत्व करने में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

कांगड़ा जिले के सात ब्लॉकों लंबागांव, नगरोटा बगवां, पंचरुखी, रैत, भवारना, कांगड़ा और देहरा की कुल 32 कृषि सखियां भाग ले रही हैं। डॉ. कपिला ने टिकाऊ प्रथाओं का समर्थन करने के लिए जैविक बीज प्रणालियों को मजबूत करने की आवश्यकता पर प्रकाश डाला और बताया कि कैसे भारत की प्राचीन खेती प्राकृतिक प्रणालियों में गहराई से निहित थी।

**कार्यक्रम** विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पाने के लिए युवाओं की भूमिका को सुनिश्चित करने का आग्रह

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति से होगा विद्यार्थियों का विकास : प्रो. बंसल

**संजय अग्रवाल, अनंत ज्ञान**

**धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय और छात्र परिषद की ओर से आयोजित अनुकृति कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने बतौर मुख्यातिथि, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रो. नागेश ठाकुर बतौर विशिष्ट अतिथि, हिमाचल प्रदेश राज्य युद्ध स्मारक विकास सोसायटी के अध्यक्ष कर्नल केकेएस डडवाल बतौर विशेष उपस्थिति मौजूद रहे।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. सुनील कुमार ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा रखी। मुख्यातिथि प्रो. सत प्रकाश बंसल ने छात्रों को संबोधित करते कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति की ओर से छात्रों की रचनात्मक, आलोचनात्मक सोच को बढ़ावा मिलेगा और विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होगा। उन्होंने विद्यार्थियों से स्वामी विवेकानंद के दिखाए गए पदचिन्हों पर चलने का आह्वान किया और विकसित भारत 2047 के लक्ष्य को पाने के लिए युवाओं की भूमिका को सुनिश्चित करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में छात्र परिषद के विभाग प्रतिनिधियों को आने वाले समय में सांस्कृतिक विविधता के आदान-प्रदान के लिए पड़ोस के विश्वविद्यालयों में भेजा जाएगा। विशिष्ट अतिथि प्रो. नागेश ठाकुर ने कहा कि छात्र परिषद हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित अनुकृति कार्यक्रम युवाओं को जोड़ने वाली बहुत ही शानदार पहल है। इस कार्यक्रम से पूरे देश के अलग-अलग प्रदेशों से जो छात्र सीयू में शिक्षा ग्रहण कर रह हैं, उनके लिए अपनी-अपनी सांस्कृतिक धरोहर एवं कला को प्रस्तुत करने के लिए मंच प्रदान कर रही है।




केंद्रीय विश्वविद्यालय में पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित किया गया।

### युवा करें संस्कृति का प्रचार

**विशेष** अतिथि कर्नल केकेएस डडवाल ने कहा कि युवा देश हित में कार्य करें और अनुकृति जैसे कार्यक्रमों का हिस्सा बनकर अपनी संस्कृति को साझा करें। उन्होंने कहा कि हमें भारतीय सेना पर गर्व है, जिन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से आतंकवादियों को पस्त किया। ऑपरेशन सिंदूर देश के लिए गौरवान्वित करने वाला मिशन है। छात्र परिषद व विश्वविद्यालय कोर्ट सदस्य हेमराज ने बताया कि इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के सभी परिसरों के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रयोगितियाओं में जैसे पोस्टर मेकिंग, भाषण प्रतियोगिता, काव्य पाठ प्रतियोगिता एवं युवा संसद में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। विजेता प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के कोर्ट सदस्य पायल शर्मा ने सभी का आभार जताया।

# डरोह स्कूल के 406 विद्यार्थियों ने दी छात्रवृत्ति परीक्षा



पीएम श्री राजकीय विद्यालय डरोह में मंगलवार को छात्रवृत्ति परीक्षा देते विद्यार्थी।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** प्रदेशभर के सभी सरकारी व निजी स्कूलों में मंगलवार को छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजन किया गया। कक्षा छठी से लेकर जमा दो कक्षा तक के सभी छात्रों की परीक्षा का आयोजन किया गया।

परीक्षा में छात्रों से हिमाचल के जीके, गणित, अंग्रेजी आदि प्रश्नों पर आधारित कुल 50 प्रश्न पूछे गए। प्रदेश में स्थापित क्रैक अकादमी की ओर से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से 100 छात्रों का चयन किया जाना है।

यह सौ छात्र हर हलके के सौ रत्न कहे जाएंगे। उत्तीर्ण हुए छात्रों को आगामी पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं का प्रशिक्षण आदि के लिए छात्रवृत्ति दी जाएगी। पीएम श्री राजकीय विद्यालय डरोह में स्कूली विद्यार्थियों ने भी मंगलवार को परीक्षा दी। स्कूल के छठी से जमा दो के कुल 406 छात्र व छात्राओं ने परीक्षा दी। इसमें केदारा और भटिल्लू स्कूल के विद्यार्थी भी शामिल हुए। डरोह स्कूल के प्रधानाचार्य रजनीश अत्री ने बताया कि सरकार के आदेशों से इस परीक्षा का आयोजन किया गया। अत्री ने परीक्षा में बैठे सभी छात्रों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

## न्यूज ब्रीफ

### धामी कॉलेज में प्रवेश प्रक्रिया पहली से

**महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान, सुन्नी।** शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए धामी कॉलेज स्थित सोलह मील में प्रथम वर्ष के सभी संकाय एक से 19 जून के बीच सभी कक्षाओं में प्रवेश की प्रक्रिया आरंभ की जा रही है। सभी विद्यार्थियों को आनलाइन माध्यम से घर बैठे प्रवेश लेने की सुविधा उपलब्ध करवाई जाएगी। महाविद्यालय में वर्तमान में कला, विज्ञान और वाणिज्य संकायों में स्नातक स्तर की पढ़ाई संचालित की जा रही है। महाविद्यालय की प्रोफेसर उज्वल राठौर ने जानकारी देते हुए बताया कि दाखिले के लिए विद्यार्थी महाविद्यालय की वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। बीए/बीकॉम/बीएससी द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के विद्यार्थी 19 जून तक प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण करनी होगी। यहां लगभग सभी विषयों के योग्य एवं अनुभवी प्राध्यापक विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता की शिक्षा प्रदान करने हेतु समर्पित हैं।

### एक ही जिप वार्ड बनाने पर जताया विरोध

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** जिला परिषद वार्ड बसंतपुर का एक ही वार्ड बनाए जाने के विरोध में विकास खंड बसंतपुर प्रधान परिषद की बैठक आयोजित की गई। प्रधान परिषद अध्यक्ष रोशन लाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में परिषद के 10 सदस्यों ने हिस्सा लिया। प्रधान परिषद ने प्रस्ताव पारित करके सीएम से गुहार लगाई कि विकास खंड बसंतपुर के दो वार्डों को तोड़कर परिसीमन में एक ही जिला परिषद वार्ड की अधिसूचना को रद्द करके पहले जैसी स्थिति बहाल की जाए। पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा कि विकास खंड बसंतपुर के अस्तित्व में आने से अब तक यहां दो ही जिप वार्ड रहे। वर्तमान में बलदेई जिला परिषद वार्ड, जिसमें बसंतपुर खंड की 10 पंचायतें सम्मिलित हैं, उसको बसंतपुर जिप वार्ड में मर्ज करके एक ही वार्ड बनाया गया है। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के समस्त पंचायतीराज प्रतिनिधियों एवं आम जनता से तालमेल करके इस मुद्दे को एकजुटता से उठाया जाएगा। यदि जनहित में यह फैसला वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन भी छेड़ा जाएगा।

### बिना बुकिंग के नहीं मिलेगा गैस सिलेंडर

**अनंत ज्ञान, रोहड़ू।** गैस एजेंसी चिड़गांव के प्रभारी दिग्विजय सिंह श्रवाण ने जारी बयान के में बताया कि चिड़गांव गैस एजेंसी के सभी उपभोक्ताओं को सूचित किया जाता है कि बिना बुकिंग के और बिना डीएसी दिए आपको गैस सिलेंडर नहीं दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन बुकिंग के लिए अपने रजिस्टर्ड मोबाइल से इस फोन नंबर पर 8454955555 मिस कॉल कर अपना सिलेंडर बुक करवा सकते हैं। उसके बाद आपके फोन में चार अंकों वाला डीएसी कोड आएगा जो आपको डिलीवरी बॉय के पास देना है तभी आपको सिलेंडर मिलेगा।

### उर्मिला को सौंपी राज्य समन्वयक की जिम्मेदारी

**अनंत ज्ञान, सुन्नी।** मानवाधिकार परिषद की भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा इकाई ने उर्मिला को राज्य समन्वयक मनोनीत किया है। उर्मिला जिला मंडी के बालीचौकी से संबंध रखती हैं और अब वे राज्य स्तर पर भ्रष्टाचार विरोधी मोर्चा की गतिविधियों को संचालित करेंगी। परिषद के प्रदेशाध्यक्ष हरि सिंह ने बताया कि उर्मिला की मनोनयन से संस्था और समाज हित के कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि उर्मिला की जिम्मेदारी होगी कि वे राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ जागरूकता फैलाएं और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने के लिए काम करें। उर्मिला की मनोनयन पर परिषद के सदस्यों और क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी है।

### भडेच में प्राकृतिक खेती की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** कोटखाई विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत गुंडा भडेच के तहत भडेच गांव एवं आसपास के किसानों के लिए कृषक क्लस्टर एनएमएनएफ के प्राकृतिक खेती के राष्ट्रीय मिशन के अंतर्गत प्राकृतिक खेती कृषक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन महिला मंडल भवन भडेच में किया गया। कार्यक्रम में प्राकृतिक खेती से संबंधित गतिविधियों की जानकारी किसानों को दी गई, साथ ही जीवा अमृत, धन अमृत बनाने की जानकारी भी कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा दी गई। जीवामृत, घनामृत और अग्नि अस्त्र व प्राकृतिक खेती के बारे में विस्तृत जानकारी डॉ. करन दिप्टा, निकिता, कृषि विभाग कोटखाई द्वारा दी गई। इस कार्यक्रम में एनएमएनएफ क्लस्टर भडेच के समन्वयक महेन्द्र शर्मा सहित गाँव के किसान बागवान उपस्थित रहे।

# शिक्षा के साथ-साथ खेलों को देंगे बढ़ावा : रोहित

## शिक्षा मंत्री ने कन्या पोर्टमोर स्कूल में नवाजे पदक विजेता, होनहार खिलाड़ियों ने झटके हैं 33 पदक

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने मंगलवार को शिमला में राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर में हिमाचल स्कूल खेल संघ द्वारा 68 वें राष्ट्रीय स्कूल खेलों के विजेताओं के लिए आयोजित विजेता 'सम्मान समारोह' व पुरस्कार वितरण समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की।

इस दौरान शिक्षा मंत्री ने कहा कि प्रदेश में शिक्षा के साथ-साथ खेलों को बढ़ावा दिया जाएगा, ताकि छात्रों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। गुणात्मक शिक्षा हमारी सरकार की प्राथमिकता है, जिसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे है। शिक्षा मंत्री ने हिमाचल के लिए गौरव प्राप्त करने वाले सभी छात्रों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि 68वीं राष्ट्रीय स्कूली खेलों में कुल 718 स्कूली खिलाड़ियों ने शिरकत की, जिसमें प्रदेश के अंडर-19 छात्र वर्ग में 199 खिलाड़ी, अंडर-19 छात्रा वर्ग में 167 खिलाड़ी, अंडर-17 छात्र वर्ग में 173 खिलाड़ी व अंडर-17 छात्रा वर्ग में 179 खिलाड़ी शामिल हुए। इस वर्ष तीन स्वर्ण, 6 रजत व 24 कांस्य सहित कुल 33 पदक हमारे होनहार खिलाड़ियों ने पाए हैं, जिसमें बाक्सिंग व कुराश खेल में 10-10 पदक लाना बहुत ही सराहनीय प्रयास है। रोहित ठाकुर ने कहा कि राष्ट्रीय स्कूल खेलों के क्रम में वर्ष 2022 में प्रदेश को 20 पदक, 2023 में 18 पदक एवं इस बार सर्वाधिक 33 पदक हासिल किये है जो हम सभी के लिए हर्ष का विषय है।

इसी कड़ी में प्रदेश सरकार ने स्कूल स्पोर्ट्स एसोसिएशन को 1 करोड़ रुपए की धनराशि स्पोर्ट्स ग्रांट के रूप में उपलब्ध करवाई है। प्रदेश सरकार ने इसी वर्ष खेल छात्रावास में नए खेल संकाय शुरू किए, जिसमें खेल छात्रावास संधोल में छात्रों के लिए वॉलीबाल की 20 सीटें, खेल छात्रावास जुब्बल में छात्राओं के लिए कबड्डी में 20 सीटें व बैडमिंटन में 15 सीटें शामिल हैं। आज हिमाचल प्रदेश में 9 खेल छात्रावास है। प्रदेश सरकार ने पिछले वर्ष राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में अंडर-14 आयु वर्ग की डाइट मनी 120 से बढाकर 250 रुपये व इस वर्ष अंडर-19 आयु वर्ग की डाइट मनी 150 से बढ़ाकर 250 रुपए कर दी है।




### पोर्टमोर स्कूल की होनहार छात्राओं को किया सम्मानित

**कार्यक्रम** के दौरान शिक्षा मंत्री ने हाल ही में शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा में बेहतर परिणाम लेने वाली छात्राओं को सम्मानित किया। शिक्षा मंत्री ने कहा कि शिक्षा के क्षेत्र में यह स्कूल हमारा उत्कृष्ट संस्थान है जहां पर प्रदेश में सबसे ज्यादा छात्राएं शिक्षा ग्रहण कर रही है और हर क्षेत्र में प्रदेश का नाम रोशन कर रही है। शिक्षा मंत्री ने सांस्कृतिक प्रस्तुति देने वाली पोर्टमोर स्कूल की छात्राओं को 2 -2 हजार रुपये अपनी ऐच्छिक निधि से देने की घोषणा की।

### प्रदेश के प्रत्येक कोने में गुणात्मक शिक्षा की ओर बढ़ाए जा रहे कदम

**शिक्षा** मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि प्रदेश के हर कोने में छात्रों को गुणात्मक शिक्षा प्राप्त हो, इस दिशा में कदम उठाये जा रहे है। शिक्षा के क्षेत्र में कड़े कदम उठा कर बदलाव किया जा रहा है ताकि शिक्षा के क्षेत्र में सुधार हो सके। इन्हीं बदलाव के चलते प्रदेश ने असर की रिपोर्ट में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि नेशनल असेसमेंट सर्वे की पिछली रिपोर्ट में प्रदेश 21 वें पायदान में था। प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में हुए बेहतर परिवर्तन से इस बार की रिपोर्ट में अच्छे परिणाम आने की सम्भावना है। इस वर्ष शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा के परिणामों में हमें पिछले वर्ष के मुकाबले बेहतर परिणाम देखने को मिले है। इसके साथ-साथ 10 वीं कक्षा में भी प्रदेश के छात्रों ने बेहतर परिणाम दिए है।

### शिक्षा मंत्री रोहित की लोकप्रियता से बौखलाए चेतन बरागटः मुन्नी लाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग जुब्बल-नावर,कोटखाई की मासिक बैठक लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह टिक्कर में आयोजित की गई, जिसमें कार्यकर्ताओं ने अपने विचार रखें और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा हुई। विभाग के अध्यक्ष मुन्नी लाल नरसेठ व पदाधिकारियों ने मीडिया को जारी संयुक्त बयान में कहा कि शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर की लोकप्रियता और उनके प्रयासों से शिक्षा के क्षेत्र में आ रहे क्रांतिकारी परिवर्तनों और जुब्बल-नावर-कोटखाई में हो रहे विकास कार्यों से स्थानीय भाजपा नेता चेतन बरागटा पूरी तरह से बौखला गए हैं, इसलिए आए दिन लोगों को गुमराह करने के लिए आधारहीन बयानबाजी कर रहे हैं। कांग्रेस पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा कार्यकाल में वर्दी घोटाला, कर्मियों के द्वेषपूर्ण राजनीतिक तबादलों के चलते शिक्षा विभाग की चर्चा होती थी।

### चियोग स्कूल में मेधावियों का फूल मालाओं से किया अभिनंदन

# सभी होनहारों को अपने खर्चे पर हवाई यात्रा करवाएंगे प्रधानाचार्य



**बाबू राम चौहान, अनंत ज्ञान**

**जुन्गा।** राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चियोग में 10वीं व 12वीं की बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को एक सादे और गरिमामयी समारोह में फूलमालाएं पहनाकर व पुरस्कार देकर नवाजा गया। प्रधानाचार्य संदीप ने बताया कि पाठशाला का 10वीं और 12वीं कक्षा का परिणाम काफी शानदार और सराहनीय रहा है।

विद्यालय की 12वीं की छात्रा यशस्वीनी ने 92.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, आस्था चंदेल ने 92.6 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा मीनाक्षी ने 90. 4 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इसी प्रकार 10वीं कक्षा की छात्रा आरती ने 93.8 प्रतिशत अंक लेकर प्रथम, सानिया ने 93 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा ज्योति ने 89 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया है। प्रधानाचार्य ने इस उपलब्धि का श्रेय विद्यालयों में कार्यरत सभी शिक्षकों को दिया है। एसएमसी सदस्यों ने भी प्रधानाचार्य, शिक्षकों तथा सभी अभिभावकों को बधाई दी है तथा उन्होंने छात्रों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी है।

प्रधानाचार्य ने बताया कि उपरोक्त सभी मेधावी विद्यार्थियों का अपने निजी खर्चे से हवाई यात्रा करवाई जाएगी। इस अवसर पर सभी शिक्षक, गैर शिक्षक, अभिभावक और सभी विद्यार्थी मौजूद रहे।

## नौणी विश्वविद्यालय में अवैध नियुक्ति को रद्द करने की मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** प्रदेश युवा कांग्रेस ने नौणी विश्वविद्यालय में राजेश्वर चंदेल को अनुचित रूप से दिए गए सेवा विस्तार के खिलाफ तीव्र विरोध दर्ज किया है। इस अवैध नियुक्ति के विरोध में युवा कांग्रेस ने राजभवन तक जोरदार मार्च निकाला और प्रदर्शन किया। संगठन ने स्पष्ट रूप से इस नियुक्ति को नियम-विरुद्ध और युवा हितों के खिलाफ करार देते हुए इसे तत्काल रद्द करने की मांग की है।

युवा कांग्रेस के विभिन्न जिला और ब्लॉक पदाधिकारियों ने पांवटा साहिब, सुंदरनगर, नदौन, हमीरपुर, कुल्लू, किन्नौर, लाहौल-स्पीति, शिमला, और हरौली जैसे क्षेत्रों में उपमंडल अधिकारियों (एसडीएम) के माध्यम से राज्यपाल को ज्ञापन सौंपकर इस नियुक्ति को निरस्त करने का अनुरोध किया है। ज्ञापन में चेतावनी दी गई है कि यदि यह नियुक्ति रद्द नहीं की गई, तो युवा कांग्रेस उग्र आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होगी। युवा कांग्रेस का मानना है कि यह नियुक्ति न केवल विश्वविद्यालय के नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यह हिमाचल के युवाओं के अवसरों पर भी कुठाराघात करती है।

# भूमि से बेदखली को लेकर फल उत्पादक संघ ने रोहड़ू में किया विरोध-प्रदर्शन



**दशमी रावत, अनंत ज्ञान**

**रोहड़ू ।** प्रदेश सरकार द्वारा उच्च न्यायालय की आड़ में प्रदेश भर में किसानों की भूमि से बेदखली व मकानों की तालाबंदी के विरोध में हिमाचल किसान सभा व सेब उत्पादक संघ के आह्वान पर मंगलवार को रोहडू में धरना-प्रदर्शन किया गया। इस दौरान प्रभावित परिवारों सहित महिला, पुरुष, युवा व बुजुर्ग सदस्यों एवं अन्य लोगों ने रोहड़ू में एसडीएम कार्यालय तक रैली निकाली। उपमंलाधिकारी कार्यालय रोहडू के बाहर प्रदर्शन किया गया और एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान सेब उत्पादक संघ जुब्बल इकाई के सदस्य भी धरना प्रदर्शन में शामिल रहे।

इस प्रदर्शन को सेब उत्पादक संघ राज्य कमेटी सदस्य संजय चौहान व रमन थारटा ने संबोधित किया। वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि प्रदेश की सरकार उच्च न्यायालय की आड़ में किसानों की भूमि से बेदखली व घरों की तालाबंदी कर उनके जीने के अधिकार को छीन रही है। आज जिन परिवारों को बेदखल किया जा रहा है वे बहुत ही ग़रीब व कम भूमि वाले परिवार हैं। सरकार गरीबों को निशाना बनाकर उनके मकानों को सील कर उन्हें बेघर करने का काम कर रही है, जिसका किसान सभा व सेब उत्पादक संघ विरोध करता है।

किसान नेता संजय चौहान ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों का पक्ष न्यायालय में मजबूती से नहीं रख पा रही है। उन्होंनें कहा कि यदि समय रहते सरकार इस पर रोक नहीं लगाती तो आने वाले समय में यह आंदोलन और मजबूती के साथ लड़ा जाएगा।

# घुमारवीं में 23 को निकलेगी तिरंगा यात्रा

## विधायक राकेश जम्वाल और पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग होंगे शामिल, देशभक्तों से शामिल होने की अपील

**नीरज शर्मा, अनंत ज्ञान**

**घुमारवीं।** भारतीय सेनाओं के शौर्य और 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता को सम्मान देने के लिए 23 मई को घुमारवीं में तिरंगा यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा सुबह 10 बजे तहसील परिसर स्थित शहीदी स्मारक से शुरू होकर गांधी चौक तक जाएगी। इस मौके पर सुंदरनगर के विधायक राकेश जम्वाल और पूर्व खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

तिरंगा यात्रा के सफल आयोजन के लिए मंगलवार को बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें तिरंगा यात्रा की रूपरेखा तैयार की गई। तिरंगा यात्रा में घुमारवीं की कई सामाजिक संस्थाएं, पूर्व सैनिक, युवा वर्ग और बड़ी संख्या में देशभक्त नागरिक शामिल होंगे। आयोजन समिति ने बताया कि यह तिरंगा यात्रा देश की एकता और वीर जवानों के सम्मान का प्रतीक होगी। (अनंत ज्ञान)

### पूर्व मंत्री बोले- यह नया भारत है, जो दुश्मनों को देता मुंहतोड़ जवाब

**पूर्व** खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर हमारे जांबाज सैनिकों की



बहादुरी और रणनीतिक दक्षता का प्रतीक है। पूरी दुनिया ने देख लिया कि अगर आतंकवादी हमारी तरफ आंख उठाकर देखेंगे तो ऑपरेशन सिंदूर रुकने वाला नहीं है। सेना पाकिस्तान में घुसकर मुंहतोड़ जवाब देने के लिए तैयार है। 140 करोड़ भारतीय सशस्त्र बलों के समर्थन में खड़े हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही कहा कि आतंक और बातचीत एक साथ नहीं चल सकते। यह नया भारत है जो दुश्मनों को मुंहतोड़ जवाब देता है। गर्ग ने सभी नागरिकों से अपील की है कि वे इस ऐतिहासिक अवसर पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सेना के जवानों के साहस और बलिदान को नमन करें। उन्होंने कहा कि यह तिरंगा यात्रा हमारी भारतीय सेना के प्रति कृतज्ञता प्रकट करने का एक साझा मंच होगी।

### सरकार ने तुगलकी फरमान वापस न लिए तो सड़कों पर उतरेगी भाजपा : गर्ग

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं।** प्रदेश सरकार की ओर से सरकारी स्कूलों को मर्ज करने की दिशा में बनाए जा रहे प्रपोजल को लेकर भाजपा नेता लगातार निशाना साध रहे हैं। सरकार ने अढ़ाई साल के कार्यकाल के दौरान 1200 स्कूलों को बंद करने का काम किया है, जिसमें 450 स्कूल ऐसे थे, जिनमें छात्र नहीं थे और 750 स्कूल ऐसे हैं, जिनमें लगातार छात्रों की कम संख्या देखने को मिल रही थी, उन्हें मर्ज कर दिया गया है। अब प्रदेश सरकार बिलासपुर व घुमारवीं के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बालिका पाठशाला को मर्ज राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक ब्वॉज स्कूल में मर्ज करने की तैयारी में है, जिसको लेकर पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र गर्ग ने सरकार पर निशाना साधा है। राजेंद्र गर्ग का कहना है कि सत्ता में आते ही कांग्रेस सरकार ने सबसे पहले हजारों संस्थान बंद करने का काम किया, उसके बाद कई पद खत्म किए और फिर कम छात्र वाले स्कूलों को बंद कर अन्य स्कूलों में मर्ज करने का काम किया। इससे छात्रों को कई किलोमीटर की दूरी तय कर दूरदराज के स्कूलों में पढ़ने के लिए जाना पड़ रहा है। इससे साफ होता है कि प्रदेश सरकार का सबको शिक्षा, घर द्वार शिक्षा का लक्ष्य विफल साबित हो रहा है और आने वाले समय में सरकार ऐसे तुगलकी फरमानों को वापस नहीं लेती तो प्रदेश भाजपा सड़कों पर उतरकर विरोध-प्रदर्शन करेगी।

# घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र में स्थापित होंगे 68 नए ट्रांसफार्मर : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

घुमारवीं विधानसभा क्षेत्र की जनता को पिछले कई सालों से लो वोल्टेज, वोल्टेज फ्लक्चुएशन, बार-बार ट्रिपिंग और अत्यधिक लोड जैसी बिजली समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। इन समस्याओं के स्थायी समाधान की दिशा में प्रदेश सरकार ने एक ऐतिहासिक पहल की है। तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने



जानकारी दी कि क्षेत्र में 68 नए ट्रांसफार्मरों की स्थापना व 113 पुराने ट्रांसफार्मरों के अपग्रेडेशन का कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा, जिससे बिजली आपूर्ति की गुणवत्ता में व्यापक सुधार होगा। उन्होंने कहा कि यह केवल एक तकनीकी प्रक्रिया नहीं, बल्कि जनता से किए गए वादे को निभाने की दिशा में उठाया गया ठोस और प्रतिबद्ध कदम है। उन्होंने कहा कि नए ट्रांसफार्मर लगन से लो वोल्टेज की समस्या समाप्त होगी, आपूर्ति स्थिर होगी और उपभोक्ताओं के बिजली उपकरणों को नुकसान से भी राहत मिलेगी।

### विकास को मिली नई दिशा और गति

**बिजली** विभाग के अधिशाषी अभियंता करण चंदेल ने बताया कि आगामी कुछ माह में क्षेत्र में लो वोल्टेज और वोल्टेज फ्लक्चुएशन की समस्याएं पूरी तरह समाप्त हो जाएंगी। हमारा लक्ष्य है कि हर घर और व्यवसाय को 24|7 गुणवत्तापूर्ण बिजली मिल सके। उन्होंने कहा राजेश धर्माणी ने जनता से आह्वान किया कि वे इस कार्य में विभाग का सहयोग करें। थोड़ी बहुत असुविधा हो सकती है, लेकिन इसका परिणाम दीर्घकालिक और लाभकारी होगा। यह पहल मुख्यमंत्री के '24|7 बिजली सबको' अभियान का हिस्सा है और प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक निर्णायक कदम है। इस कार्य के माध्यम से घुमारवीं क्षेत्र में विकास को नई दिशा और गति मिलेगी।

### मंडी-भराड़ी पुल पर व्यक्ति से 326.1 ग्राम चरस बरामद

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम ने सोमवार देर सायं किरतपुर-नेरचौक फोरलेन पर स्थित मंडी-भराड़ी पुल पर गश्त के दौरान एक गाड़ी में सवार एक व्यक्ति से 326.1 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस की स्पेशल डिटेक्शन टीम ने मंडी-भराड़ी पुल पर गश्त के दौरान नाका लगाया गया था। पुलिस टीम ने मंडी-भराड़ी पुल पर शक के आधार पर गाडी (एचपी 01बी, 9006) की तलाशी। इस दौरान गाड़ी से 326 ग्राम चरस बरामद की। आरोपी की पहचान रति लाल चलाऊने, नेपाल के रूप में हुई है। डीएसपी जिला मुख्यालय एवं पुलिस प्रवक्ता मदन धीमान ने पुष्टि की है।

### खनन रक्षक भर्ती : शारीरिक दक्षता परीक्षा 26 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** बिलासपुर जिले में खनन रक्षक पद की भर्ती प्रक्रिया के तहत पात्र उम्मीदवारों की शारीरिक दक्षता परीक्षा का आयोजन 26 मई को प्रातः 8:00 बजे लुहणू मैदान में किया जाएगा। खनन अधिकारी एवं चयन समिति के सदस्य सचिव बिंदिया ने बताया कि पात्र पाए गए अभ्यर्थियों को डाक के माध्यम से सूचना पत्र प्रेषित किए जा चुके हैं। शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों को निर्धारित समय तक मैदान में पहुंचना होगा। सभी उम्मीदवार अपने साथ संपूर्ण मूल प्रमाण पत्रों सहित उपस्थित हों। उन्होंने सभी पात्र अभ्यर्थियों से अनुरोध किया है कि वे उक्त तिथि, समय एवं स्थान पर समय पर पहुंचकर शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लेना सुनिश्चित करें।

### मतदाता जागरूकता अभियान चलाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं एसडीएम झंडूता ने बताया कि 46-झंडूता (अ.जा.) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में स्वीप कार्यक्रम के तहत व्यापक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य मतदाताओं को मतदाता सूची मे नाम जोड़ने, हटाने एवं संशोधन के संबंध में जागरूक करना है। साथ ही लोकतांत्रिक प्रक्रिया में उनकी सहभागिता को बढ़ाना इसका मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। विधानसभा क्षेत्र में स्थित सभी उच्च शिक्षण संस्थानों, प्रशिक्षण संस्थानों एवं वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालयों में स्थापित निर्वाचन साक्षरता क्लबों के माध्यम से प्रति माह न्यूनतम दो बार गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। इन गतिविधियों में वाद-विवाद, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, नाटक, नुक्कड़ नाटकों, रैलियों एवं डिजिटल जागरूकता सत्रों का आयोजन किया जाएगा।

### 20 लोगों ने रक्तदान कर कमाया पुण्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** व्यास रक्तदाता समिति व बाबा नाहर सिंह मंदिर धौलरा पुजारी समिति ने संयुक्त रूप से मंगलवार को मंदिर परिसर में रक्तदान शिविर लगाया गया। यह रक्तदान शिविर बिलासपुर के रक्तवीर के नाम से अपनी पहचान बना चुके व्यास रक्तदाता समिति के कई वर्षों तक सर्वमान्य प्रधान रह चुके स्व. कर्ण चंदेल को समर्पित रहा। शिविर में 20 लोगों ने रक्तदान किया। रक्तदान करने में व्यास रक्तदाता समिति के संस्थापक प्रधान कमलेंद्र कश्यप व शहर के व्यवसायी रशिम महाजन विशेष उल्लेखित व्यक्ति रहे। कमलेंद्र कश्यप ने 140वीं बार रक्तदान किया। रशिम महाजन के साथ उनकी पत्नी चेतना महाजन ने भी रक्तदान किया। वहीं, अभिषेक शर्मा, अमन कुमार, सुभाष, अरुण शर्मा, अक्षित, अनुज ढिल्लों, गौरव शर्मा, रीना देवी, दिनेश कुमार, जोगिंद्र शर्मा, नीरज शर्मा, मनोज व मंदिर माथा टेकने हमीरपुर के श्रद्धालु रजनीश सहित अन्य रक्तदाता भी शामिल रहे।

# मापन की सटीकता निभाती उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा में अहम भूमिका : ओमकांत

**शुभम राही, अनंत ज्ञान**

**बिलासपुर।** कानूनी मापविज्ञान शाखा, खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग, बिलासपुर (हिमाचल प्रदेश) की ओर से वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय (छात्र) बिलासपुर में विश्व मापदंड दिवस का आयोजन किया गया। इस वर्ष की थीम 'सभी समय के लिए माप, सभी लोगों के लिए' रही, जिसे ध्यान में रखते हुए मापन और मापदंडों की उपयोगिता पर व्यापक चर्चा की गई। कार्यक्रम में अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर ओमकांत ठाकुर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि मापन की सटीकता न केवल व्यापार में पारदर्शिता सुनिश्चित करती है, बल्कि उपभोक्ताओं के अधिकारों की रक्षा में भी अहम भूमिका निभाती है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 के दौरान जिला बिलासपुर में कुल 1260 से अधिक माप यंत्रों की जांच एवं सत्यापन किया गया, जिनमें पेट्रोल



ब्वॉयज स्कूल बिलासपुर में विश्व मापदंड दिवस का आयोजन किया गया।

पंप मशीनें, इलेक्ट्रॉनिक तराजू, ज्वैलरी स्केल, ब्लड प्रेशर मॉनिटर और थर्मामीटर शामिल हैं। अतिरिक्त उपायुक्त ने कहा कि उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम के तहत मापदंडों से जुड़ी शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है और 1915 उपभोक्ता हेल्पलाइन के माध्यम से शिकायतों के निवारण की व्यवस्था कारगर सिद्ध हो रही है। उन्होंने विद्यालय स्तर पर विज्ञान और माप विषय से संबंधित गतिविधियों को प्रोत्साहित करने का आग्रह किया। इस अवसर पर सहायक नियंत्रक, विधि मापविज्ञान मंडल बिलासपुर प्रवीण सिउटा ने विभागीय गतिविधियों और उपभोक्ता अधिकारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से नियमित तौर पर निरीक्षण अभियान चलाए जाते हैं, जिनमें माप उपकरणों की जांच के साथ-साथ उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाता है। वक्ताओं ने मापदंडों की भूमिका को विज्ञान, व्यापार और समाज के विभिन्न क्षेत्रों से जोड़ते हुए समझाया और विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे अपने उपभोक्ता अधिकारों के प्रति सजग रहें।

### स्टूडेंट्स को दी करियर काउंसिलिंग और अप्रेंटशिप एक्ट की जानकारी

**अनंत ज्ञान, झंडूता।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बरठीं की ओर से सुन्हाणी राजकीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं को करियर काउंसिलिंग और अप्रेंटशिप एक्ट के बारे में जानकारी दी। पंकज चौहान ने बताया कि बच्चों को अपने भविष्य में कार्य करने के लिए यह सुनिश्चित करना होगा कि वो किस कार्य को सहजता से व निपुणता से कर सकते हैं। साथ में उन्होंने आईटीआई में विभिन्न प्रकार के व्यवसायों के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि यदि कोई भी छात्र-छात्रा अप्रेंटिसशिप के लिए पंजीकृत होता है, तो वो पोर्टल पर विभिन्न प्रकार की कंपनियों में रोजगार के साथ में कार्य को सिख सकता है। अप्रेंटिसशिप में पंजीकृत होने के लिए वह प्रदेश की किसी भी आईटीआई में जाकर पंजीकृत हो सकते हैं व इस योजना का लाभ उठा सकते हैं। इस मौके पर प्रधानाचार्य व अध्यापक मौजूद रहे।

# बैंक योजनाएं किसानों के लिए लाभकारी सिद्ध : चटर्जी



घुमारवीं के कामधेनु होटल में आयोजित ग्राहक बैठक में किसानों को बैंक और ऋण योजनाओं की जानकारी दी।

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

**यूको** बैंक की ओर से घुमारवीं के कामधेनु होटल में विशेष ग्राहक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का उद्देश्य क्षेत्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमो और कृषि क्षेत्र से जुड़े व्यापारियों व किसानों को बैंक की योजनाओं, ऋण सुविधाओं और आगामी 'एमएसएमई एवं एग्रीकल्चरल कार्निवल' की जानकारी देना था। कार्यक्रम में कोलकाता मुख्यालय से यूको बैंक के डिप्टी जनरल मैनेजर जॉयदीप चटर्जी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। यूको बैंक धर्मशाला अंचल के जोनल मैनेजर कमल कुमार शर्मा और घुमारवीं शाखा प्रबंधक विजय चौहान भी उपस्थित रहे।

जॉयदीप चटर्जी ने कहा कि यूको बैंक का उद्देश्य सिर्फ वित्तीय सेवाएं प्रदान करना नहीं, बल्कि ग्राहकों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। विशेष रूप से एमएसएमई और कृषि क्षेत्र में काम कर रहे लोगों के लिए बैंक की योजनाएं काफी लाभकारी सिद्ध हो सकती हैं। उन्होंने सरकार की ओर से चलाई जा रही योजनाओं जैसे पीएमईजीपी, मुद्रा लोन, किसान क्रेडिट कार्ड आदि पर भी प्रकाश डाला। शाखा प्रबंधक विजय चौहान ने बताया कि बैठक केवल सूचना साझा करने का मंच नहीं है, बल्कि ग्राहकों की जरूरतों और समस्याओं को सीधे समझने और समाधान प्रदान करने का भी माध्यम है। उन्होंने बताया कि आने वाले समय में बैंक एमएसएमई और कृषि कार्निवल का आयोजन करेगा, जिसमें विशेष लोन कैंप, डॉक्यूमेंटेशन सहायता, और मौके पर ही ऋण स्वीकृति जैसी सेवाएं उपलब्ध होंगी। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित उद्यमियों और किसानों ने बैंक की इस पहल की सराहना की।

## न्यूज ब्रीफ

### मंत्री प्रो. चंद्र कुमार आज चंबा को देंगे सौगात

**अनंत ज्ञान, चंबा।** प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री प्रो. चंद्र कुमार आगामी 21 मई को एक दिवसीय दौरे पर जिला चंबा पहुंच रहे हैं। उनके इस दौरे को कृषि क्षेत्र में किसानों को तकनीकी सहयोग और संसाधनों की सुलभता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है। विभागीय प्रवक्ता ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, प्रातः 11:30 बजे कृषि मंत्री मैहला में कृषि इनपुट स्टोर और किसान सलाह केंद्र का लोकार्पण करेंगे।

### एनएसयूआई का जिला स्तरीय कार्यक्रम संपन्न

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिले में मंगलवार को एनएसयूआई जिला इकाई द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम ने युवाओं में नया उत्साह और जोश भर दिया। इस प्रभावशाली



कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी मुनिश्वर शर्मा तथा एनएसयूआई हिमाचल प्रदेश के ऊर्जावान अध्यक्ष टोनी ठाकुर ने विशेष रूप से भाग लिया और युवाओं को प्रेरणादायक मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में एनएसयूआई जिला अध्यक्ष मुकेश शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश प्रभारी एवं अध्यक्ष का भव्य और गरिमामयी स्वागत किया गया। बैंड-बाजे, फूल-मालाओं और युवा जोश से लबरेज नारेबाजी के साथ अतिथियों का अभिनंदन किया गया, जिसने कार्यक्रम को ऊर्जावान और यादगार बना दिया।

### हेमकांत को दूसरी पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल के वैटरन जर्नलिस्ट एवं मंडी प्रेस क्लब के संस्थापक अध्यक्ष हेमकांत कात्यायन को उनकी दूसरी पुण्यतिथि पर मंडी में पत्रकारों की ओर से श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मंगलवार को प्रेस रूम मंडी में विभिन्न मीडिया संस्थानों से जुड़े पत्रकारों ने स्व. हेमकांत कात्यायन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। वहीं पर पत्रकार बिरादरी के इस दौरान दिवंगत हुए रिश्तेदारों को भी दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर हिमाचल गौरव वरिष्ठ पत्रकार बीरबल शर्मा ने कहा कि हेमकांत कात्यायन का मंडी ही नहीं हिमाचल की पत्रकारिता में अहम स्थान रहा है। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार बीरबल शर्मा, मुरारी शर्मा, डीपी गुप्ता, सुभाष ठाकुर, मोनिका ठाकुर, हंसराज सैनी, भगत सिंह गुलेरिया, पुरुषोत्तम शर्मा, खेमचंद शास्त्री, दीपेंद्र मांटा, महेशचंद्र शर्मा, धर्मचंद वर्मा, नरेंद्र शर्मा, अनिल शर्मा, धर्मवीर, विनोद राणा, मुकेश, सरोज, वनिता, जागृति, पुष्पराज, हरदेव हरी, विप्लव सकलानी, राकेश शर्मा आदि ने श्रद्धासुमन अर्पित किए।

### आपदा प्रबंधन की तैयारी में जुटा प्रशासन

**अनंत ज्ञान, चौपाल/नेरवा।** उपमंडलाधिकारी चौपाल हेम चंद वर्मा की अध्यक्षता में एसडीएम सभागार चौपाल में उपमंडल के अधिकारियों के साथ दक्षिण-पश्चिम मानसून ऋतु की तैयारियों को लेकर समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी विभागीय अधिकारी अभी से मानसून ऋतु से संबंधित सभी तैयारियां पूर्ण कर लें। उन्होंने लोक निर्माण विभाग तथा पंचायती राज विभाग के अधिकारियों को समय रहते वर्षा जल के प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए नालों एवं चैनलों आदि की सफाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मौसम विभाग द्वारा जारी मौसम पूर्वानुमान को सभी विभागों के साथ सांझा किया जाएगा। उन्होंने बिजली के खम्भों एवं लाईनों को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने जल शक्ति विभाग को बरसात के दिनों में साफ पानी मुहैया करवाने के निर्देश दिए।

### औट स्कूल का मोहित जेएनवी के लिए चयनित

**भगत सिंह गुलेरिया, अनंत ज्ञान, मंडी।** द्रंग विधानसभा क्षेत्र के शिक्षा खण्ड औट की राजकीय प्राथमिक पाठशाला औट का छात्र मोहित वर्मा ने जवाहर नवोदय विद्यालय समिति द्वारा आयोजित की गई परीक्षा उतीर्ण की। अब वह जमा दो तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय पंडोह से करेगा। मोहित वर्मा ने इसका श्रेय मुख्याध्यापक ललित शर्मा, अध्यापिका तन्जुजा ठाकुर, चंद्रेश कुमारी तथा अपने माता पिता को दिया है।

# फर्जीवाड़े के खिलाफ उठाई आवाज

## चुराह के भेड़पालकों ने डीसी को सौंपा ज्ञापन, कहा- कुछ लोग कर रहे हैं झूठे दावे

**आरके सहगल, अनंत ज्ञान**

**चंबा।** चुराह के भेड़पालकों ने फर्जीवाड़े के खिलाफ उठाई अपनी आवाज बुलंद की है। चुराह भेड़पालक एवं पशुधन संघ, सलूणी के अध्यक्ष हेमराज चंदेल के नेतृत्व में मंगलवार को एक मजबूत प्रतिनिधिमंडल ने उपायुक्त चंबा को एक गंभीर ज्ञापन सौंपा। इस प्रतिनिधिमंडल में तुलाराम, मदनलाल, चेन सिंह, देवराज, दर्शनो, कंठराम, ज्ञानचंद, होशियारराम, छज्जू राम और अमरदास जैसे जमीनी कार्यकर्ता शामिल थे।

भेड़पालकों का आरोप है कि एफआरसी (वन अधिकार समिति) द्वारा भूमि वितरण की प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर फर्जीवाड़ा हुआ है। हम वर्षों से जंगलों में रहकर पशुधन पालते आ रहे हैं। लेकिन अब कुछ लोग जाली दस्तावेज बनाकर 150-200 झूठे दावे कर रहे हैं। असली हकदारों को नजरअंदाज किया जा रहा है।



### भेड़पालक संघ के मुख्य आरोप और मांगें

- भांदल पंचायत के कुछ लोगों द्वारा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भूमि कब्जा।
- जिन क्षेत्रों (महाल) में कोई वास्तविक आबादी नहीं है, वहां कागज़ों में फर्जी आबादी दिखाकर कब्जे किए जा रहे हैं- जैसे जपनाल-2, लगड़ू, कारजुग्ग आदि।
- वास्तविक भेड़पालक, जो दशकों से इन जंगलों में रहकर जीवन यापन कर रहे हैं, वन अधिकारों से वंचित हैं।
- विभागीय सर्वेक्षणों में भारी अनियमितता- भेड़पालकों के बजाय अन्य लोगों को लाभ देना।
- सभी मामलों की स्वतंत्र जांच और भूमि पट्टों के पुनर्मूल्यांकन की मांग।

### भावनात्मक अपील

**प्रतिनिधिमंडल** ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी और वन मंत्री से अपील करते हुए कहा कि जो लोग जंगलों से जुड़ कर अपनी जिंदगियां बिता चुके हैं, उनके अधिकार छिनना सिर्फ अन्याय नहीं, हमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ धोखा है।

### डीसी का आश्वासन

**उपायुक्त** ने ज्ञापन को गंभीरता से लेते हुए प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि प्रत्येक बिंदु की जांच कर उचित कार्यवाही की जाएगी। यह सिर्फ जमीन का मामला नहीं, यह आत्म-सम्मान, परंपरा और हक की लड़ाई है। चुराह के भेड़पालकों की यह आवाज़ अब गूंज बन चुकी है और यह गूंज जल्द ही सरकार तक पहुंचेगी।

# भरमौर में पर्यटकों की बढ़ रही है तादाद, एनएच का कौन करे सुधार

**ओपी शर्मा, अनंत ज्ञान**

**भरमौर।** प्रदेश में गर्मी का माहौल बनने के बाद जनजातीय क्षेत्र भरमौर में पर्यटकों की तादाद भी एकाएक बढ़ने लगी है। यहां पर हर रोज दर्जनों श्रद्धालु व पर्यटक पर्यटन एवं धार्मिक नगरी भरमौर पहुंच रहे है। लेकिन यहां की बहु प्रतीक्षित राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154 ए की हालत बद से बद्तर होती जा रही है। जगह-जगह कच्ची और टूटी सड़क पर्यटकों व श्रद्धालुओं को काफी परेशान कर रही है। हालांकि बैसाखी की संक्रांति के दिन यहां के अधिकतर देवालयों व मंदिरों के कपाट श्रद्धालुओं के दर्शनों के लिए खोल दिए गए हैं जिसके बाद यहां पर एकाएक श्रद्धालुओं व पर्यटकों की तादाद बढ़ गई है। लेकिन बग्गा से लेकर भरमौर तक जगह-जगह सड़कों में पड़े हुए गड्ढे व उड़ती धूल कच्ची सड़क यहां पर इनका खूब स्वागत कर रही है। हालांकि विभाग द्वारा सड़क के इस पोर्शन के लिए लगभग 36 करोड़ स्वीकृत भी हो चुके हैं। जिसके तहत



सड़क के इस हिस्से का रखरखाव व मुरम्मत करवाना निश्चित हुआ है। लेकिन इसका काम कछुआ गति से चलने के कारण इसका सीधा असर यहां पर आने वाले श्रद्धालुओं व पर्यटकों पर पड़ रहा है। एनएचएआई प्राधिकरण के द्वारा भी पिछले कई वर्षों से सड़क के इस हिस्से को दुरुस्त करने के लिए युद्ध स्तर पर काम नहीं किया जा रहा है। हालांकि अगस्त महीने में ही यहां पर उत्तर भारत की सबसे बड़ी धार्मिक यात्रा का आगाज हो जाता है। जिस दौरान यहां पर लाखों श्रद्धालु व पर्यटक ऐतिहासिक पवित्र मणिमहेश डल झील पहुंचते हैं।

# आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्य करने की क्षमता को कर देगा आसान: बुटेल



एकदिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता करते गोकुल बुटेल।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**डिजिटल** प्रौद्योगिकी एवं शासन विभाग द्वारा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से नेतृत्व सशक्तिकरण' विषय पर मंगलवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

इस कार्यशाला का शुभारंभ मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार नवाचार, शासन एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी गोकुल बुटेल ने किया। इस कार्यशाला में विभिन्न विभागों के सचिवों, विभागाध्यक्षों सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्यमंत्री के प्रधान सलाहकार नवाचार, शासन एवं डिजिटल प्रौद्योगिकी गोकुल बुटेल ने कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य नेतृत्व कौशल को तकनीकी नवाचार, विशेषकर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), के माध्यम से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस हमें बड़ी आसानी से सूचनाओं के विश्लेषण करने, निर्णय लेने में तेजी लाने और कार्यों को स्वचालित करने में मदद कर सकता है। बुटेल ने कहा कि प्रशासनिक अधिकारी एआई के प्रति अपनी प्रतिबद्धता और नवाचार के माध्यम से प्रशासनिक कार्यों में सुधार और आमजन के जीवन स्तर में सुधार कर सकते हैं। दिन प्रतिदिन के कार्यों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का इस्तेमाल, कार्य करने की क्षमता को आसान कर देगा।

# आज से चंबा दौरे पर विस अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया

**बबलू पठानिया, अनंत ज्ञान, भटियात।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया 21 से 26 मई तक चंबा जिला के विभिन्न क्षेत्रों का विस्तृत दौरा करेंगे। इस दौरान वे धार्मिक, विकासात्मक एवं प्रशासनिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे। 21 मई को शिमला से रवाना होंगे और रात 9:00 बजे सिहुंता पहुंचेंगे। यात्रा सरकारी वाहन द्वारा की जाएगी। 22 मई को ककीरा स्थित स्वामी श्री हरि गिरी संन्यास आश्रम में आयोजित महारुद्र यज्ञ की पूर्णाहुति में भाग लेंगे। 23 को अध्यक्ष बचत भवन चंबा में मिंजर मेला समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे। 24 मई को चौवारी में पार्किंग-कम-शॉपिंग कॉम्प्लेक्स तथा नगर पंचायत कार्यालय की आधारशिला रखेंगे। 25 को ग्राम पंचायत जोलना में जोलना-भटेड़-कोटला संपर्क सड़क का उद्घाटन करेंगे। 26 को सिहुंता से रवाना होकर शाम 5:00 बजे शिमला लौटेंगे।

# राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने मां कामाक्षा मंदिर में नवाया शीश



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल आज मंडी जिला के अपने तीन दिवसीय दौरे के दौरान करसोग के कामाक्षा मंदिर पहुंचे। उन्होंने यहां पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि की कामना की। करसोग का यह उनका पहला दौरा है। लेडी गवर्नर जानकी शुक्ला भी उनके साथ थीं।

राज्यपाल ने मूल माहूंनाग मंदिर, बखारी कोठी जाकर माथा टेका और आशीर्वाद प्राप्त किया। वह मंदिर की दिव्यता और भव्यता को देखकर प्रभावित हुए। उन्होंने मंदिर के गुर से मंदिर के इतिहास की जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने स्थानीय लोगों से भी बातचीत की। चिंडी पहुँचने पर, मंडी के उपायुक्त अपूर्व देवगन तथा पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा ने राज्यपाल का स्वागत किया।

इससे पूर्व, राज्यपाल ने तत्तापानी का दौरा किया और गर्म पानी के स्त्रोतों को देखा। उन्होंने यहां कार्यान्वित की जा रही पर्यटन गतिविधियों की जानकारी भी ली। तत्तापानी पहुंचने पर करसोग के विधायक दीप राज ने राज्यपाल का स्वागत किया। लेडी गवर्नर भी उनके साथ थीं। राज्यपाल के सचिव सीपी वर्मा भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

# भलेई के गायक को आकाशवाणी से मिला बी ग्रेड

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपतहसील भलेई के लोक गायक विजय नरयाल को लोक संगीत के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए आकाशवाणी शिमला (ऑल इंडिया रेडियो) द्वारा बी ग्रेड की मान्यता प्रदान की गई है। यह ग्रेडिंग न केवल उनकी संगीत प्रतिभा की सरकारी स्तर



पर एक बड़ी स्वीकृति है, बल्कि उन्हें राष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुति के और अधिक सुनहरे अवसर भी प्रदान करेगी।

विजय नरयाल हिमाचल प्रदेश की लोक संस्कृति के सजग प्रहरी हैं, जो वर्षों से पारंपरिक लोक गायन को जीवंत बनाए रखने में जुटे हुए हैं। वह न केवल एक प्रसिद्ध लोक कलाकार हैं, बल्कि भलेई माता की भद्रकाली जागरण पार्टी से भी सक्रिय रूप से जुड़े हुए हैं।

# छत की तलाश में भटक रहा असहाय बुजुर्ग

## जमीन के एक टुकड़े के लिए प्रशासन और विधायक से लगाई गुहार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**जिले** से एक बेहद मार्मिक और दिल झकझोर देने वाला मामला सामने आया है, जहां एक असहाय बुजुर्ग नागरिक अपनी अंतिम उम्मीदों के साथ प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मदद की आस लगाए बैठा है। जीवनभर की कठिनाइयों के बाद अब जब इस बुजुर्ग को सिर्फ एक छत चाहिए, तब भी उसकी आवाज को कोई ठोस जवाब नहीं मिल पा रहा।

गांव बिरोला, डाकघर बाडका, उपतहसील तेलका के निवासी धर्मो पुत्र स्व नरेणु ने उपायुक्त चंबा को एक भावुक पत्र सौंपा है, जिसमें उन्होंने मुहाल भेडौई में 4 बिस्वे जमीन मकान निर्माण के लिए मांगी है। धर्मो न केवल आर्थिक रूप से कमजोर हैं, बल्कि उनके जीवन में अब कोई परिवारिक सहारा भी नहीं बचा। पत्नी का भी देहांत हो चुका है और न ही उनकी कोई संतान है।



'एक टुकड़ा जमीन: जहां मैं अपनी अंतिम सांसें चैन से ले सकूं' धर्मो की यह पुकार किसी भी संवेदनशील दिल को झकझोर सकती है।

इस मामले में उपायुक्त चंबा ने मामले की गंभीरता को समझते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया है। हालांकि धर्मो ने यह भी बताया कि वह शारीरिक रूप से भी अक्षम हैं और आज तक कोई रिश्तेदार या स्थानीय व्यक्ति उनके साथ खड़ा नहीं हुआ। अपनी पीड़ा और बेबसी को देखते हुए धर्मो ने अब विधायक डीएस ठाकुर से भी आग्रह किया है कि वे मानवीय आधार पर इस संकट की घड़ी में उनकी सहायता करें।

# राज्य की स्कॉलरशिप परीक्षा में 5 लाख छात्रों ने लिया भाग



**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**प्रदेश** सरकार ने क्रैक अकादमी के सहयोग से राज्य की अब तक की सबसे बड़ी स्कॉलरशिप परीक्षा 'मेरे शहर के 100 रत्न' का सफलतापूर्वक आयोजन मंगलवार को किया। इस परीक्षा में कक्षा छठी से सातवीं तक के 5 लाख से अधिक छात्रों ने भाग लिया, जो कि राज्य भर के 3,500 सरकारी और निजी स्कूलों में एक साथ आयोजित की गई। क्रैक अकादमी के संस्थापक और सीईओ नीरज कंसल ने बताए कि यह पहली बार था जब हिमाचल प्रदेश में इतने बड़े पैमाने पर कोई शैक्षणिक गतिविधि आयोजित की गई, जिसने राज्य के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में लाखों छात्रों को एकजुट किया। राज्य के प्रत्येक 68 विधानसभा क्षेत्रों से शीर्ष 100 छात्रों को क्रैक अकादमी द्वारा पूर्णत: नि:शुल्क कोचिंग स्कॉलरशिप प्रदान की जाएगी, जिससे कुल 6,800 छात्रों को पूर्ण छात्रवृत्ति मिलेगी। चयनित छात्रों को यूपीएससी, एचपीएएस, जेईई, एनईईटी, कौशल विकास कार्यक्रमों और अन्य पाठ्यक्रमों की तैयारी का अवसर मिलेगा। क्रैक एकेडमी ने राज्य भर में 70 भौतिक केंद्र भी स्थापित किए हैं, जहां छात्र ऑफलाइन कोचिंग प्राप्त कर सकते हैं, साथ ही संस्थान की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन अध्ययन सामग्री भी उपलब्ध रहेगी।

क्रैक अकादमी के संस्थापक और सीईओ नीरज कंसल ने इस पहल को सफल बनाने में योगदान देने वाले सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा यह स्कॉलरशिप परीक्षा केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं थी, बल्कि हिमाचल प्रदेश में शिक्षा के प्रति आकांक्षा का उत्सव थी। इस स्कॉलरशिप परीक्षा का परिणाम 10 जून को घोषित किया जाएगा और क्रैक एकेडमी के ऐप पर उपलब्ध होगा।

# संसद में चंबा की गूंज अब इतिहास को नया जीवन देने की पहल!

**अनंत ज्ञान, चंबा।** 1962 की बात है, जब चंबा जिले से पहली बार किसी ने संसद भवन की दहलीज पर कदम रखा था नाम था लाला छत्तर सिंह, सफेद कुर्ते में सादगी की मिसाल, मगर हौसलों से लबरेज। वे लोकसभा में चंबा का प्रतिनिधित्व करने वाले पहले सपूत बने और आज, एक बार फिर चंबा का नाम राष्ट्रीय पटल पर चमक रहा है, जब पूर्व मंत्री हर्ष महाजन चंबा से संसद भवन तक पहुंचने वाले दूसरे व्यक्ति। लेकिन इस ऐतिहासिक सिलसिले को और भी जीवंत बनाने की कोशिश की है बहादुरी के लिए जीवन रक्षा पदक (वीरता पुरस्कार) से सम्मानित नवनीत चौफल ने। उन्होंने चंबा की सांस्कृतिक विरासत को सहेजने के लिए एक खास मांग उठाई है अखंड चंडी महल के पास स्थित पुराने राजस्थान टाइम्स मिनी चिड़ियाघर की जर्जर इमारत को एक सुंदर सार्वजनिक पार्क में तब्दील करने की गुज़ारिश। यह स्थान आज वीरान और खंडहर में तब्दील हो चुका है। लेकिन यदि इसे संवारा जाए, तो यह शहर के बीचोंबीच बुजुर्गों के लिए एक हरा-भरा सुकूनदायक स्थल बन सकता है। जहां वे सायंकाल बैठकर आपसी बातों का आनंद ले सकें। चौफल ने इस संदर्भ में राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन को मेमोरेंडम सौंपा।

# पंचायत समिति वार्ड परिसीमन में जन भावनाओं के अनुरूप किया जाए बदलाव

**अनंत ज्ञान, चंबा**

**पंचायत** समिति वार्ड परिसीमन 2025 के संदर्भ में विकास खंड चंबा से ब्लॉक समिति सदस्य त्रिलोक सिंह ने खंड विकास अधिकारी को एक लिखित पत्र के माध्यम से तीन महत्वपूर्ण सुझाव एवं आपत्तियां दर्ज करवाई हैं। उन्होंने परिसीमन प्रक्रिया में जनसंख्या, भौगोलिक स्थिति व पंचायतों की वास्तविक आवश्यकताओं के आधार पर आवश्यक सुधार की मांग की है। त्रिलोक सिंह ने प्रशासन से आग्रह किया है कि परिसीमन प्रक्रिया न्यायसंगत व जनभावनाओं के अनुरूप हो।

त्रिलोक सिंह की पहली आपत्ति ग्राम पंचायत कुठेहड़ को लेकर है, जिसे प्रस्तावित परिसीमन में ग्राम पंचायत दुलाहर के साथ एक ही समिति वार्ड में शामिल किया गया है। उनका कहना है कि ग्राम पंचायत कुठेहड़, जो पूर्व में झुलाड़ा पंचायत से अलग होकर गठित हुई थी, न तो भौगोलिक रूप से दुलाहर से जुड़ी है और न ही प्रशासनिक सुविधाएं वहां उपलब्ध हैं। पटवार वृत्त, उप-स्वास्थ्य केंद्र और डाकघर सभी झुलाड़ा पंचायत में आते हैं। ऐसे में उन्होंने आग्रह किया है कि कुठेहड़ को दुलाहर से अलग कर झुलाड़ा के साथ सम्मिलित करते हुए 'झुलाड़ा-कुठेहड़' नाम से नया समिति वार्ड बनाया जाए।



**ब्लॉक समिति सदस्य त्रिलोक सिंह ने उठाई तीन अहम आपत्तियां**

दूसरी आपत्ति उन्होंने ग्राम पंचायत भड़ोह एवं सिद्धकुंड को लेकर जताई है। वर्तमान में भड़ोह पंचायत को जिप वार्ड सरोल में तथा सिद्धकुंड को जिप वार्ड चकलू में रखा गया है। त्रिलोक सिंह ने सुझाव दिया है कि भड़ोह को चकलू वार्ड में और सिद्धकुंड को सरोल में शामिल किया जाए, जिससे विधानसभा क्षेत्रों के अनुसार जिला परिषद वार्डों की समरूपता बनी रह सके। तीसरी आपत्ति में उन्होंने पंचायतीराज अधिनियम 1994 की धारा-18 के अनुपालन को लेकर उठाई है। उन्होंने बताया कि विकास खंड चंबा की कुल जनसंख्या 2011 की जनगणना के अनुसार 74,575 है, जिसके अनुसार यहां 21-22 समिति वार्ड बनाए जाने चाहिए।

### सूडोकु नवताल- 7436 (★★★★☆ कठिन)

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | | | 6 | | | | |
| | | | | | 5 | | | |
| | | 9 | | | | 7 | | 3 |
| | 1 | | | 8 | | | | 2 |
| | | | 7 | | 4 | | | |
| 6 | | | | 3 | | | 8 | |
| 5 | | 7 | | | | 4 | | |
| | | | 8 | | | | | |
| | | | | 1 | | | 6 | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

### सूडोकु नवताल -7435 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 2 | 5 | 4 | 9 | 3 |
| 2 | 7 | 3 | 9 | 4 | 6 | 8 | 1 | 5 |
| 6 | 3 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 5 | 8 |
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 6 | 5 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 6 | 7 | 5 | 8 | 1 | 3 | 2 | 9 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 7 | 5 | 4 | 6 |
| 3 | 5 | 2 | 4 | 6 | 9 | 1 | 8 | 7 |

अनंत ज्ञान

## आज का राशिफल

बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम

### आज का पंचांग

बुधवार, 21 मई 2025

**विक्रमी संवत :** 2082, **शक संवत :**1947 (विश्वासवसु), **मास :** अमांत बैशाख, **तिथि** नवमी (03:25): **नक्षत्र** शतभिषा (06:59), **पक्षः** कृष्ण, **योग :** वैधृति (00:34), अभीजित (कोई नहीं)। **राहुकाल** (12:17-02:00)।

### विशेष दिन

- 21 मई: अंतराष्ट्रीय चाय दिवस आज।
- 21 मई: आतंकवाद विरोध दिवस आज।

**मेषः** बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए।

**वृषः** कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें।

**मिथुनः** यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**कर्कः** मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ।

**सिंहः** परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे।

**कन्याः** अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें।

**तुलाः** मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा।

**वृश्चिकः** दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें।

**धनुः** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा।

**मकरः** प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी।

**कुंभः** कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता है।

**मीनः** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी।

**व अदालत सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र.**

दिनेश कुमार पुत्र बलदेव सिंह निवासी महाल कोपडा तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि. प्र. ....वादी

**वनाम** **आम जनता** ...प्रतिवादी (जन्म पंजीकरण)

ईश्तहार अखवार वावत आवेदन जन्म तिथि पंजीकरण ग्राम पंचायत कोपडा तहसील नूरपुर जिला काँगड़ा हि.प्र.

ईश्तेहार अखवार द्वारा हर आम व खास को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी दिनेश कुमार पुत्र बलदेव सिंह निवासी महाल कोपडा तहसील नुरपुर जिला कांगड़ा हि.प्र. ने एक प्रार्थना पत्र गुजारा है, जिसमे निवेदन किया है कि उसके पुत्र अरनव पठानिया का जन्म दिनांक 26-04-2019 को ग्राम कोपडा में हुआ था परन्तु उसकी जन्म तिथि 26-04-2019 ग्राम पंचायत कोपडा के रिकार्ड में अज्ञानतावश दर्ज न हो सकी है। अतः उसकी जन्म तिथि को ग्राम पंचायत कोपडा में दर्ज करने के आदेश पारित किये जावे। प्रतिवादी आम व खास जनता को इस अखवार इश्तहार द्वारा सूचित किया जाता है कि यदि कोई व्यक्ति उक्त प्रार्थी के आवेदन पर अपना कोई एतराज पेश करना चाहता हो, तो वह असालतन या वकालतन इस अदालत में दिनांक 10-6-2025 को पेश कर सकता हैं। एतराज पेश न होने की सूरत में आदेश जन्म तिथि पंजीकरण जारी कर दिए जाएंगे।

आज दिनांक 20-05-2025 को मेरे हस्ताक्षर व मोहर अदालत से जारी हुआ।

**सहायक समाहर्ता द्वितीय श्रेणी नूरपुर जिला कांगडा हि. प्र.**

**कार्यालय ग्राम पंचायत खशाधार**
**विकास खंड छौहारा, जिला शिमला (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत खशाधार विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत भिन्न-भिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है अतः संबंधित फर्मो से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। पंचायत का संबंधित निविदाताओं से निवेदन है कि दिनांक 21-05-2025 से 27-05-2025 को सांय 5 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं बंद लिफाफे के अंदर प्रत्यक्ष व डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में जमा करें, पंचायत द्वारा दिनांक 12-06-2025 को समय 11 बजे निविदाओं को पंचायत द्वारा गठित समिति के सामने खोला जाएगा।

**सामग्री का विवरण:-** 1 रेता क्रेशर/खान, रेता, बजरी 10,20,40 एमएम, 4 पत्थर, 5 पक्की ईंट, एमएम बीबीसी, 6 सामग्री ढुलान चड़गांव व रोहडू से ट्रैक्टर, कैंपर, पिकअप, आदि द्वारा, 7 चादरें/ सरिया 8 एमएम, 10 एमएम, 12 एमएम, 16 एमएम हर प्रकार का, 7 एंगल हर प्रकार के, 8 लकड़ी व लोहे के दरवाजे, खिड़की चौखट, कुंडे व कब्जे आदि , 9 पेंट व पुटी, 10 कंप्यूटर / लैप टॉप खरीद व मुरम्मत, 11 पीबीसी पाइप /पानी की पाइप आदि, 12 बिजली की फिटिंग सामग्री, फर्नीचर टेबल कुर्सी आदि।

**निविदाओं की अन्य शर्ते निम्न प्रकार से हैं:-** 1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। 2. दरें 1 साल तक मान्य होगी। 3. प्रत्येक सामग्री को सूचिबद्ध कर वस्तु का मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। 4. निविदा पत्र साफ-साफ शब्दों में लिखा होना चाहिए जिसे सरलता से पड़ा जा सके किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी निविदा में त्रुटी या समझ नहीं आने पर निविदा निरस्त की जाएगी। 5. निविदाकर्त्ता द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूर्ण की जानी आवश्यक है जो सरकार/ विभाग द्वारा मांगी जाती है। 6.अन्य नियम व शर्ते दिनांक 12-06-2025 को बताई जाएगी। 7.पंचायत के सभी वार्डो को एक ही मूल्य मान्य होगा। 8. समस्त प्रकार की अदायगी का नकद भुगतान नही होगा सभी प्रकार की अदायगी RTGS/NEFT द्वारा की जाएगी। 9. ढुलान के अलावा अन्य सभी प्रकार की सामग्री के लिए जीएसटी नम्बर अनिवार्य होगा।

**हस्ता/- प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत खशाधार, विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हि.प्र**

**कार्यालय ग्राम पंचायत टिक्करी**
**विकास खंड छौहारा, जिला शिमला (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत टिक्करी विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हिमाचल प्रदेश को वित्त वर्ष 2025-26 के लिए विभिन्न मदों के अंतर्गत भिन्न-भिन्न विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है अतः संबंधित फर्मो से निविदाएं आमंत्रित की जाती है। पंचायत का संबंधित निविदाताओं से निवेदन है कि दिनांक 21-05-2025 से 28-05-2025 को सांय 5 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं बंद लिफाफे के अंदर प्रत्यक्ष व डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में जमा करें, पंचायत द्वारा दिनांक 29-05-2025 को समय 11 बजे निविदाओं को पंचायत द्वारा गठित समिति के सामने खोला जाएगा।

**सामग्री का विवरण:-** 1 रेता क्रेशर/खान, रेता, बजरी 10,20,40 एमएम, 4 पत्थर, 5 पक्की ईंट, एमएम बीबीसी, 6 सामग्री ढुलान चड़गांव व रोहडू से ट्रैक्टर, कैंपर, पिकअप, आदि द्वारा, 7 चादरें/ सरिया 8 एमएम, 10 एमएम, 12 एमएम, 16 एमएम हर प्रकार का, 7 एंगल हर प्रकार के, 8 लकड़ी व लोहे के दरवाजे, खिड़की चौखट, कुंडे व कब्जे आदि , 9 पेंट व पुटी, 10 कंप्यूटर / लैप टॉप खरीद व मुरम्मत, 11 पीबीसी पाइप /पानी की पाइप आदि, 12 बिजली की फिटिंग सामग्री, फर्नीचर टेबल कुर्सी आदि।

**निविदाओं की अन्य शर्ते निम्न प्रकार से हैं:-** 1. निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। 2. दरें 1 साल तक मान्य होगी। 3. प्रत्येक सामग्री को सूचिबद्ध कर वस्तु का मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। 4. निविदा पत्र साफ-साफ शब्दों में लिखा होना चाहिए जिसे सरलता से पड़ा जा सके किसी प्रकार की कटिंग मान्य नही होगी निविदा में त्रुटी या समझ नहीं आने पर निविदा निरस्त की जाएगी। 5. निविदाकर्त्ता द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूर्ण की जानी आवश्यक है जो सरकार/ विभाग द्वारा मांगी जाती है। 6.अन्य नियम व शर्ते दिनांक 29-05-2025 को बताई जाएगी। 7.पंचायत के सभी वार्डो को एक ही मूल्य मान्य होगा। 8. समस्त प्रकार की अदायगी का नकद भुगतान नही होगा सभी प्रकार की अदायगी RTGS/NEFT द्वारा की जाएगी। 9. ढुलान के अलावा अन्य सभी प्रकार की सामग्री के लिए जीएसटी नम्बर अनिवार्य होगा।

**हस्ता/- प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत टिक्करी, विकास खंड छौहारा, जिला शिमला हि.प्र**

खुशी उन्हें कभी नहीं मिलेगी जो उनके पास पहले से मौजूद चीजों की सराहना करने में असफल हो जाते हैं। -महात्मा गौतम बुद्ध

## संपादकीय

# छात्रों के भविष्य से खिलवाड़

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से घोषित बारहवीं कक्षा के रिजल्ट में अंग्रेजी विषय को लेकर भारी विवाद खड़ा हो गया है। कई छात्रों ने अपनी उत्तर पुस्तिकाओं में मिले कम अंकों को लेकर आपत्ति जताई। जब यह मामला शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर तक पहुंचा, तो उन्होंने तुरंत बोर्ड के अधिकारियों को जांच के आदेश दिए। जांच के बाद जो तथ्य सामने आए, वे न केवल चौंकाने वाले हैं, बल्कि यह भी उजागर करते हैं कि किस प्रकार एक संवेदनशील शैक्षणिक संस्था की कार्यशैली में लापरवाही छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर सकती है। सवाल उठता है कि आखिर गलती कहां हुई? इस पूरे घटनाक्रम की जड़ चंबा जिले के चुवाड़ी में अंग्रेजी विषय के पेपर के लीक होने से जुड़ी है। पेपर लीक होने के बाद, बोर्ड ने पूरे प्रदेश में अंग्रेजी विषय का पेपर दोबारा लिया था।

इसके लिए नया प्रश्न पत्र तैयार कर छपवाया गया। यह कदम सराहनीय था, लेकिन इसके बाद जो हुआ, उसने छात्रों की मेहनत पर पानी फेर दिया। बोर्ड ने नए पेपर की आंसर की तैयार करने की बजाय पुराने रद्द हो चुके पेपर की आंसर की को ही आधार बना लिया और उसी से नए पेपरों की जांच कर डाली। इसके परिणामस्वरूप, हजारों छात्रों के अंक प्रभावित हुए और उनमें से अधिकांश को 90 अंक के ऊपर अंक नहीं मिल सके। जो छात्र ईमानदारी से मेहनत कर परीक्षा में शामिल हुए थे, वे गलत आंसर की के कारण अपने हक के अंक नहीं प्राप्त कर सके। जाहिर है बोर्ड की इस गलती का छात्रों पर मानसिक प्रभाव पड़ना ही था। इस गलती ने न केवल छात्रों के अकादमिक प्रदर्शन को प्रभावित किया, बल्कि उनके मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डाला। कई छात्र टेंशन में चले गए, कुछ ने खाना-पीना छोड़ दिया और कई परिवारों में तनाव की स्थिति उत्पन्न हो गई। जिन छात्रों ने दिन-रात मेहनत कर परीक्षा की तैयारी की थी, उन्हें अपने अपेक्षित अंक न मिलने के कारण निराशा हुई और उनमें असहायता की भावना घर कर गई।

शिक्षा बोर्ड जैसे संस्थान की यह जिम्मेदारी होती है कि वह परीक्षा के हर चरण में पारदर्शिता और निष्पक्षता बनाए रखे। पेपर लीक एक गंभीर मामला है और उस पर तत्काल कार्रवाई करना सही था, लेकिन बाद में आंसर की जैसी बुनियादी और अहम प्रक्रिया में चूक होना यह दर्शाता है कि बोर्ड की कार्यप्रणाली में निगरानी और गुणवत्ता नियंत्रण की कमी है। इस घटना ने शिक्षा प्रणाली की कई खामियों को उजागर किया है। भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए प्रश्न पत्र और आंसर की की निगरानी गंभीरता से होनी चाहिए। प्रत्येक पेपर के बाद उसके लिए नई आंसर की विशेषज्ञों की देखरेख में तैयार की जाए और उसकी दोबारा पुष्टि की जाए।


रिजल्ट में गड़बड़ को रोकने के लिए डिजिटल ऑडिट और सत्यापन प्रणाली का सहारा लिया जा सकता है। उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में डिजिटल तकनीक का उपयोग किया जाना चाहिए, ताकि उत्तरों का मिलान सटीक आंसर की से हो। डबल चेकिंग्र प्रक्रिया या क्रॉस चेकिंग करने में भी कोई हर्ज नहीं है। आंसर की जारी करने से पहले एक स्वतंत्र समिति को उसका सत्यापन करना चाहिए। निश्चित रूप से यह प्रोसेस त्रुटियों को कम करने में सहायक होगा। बोर्ड को छात्रों की आपत्तियों को जल्दी और प्रभावी ढंग से सुलझाने की प्रक्रिया विकसित करनी चाहिए। इससे छात्रों को न्याय मिलने में देर नहीं होगी। ऐसी गंभीर त्रुटियों पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की जानी चाहिए ताकि भविष्य में ऐसी लापरवाही दोहराई न जा सके। बोर्ड ने गलती स्वीकार कर बेशक सकारात्मक कदम उठाया हो, लेकिन इससे केवल औपचारिक समाधान नहीं होगा। छात्रों को मानसिक और शैक्षणिक रूप से हुए नुकसान की भरपाई के लिए ठोस कदम भी उठाने होंगे। रिवाइज रिजल्ट के साथ-साथ यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि किसी छात्र का करियर इससे प्रभावित न हो।

अगर कोई छात्र कम अंकों के कारण किसी उच्च शिक्षा संस्थान में प्रवेश से वंचित रह गया है, तो उसे विशेष सहायता प्रदान की जाए। शिक्षा बोर्ड की इस चूक ने यह साबित कर दिया है कि केवल परीक्षा आयोजित कराना ही नहीं, बल्कि पूरे परीक्षा प्रक्रिया को निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना अत्यंत आवश्यक है। छात्रों के भविष्य के साथ कोई भी लापरवाही गंभीर परिणाम ला सकती है। यह केवल एक तकनीकी गलती नहीं, बल्कि एक नैतिक जिम्मेदारी का उल्लंघन भी है। बोर्ड को यह समझना होगा कि उसका प्रत्येक निर्णय लाखों छात्रों के जीवन पर प्रभाव डालता है। इस घटना को एक चेतावनी के रूप में लेकर बोर्ड को भविष्य में अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाना चाहिए, ताकि आने वाले वर्षों में छात्र और उनके अभिभावक बोर्ड की निष्पक्षता और पारदर्शिता पर पूर्ण विश्वास कर सकें। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### भारत के नौवें प्रधानमंत्री

**राजीव** गांधी भारत के नौवें प्रधानमंत्री थे। उनका पूरा नाम राजीव रत्न गांधी था। राजीव गांधी भारत की कांग्रेस पार्टी के अग्रणी महासचिव (1981 से) थे और अपनी मां की हत्या के बाद भारत के प्रधानमंत्री (1984-1989) बने। 40 साल की उम्र में देश के सबसे युवा और नौवें प्रधानमंत्री होने का गौरव हासिल करने वाले राजीव गांधी 'आधुनिक भारत के शिल्पकार' कहे जा सकते हैं। भारत में कंप्यूटर को स्थापित करने के लिए उन्हें कई विरोधों और आरोपों को भी झेलना पड़ा, लेकिन अब वह देश की ताकत बन चुके कंप्यूटर क्रांति के जनक के रूप में भी जाने जाते हैं। उन्होंने अपने प्रधानमंत्रित्व काल में कई ऐसे फैसले लिए जिसका असर देश के विकास पर देखने को मिला। श्रीलंका में चल रहे लिट्टे और सिंघलियों के बीच युद्ध को शांत करने के लिए राजीव गांधी ने भारतीय सेना को श्रीलंका में तैनात कर दिया। जिसका प्रतिकार लिट्टे ने तमिलनाडु में चुनावी प्रचार के दौरान राजीव गांधी पर आत्मघाती हमला करवा कर लिया। 21 मई, 1991 को सुबह 10 बजे के करीब एक महिला राजीव गांधी से मिलने के लिए स्टेज तक गई और उनके पांव छूने के लिए जैसे ही झुकी उसके शरीर में लगा आरडीएक्स फट गया। इस हमले में राजीव गांधी की मौत हो गई। ■



राजीव गांधी
**जन्म** : 20 अगस्त, 1944
**मृत्यु** : 21 मई, 1991

## गीत: उदासी से घिर जाऊं



*चंचल सरोलवी, चंबा, हिमाचल प्रदेश*

*उदासी से घिर जाऊं, या डुबूं ख्वाव में!*
*तड़पता है मन पंछी, यादों के जाल में! उदासी से घिर जाऊं---*
*कैसी यह प्रीत तेरी, कैसा यह प्यार है!*
*दुखों का रेला है, गमों की बाहर है!!*
*न तू पास आती, न तू बुलाती है!*
*यादों में आ के, दिल मेरा जलाती है! उदासी से घिर जाऊं---*
*कैसी ये मोहब्बत है, कैसी ये लगन है!*
*विन मापी दूरियां हैं, क्षितिज का मिलन है!!*
*डाली ना होती तूने प्यार की कसम!*
*सह ना पाता प्रिय, मैं इतना सितम! उदासी से घिर जाऊं----*
*यादों के सहारे कब तक जीना है!*
*जुदाई का जहर कब तक पीना है!!*
*मिलन का शहद कब तक पीना है!*
*तेरे बगैर जीना भी क्या जीना है!!*
*उदासी से घिर जाऊं या डुबूं ख्वाब में! ।*
*तड़पता है मन पंछी यादों के जाल में!!*

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# आतंकवाद के सारे फनों को कुचलने का सही वक्त



राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस पर विशेष

पिछले महीने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पाकिस्तान पोषित दुर्दांत और कुख्यात आतंकवादियों ने निर्दोष पर्यटकों का लहू बहाकर फिर भारत के धैर्य के बांध को तोड़ दिया। प्रतिक्रिया तो होनी थी। शांति समर्थक राष्ट्र को ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से संदेश देना पड़ा कि जो बेवजह टकराएगा उसे मिट्टी में मिला दिया जाएगा। मगर आतंकवाद के सारे फनों को कुचलने की जरूरत है। जम्मू-कश्मीर दशकों से आतंक के साये में है। कुछ दशकों में आतंकियों ने देश के अन्य हिस्सों में भी कभी किसी भरे बाजार तो कभी किसी बस या ट्रेन में निर्दोषों के लहू से होली खेली है। आतंकवाद ने न केवल हजारों लोगों की जान ली, बल्कि अनगिनत परिवारों को तबाह किया है। बच्चे अनाथ हुए, माताएं-बेटियां विधवा हुईं और बुजुर्गों की जीवन-संध्या से सहारा छिन गया।



लेखक : योगेश कुमार गोयल
स्वतंत्र टिप्पणीकार

इन विभीषिकाओं के खिलाफ देश ने जो संघर्ष किया, उसी के सम्मान में हर साल 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। यह दिन आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष में शहीद हुए जवानों और नागरिकों को श्रद्धांजलि देने का अवसर है। इस दिन देशभर में लोगों को यह शपथ दिलाई जाती है कि वे हर प्रकार की हिंसा और आतंकवाद का विरोध करेंगे, शांति, अहिंसा और सहिष्णुता के सिद्धांतों में विश्वास रखेंगे और देश की एकता, अखंडता व सामाजिक सद्भाव की रक्षा करेंगे। यह भी याद रखना चाहिए कि 21 मई 1991 को देश के पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की तमिलनाडु के श्रीपेरंबदूर में एक महिला आत्मघाती हमलावर ने हत्या कर दी थी। इस घटना ने भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को हिला कर रख दिया था। उसी दिन की स्मृति में राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस की शुरुआत हुई।

हाल के वर्षों में भारत ने आतंकवाद के विरुद्ध जो नीति अपनाई है, वह पहले से कहीं अधिक कठोर, रणनीतिक और सशक्त हो चुकी है। विशेषकर जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा बलों ने जिस बहादुरी से अभियान चलाए हैं, उन्होंने आतंकी नेटवर्क को बड़ा झटका दिया है। अनुच्छेद 370 हटाए जाने के बाद घाटी के हालात धीरे-धीरे पटरी पर आए हैं। सैकड़ों आतंकी मुठभेड़ों में मारे गए हैं और सुरक्षाबलों ने सीमाओं पर घुसपैठ की अनेक कोशिश विफल की हैं। हालांकि पूरी तरह से आतंक का खात्मा अब भी शेष है।

इसकी ताजा मिसाल 22 अप्रैल को अनंतनाग जिले के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में देखी जा सकती है। बैसरन घाटी में हुए इस हमले ने एक बार फिर स्पष्ट कर दिया कि आतंकवाद की जड़ें अभी भी पाकिस्तान में मौजूद हैं और वहां से संचालित आतंकी संगठन भारत की शांति व्यवस्था को चुनौती देने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। इस हमले में 26 निर्दोष पर्यटकों की जान चली गई थी।

यह हमला ऐसे समय में हुआ, जब घाटी में आतंकी घटनाओं में गिरावट दर्ज की जा रही थी, जो भारत की कूटनीतिक और सुरक्षा नीति की सफलता का संकेत थी। इस नृशंस नरसंहार के बाद भारत ने ऑपरेशन सिंदूर (सैन्य अभियान) चलाकर पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में स्थित आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक की।

इसमें लगभग 100 से अधिक आतंकियों को मार गिराया गया और उनके अनेक अड्डों को नष्ट किया गया। पहलगाम हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान पर चौतरफा दबाव बनाया। साथ ही सिंधु जल संधि को स्थगित करने का निर्णायक फैसला लिया। अब यह विचार प्रबल हो गया है कि जब पाकिस्तान बार-बार आतंकियों को शरण देता है और भारत की नागरिक आबादी को निशाना बनाता है तो ऐसे में इस ऐतिहासिक संधि को बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं रह जाता। भारत के सैन्य अभियानों ने न केवल प्रत्यक्ष रूप से आतंकियों को नुकसान पहुंचाया है, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान को अलग-थलग करने में सफलता प्राप्त की है।

फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स (एफएटीएफ) ने उसे ग्रे लिस्ट में डालकर उसकी अर्थव्यवस्था पर जबरदस्त दबाव बनाया है। संयुक्त राष्ट्र और अन्य वैश्विक संस्थानों के सामने भारत ने बार-बार पाकिस्तान के दोहरे रवैये को उजागर किया है। घाटी में हो रहे सकारात्मक बदलावों की जड़ में सुरक्षा बलों की बहादुरी के साथ-साथ स्थानीय जनता की बदली मानसिकता भी है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अब घाटी में स्थानीय युवाओं की आतंकी संगठनों में भर्ती में काफी गिरावट आई है। हर व्यक्ति आतंकवाद के खिलाफ इस लड़ाई में सैनिक बने, चाहे वह सूचनाएं देकर सुरक्षा एजेंसियों की मदद करने की बात हो या बच्चों को कट्टरपंथ से दूर रखने की दिशा में पहल करने की। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर सकेंगे, जहां शांति, सद्भाव, एकता और विकास के मूल्यों की बुनियाद पर भविष्य की इमारत खड़ी होगी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# नेताओं की देशभक्ति की अग्निपरीक्षा, सेना में बेटा भेजो, पेंशन लो

देशभक्ति का जोर जब चुनावी भाषणों में सिर चढ़कर बोलने लगे और हर गली-चौराहे पर तिरंगे का रंग दिखने लगे, तब हमें थोड़ा रुककर यह सोचना चाहिए कि यह प्रेम किसके लिए है - देश के लिए या कुर्सी के लिए? क्योंकि जिनके मुंह में हर पल 'भारत माता की जय' और 'वंदे मातरम' है, उनके बच्चे किसी इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ते हैं, विदेश में नौकरी करते हैं और कभी गलती से भी सीमा की तरफ नहीं देखते, लेकिन वही नेता, जब जनता से त्याग और बलिदान मांगते हैं, तो आत्मा कांप जाती है। भारत में एक बार विधायक या सांसद बन जाने का मतलब है- 'रिटायरमेंट सेट है भाई!' एक बार कुर्सी मिली, तो जिंदगीभर पेंशन, बंगला, सुरक्षा, गाड़ी, ड्राइवर, और 'माननीय' की उपाधि मुफ्त में।



लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
कवि, स्वतंत्र पत्रकार

चाहे संसद में आपने एक भी सवाल न पूछा हो, चाहे सदन की कार्यवाही में सिर्फ झपकी ली हो, चाहे जनता आपको अगले चुनाव में बाहर का रास्ता दिखा दे-पेंशन मिलती ही मिलती है! क्या आपने कभी सुना कि एक सैनिक, जो सियाचिन में तैनात था और तीन साल में घर आया, उसे जीवनभर की पेंशन मिल गई हो? नहीं न? उसे हर सेवा वर्ष का हिसाब देना पड़ता है। उसे शहीद होने पर भी 'मुआवजे' की फाइलें घूमती हैं। देशभक्ति की बात करते समय नेता अक्सर कहते हैं-'हम तो देश के लिए जान देने को तैयार हैं!' पर यह 'हम' कौन है? उनके बच्चे कहां हैं? क्यों नहीं कोई 'माननीय पुत्र' सीमा पर तैनात है? क्यों नहीं कोई 'राजकुमारी' मेडिकल कोर में है?

सच्चाई यह है कि ये नेता देशभक्ति को अपनी राजनीतिक दुकान के प्रमोशनल पोस्टर की तरह इस्तेमाल करते हैं और उनके बच्चे उस दुकान से मुनाफा उठाते हैं। अगर देश में जनता को मुफ्त राशन के लिए आधार-OTP देना पड़ता है, तो नेता की पेंशन के लिए भी एक शर्त होनी चाहिए-'पेंशन तभी मिलेगी, जब आपके परिवार का कोई सदस्य सेना में सेवा देगा।' कल्पना कीजिए क्या दृश्य होगा-एक विधायक के बेटे की यूनिफॉर्म की पहली प्रेस हो रही है, एक सांसद की बेटी बूट पहन रही है, एक मंत्री का पोता हथियार चलाने की ट्रेनिंग ले रहा है। क्या तब उनके बयानों में सच्ची देशभक्ति नहीं दिखेगी? देश की सबसे कठिन सेवा-सेना की सेवा- को गरीब, मध्यम वर्ग के बच्चे निभाते हैं। वो जिनके पास न जुगाड़ है, न सुरक्षा।



वो भर्ती में दौड़ते हैं, दौड़ते हुए मर भी जाते हैं। कोई कैमरा नहीं आता, कोई चैनल ब्रेकिंग न्यूज नहीं दिखाता। दूसरी ओर नेता के बच्चे अगर विदेश में शराब पीते पकड़े जाएं, तो भी नेता कहता है-'बेटा थोड़ा भटक गया, अब अमेरिका भेज रहे हैं पढ़ने।' भाई, अगर 'भटकने' की सजा विदेश है, तो 'सीधे' लोगों को सजा क्यों? हर बार चुनाव के समय सेना की तस्वीरें, सैनिकों की कहानियां, शौर्य गाथाएं पोस्टरों पर होती हैं। सर्जिकल स्ट्राइक का श्रेय लेने में हर दल आगे हैं, लेकिन उस ऑपरेशन में जान गंवाने वाले सैनिक का नाम किसी को याद नहीं। नेताओं को सेना सिर्फ इमोशनल वोट बैंक लगती है-जब जरूरत हो, तो उनकी वर्दी का इस्तेमाल करो, जब चुनाव जीत जाओ, तो उनका हाल पूछना भी गुनाह मानो।

अगर सच में यह देशभक्ति दिल से है, तो नेताओं को पेंशन की जगह एक प्रमाण पत्र देना चाहिए कि उनके परिवार से कोई सदस्य सेना में सेवा दे रहा है या दे चुका है। यह एक नया कानून होना चाहिए-सिर्फ पेंशन के हक के लिए नहीं, बल्कि असली देशप्रेम का सबूत देने के लिए। एक बार एक नेता जी भाषण दे रहे थे- 'अगर पाकिस्तान आंख उठाएगा, तो हम आंख निकाल लेंगे!' एक नौजवान खड़ा हुआ और बोला- 'आपका बेटा कौन-सी यूनिट में है साहब?' नेता जी मुस्कराए -'वो तो इंजीनियरिंग कर रहा है, विदेश जाना है उसे...' जनता हंसी नहीं, रोई। क्योंकि देशभक्ति अब सिर्फ 'नारा' बन गई है, 'नियति' नहीं।

देशभक्ति अगर सिर्फ भाषणों तक सीमित रह जाए, तो वह 'वोटबैंक की दुकान' बन जाती है। जब तक नेता और उनका परिवार उस देशभक्ति को जीते नहीं, तब तक हमें उनके भाषणों पर तालियां नहीं, सवाल उठाने चाहिए। आम नागरिक के टैक्स पर ऐश करना बंद हो, अब बारी है नेता भी हिस्सा लें-सरहद पर, जमीन पर, और जिम्मेदारी में। वर्ना जनता सिर्फ सुनती रहेगी और देश सेवा का बोझ उठाते रहेंगे वही, जिनके पास न ताकत है न पहचान-सिर्फ जुनून है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## अपनी बात

**कश्मीर** के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बाद पाक के खिलाफ भारत की कार्रवाई पर चीन पाक के साथ खड़ा दिखाई दिया। चीन ने पाक को मिसाइलों सहित विभिन्न हथियारों की सीधी आपूर्ति भी की। पूरी दुनिया में रेखांकित हो रहा है कि चीन निर्मित जिन हथियारों का पाक ने भारत के खिलाफ प्रयोग किया, वे सभी हथियार जल, थल और नभ में मौजूद पराक्रमी भारतीय सेना और प्रभावी भारतीय सैन्य व्यवस्था को किसी भी प्रकार की हानि पहुंचाने में कामयाव न रहे। चीन भारत को तेजी से आर्थिक शक्ति बनने से रोकना चाहता है। ऐसे में अब भारत के द्वारा पाक पर आर्थिक प्रतिबंधों की कड़ाई के साथ भारत के साथ शत्रुपूर्ण आचरण कर रहे चीन से प्रतिवर्ष तेजी से बढ़ते हुए आयातों को नियंत्रित करके चीन को भी आर्थिक सबक दिया जाना जरूरी है। हाल ही में प्रकाशित नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक चीन के साथ द्विपक्षीय कारोबार में भारत लगातार घाटे की स्थिति में बना हुआ है। भारत का चीन के साथ आयात निर्यात पर प्रतिबंध होना चाहिए।

**कमल सिंह, भड़वाल**

# आलसी लोगों के एक अलग नए वर्ग का विहंगम दृश्य...

नमस्कार मित्रों, मैं आज समाज में उभरे एक नए वर्ग ठ के बारे में आपको बताना अपना कर्तव्य समझता हूं। मेरे इस लेख में किसी भी धर्म, जाति या व्यक्ति विशेष के प्रति कोई दुर्व्यवहार नहीं है। इसमें कोई गाली-गलौज नहीं है। मैंने इस लेख के माध्यम से सोई हुई मानवता को झकझोरने का प्रयास किया है। यदि दुनिया में किसी कार्य को टालने या स्थगित करने का कोई बहाना है तो वह आलसी लोग अवश्य ढूंढ लेंगे।

आलस्य रुकी हुई घड़ी, ठहरे हुए पानी या पेंटिंग में दिखाए गए जहाज के समान है। चारों ओर सब कुछ बदलता रहता है, लेकिन आलस्य स्थिर रहता है। धर्मों ने दान, तीर्थयात्रा, भंडार, शिविर और मठों के माध्यम से हमारे देश में आलसी लोगों का एक वर्ग तैयार कर दिया है। ऐसे लोग जो भी मिलता है उसे खा-पी लेते हैं। भिखारी आवारागर्दी का एक प्रमुख उदाहरण है। एक भिखारी समाज में क्या योगदान देता है? भिखारी निरंतर भूख का प्रतीक है जो कभी संतुष्ट नहीं होती। यह हम या हमारा धर्म है जो इन भिखारी जैसे आवारा लोगों को पैदा करता है। यह अनुमान लगाया गया है कि प्रत्येक 10 श्रमिकों पर एक बेकार व्यक्ति पृथ्वी पर बोझ है। दरअसल, हमारी संस्कृति अवकाश की संस्कृति है। घिसी-पिटी सी और हम इस परंपरा को कायम रखते हुए बहुत खुश हैं।



लेखक: वीरेंद्र शर्मा
सेवानिवृत्त लेक्चरर ऊना (हि. प्र.)

वर्षगांठ मनाना, हर बड़े और छोटे नेता की मृत्यु पर अवकाश मनाना, जन्मदिन मनाना कुछ ऐसी गतिविधियां हैं जिनमें हम खुद को यह सोचकर धोखा देते हैं कि हम व्यस्त हैं। जब देश में किसी नेता की मृत्यु होती है और शोक दिवस घोषित किया जाता है तो दफ्तरों में काम करने वालों के चेहरे खिल उठते हैं और सिनेमाघरों और पार्कों में भीड़ बढ़ जाती है, हालांकि कोरोना संकट के दौरान ऐसी भीड़भाड़ संभव नहीं थी। हमारे देश में किसी व्यक्ति या वस्तु का महत्व इस बात से निर्धारित होता है कि उससे संबंधित कोई अवकाश है या नहीं। जिस दिन हम काम से छुट्टी पाते हैं तो हम बहुत खुश होते हैं और अपने जीवन को सफल मानते हैं। हम उदासीनता की तलाश में रहते हैं। हम कुछ न करने में इतने कुशल हो गए हैं कि दुनिया में कहीं भी इसका कोई उदाहरण नहीं है। यही कारण है कि लुका-छिपी हमारा राष्ट्रीय खेल होना चाहिए। कई लोग बड़े गर्व से कहते हैं कि हमारी सात पीढ़ियां आराम से बेकार बैठे खाना खा सकती हैं। यह आशीर्वाद वस्तुत: एक अभिशाप है।



वे लोग कितने दुर्भाग्यशाली और मानसिक रूप से गरीब होंगे जो बिना काम किए खाना खा पाते हैं। हमारे देश में खाली बैठे-बैठे खाना खाना परम आदर्श माना जाता है। सफेद कपड़े और बढ़े हुए नाखून भी आलस्य का ही एक रूप है। संपूर्ण ब्रह्मांड में लापरवाह होने का दोष केवल मनुष्य पर ही आता है। चांद, तारे, सूरज, नदियां, पशु-पक्षी सभी निरंतर काम में लगे रहते हैं, किंतु निष्क्रिय मानव मन केवल व्यभिचार ही फैलाता है। कोई भी व्यक्ति निष्क्रिय रहकर अमर नहीं हो सकता। दु:ख का सबसे बड़ा कारण आलस्य है।


हम इसलिए भी बीमार हैं, क्योंकि हम निष्क्रिय हैं। कामकाजी लोग बीमार नहीं पड़ते, क्योंकि उनके पास बीमार होने का समय नहीं होता। जिस प्रकार बीमार व्यक्ति की कल्पना रचनात्मक नहीं होती ठीक उसी प्रकार आलसी लोगों की बातचीत भी किसी न किसी के बारे में गपशप से भरी होती है। अंतत: हमारा व्यक्तित्व हमारे कार्यों से निर्धारित होगा। किसी ऐसे व्यक्ति को देखिए जो काम से थका हुआ और व्यस्त है। वह आपको बहुत मधुर, मासूम, प्यारा और सुंदर लगेगा। एक लापरवाह व्यक्ति के चेहरे पर शरारती भाव होगा। केवल कामकाजी लोग ही किसी के काम आएंगे। केवल व्यस्त लोग ही मददगार हो सकते हैं। जहां व्यक्ति की सारी ऊर्जा कार्य पर केंद्रित होती है। वहां कार्य कला बन जाता है। इसी संदर्भ में कहा गया है कि कर्म ही पूजा है। हमारा जीवन भी तो कर्म आधारित है तो हमें कभी भी अपने जीवन में बेकार न रहकर सतत कुछ न कुछ काम करते रहना चाहिए। बेकार बैठकर आलसी लोग अपना व दूसरे लोगों के कीमती समय को खराब करते रहते हैं और फिर बहाना लगाते हैं कि हमारा भाग्य ही ऐसा है। उद्यम से ही भाग्य बनता है। बैठे-बैठे शेर के मुंह में कब शिकार आता है तो उसे भी शिकार करना ही पड़ता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# 'नंबर गेम' के चक्कर में गुम होता बच्चों का बचपन

हाल ही में दसवीं और बारहवीं बोर्ड परीक्षाओं के परिणाम घोषित हुए। हर वर्ष की तरह इस बार भी परिणामों के दिन देशभर में एक अलग ही उत्सुकता और बेचैनी देखी गई। बच्चों की धड़कनें तेज थीं, अभिभावकों की उम्मीदें आसमान छू रही थीं।

परिणाम आते ही सोशल मीडिया पर अंकों की होड़ मच गई कि किसे 95 मिला, किसे 98 और कौन रहा टॉप पर रहा। ऐसे माहौल में अतीत की ओर एक झलक जाना स्वाभाविक था। एक दौर था जब बोर्ड परीक्षाओं के नतीजे अखबारों के पन्नों पर सिर्फ श्रेणी के रूप में छपते थे-प्रथम, द्वितीय या तृतीय। नाम ढूंढना भी किसी रोमांच से कम नहीं होता था। न कोचिंग का दबाव था, न टेस्ट सीरीज की दौड़। पाठ्यपुस्तकों से सीखा और सीधे परीक्षा में लिखा जाता था।



लेखक : मनीष वर्मा 'मनु'
स्वतंत्र टिप्पणीकार

फिर भी एक संतोष होता था- मन में, चेहरे पर, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह से बदल चुकी है। यूं लगता है जैसे- अंकों की इस अंधी दौड़ में बच्चों का बचपन जैसे गुम हो गया है। 95 प्रतिशत अंक पाने वाला बच्चा खुद को असफल मानता है क्योंकि वह 98 प्रतिशत नहीं ला पाया। और 98 प्रतिशत पाने वाले की आंखों में 100 प्रतिशत न ला पाने का मलाल दिखता है। अब तो भाषा और सामाजिक विज्ञान जैसे विषयों में भी सौ में सौ बटा सौ अंक मिलने लगे हैं-जो अपने आप में एक प्रश्न खड़ा करता है कि क्या ऐसे विषयों में पूर्णता संभव है?



इस 'नंबर गेम' में अभिभावक भी पीछे नहीं हैं। बच्चों की दिनचर्या अब स्कूल, कोचिंग, मॉक टेस्ट और मोबाइल स्क्रीन के बीच सिमट गई है। खेल के मैदान खाली हैं और बातचीत अब वास्तविक नहीं, वर्चुअल हो चली है। दबाव इतना बढ़ चुका है कि कई बार बच्चे मानसिक तनाव का शिकार हो जाते हैं। सपनों की जगह डर, उम्मीदों की जगह चिंता घर कर चुकी है। इस स्थिति में जरूरत है एक ठहरकर सोचने की। क्या हम अपने बच्चों को सिर्फ नंबरों की मशीन बना रहे हैं? या फिर उन्हें एक स्वतंत्र सोचने वाला, संवेदनशील इंसान बनाना चाहते हैं? यदि उत्तर दूसरा है, तो उन्हें खुला आकाश दीजिए। उनकी रुचियों को पहचानिए, उन्हें अपना रास्ता चुनने दीजिए। हो सकता है उनकी राह आपकी अपेक्षाओं से अलग हो, लेकिन वे अपनी मंजिल तक जरूर पहुंचेंगे- अपने तरीके से। हमें अपने बच्चों को सिर्फ एक सरकारी नौकरी प्राप्ति के लिए नहीं, बल्कि एक समग्र जीवन के लिए तैयार करना होगा। अच्छे अंक जरूरी हैं, लेकिन उससे भी कहीं अधिक जरूरी हैं अच्छे मूल्य। तभी वे बेहतर इंसान और जिम्मेदार नागरिक बन पाएंगे। और तब, शायद, हम सबके चेहरे पर वह सच्ची मुस्कान लौटेगी-जो कभी बिना किसी नंबर के भी हुआ करती थी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# एनएच निर्माण कंपनी पर दर्ज करें एफआईआर

## सरकाघाट में निकाली विरोध रैली, एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना देकर उठाई मांग

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**

**सरकाघाट।** सरकाघाट में अटारी से लेह तक निर्माणाधीन एनएच के निर्माण कार्य में लापरवाही और अनियमितताओं के खिलाफ मंगलवार को जोरदार प्रदर्शन किया गया। हिमाचल किसान सभा के नेतृत्व में हुए इस प्रदर्शन में चोलथरा व्यापार मंडल, एनएच प्रभावित संघर्ष समिति और नागरिक सभा सरकाघाट के सदस्यों ने भाग लिया। प्रदर्शन का नेतृत्व पूर्व जिला पार्षद भूपेंद्र सिंह और अन्य प्रमुख नेताओं ने किया।

प्रदर्शनकारियों ने एनएच निर्माण कार्य में बरती जा रही ढील व अवैध डंपिंग के खिलाफ विरोध रैली निकाली और बाद में एसडीएम कार्यालय के बाहर धरना दिया। उन्होंने कंपनी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की। धरने को संबोधित करते हुए भूपेंद्र सिंह ने कहा कि गाब्बर कंस्ट्रक्शन कंपनी ने पिछले तीन वर्षों में राष्ट्रीय उच्च मार्ग का निर्माण किया है, जिसमें सुरक्षा मानकों की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि चोलथरा, रियूर और परसदा जैसे स्थानों पर दर्जनों घरों के गिरने का खतरा है, अगर जल्द सुरक्षा दीवारें नहीं बनाई जातीं।




### सड़क, नालियों व हैंडपंपों के मुद्दों पर उठाए सवाल

**प्रदर्शनकारियों** ने सड़क, नालियों और हैंडपंपों के मुद्दे पर भी सवाल उठाए। चोलथरा व्यापार मंडल के प्रधान बिहारी लाल व पंचायत प्रधान मेहरचंद गारला ने कहा कि चोलथरा बाजार की सड़कें तीन महीने से टूटी पड़ी हैं। इसके अलावा, रखोह में डंपिंग रोकने, सरकाघाट बाजार में सड़क पक्की करने और अन्य निर्माण कार्यों में सुधार की मांग की गई। हिमाचल किसान सभा ने आरोप लगाया कि कंपनी हिमाचल सरकार की नीतियों का पालन नहीं कर रही व स्थानीय मजदूरों को रोजगार देने के बजाय श्रम कानूनों का उल्लंघन कर रही है।

### प्रशासन की निष्क्रियता पर सवाल

**प्रदर्शनकारियों** ने एसडीएम स्वाति डोगरा की भी कड़ी आलोचना की, जो आज कार्यालय में अनुपस्थित थीं। भूपेंद्र ने कहा कि प्रशासन की उदासीनता के कारण स्थानीय लोगों को निराशा हो रही है और ऐसा लग रहा है कि प्रशासन कंपनी का बचाव कर रहा है। एसडीएम ने कहा कि उन्हें धर्मपुर में जरूरी मीटिंग्स के कारण कार्यालय छोड़ना पड़ा था, लेकिन किसानों ने इसे प्रशासन की निष्क्रियता के रूप में देखा।

### सड़कों पर उतरने का किया ऐलान

**हिमाचल** किसान सभा ने कंपनी, प्रशासन व सरकार के खिलाफ अब सड़कों पर उतरने का ऐलान किया है। अगले सप्ताह से चोलथरा, रखोह, परसदा, बनाल-रियूर और बनेहरडी में सड़क रोको अभियान चलाया जाएगा। इसके अलावा, किसान सभा अपने स्तर पर भी कंपनी पर एफआईआर दर्ज करने की योजना बना रही है। यह आंदोलन जनता की सुरक्षा के गंभीर सवालों को लेकर और भी जोर पकड़ सकता है, यदि प्रशासन व कंपनी के खिलाफ कार्रवाई नहीं की जाती।

## आत्महत्या मामले के तीनों आरोपी 31 तक न्यायिक हिरासत में

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह में हुए आत्महत्या मामले के तीनों आरोपियों को मंगलवार को मंडी न्यायालय में पेश किया गया, जहां से तीनों को 31 मई 2025 तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पहले इन्हें 2 दिन का पुलिस रिमांड मिला था। बता दें कि मृतका बनिता के मायका पक्ष ने ससुराल पक्ष को शव का अंतिम संस्कार भी करने नहीं दिया। संस्कार भी मंडी के सौली खड्डु में मायका पक्ष द्वारा ही किया गया, जबकि बनिता का बेटा 14 वर्ष का है। ससुराल पक्ष में सन्नाटा छाया हुआ है। कई तरह की चर्चा आम होने लगी है, जिसमें वनिता के पति नरेश कुमार के अत्याचार की चर्चा जोरों पर है।

## सराज के कलहणी गांव में कार दुर्घटनाग्रस्त, चालक की मौत

**अनंत ज्ञान टीम, गोहर/सुंदनगर**

**जिला** मंडी के सराज विधानसभा क्षेत्र में बीती देर रात एक दर्दनाक हादसा सामने आया है। मामले में क्षेत्र के कलहणी गांव में एक कार दुर्घटनाग्रस्त होने से चालक की मौत हो गई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंच कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार बीती देर रात सराज क्षेत्र के गांव कलहणी में एक ऑल्टो कार नंबर एचपी-01-एम-4882 अचानक से अनियंत्रित होकर गहरी खाई में गिर गई। इस दुर्घटना में कार चालक भूपेंद्र कुमार (20) पुत्र जयप्रकाश गांव धार डाकखाना जरोल तहसील थुनाग की मौके पर मौत हो गई है। मामले में पुलिस की आगामी जांच जारी है।



एसपी मंडी साक्षी वर्मा ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस टीम ने मौके पर जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवाया जाएगा। उन्होंने बताया कि दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है।

## न्यूज ब्रीफ

### वुशू खेलकूद स्पर्धा में झटका स्वर्ण पदक

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** जिला मंडी में आयोजित राज्य स्तरीय वुशु खेलकूद प्रतियोगिता में बीबीएमबी द्वारा संचालित पाठशाला सुंदरनगर की राजकीय बीएसएल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुंदरनगर के सातवीं कक्षा में पढ़ने वाले होनहार खिलाड़ी छात्र सचित चौहान ने स्वर्ण पदक जीतकर जिला मंडी और राजकीय बीएसएल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सुंदरनगर का नाम रोशन किया। पाठशाला में पधारने पर पदक विजेता खिलाड़ी का फूल माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। होनहार खिलाड़ी छात्र की इस उपलब्धि पर पाठशाला के प्रधानाचार्य मंजीत सिंह नारंग ने पदक विजेता छात्र और पाठशाला के डीपीई खेमराज को बधाई दी। सचित चौहान के इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर इनका चयन राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित होने वाली वुशु प्रतियोगिता के लिए हुआ जो 27 से 30 मई तक तमिलनाडु में होनी निश्चित हुई है।

### बीएसएल परियोजना में रोपी हरियाली

**अनंत ज्ञान, महादेव।** भारत सरकार द्वारा 31 मई तक मनाए जा रहे स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड की बीएसएल परियोजना सुंदरनगर पर स्थित बोटैनिकल गार्डन में प्रातः 11 बजे पौधारोपण किया गया। इस कार्यक्रम में उप मुख्य अभियंता इंजी. वीके मीणा ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। अति. अधीक्षण अभियंता इंजी. एसपी शर्मा की देखरेख में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मीणा के साथ-साथ प्रधान चिकित्सा अधिकारी डॉ. चंद्र पांडे, सीआईएसएफ बीएसएल यूनिट के उप कमांडेंट विशाल बंसल और कार्यकारी अभियंता इंजी. मनप्रीत सिंह गिल, इंजी. दिनेश यादव, इंजी. गुलशन मान सहित अन्य अधिकारियों ने भी पौधारोपण किया और लगभग 20 पौधे लगाए।

### देह दान समिति को मिला पंजीकृत दाता का शव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** श्री लाल बहादुर शास्त्री राजकीय आयुर्विज्ञान एवं चिकित्सालय, नेरचौक मंडी की एनाटॉमी विभाग को देह दान समिति को एक पंजीकृत देहदाता का शव प्राप्त हुआ। यह शरीर स्वर्गीय डॉ. चमन लाल शर्मा का था, जिनकी उम्र 75 वर्ष थी। उनका जन्म 14 अक्तूबर, 1949 को हुआ था और वे हिमाचल आयुर्वेद विभाग से सेवानिवृत्त आयुर्वेदिक चिकित्सक थे। स्व. डॉ. शर्मा का निधन 19 मई को हुआ था। वे जिला मंडी के गागल गांव के निवासी थे। उन्होंने 20 सितंबर, 2019 को देह दान के लिए पंजीकरण करवाया था। उनके पार्थिव शरीर को उनके भतीजे महेश कुमार, पोते ईशान शर्मा और अन्य परिजनों द्वारा विभाग को सौंपा गया। विभाग की ओर से एनाटॉमी विभाग की अध्यक्ष डॉ. प्रभजोत कौर, सहायक प्रोफेसर डॉ. प्रदीप कश्यप व अन्य स्टाफ सदस्यों ने श्रद्धा भाव से शव को ग्रहण किया। विभागीय स्टाफ ने इस महान कार्य के लिए दिवंगत आत्मा को कृतज्ञ हृदय से नमन किया।

### 28 परीक्षा केंद्रों में हुई क्रैक अकादमी परीक्षा

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले द्रंग खंड में मंगलवार को क्रैक अकादमी की प्रवेश परीक्षा का सफल आयोजन किया गया। इस परीक्षा में कक्षा 6वीं से लेकर 12वीं तक के विद्यार्थियों ने भाग लिया। परीक्षा सुबह 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक 28 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। इन केंद्रों में 25 सरकारी स्कूलों के अलावा 3 निजी विद्यालय भी शामिल रहे। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल), जोगिंद्रनगर के प्रधानाचार्य आशीष कौरा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस प्रवेश परीक्षा का उद्देश्य छात्रों की शैक्षणिक योग्यता का आकलन करना और उन्हें उच्च स्तरीय मार्गदर्शन प्रदान करना है।

### रोटरी क्लब ने बच्चों को बांटे गर्मी के वस्त्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** रोटरी क्लब मंडी ने हाफ वे होम मैगल में रह रहे बच्चों को गर्मियों में पहनने वाले वस्त्र वितरित किए। रोटरी क्लब मंडी के प्रधान हेम राज शर्मा ने बताया कि रोटरी क्लब के सदस्यों ने हाफ वे होम का दौरा किया। उन्होंने बताया कि संस्था के संचालक डॉ. एनके शर्मा ने रोटरी क्लब के सदस्यों का स्वागत किया और अपनी संस्था के बारे में विस्तार से जानकारी दी। रोटरी क्लब के सदस्यों ने बच्चों के साथ समय बिताया और उनके साथ गाने बजाने व कुल्फी आदि खाने जैसे गतिविधियां भी कीं। क्लब द्वारा यहां पर रह रहे 25 बच्चों को गर्मियों में पहनने वाले वस्त्र वितरित किए। इस मौके पर प्रधान रोटेरियन हेम राज शर्मा के अलावा सचिव कौशलेश कपूर, धर्मेंद्र राणा, रोटेरियन एमएल गुप्ता व कुशाल ठाकुर भी मौजूद रहे।

### लांगणा स्कूल में चला नशा विरोधी अभियान

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** जिला पुलिस मंडी द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लांगणा में नशे की रोकथाम के लिए एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। पुलिस अधिकारियों ने छात्रों को संबोधित करते हुए नशे के सामाजिक, शारीरिक और मानसिक प्रभावों पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने छात्रों से आग्रह किया कि वे नशे से दूर रहकर अपने परिवार और समाज को सशक्त बनाने में योगदान दें। कार्यक्रम में छात्रों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में उन्होंने रंगों के माध्यम से नशा विरोधी संदेशों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया। भाषण प्रतियोगिता में सारिका राणा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि चित्रकला में पायल प्रथम रहीं। दोनों छात्राओं को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

## जोगिंद्रनगर में बारिश-ओलावृष्टि लोगों को गर्मी से मिली राहत



**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

**मंगलवार** शाम को जोगिंद्रनगर में अचानक मौसम ने करवट ली और झमाझम बारिश के साथ तेज़ ओलावृष्टि हुई, जिससे गर्मी से जूझ रहे लोगों को बड़ी राहत मिली। शाम करीब 5 बजे के आसपास आसमान में काले बादल छा गए और तेज हवाओं के साथ बारिश शुरू हो गई। थोड़ी ही देर में ओले गिरने लगे, जिससे बाजार में अफरा-तफरी मच गई। ओलों की मार इतनी तेज थी कि कई लोग हेलमेट पहनकर बाजार में निकलते देखे गए। कुछ दुकानदारों ने अपनी दुकानों के आगे तिरपाल डालकर बचाव किया। बच्चों और युवाओं ने इस अनोखे मौसम का आनंद भी लिया। मौसम विभाग ने आने वाले कुछ दिनों तक पहाड़ी इलाकों में इसी तरह के मौसम की संभावना जताई है।।

## पहाड़ में चढ़ रही खटारा बसें, जोखिम में यात्री

### चौहार घाटी के मंडी-मियोट रूट पर अक्सर हांफ जाती है बस

**रूपी ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बरोट।** चौहार घाटी के मंडी-मियोट रूट पर हिमाचल पथ परिवहन निगम की खटारा बसों को चलाए जाने से लोगों को आवाजाही में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

लोग इस रूट में जान जोखिम में डाल कर बस में सफर कर रहे हैं। प्रतिदिन की तरह गत दिन भी यह बस मियोट बस ठहराव में रात्रि ठहराव करने के बाद अपने निर्धारित समय पर सुबह सात बजे मियोट बस ठहराव से मंडी के लिए रवाना हुई कुछ ही दूरी पर तकनीकी खराबी आ जाने के वहीं पर ही रुक गई। जिसके चलते बस पर बैठी सवारियों को बरोट तक पहुंचने के लिए निजी गाडियों के लिए अतिरिक्त किराया देना पड़ा साथ में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बड़ी झरवाड़ गांव के निवासी व पूर्व बार्ड सदस्य भागमल ने बताया कि उसके बाद खराब हुई उस बस को एक कारीगर द्वारा देर शाम को ठीक किया गया।

बरोट-मियोट रूट पर चलने वाली मात्र एक बस पर आश्रित बड़ी झरवाड़, छोटी झरवाड़, खलैहल तथा मियोट गांववासियों में त्रिलोक चंद, इंद्र सिंह, अनिल कुमार, गोविंद सिंह, प्रताप चंद, नवीन कुमार, प्रेम सिंह, सुखराम तथा राजकुमार का कहना है कि इस रूट पर भेजी जाने वाली बस के खराब होने की आम बात हो गई है। खलैहल पंचायत के प्रधान व चार गांवों के इन लोगों सहित छोटाभंगाल घाटी के समस्त लोगों ने परिवहन निगम से मांग की है कि दुर्गम घाटियों में बस भेजने से पहले ही अच्छी तरह से जांच-परखकर कर भेजी जाए ताकि कोई अनहोनी घटना न हो तथा सफर करने वाली सवारियों को बीच सड़क में ही परेशानी का सामना न करना पड़े।



चौहार घाटी के बरोट-मियोट सड़क मार्ग के बीच खराब हुई सरकारी बस।

## अंडर-23 क्रिकेट टीम का चयन 24 को

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** मंडी जिला अंडर-23 क्रिकेट टीम का चयन ट्रायल 24 मई को मंडी के पड्डल मैदान में सुबह 9 बजे किया जाएगा। जानकारी देते हुए क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ मंडी के अध्यक्ष अजय राणा ने बताया कि इस चयन ट्रायल में वही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 1 सितंबर, 2002 या उसके बाद हुआ हो। सभी खिलाड़ियों से अनुरोध है कि वे कलर्ड ड्रेस में आएं। चुनी हुई टीम जून के पहले सप्ताह से शुरू हो रही अंतर जिला एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता में भाग लेंगी। मंडी की टीम कुल्लू, कांगड़ा, चंबा, बिलासपुर और लाहुल स्पीति जिला की टीमों से मुकाबला करेगी। मंडी टीम का पहला मैच 8 जून को कुल्लू जिला क्रिकेट टीम के खिलाफ होगा। खिलाड़ियों के चयन के लिए एक समिति गठित की गई है, जो टीम का चयन करेगी।

## सुंदरनगर में एकल नारी योजना का किया जाएगा प्रचार-प्रसार


**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** एसडीएम कार्यालय सुंदरनगर में एसडीएम अमर नेगी की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री विधवा महिला एवं एकल नारी योजना के तहत बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में योजना बारे विस्तार से चर्चा की गई और यह तय किया गया कि उपमंडल सुंदरनगर के विभिन्न क्षेत्रों में तहसील कल्याण अधिकारी द्वारा इस योजना के अधिक से अधिक प्रचार के लिए शिविर लगाए जाएंगे। साथ ही पंचायत प्रतिनिधियों से भी आग्रह किया कि वे इस योजना का पंचायत स्तर पर अधिक से अधिक प्रचार करें। एसडीएम ने बताया कि विधवा महिला एवं एकल नारी जिनकी आयु 40 वर्ष से अधिक है, जो अविवाहिता हैं, या जिनके पति 7 वर्ष से लापता है या अपने पति से अलग रह रही हैं, वे सब पात्र महिलाएं इस योजना के लिए आवेदन कर सकती हैं।

## रोगियों और तीमारदारों के बैठने के लिए लगाई कुर्सियां क्षतिग्रस्त

**भीम बसेड़ू, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** मंडी जिला अस्पताल के जिला चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में रोगियों व तीमारदारों को बैठने के लिए उपलब्ध कुर्सियां क्षतिग्रस्त नजर आ रही हैं। लंबे समय से बनी इस अव्यवस्था को समय रहते सुधारा नहीं जा रहा है जिससे संबंधित कार्य के लिए आने जाने वाले लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है।

हैरानी की बात है कि वातानुकूलित कमरों में बैठने वाले एवं अस्पताल प्रबंधन उन लोगों की सुविधा के लिए गंभीर नहीं जो जिला के दूर दराज के क्षेत्रों से थके हारे आकर यहां और अधिक परेशानी झेलते हैं। लोगों ने उपायुक्त मंडी मांग की है कि शीघ्र ही स्तरीय ढंग का बैठने का प्रबंध करने के लिए ठोस उपाय किए जाएं। वहीं इस बारे में समाजसेवी सोनू भटोउ ने कहा कि वर्तमान सरकारें और प्रशासन केवल मेलों का आयोजन अच्छा करवा सकते हैं, बाकि धरातल पर आम जनता के लिए झूठे वादे कर सकते हैं। वर्तमान लोकतंत्र की प्रासंगिकता को देखते हुए राष्ट्रपति शासन या राजशाही ही सबसे सस्ता और बेहतर विकल्प है। हम प्रशासन से मांग तो करते हैं, लेकिन वह जनता की मांगों को पूरा नहीं करता है।



## नशामुक्ति हेल्पलाइन नंबरों व मोबाइल ऐप का सुनिश्चित करें प्रचार-प्रसार: एडीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**अतिरिक्त** उपायुक्त मंडी रोहित राठौर ने नशामुक्ति हेल्पलाइन नंबरों और 'ड्रग फ्री हिमाचल' मोबाइल ऐप की जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया कि वर्तमान में 1800-11-0031, 1933 तथा 14446 नशामुक्ति हेल्पलाइन नंबर सक्रिय हैं, जिनके माध्यम से आमजन नशे की रोकथाम, परामर्श और उपचार से संबंधित सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं।

अतिरिक्त उपायुक्त ने मंगलवार को नशामुक्त भारत अभियान (एनएमबीए) के अंतर्गत 30 अप्रैल को आयोजित जिला स्तरीय समिति की बैठक के निर्णयों की अनुपालना के लिए बुलाई गई समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने बताया कि 'ड्रग फ्री हिमाचल' मोबाइल ऐप के माध्यम से नागरिक गोपनीय रूप से नशीले पदार्थों की तस्करी, भंडारण, सेवन और बिक्री जैसी गतिविधियों की सूचना सीधे पुलिस को दे सकते हैं, जिससे समय रहते आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।

बैठक में संबंधित विभागों, संस्थाओं, स्वयंसेवी संगठनों एवं सामाजिक संगठनों ने अपनी कार्य योजनाएं तथा अब तक की गई कार्यवाही की रिपोर्ट प्रस्तुत की। अतिरिक्त उपायुक्त ने सभी संस्थाओं से आग्रह किया कि वे शिक्षण संस्थानों की पहचान कर उन्हें नियमित रूप से कवर करें और वहां उपयुक्त स्वयंसेवकों की तैनाती करें।

बैठक में जिला विकास अधिकारी गोपी चंद पाठक, जिला कल्याण अधिकारी समीर, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश ठाकुर, जिला युवा अधिकारी भारती मोंगरा, जिला उद्योग केंद्र के प्रबंधक संतोष , अमित कुमार, सुनीता सहित कई मौजूद रहे।

### शिक्षा संस्थानों में फ्लेक्स बोर्ड लगाकर दें जानकारी

**इस** अवसर पर उन्होंने जिला लोक संपर्क अधिकारी को निर्देश दिए कि हेल्पलाइन नंबरों और ऐप की जानकारी का अधिकतम प्रचार-प्रसार किया जाए। साथ ही उच्च शिक्षा उपनिदेशक को निर्देश दिया कि सभी सरकारी व निजी शैक्षणिक संस्थानों में फ्लेक्स बोर्ड लगाकर हेल्पलाइन नंबरों व ऐप की जानकारी प्रदर्शित की जाए और इस कार्य की रिपोर्ट शीघ्र कार्यालय को भेजी जाए।

## अभिलाषी पीजी इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज के छात्रों ने किया कुल्लू का शैक्षणिक भ्रमण



शैक्षणिक भ्रमण करने वाले अभिलाषी पीजी इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज के छात्र।

**अनिल शर्मा, अनंत ज्ञान**

**मंडी।** अभिलाषी पीजी इंस्टीट्यूट ऑफ साइंसेज के एमएससी वनस्पति विभाग के छात्रों ने विभागाध्यक्ष डिंपल कुमारी के नेतृत्व में गोविंद वल्लभ पंत राष्ट्रीय हिमालयी पर्यावरण संस्थान, कुल्लू का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस दौरे में विभाग की अन्य प्राध्यापिकाएं डॉ. नताशा सैणी, डॉ. सपना व डॉ. सुमन संजू भी सम्मिलित रहीं। इस शैक्षणिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को वनस्पति विविधता, पारिस्थितिकी संरक्षण एवं पर्यावरणीय चुनौतियों की समझ प्रदान करना था। संस्थान में डॉ. किशोर ने छात्रों को हिमालयी क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता का प्रत्यक्ष अवलोकन करवाया और संरक्षण से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा कीं।

भ्रमण के दौरान क्षेत्र सहायक विक्रम जीत व उनकी टीम ने लगभग 70 से अधिक पौधों की प्रजातियों से अवगत कराया।

## भूटान निर्वाचन आयोग का प्रतिनिधिमंडल 23 मई को करेगा रिवालसर का दौरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** भारत निर्वाचन प्रबंधन एवं लोकतंत्र संस्थान द्वारा आयोजित स्ट्रेटेजिक लीडरशिप एवं कॉन्फ्लिक्ट मैनेजमेंट बूटकैम्प प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत भूटान निर्वाचन आयोग के वरिष्ठ अधिकारियों का एक दल 23 मई को मंडी जिले के ऐतिहासिक एवं धार्मिक स्थल रिवालसर का अध्ययन दौरा करेगा। इस प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व भूटान के निर्वाचन आयुक्त दावा तेंजिन करेंगे। यह दल 22 मई को दिल्ली से मंडी पहुंचेगा और 23 मई को रिवालसर की यात्रा के उपरांत 24 मई को वापसी करेगा। दौरे के दौरान अधिकारियों को भारत के माननीय चुनाव आयुक्त के समकक्ष सम्मान और आतिथ्य प्राप्त होगा। एडीएम मंडी डॉ. मदन कुमार ने जानकारी दी कि यह दौरा 19 मई से 30 मई तक चलने वाले सप्ताह के प्रशिक्षण कार्यक्रम का हिस्सा है, जिसमें भूटान के 36 वरिष्ठ और मध्य-स्तरीय अधिकारियों को प्रशिक्षित किया जा रहा है। डॉ. कुमार ने यह भी कहा कि यह अध्ययन यात्रा भारत और भूटान के निर्वाचन प्रबंधन संस्थानों के बीच सहयोग, अनुभव-साझाकरण और लोकतांत्रिक मूल्यों की आपसी समझ को सुदृढ़ करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## सेपक टकरा खेल में तेलंगाना के साथ आज होगा हिमाचल का पहला मुकाबला

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**2500 खिलाड़ी ले रहे हैं भाग**
**24 मई तक होगी प्रतियोगिता**

**प्रदेश** की सेपक टकरा लड़कियों की टीम मंडी से रवाना होकर फर्स्ट खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 में भाग लेने के लिए केंद्र शासित प्रदेश दीव में पहुंच गई है। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश की लड़कियों की टीम डबल इवेंट में क्वालीफाई हुई है, जिसमें खिलाड़ी हिमानी, स्नेहा, वंदना कुमारी और हेम राज कोच हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।

इस प्रतियोगिता में प्रदेश की सेपक टाकरा और कबड्डी टीम के लिए निदेशक, युवा सेवाएं एवं खेल विभाग, हिमाचल सरकार ने कविता ठाकुर, जिला युवा सेवाएं एवं खेल विभाग कुल्लू को चेयरमैन डायरेक्टर मैनेजमेंट स्टाफ नियुक्त किया है। खेलो इंडिया बीच गेम्स 2025 में 6 खेल शामिल हैं और 2 खेल डेमो स्टेशन के लिए शामिल हुए हैं, जिसमें बीच सेपक टाकरा, बीच कबड्डी, बीच वॉलीबाल, पेंचक सिलाट, बीच सॉकर, वाटर स्विमिंग खेल शामिल हैं और ठग ऑफ वॉर और मलखंभ डेमो के लिए शामिल है। यह प्रतियोगिता भारतीय युवा एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार व भारतीय खेल प्राधिकरण द्वारा 24 मई तक आयोजित करवाई जा रही है। इस प्रतियोगिता में पूरे भारत वर्ष से लगभग 2500 खिलाड़ी और ऑफिशियल भाग ले रहे हैं। खेलो इंडिया बीच गेम्स के मुख्य अतिथि मनसुख मांडविया युवा एवं खेल मंत्री भारत सरकार टीम के कर कमलों द्वारा शुभारंभ किया गया। इस मौके पर प्रफुल्ल पटेल प्रशासक दमन और दीव और दादरा और नगर हवेली और अन्य गणमान्य मौजूद रहे। सेपक टाकरा खेल में हिमाचल का पहला मुकाबला तेलंगाना के साथ 21 मई को शाम 4 बजे खेला जाएगा।

## हिमाचल के विश्राम गृहों को मिले नई राह

### स्थानीय युवाओं को लीज पर देने से सुधरेगी स्थिति व पर्यटन को मिलेगा बढ़ावा

**कविता, अनंत ज्ञान**

**पधर।** प्रदेश में वन विभाग के अंतर्गत संचालित 400 से अधिक विश्राम गृह आज संसाधनों की कमी और प्रशिक्षित मानवबल के अभाव में अपने उद्देश्य से भटक चुके हैं। कभी पर्यटकों के आरामदायक ठहराव के लिए बनाए गए ये रेस्ट हाउस अब महज दिखावे की इमारतें बनकर रह गए हैं। रखरखाव पर खर्च जरूर हो रहा है, लेकिन इनका उपयोग बेहद सीमित रह गया है।

पंचायत समिति द्रंग के उपाध्यक्ष कृष्ण भोज ने इस स्थिति पर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र के अनेक युवा देश के प्रमुख पर्यटन स्थलों जैसे गोवा, लेह और कोलकाता में रसोइयों और होटल कर्मचारियों के रूप में काम कर रहे हैं। यदि इन्हीं युवाओं को अपने क्षेत्र में रोजगार का अवसर दिया जाए, तो इससे न केवल उनकी आर्थिक स्थिति सुधरेगी, बल्कि स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। कृष्ण भोज ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू को एक प्रस्ताव भेजकर आग्रह किया है कि इन विश्राम गृहों को पारदर्शी प्रक्रिया के तहत स्थानीय बेरोजगार युवाओं को लीज पर सौंपा जाए। इससे राज्य सरकार को नियमित राजस्व मिलेगा, युवाओं को रोजगार मिलेगा और पर्यटकों को बेहतर सेवाएं प्राप्त होंगी।

उन्होंने यह भी कहा कि इससे अफसरशाही का बोझ भी कम होगा और ये सरकारी संपत्तियां जनहित में सार्थक उपयोग पा सकेंगी। उन्होंने कहा कि यदि सरकार राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाए और स्पष्ट नीति बनाए, तो ये उपेक्षित विश्राम गृह पर्यटन विकास के मजबूत केंद्र बन सकते हैं। इससे न केवल पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। हिमाचल जैसे पर्वतीय राज्य में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं, जिन्हें स्थानीय संसाधनों और युवाओं के कौशल के माध्यम से नई दिशा दी जा सकती है।

### सुविधाओं की कमी

**मंडी** जिले के द्रंग विधानसभा क्षेत्र में बरोट, उरला, फुलाधार, डायनापार्क, बासाधार और सिल्हबुधाणी जैसे सुंदर पर्यटन स्थलों पर पर्यटकों की अच्छी आवाजाही रहती है, परंतु इन रेस्ट हाउसों में साफ-सफाई, स्वादिष्ट भोजन और कुशल स्टाफ जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी पर्यटकों को निराश करती है।

**गुस्सा** किसानों ने स्थानीय प्रशासन व प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांगों के समाधान की उठाई मांग

## डॉक्टरों की कमी को लेकर किसान सभा ने किया प्रदर्शन

**अभिषेक शर्मा, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चौंतड़ा में गायनी डॉक्टर सहित एक व डॉक्टर की नियुक्ति, सिविल अस्पताल जोगिंद्रनगर में 15 डॉक्टरों के खाली पदों को भरने, सोनोग्राफर की नियुक्ति तथा आवारा पशुओं से निजात दिलाने समेत विभिन्न स्थानीय मुद्दों को लेकर मंगलवार को हिमाचल किसान सभा की चौंतड़ा जोन कमेटी ने चौंतड़ा में जोरदार प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में कुशाल भारद्वाज, रविंद्र कुमार, केहर सिंह वर्मा, सुदर्शन वालिया, प्रताप चौहान, त्रिलोक सिंह, संतोष कुमारी, निशु, सपना देवी, सीतू और सीमा सहित अन्य किसान मौजूद रहे। किसानों ने स्थानीय प्रशासन और प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांगों के शीघ्र समाधान की मांग की।

प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए कुशाल भारद्वाज ने कहा कि सिर्फ स्थानीय नहीं, बल्कि व्यापक जनहित के मुद्दे जैसे महंगाई पर रोक, गैस सिलेंडर के दामों में कटौती, किसानों की सब्सिडी बहाली, स्मार्ट मीटर और बिजली के निजीकरण पर रोक, बस किराया वृद्धि वापस लेने और किसानों की जमीनों को नियमित करने की मांगें भी प्रमुखता से उठाई गई हैं। ब्लॉक अध्यक्ष रविंद्र कुमार ने चौंतड़ा क्षेत्र की उपजाऊ जमीन के लिए सिंचाई सुविधा व आवारा पशुओं के लिए गोसदन के निर्माण की आवश्यकता पर बल दिया। सपना ने चौंतड़ा सीएचसी में जल्द गायनी विशेषज्ञ नियुक्त करने की मांग की, जबकि सुदर्शन वालिया ने चेतावनी दी कि यदि जल्द मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन तेज होगा।

कुशाल ने कहा कि जोगिंद्रनगर सिविल अस्पताल में 19 स्वीकृत डॉक्टरों के पदों में से 15 पद खाली हैं। एमडी, सर्जन, ईएनटी, स्किन, ऑर्थो, नेत्र व शिशु रोग विशेषज्ञों के पद रिक्त पड़े हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा और कांग्रेस की सरकारों में स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति बद से बदतर होती गई है। उन्होंने बताया कि बीते 18 वर्षों में सोनोग्राफर की नियुक्ति नहीं हुई, जबकि भाजपा सरकार के समय घोषणाओं की भरमार थी। इसके साथ ही अस्पताल में स्टाफ नर्स, ओटीए, रेडियोग्राफर, एमएलटी, ईसीजी, ड्राइवर, मिडवाइफ व चतुर्थ श्रेणी कर्मियों के कई पद खाली पड़े हैं, जिससे स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं।




स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली को लेकर प्रदर्शन करते लोग।

### स्वास्थ्य सेवाओं की टूट चुकी रीढ़ : किसान सभा

**भारद्वाज** ने लडभड़ोल, चौंतड़ा और आसपास के पीएचसी की बदहाल स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि स्टाफ की भारी कमी के चलते ये स्वास्थ्य केंद्र सिर्फ नाम के रह गए हैं। उन्होंने चेताया कि यदि सरकार ने जल्द कार्रवाई नहीं की तो जनांदोलन का बिगुल बजाया जाएगा। किसान सभा ने स्पष्ट किया कि चाहे सरकार किसी भी पार्टी की हो, आम जनता की बुनियादी सुविधाओं के प्रति गंभीरता नहीं दिखाई जा रही है। उन्होंने जनता से संगठित होकर सरकारों पर दबाव बनाने का आह्वान किया।

## न्यूज ब्रीफ

### मंडलायुक्त ने किया उपतहसील कार्यालय का निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** मंडल आयुक्त धर्मशाला विनोद धीमान ने हाल ही में उपतहसील कार्यालय भरवाईं का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नायब तहसीलदार अरुण संख्यान के कार्य की समीक्षा की और उनके काम से संतुष्ट नजर आए। मंडल आयुक्त ने रेवेन्यू के कामों में तेजी लाने के आदेश दिए, ताकि लोगों को अपने कार्यों के लिए कम समय में निपटारा हो सकेगा। निरीक्षण के दौरान मंडल आयुक्त ने कार्यालय के कामकाज का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कार्यालय में आने वाले लोगों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए और उनके कार्यों को समय पर पूरा किया जाना चाहिए।

### जानमाल की सुरक्षा के लिए दहाजा कार्यक्रम 24 को

**मुकेश कुमार, अनंत ज्ञान, हरोली।** उपमंडल हरोली के तहत पड़ती पोलियां पंचायत में हस्तबलि बाबा सिद्धचानो जी के दहाजे का आयोजन किया जा रहा है। नौजवान सभा के सदस्य सुखविंदर सिंह काका ने बताया कि नगर भलाई व जानमाल और पशुओं की सुरक्षा के लिए हर वर्ष की भांति हस्तबलि बाबा सिद्धचानो जी का दहाजा 24 मई को करवाया जा रहा है। इसमें रात्रि के समय पाल भगत पार्टी द्वारा बाबा जी का गुणगान किया जाएगा व रात को नकले व दहाजे में बाबा सिद्ध चानों की झांकिया निकाली जाएंगी।

### बाबा सिद्ध चानो मंदिर खुरबाई में लगाया भंडारा



**लवीश कुमार, अनंत ज्ञान, जोल।** जोल उपतहसील की मोमन्यार पंचायत के गांव खुरवाई में स्थित बाबा सिद्ध चानो मंदिर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं एवं क्षेत्रवासियों ने अपने परिवार सहित भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और बाबा सिद्ध चानो जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष वीरेंद्र कंवर मुख्य रूप से शामिल हुए। भंडारे में झानचंद शर्मा, शिव कुमार, पूर्व प्रधान जसपाल सिंह ढिल्लों, संजीव कुमार, पंचायत सदस्य पवन कुमार, केसर, चौपाल सिंह, वशिष्ठ शर्मा, जुल्फीराम, तरसेम लाल, दिनेश कुमार एवं गणमान्य लोगों ने सहयोग किया। मंदिर के पुजारी ज्ञानचंद शर्मा और शिव कुमार ने संत समाज सहित लोगों का आभार जताया। इस दौरान मंदिर कमेटी के सदस्यों सहित गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।

### खरयालता को कुटलैहड़ में किया जाए शामिल : जीवन



**अनंत ज्ञान, बड़ूही।** हाल ही में जिला परिषद परिसीमन में खरयालता और डीहर पंचायत को सोहारी जिला परिषद वार्ड में शामिल किया गया है। इस पर रिटायर्ड प्रिंसिपल जीवन मोदगिल ने कहा कि इससे पहले खरयालता पंचायत दियाडा वार्ड में और डीहर पंचायत मोमन्यार जिला परिषद वार्ड में शामिल थी। मोदगिल ने कहा कि पूर्व में डीहर पंचायत खरयालता पंचायत का हिस्सा हुआ करती थी। विधानसभा क्षेत्र के परिसीमन के दौरान खरयालता पंचायत जो कि कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में शामिल थी, उसको चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र में शामिल कर दिया, जबकि डीहर कुटलैहड़ विधानसभा का ही अंग रहा है। इसमें भी खरयालता पंचायत के अधीन आने वाले खैरियां और सरनोटी गांव को डीहर के साथ जोड़ दिया। खरयालता पंचायत का खंड विकास कार्यालय, तहसील कार्यालय बंगाणा कुटलैहड़ के विस क्षेत्र में पड़ता है, जबकि विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी हो गया। किसी भी राजनीतिक दल के प्रत्याशियों द्वारा इसका कोई विरोध नहीं किया गया। दोनों विधानसभा के क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति के कारण अंतिम पंचायतें होने के कारण उनकी हमेशा उपेक्षा होती रही है। खरयालता पंचायत के लोगों की हमेशा से यह मांग रही है कि उन्हें कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में ही रखा जाए, क्योंकि उन्हें अपने राजस्व और अन्य कार्यों के लिए तो कुटलैहड़ के बंगाणा में ही जाना पड़ता है। जीवन मोदगिल ने जिला प्रशासन से यह पुरजोर आग्रह किया है कि जमीनी स्तर पर सर्वे करवाया जाए और खरयालता पंचायत को कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र में शामिल किया जाए, ताकि लोगों को इस समस्या से समाधान मिल सके।

### मुबारिकपुर शिव मंदिर में भंडारा कल

**सुदीप सरोच, अनंत ज्ञान, मुबारिकपुर।** प्राचीन शिव मंदिर मुबारिकपुर में 22 मई को वार्षिक भंडारे का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी मंदिर के पुजारी अनिल सरोच ने दी। उन्होंने बताया कि इससे पूर्व सुंदर कांड पाठ भी किया जाएगा। उन्होंने सभी भक्तों को इस मौके पर पधारने की प्रार्थना की है।

# लचर व्यवस्था ने लील ली एक और जान

## आईएसबीटी के अव्यवस्थित प्रवेश द्वार के पास ब्लैक स्पॉट, बार-बार हो रहे हादसे

**राजेश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**ऊना।** जिला मुख्यालय का बस स्टैंड भले ही अपनी सुंदरता को लेकर ख्याति प्राप्त कर चुका हो, लेकिन शासन और प्रशासन की लापरवाही इस ख्याति को दागदार बना रही है। अव्यवस्थित बस स्टैंड प्रवेश द्वार पर टैक्सी और ऑटो फुटपाथ के पास अतिक्रमण किए हैं। एक नहीं, दो नहीं अगर तीन तीन हादसे लगभग एक ही स्पॉट पर हो रहे हैं, तो कोई बड़ी खामी होने के संकेत हैं। लगातार यातायात व्यवस्था चरमरा रही हो, कई मामूली सड़क घटनाएं नियमित घटित हो रही हों, तो सहज ही अनुमान लगाया जा सकता है कि बहुत बड़ी गड़बड़ी है।

ऊना बस स्टैंड के बाहर ऐसी ट्रैफिक अव्यवस्था है कि यहां कब कोई किसी गाड़ी की चपेट में आ जाए, इसका कोई अनुमान नहीं है। इस स्थान को अब शहर के बीच एक बड़े ब्लैक स्पॉट के तौर पर चिह्नित किया जाएगा। कभी भी यहां हादसा हो सकता है, इसका प्रमाण मंगलवार की ही यह घटना नहीं है बल्कि कुछ समय पहले भी एक महिला ठीक ऐसे ही वाहन की चपेट में आई थी। यहां बस स्टैंड के दोनों बाजुओं में संपर्क मार्ग हैं और वहां भी वाहनों का आवागमन होता रहता है। यह शहर का यातायात दृष्टि से बहुत व्यस्त क्षेत्र है। बीच में बस स्टैंड बना दिया गया है, जिससे यह पैदल यात्रियों के लिए और भी संवेदनशील बन चुका है। हैरानी की बात को यह है कि इतने खतरनाक स्पॉट के बाबजूद यहां यातायात व्यवस्था को देखने के लिए नियमित व्यवस्था तक नहीं है।

हालांकि जहां हादसा हुआ, उसके सामने दस से पंद्रह गज पर पुलिस बूथ बनाया गया है। इस जगह हादसों और लगातार लंबे जाम की स्थिति को देखते हुए कुछ साल पहले तत्कालीन डीसी संदीप कुमार ने मौके का मुआयना भी किया था। उन्होंने यहां यात्रियों की सुरक्षा के लिए फुट ओवर ब्रिज जैसी किसी व्यवस्था की बात कही थी। यहां तक कि डायरेक्ट बस अड्डे के प्रवेश को निषेध करने और राउंड एबाउट को समाप्त करके यातायात की नई व्यवस्था करने की बात कही थी। उनका तबादला होने के बाद किसी ने फिर यह जरूरत महसूस नहीं की। अगर वर्तमान की बात करें तो यह बस स्टैंड के आसपास का क्षेत्र अतिक्रमण से भरा हुआ है।

अनुचित वाहन संचालन की गतिविधियां, गलत पिक एंड ड्रॉप प्वाइंट्स, टैक्सी स्टैंड, ऑटो रिक्शा वालों ने पैदल पथ की घेराबंदी कर रखी है। पैदल चलने वालों के लिए कोई उचित फुटपाथ नहीं बचा है। आउट स्टेशन ड्राइवरों के लिए कोई संकेत चिह्न नहीं हैं, जो आगे बस स्टैंड की सांकेतिक चिन्ह दिखा सके। प्रशासनिक और सुरक्षा संबंधी जिम्मेदार अधिकारियों की पूरी तरह से विफलता यहां नजर आई है।

### बस स्टैंड ऊना के सामने महिला को बस ने कुचला



बस जिसने महिला को कुचला।

**मंगलवार** शाम ऊना स्थित आईएसबीटी (बस अड्डे) के प्रवेश द्वार पर महिला की बस के नीचे आने से मौत हो गई। यह दर्दनाक सड़क हादसा उस समय पेश आया, जब पंजाब रोडवेज की बस के चालक ने महिला को बिना देखे बस को मुख्य सड़क से बस स्टैंड के अंदर मोड़ दिया। महिला की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। मृतक महिला की पहचान सावित्री देवी पत्नी चमन लाल निवासी नंगल कलां, हरोली के रूप में हुई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया। पुलिस ने मामले के संदर्भ में बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, सावित्री देवी मंगलवार दोपहर को ऊना पहुंची थीं और जब वह आईएसबीटी के मुख्य प्रवेश द्वार से गुजर रही थीं, तभी नंगल से आ रही पीआरटीसी की बस स्टैंड के भीतर प्रवेश कर रही थी। इसी दौरान महिला पिछले टायर की चपेट में आ गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेजा गया। एएसपी ऊना संजीव भाटिया ने जानकारी दी कि पुलिस ने बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और मामले की जांच आरंभ कर दी गई है।

# कार्यशाला में जिले में मातृ और शिशु स्वास्थ्य सुधार पर फोकस

**अनंत ज्ञान, ऊना**

विंग्स स्केल-अप परियोजना के तहत मंगलवार को उपायुक्त ऊना जतिन लाल की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन क्षेत्रीय अस्पताल ऊना में किया गया। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों, स्वास्थ्य कर्मियों तथा परियोजना से जुड़े अन्य हितधारकों ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य परियोजना की रणनीति पर विचार-विमर्श करना, अब तक की प्रगति की समीक्षा करना तथा क्षेत्रीय स्तर पर सभी संबंधित पक्षों को परियोजना के उद्देश्यों के प्रति संवेदनशील बनाना था।

इस अवसर पर उपायुक्त जतिन लाल ने कहा कि विंग्स स्केल-अप परियोजना के तहत जिला ऊना में विशेष रूप से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य से जुड़े मानकों में सुधार लाने पर बल दिया जा रहा है। परियोजना के प्रथम चरण में अंब ब्लॉक को चयनित किया गया है, जहां स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा आईसीडीएस विभाग द्वारा संयुक्त सर्वेक्षण पूर्ण कर लिया गया है। आशा वर्कर्स और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को इस परियोजना के संबंध में आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान किया जा चुका है।

कार्यशाला के दौरान सोसायटी फॉर अप्लाइड स्टडीज (एसएएस), नई दिल्ली की निदेशक डॉ. शर्मिला मजूमदार ने विंग्स स्केल-अप परियोजना की रूपरेखा पर प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी साझा की। वहीं, सीएसआईआर-आईएचबीटी, पालमपुर के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. विद्याशंकर ने परियोजना के लिए तैयार किए जा रहे पोषण पूरकों की जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम ऊना विश्व मोहन देव चौहान, एसडीएम हरोली विशाल शर्मा, एसडीएम गगरेट सोमिल गौतम, एसडीएम अंब सचिन शर्मा, सीएमओ डॉ संजीव वर्मा, एमएस संजय मनकोटिया व अन्य अधिकारी मौजूद थे।



विंग्स स्केल-अप परियोजना पर आयोजित बैठक में उपस्थित डीसी व अन्य।

# सोमभद्रा के तटबंधों के अस्तित्व पर मंडराया खतरा

**संजीव जसवाल, अनंत ज्ञान**

**पंजावर।** गगरेट से पंजावर के बीच अवैध खनन करने वाला माफिया बेलगाम हो गया है। खनन से कई जगह स्वां नदी का वहाब क्षेत्र औसतन दस से पंद्रह फुट गहरा चल गया है। इससे तटबंधों के अलावा इस पर बने पुलों और रास्तों को खतरा हो गया है। बरसात में यहां बड़े ब्लाइंड और ब्लैक स्पॉट बन जाएंगे, जिससे स्थानीय लोगों को खतरा पैदा हो सकता है।

ऊना जिले की जीवनदायिनी सोमभद्रा नदी आज अवैध खनन के चलते कराह रही है। गगरेट से झलेड़ा तक नदी के भीतर जिस बेरहमी से खनिज निकाला जा रहा है, उसने तटबंधों की नींव तक हिला दी है। हालात इतने गंभीर हैं कि अब नदी किनारे डाले गए तिरपाल तक नजर आने लगे हैं। यह इस बात का संकेत है कि खनन माफिया अब तटबंधों को भी निगलने को तैयार है। पुलिस ओवरलोड टिप्परों के चालान काटकर अपनी जिम्मेदारी निभा रही है, लेकिन असल खेल नदी के भीतर चल रहा है, जहां सरकारी जमीन को छलनी किया जा रहा है। हैरानी की बात यह है कि कई स्टोन क्रशर मालिक वैध लीज के नाम पर सरकारी भूमि से ही खनिज निकाल रहे हैं।

कुछ की लीज खत्म हो चुकी है या काफी दूर स्थित है, फिर भी धड़ल्ले से खनन जारी है। यह संरक्षण और प्रशासनिक उदासीनता का सीधा उदाहरण है। कुछ साल पहले जलशक्ति विभाग ने आठ संवेदनशील स्थान चिन्हित किए थे और जुर्माने भी लगाए थे, लेकिन यह साफ नहीं है कि वे जुर्माने वसूले गए या कागजों में ही दब गए। अब वही जगहें फिर से खतरे की जद में हैं।



बेलगाम खनन माफिया ने नदी को पहुंचाया नुकसान।

### अधिकारियों ने अवैध खनन पर क्या कहा

**जलशक्ति** विभाग के एक्सईएन पंकज धीमान ने कहा कि नियमों के अनुसार तटबंध से 500 मीटर के भीतर खनन प्रतिबंधित है। मामले की गंभीरता को देखते हुए मौके की जांच कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, ऊना के एसपी ऊना अमित यादव ने कहा कि अवैध खनन पर पुलिस की पूरी नजर है। विशेष अभियान चलाकर खनन माफिया पर शिकंजा कसा जाएगा।

# रायजादा बताएं स्कूलों के विलय करते समय उन्हें क्यों नहीं लगी भनक : विनय

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भारतीय जनता पार्टी के जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने पूर्व विधायक सतपाल सिंह रायजादा के उसे बयान को लेकर पलटवार किया है, जिसमें उन्होंने संतोषगढ़ और जिला मुख्यालय के कन्या और बाल विद्यालयों के विलय को रुकवाने की बात कही है।



उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक की पार्टी इस वक्त सत्ता में है, लेकिन पूर्व विधायक को यही नहीं पता कि उनकी सरकार स्कूलों को लेकर क्या फैसला ले रही है। उन्होंने कहा कि इससे भी बड़ी विडंबना हारे नकारे नेता के लिए यह है कि उनकी अपनी पंचायत के प्राइमरी स्कूल में गंदगी का आलम है और वह दूसरे स्कूलों की बात करते फिर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक का अपना गांव विधानसभा क्षेत्र का बूथ नंबर एक कहलाता है, जबकि जिन स्कूलों के विलय को लेकर विधायक ने आनन-फानन में श्रेय लेने का प्रयास किया है, वह विधानसभा के अंतिम बूथ पर स्थित है। उन्होंने कहा कि अब पूर्व विधायक स्कूलों के विलय मामले में श्रेय लेने के लिए एकदम से उछलकर मीडिया के सामने आ गए, लेकिन पूर्व विधायक को यह भी बताना चाहिए कि उनकी विधानसभा क्षेत्र के स्कूलों को विलय करने का फैसला उनकी जानकारी के बगैर कैसे हो गया।

भाजपा के जिला प्रवक्ता विनय शर्मा ने कहा कि पूर्व विधायक को अपने विधानसभा क्षेत्र की जानकारी तो तब हो, जब वह लोगों से जुड़े हुए हों। उन्होंने कहा कि खुले आम अवैध धंधे किसके संरक्षण में विधानसभा क्षेत्र में फल-फूल रहे हैं विधायक को यह भी जानकारी जनता के सामने रखनी चाहिए। विनय शर्मा ने कहा कि पूर्व विधायक अपनी पूरी तरह खो चुकी राजनीतिक जमीन हासिल करने के लिए बिन पानी मछली की तरह छटपटा रहे हैं, लेकिन उन्हें कुछ भी हासिल नहीं होने वाला। विधानसभा क्षेत्र की जनता पिछले ढाई साल से उनके हर कारनामे पर नजर रखे हुए है, जिसका जवाब उन्हें हर हालत में लोगों को देना पड़ेगा।

# भारतीय सेना के सम्मान में हर नागरिक आगे आए : रुमेल

**अनंत ज्ञान, बंगाणा।** उपमंडल बंगाणा की शिव राम जनकल्याण समिति के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाजसेवी रुमेल कुमार ने भारतीय सेना के अदम्य साहस और शौर्य पर कहा कि हर कोई व्यक्ति राजनीति से ऊपर उठकर सेना को मिले देश का पूर्ण समर्थन करे। रुमेल कुमार ने कहा कि देश की सुरक्षा और एकता के लिए भारतीय सेना के त्याग और बलिदान की मिसालें आज विश्वभर में आदर्श बन चुकी हैं।



उन्होंने कहा कि अब वक्त आ गया है जब भारत का हर नागरिक राजनीति से ऊपर उठकर देश की सेना के सम्मान में आगे आए। रुमेल कुमार ने कहा कि भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिन्दूर से लेकर अब तक आतंकियों के खिलाफ जो निरंतर विजय हासिल की है, वह न सिर्फ भारतवासियों के लिए गर्व का विषय है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक प्रेरणास्रोत भी हैं।

# पर्यटन विभाग का भवन कमाएगा राजस्व

**विकास शर्मा, अनंत ज्ञान**



ढलियारा के खाली पड़े भवन का इस्तेमाल शुरू हुआ।

**चिंतपूर्णी।** हिमाचल प्रदेश में पर्यटन विभाग द्वारा बनाए गए कई भवन सफेद हाथी बन गए थे। नौबत यह आ गई थी कि इन पर ताले लटक गए थे। इस मुद्दे को अंतराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद शर्मा ने प्रदेश सरकार के आगे उठाया था। उन्होंने ढलियारा सहित हिमाचल में पर्यटन विभाग द्वारा बनाए गए भवनों की बदहाली को लेकर सरकार को पत्र लिखा था। उन्होंने मांग की थी कि इन भवनों को बंद और ताले लटकाने के बजाए सरकार इन भवनों को लीज पर दे दे, ताकि इनसे सरकार का राजस्व बढ़े।

बताते चलें कि ढलियारा में विभाग द्वारा बनाए खाली पड़े भवन को अब पर्यटन विभाग ने कराधान विभाग को किराये पर दे दिया है, जिससे विभाग को अच्छा राजस्व प्राप्त होगा। इस बात पर खुशी जाहिर करते हुए अंतरराष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के प्रदेशाध्यक्ष विनोद शर्मा ने सरकार और राज्यपाल का धन्यवाद व्यक्त किया है। शर्मा ने कहा कि सरकार को उनकी तरफ से यह सुझाव भेजा गया था।

**सफेद हाथी बने भवन से कैसे कमाएं पैसा, विनोद शर्मा की मेहनत लाई रंग**

ढलियारा में पर्यटन विभाग द्वारा लाखों रुपए खर्च कर एक भवन बनाया गया था परंतु अफसोस कुछ अंतराल के बाद इस पर ताले लटक गए और इस भवन के बाहर झाड़ियों का साम्राज्य स्थापित हो गया। शर्मा ने कहा इस मुद्दे को उन्होंने प्रदेश सरकार के आगे रखा, जिस पर उन्होंने इस सुझाव पर कार्य करते हुए इस भवन को कराधान विभाग को किराये पर दे दिया। उन्होंने कहा कि कई बार इस विषय पर उन्होंने सरकार से पत्राचार किया। उन्हें खुशी है कि सरकार ने उनके इस प्रयासों को अमलीजामा पहनाया।

वहीं, इस बारे पर्यटन विभाग धर्मशाला के उपनिदेशक विनय धीमान ने बताया कि ढलियारा में पर्यटन विभाग के भवन के ढांचे को सुधार कर कराधान विभाग को किराये पर दे दिया है, जिससे विभाग को अच्छा राजस्व प्राप्त होगा।

# ठेकेदारों के पहले किए कार्यों की अदायगी नहीं हुई, तो फिर टेंडर प्रतिक्रिया क्यों : भुट्टो

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

प्रदेश में विकास कार्यों की रफ्तार थमी हुई है और इसके पीछे ठेकेदारों की लंबित भुगतान राशि को लेकर भारी असंतोष गहराता जा रहा है। इसी संदर्भ में कुटलैहड़ के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो ने प्रदेश की सुक्खू सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए आरोप लगाया है कि राज्य सरकार की उदासीनता और भ्रष्ट प्रणाली के चलते ठेकेदारों की स्थिति बद से बदतर होती जा रही है।



भुट्टो ने कहा कि बंगाणा लोक निर्माण विभाग और जलशक्ति विभाग में पिछले डेढ़ वर्षों से किसी भी ठेकेदार का बिल पास नहीं हुआ है। ठेकेदारों द्वारा किए गए कार्यों की भरपाई न होने से उनकी आर्थिक हालत इतनी खराब हो चुकी है कि वे बच्चों की फीस और मजदूरों का पैसा चुकाने के लिए अपनी मशीनरी तक बेचने को मजबूर हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की नीतियों ने प्रदेश के मेहनतकश ठेकेदारों को दिवालिया बना दिया है।

राज्य सरकार एक तरफ नई योजनाओं के लिए टेंडर प्रतिक्रिया चला रही है, जबकि पुराने कार्यों का भुगतान ही नहीं किया गया है। जब पहले से किए गए कामों का ही पैसा नहीं मिला है तो नए टेंडर क्यों निकाले जा रहे हैं? यह केवल एक दिखावा है। भाजपा नेता दविंदर कुमार भुट्टो ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार द्वारा भेजी गई सड़क और अन्य विकास योजनाओं की धनराशि को राज्य सरकार ने दूसरे विभागों में स्थानांतरित कर केवल अपने करीबी लोगों को लाभ पहुंचाने की कोशिश की है। इससे वास्तविक कार्य करने वाले ठेकेदारों की मेहनत और पूंजी दोनों बर्बाद हो रही हैं।

# उपमुख्यमंत्री को दिया पिपलू मेले का निमंत्रण

**राजेश ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बंगाणा।** ऊना जिले का प्रसिद्ध तीन दिवसीय जिला स्तरीय पीपलू मेला इस बार और भी भव्य स्वरूप में आयोजित होने जा रहा है। कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने इस आयोजन को राज्य स्तर पर एक नई पहचान दिलाने के लिए विशेष प्रयास किए हैं। आगामी 5 जून से 7 जून तक चलने वाले इस तीन दिवसीय जिला स्तरीय मेले की तैयारियां जोरों पर हैं।

विधायक विवेक शर्मा ने उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री को निमंत्रण देकर इस मेले में आमंत्रित किया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू को भी पहले ही आमंत्रण भेजा जा चुका है। विधायक विवेक शर्मा ने बताया कि तीन दिवसीय जिला स्तरीय पीपलू मेला न केवल एक धार्मिक और पारंपरिक आयोजन है, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक भी है। यह मेला पीढ़ियों से स्थानीय लोगों के लिए एक उत्सव की तरह रहा है। उन्होंने कहा कि इस बार मेला और भी अधिक भव्य और सुव्यवस्थित तरीके से आयोजित किया जाएगा ताकि इसका आनंद ज्यादा से ज्यादा लोग उठा सकें।



उपमुख्यमंत्री को निमंत्रण पत्र देते विधायक।

**जिला स्तरीय पीपलू मेला सांस्कृतिक समृद्धि का प्रतीक : विवेक**

विवेक शर्मा ने कहा कि इस वर्ष पीपलू मेले की खास बात यह है कि इसमें एक विशेष स्टार नाइट का आयोजन किया जा रहा है, जो बंगाणा में संपन्न होगी। इस रात को बॉलीवुड या हिमाचली सिनेमा से जुड़े लोकप्रिय गायक और कलाकार अपनी प्रस्तुतियां देंगे। इस आयोजन को लेकर लोगों में विशेष उत्साह है और यह मेला को एक नई ऊंचाई पर ले जाने का प्रयास माना जा रहा है।

विवेक शर्मा ने कहा कि मेले में भीड़ को नियंत्रित करने और बेहतर आयोजन सुनिश्चित करने के लिए एक विशेष मैदान भी तैयार किया जा रहा है। हर वर्ष हजारों श्रद्धालु और पर्यटक इस मेले में शामिल होते हैं, जिससे यह क्षेत्रीय पर्यटन को भी बढ़ावा देता है। विवेक शर्मा ने कहा कि भीड़भाड़ और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रशासन द्वारा विशेष प्रबंध किए जा रहे हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि तीन दिवसीय पीपलू मेले मेले का समापन 7 जून को एक भव्य कार्यक्रम के साथ किया जाएगा, जिसमें सम्मान समारोह और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां होंगी। मुख्यमंत्री या उपमुख्यमंत्री की उपस्थिति में इस समापन समारोह को खास बनाया जाएगा।

# बेहलां में तेंदुए की दहशत से ग्रामीणों में डर, बछड़े को बनाया नवाला

**हीना पठानिया, अनंत ज्ञान**

**गांववासियों को सताई सुरक्षा की चिंता**

**बड़ूही।** उपतहसील जोल की टकोली पंचायत के बेहलां गांव में बीती सोमवार रात तेंदुए ने एक गाय के बछड़े को अपना शिकार बना लिया। सुबह जब ग्रामीणों को इस घटना की जानकारी मिली तो पूरे इलाके में दहशत फैल गई और वन विभाग के अधिकारियों को सूचित किया गया।

यह घटना बेहलां गांव के निवासी पंकज रणौत पुत्र स्वर्गीय मास्टर सुरेंद्र कुमार जिनकी पशुशाला लगभग घर से 200 मीटर की दूरी पर है। बीती रात वह अपने घर में सो रहे थे। रात में किसी समय तेंदुआ वहां आ गया और पशुशाला के बाहर रस्सी के साथ बंधे खूंटे से बछड़े को अपना शिकार बना लिया। सुबह होते ही बछड़े के शिकार होने की खबर पूरे गांव में फैल गई और ग्रामीणों की भारी भीड़ घटनास्थल पर इकट्ठा हो गई। लोगों में तेंदुए के गांव में आने की खबर से खौफ का माहौल है। इस घटना के बाद ग्रामीणों ने ब्लॉक सोहारी के वन विभाग के अधिकारियों एवं गार्ड अजय कुमार को इस घटना की सूचना दी।

### रेंज ऑफिसर ने क्या कहा

इस संदर्भ में रेंज ऑफिसर बंगाणा अंकुश आनंद ने कहा कि रामगढ़ धार रेंज गां वेहलां का यह मामला उनके ध्यान में विभाग द्वारा ध्यान में लाया गया है। उन्होंने लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है साथ ही जरूरत पड़ने पर पिंजरा लगाने की बात कही है।

**सुरक्षा को लेकर चिंता :** ग्रामीणों में तेंदुए के गांव में आने से चिंता का माहौल है। लोग अब अपने पशुओं और बच्चों की सुरक्षा को लेकर चिंतित है। वन विभाग की टीम लगातार इलाके में निगरानी रख रही है और ग्रामीणों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है। वहीं, इस संदर्भ में टकोली पंचायत के उपप्रधान पंकज रणौत ने कहा कि सभी ग्रामीण रात के समय पालतू जानवरों एवं पशुओं को पशुशाला के अंदर बांधकर रखें, जिससे जानमाल की कोई अप्रिय घटना न हो।

**श्रद्धा** बाबा बाल जी ने दियोली धार्मिक कार्यक्रम में दिए प्रवचन, लोगों से भगवान से जुड़ने का आह्वान

# हरे कृष्णा-हरे कृष्णा के भजनों से गूंजा पंडाल

**सुखविंदर सागर, अनंत ज्ञान**



धार्मिक अनुष्ठान के लिए हवन यज्ञ करते आयोजक। (इनसेट) राष्ट्रीय संत बाबा बाल प्रवचन करते हुए।

**घनारी।** गगरेट विधानसभा क्षेत्र के दियोली गांव के वैष्णो देवी मंदिर में मंगलवार को धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हो गया। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी ने गांव दियोली के इस कार्यक्रम में प्रवचन दिए। इस दौरान समस्त श्रद्धालुओं ने बाबा बाल जी महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किया। बाबा बाल जी महाराज ने प्रवचनों की वर्षा करते हुए कहा कि जो व्यक्ति प्रभु की शरण में जाता है, भगवान उसका बेड़ा पार लगा देते हैं। प्रभु का नाम लेने से सब पाप धुल जाते हैं।

उन्होंने कहा कि हर प्राणी को अपने जीवन में सत्य मार्ग पर चलते हुए प्रभु का सिमरन करते रहना चाहिए। जिन लोगों पर भगवान की कृपा होती है, वे सदा जीवन में सफलता की ऊंचाइयों को प्राप्त करते हैं। राष्ट्रीय संत बाबा बाल जी महाराज ने भक्ति में शक्ति का महत्व बताते हुए कहा कि जो मनुष्य प्रभु को साक्षी मानकर जीवन में हर कार्य करता है, वह सदैव प्रभु की कृपा का पात्र बना रहता है। ऐसा प्राणी कभी भी गलत मार्ग पर नहीं चल सकता, इसलिए हमेशा प्रभु को साक्षी मानकर जीवन यापन करना चाहिए।

पूज्य श्री ने कहा कि प्राणी को आदर, सम्मान व निस्वार्थ भावना से जीवन यापन करना चाहिए। भगवान की ओर से दिए गए अनमोल जीवन को प्रभु को समर्पित करके ही जीवन व्यतीत करना चाहिए। बाबा बाल जी महाराज ने कहा कि हमें अपनी वाणी से मधुर वचन बोलने चाहिएं। क्रोध को खत्म कर कृष्ण जी के चरणों में ध्यान लगाना है और यह तभी संभव होगा, जब हम क्रोध को नष्ट कर मुख से मिठास बरसाएंगे।

उन्होंने कहा कि बच्चों को संस्कार भी हम तभी दे सकते हैं, जब हम स्वयं क्रोधित व्यवहार से मुक्त होंगे, अन्यथा बच्चे भी सब देखकर यही सीखेंगे। इस दौरान बाबा बाल जी महाराज ने हरे कृष्णा-हरे कृष्णा, कृष्णा-कृष्णा, हरे हरे के दिव्य भजनों से समूचा पंडाल कृष्णमय बना दिया। इसके बाद भंडारे का आयोजन भी किया गया जिसमें सभी श्रद्धालुओं ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया।

इससे पूर्व पंडित संदीप शर्मा द्वारा वैदिक वेद मंत्रोच्चारण द्वारा गणेश, नवग्रह पूजन और मां दुर्गा की विधि विधान से पूजा-अर्चना करवाई गई। पूजा में राकेश चड्डा और उनकी पत्नी सुनीता चड्डा व उनके परिवार की ओर से हवन डाला गया। उसके बाद झंडा चढ़ाने की रस्म अदायगी की गई। उन्होंने बताया कि आज इस भंडारे को करते हुए पूरे 25 वर्ष हो गए हैं।

# घनारी स्कूल का तीनों संकायों में परीक्षा परिणाम रहा शत-प्रतिशत

**अनंत ज्ञान, पंजावर**

राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला घनारी का 12वीं कक्षा का तीनों संकायों आट्र्स, साइंस एवम कॉमर्स का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा है, जिससे विद्यार्थियों में हर्ष की लहर है। प्रधानाचार्य ललित मोहन ने बताया कि कुल 83 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी और सभी ने शानदार अंकों के साथ सफलता अर्जित की है। इनमें से 37 छात्रों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए, जो विद्यालय के उच्च शैक्षणिक स्तर और शिक्षकों की मेहनत को दर्शाता है।

विद्यालय की तीनों संकायों आट्र्स, कॉमर्स और साइंस में विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है। आट्र्स संकाय में सुहानी ने 457/500 अंक (91.4 प्रतिशत) प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि इशु कुमारी 440 अंक (88 प्रतिशत) के साथ दूसरे और दिक्षा 421 अंक (84.2 प्रतिशत) के साथ तीसरे स्थान पर रहीं। कॉमर्स संकाय में परिक्षित ने 447 अंक (89.4 प्रतिशत) प्राप्त कर टॉप किया, कृष जरियाल ने 446 अंक (89.2 प्रतिशत) के साथ दूसरे और प्रियांशु ने 442 अंक (88.4 प्रतिशत) के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

वहीं, साइंस संकाय में सक्षम ने 444 अंक (88.8 प्रतिशत) प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया, रिद्धिमा शर्मा ने 440 अंक (88 प्रतिशत) के साथ दूसरा और ईशान जसवाल ने 439 अंक (87.8 प्रतिशत) के साथ तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस शानदार सफलता पर विद्यालय परिवार में खुशी की लहर है।

प्रधानाचार्य ललित मोहन ने बताया कि घनारी स्कूल के इतिहास में पहली बार हुआ है कि तीनों संकायों में परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि सभी के सामूहिक परिश्रम और लगन का परिणाम है। उन्होंने आशा जताई कि भविष्य में भी स्कूल इसी तरह श्रेष्ठ परिणाम देकर शिक्षा के क्षेत्र में अग्रणी बना रहेगा।

# आईटीआई शमशी बनेगी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

## महिला खेलकूद प्रतियोगिता शुरू, खेलों से आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता का होता है विकास

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान**

**कुल्लू।** टाउन एंड कंट्री प्लानिंग, आवास प्रबंध, तकनीकी शिक्षा, व्यवसायिक और औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री, राजेश धर्माणी ने मंगलवार को 33वीं राज्य स्तरीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (महिला) खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इस अवसर पर कुल्लू के विधायक सुंदर सिंह ठाकुर विशेष रूप से उपस्थित रहे। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान शमशी में पांच दिवसीय प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से 450 से अधिक महिला प्रतिभागी हिस्सा ले रही हैं।

मंत्री ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक फिटनेस का माध्यम हैं, बल्कि आत्म-विश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास में भी इनकी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि खेल न केवल शारीरिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक हैं, बल्कि यह मानसिक संतुलन, आत्म-विश्वास और सामाजिक समरसता का भी आधार हैं। उन्होंने कहा कि जीवन में खेलों का महत्व अब केवल शौक या प्रतियोगिता तक सीमित नहीं रहा, बल्कि करियर, व्यक्तित्व विकास और राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम बन चुका है। खेलों से युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व कौशल का विकास होता है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में नए ट्रेड शामिल करने के साथ-साथ पुराने ट्रेड भी समय की जरूरत के अनुसार अपग्रेड करने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने शमशी आईटीआई में स्टाफ आवास बनाने के लिए भी आश्वासन दिया। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में मार्च पास्ट में पहला स्थान-जिला कुल्लू, द्वितीय स्थान जिला मंडी तथा तृतीय स्थान जिला कांगड़ा ने हासिल किया। मुख्यातिथि ने विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर अध्यक्ष आईटीआई शमशी शेष राम चौधरी, अध्यक्ष आईटीआई कुल्लू मदन सूद, सेस राम आजाद, जिला परिषद सदस्य भुंतर आशा कुमारी आदि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि आईटीआई शमशी प्रदेश की बेहतरीन और पुराने औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में से एक है। यहां विद्यार्थियों के लिए हर प्रकार की आधुनिक सुविधा उपलब्ध है, जो उन्हें तकनीकी रूप से सक्षम बनाने में सहायक है। मंत्री ने कहा कि बदलते समय के साथ शहरी परिवहन और निर्माण तकनीक में तेजी से बदलाव आ रहे हैं। रोपवे, ऑटोमैटिक पार्किंग सिस्टम और लिफ्ट टेक्नोलॉजी का प्रचलन निरंतर बढ़ रहा है, ऐसे में इन क्षेत्रों में प्रशिक्षित मैन पावर की भारी मांग है। आईटीआई शमशी को 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' के रूप में विकसित किया जाएगा। इस संस्थान में विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम में रोपवे, स्मार्ट पार्किंग व लिफ्ट टेक्नोलॉजी में युवाओं को दक्ष बनाने का प्रयास किया जाएगा। धर्माणी ने कहा, सरकार का उद्देश्य प्रदेश में तकनीकी रूप से दक्ष और व्यवसायिक कुशल मानव संसाधन तैयार करना, जो देश और प्रदेश के विकास में एक वरदान सिद्ध होंगे। उन्होंने कहा कि किसी भी समाज की तरक्की में तकनीकी शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। इसी दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा स्किल्ड डेवलपमेंट कोर्सेस आरंभ किए गए हैं, जिससे युवा समय की मांग के अनुसार प्रशिक्षित होकर बेहतर रोजगार अवसर प्राप्त कर सकें।



राजेश धर्माणी आईटीआई शमशी में प्रतियोगिताओं के विजेताओं के साथ।

### पर्यटन हब के रूप में कुल्लू हो रहा विकसित

**इससे** पहले कुल्लू के विधायक, सुंदर सिंह ठाकुर ने मंत्री का स्वागत किया और राज्य स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता के आयोजन के लिए प्रबंधकों और खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि जिला कुल्लू पर्यटन हब के रूप में विकसित हो रहा है और प्रदेश सरकार ने कायसधार में ई-कार्ट सुविधा शुरू की है और बिजली महादेव के लिए रोपवे स्वीकृत किया है।

# तिरंगा यात्रा से बढ़ाया सेना के जवानों का मनोबल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

देश की सेना के जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए मंगलवार को कुल्लू में सिटीजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी व अन्य लोगों द्वारा तिरंगा यात्रा निकाली गई।

ढालपुर स्थित प्रदर्शनी मैदान से शुरू हुई यह तिरंगा यात्रा ढालपुर, क्षेत्रीय अस्पताल, कॉलेज गेट होते हुए फिर से प्रदर्शनी मैदान पहुंची। इस मौके पर जहां तिरंगा यात्रा में शामिल लोगों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी की। वहीं, देश की तीनों सेनाओं के जवानों के युद्ध कौशल की सराहना करने के साथ ही उनकी हौसला अफजाई की। पाकिस्तान पर भारतीय सेना के द्वारा आतंकी हमले का जवाब देने के लिए, जो ऑपरेशन सिंदूर चलाया गया, उससे भारतीय सेना का युद्ध कौशल पूरी दुनिया को नजर आया और आज भारत का नाम पूरे विश्व में ऊंचा हुआ है। ऐसे में देश के सैनिकों का मनोबल बढ़ाने के लिए भारतवर्ष में तिरंगा यात्रा निकाली जा रही है। इसी कड़ी में जिला कुल्लू का मुख्यालय ढालपुर के मैदान में भी सिटीजन फॉर नेशनल सिक्योरिटी के बैनर तले तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न संस्थाओं से जुड़े पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस मौके पर जिला भाजपा अध्यक्ष अमित सूद ने कहा कि भारतीय सेना ने सफलतापूर्वक देश की माताओं और बहनों के सिंदूर को उजाड़ने वालों को आप सिंदूर के द्वारा स्पष्ट संदेश दिया है कि इस प्रकार की घटना को अंजाम देने वाले जहां भी छिपे हों उन्हें मिट्टी में मिलाने का कार्य भारतीय सेना करेगी।

पहलगाम में आतंकियों द्वारा धर्म के आधार पर मारे गए 26 पर्यटकों का बदला, जिस प्रकार से भारतीय सेना ने लिया है, ऐसा उदाहरण कम ही देखने को मिलता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था कि दोषियों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी, भारतीय सेना ने वह करके दिखाया है। पहले आतंकी ठिकानों को ध्वस्त करने के बाद परमाणु शक्ति होने का दम भरने वाले पाकिस्तान की सीमा के अंदर जाकर उनके 11 एयर स्पेस केंद्रों को तबाह करते हुए, जहां पाकिस्तान को घुटनों पर लाकर रख दिया। वहीं, भारतीय सेना ने यह भी साबित कर दिया कि भारत के खिलाफ की जाने वाली नापाक हरकतों को करने वालों का क्या अंजाम हो सकता है। यह तिरंगा यात्रा किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं, बल्कि देश की सेना के शौर्य और उसकी वीरता के प्रति सम्मान है और हर वर्ग, समुदाय और विचारधारा के लोग स्वेच्छा से इसमें भाग ले रहे हैं। वहीं, इस मौके पर भाजपा के वरिष्ठ नेता नरोत्तम ठाकुर ने कहा कि इस तिरंगा यात्रा के माध्यम से देश की सेना के जवानों का मनोबल बढ़ाया गया। इस अवसर पर अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।


कुल्लू में आयोजित तिरंगा यात्रा में भाग लेते हुए गणमान्य लोग।

## न्यूज ब्रीफ

### नाबालिग से 24.700 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, केलांग।** मनाली पुलिस ने पंजाब के नाबालिग से 24.700 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। मनाली पुलिस ने एनडी एंड पीएस एक्ट की धारा 21 के तहत मामला दर्ज कर लिया है। डीएसपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि नाबालिग पंजाब का रहने वाला है। पुलिस ने प्रीणी पुल में नाबालिग से 24.700 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस सभी तथ्यों को ध्यान में रखकर पूछताछ कर रही है।

### ई-गवर्नेंस को सुलभ करवाने के लिए संभव प्रयास करें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी कुल्लू की बैठक की अध्यक्षता डीसी तोरुल एस रवीश ने की। बैठक में उपमंडल तथा तहसील स्तर पर ई-गवर्नेंस सेवाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि ई-गवर्नेंस सेवा को सभी लोगों तक सुलभ करवाने के लिए हर संभव प्रयास करें। उन्होंने आय का 50 प्रतिशत अंश जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी को जल्द जमा करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए ब्लॉक वाइज सूची तैयार करें तथा ई-गवर्नेंस सेवाओं के लिए रखे गए स्टाफ के वेतन आदि के लिए जिला ई-गवर्नेंस सोसाइटी की ओर से धन की मांग करें। उन्होंने प्रत्येक स्तर पर आय-व्यय का पूर्ण रिकॉर्ड रखने के निर्देश दिए तथा कहा कि सभी स्तर के रिकॉर्ड का अनिवार्य रूप से ऑडिट फील्ड स्तर पर करवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने आय सृजन पर देय जीएसटी का भी आकलन कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। बैठक की कार्रवाई का संचालन जिला राजस्व अधिकारी डॉ. गणेश ने किया। बैठक में अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार, सभी उपमंडल अधिकारी, तहसीलदार तथा नायब तहसीलदार उपस्थित रहे।

# उपमंडलों को रेडक्रॉस मेला आयोजित करवाने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला रेडक्रॉस सोसायटी की बैठक की अध्यक्षता डीसी तोरुल एस रवीश ने की। बैठक में टीबी मरीजों को हर हाइड्रो प्रोजेक्ट द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र के मरीज को गोद लेने के लिए समन्वय करने के निर्देश दिए।

उन्होंने उपमंडल स्तर पर रेडक्रॉस यूनिट में दो हेल्थ चैकअप, दो रक्तदान, नई सदस्यता आदि के लिए भी निर्देश दिए। उन्होंने गैर सरकारी सदस्यों से भी नए सदस्य जोड़ने की अपील की। उन्होंने निर्देश दिए कि विंटर कार्निवाल सहित विभिन्न इकाइयों के अंतर्गत तंबोला से अर्जित आय से जिला इकाई को सहयोग राशि का अंश जमा करें। बैठक में विभिन्न उपमंडल स्तर की इकाइयों के आय-व्यय का ब्यौरा भी रखा गया। डीसी ने सभी उपमंडलों को रेड क्रॉस मेला आयोजित करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी विभागों को डीएडिक्शन कैंप, नशा मुक्त भारत के कार्यक्रम में संयुक्त रूप से लगाने के निर्देश दिए। बैठक में इकरा भुंतर भवन के पीछे ड्रेन बनाने के लिए व 1 अप्रैल से 15 मई के व्यय के लिए मंजूरी दी गई। बैठक में गरीब रोगियों को अनुदान, स्वच्छता एवं सुरक्षा व्यय के लिए कार्योत्तर मंजूरी दी गई। गतिविधियों के वार्षिक कैलेंडर में मेडिकल कैंप, जूनियर रेडक्रॉस के लिए इंडक्शन कार्यक्रम, ड्रग प्रोवेंशन, डिसेबिलिटी रिहैबिलिटेशन असेसमेंट, रेडक्रॉस भवन दूसरे तल का निर्माण, रेडक्रॉस कार्यालय तथा इस वर्ष के लिए प्रस्तावित कार्यों पर भी निर्देश दिए गए। बैठक की कार्रवाई का संचालन जिला राजस्व अधिकारी डॉ. गणेश ने किया। बैठक में अतिरिक्त जिला उपायुक्त अश्वनी कुमार, सचिव रेडक्रॉस सहित सभी उपमंडलाधिकारी तथा गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

### सीजफायर से अब पर्यटन व्यवसाय पकड़ने लगा जोर: देवेंद्र

**मोहन, अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** होटल एसोसिएशन के पूर्व एडिशनल चीफ पैटर्न एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता देवेंद्र नेगी ने कहा कि सीजफायर के बाद, अब पर्यटन व्यवसाय पुनः जोर पकड़ने लगा है। भारत-पाकिस्तान युद्ध की आहट से जहां पहलगाम हादसे का बदला लेने देशवासी पाक को सबक सिखाने के लिए एकजुटता के साथ सरकार व सेना के साथ खड़े रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर कोरोना काल से अब तक पर्यटन व्यवसाय की मंदी झेल रहे होटल व्यवसायी को इस वर्ष भी युद्ध की स्थिति में अपनी आर्थिक स्थिति की कमर टूटती नजर आ रही थी, लेकिन अब सीजफायर से पर्यटन व्यवसाय में पुनः तेजी आने से लोगों ने राहत महसूस कर ली है। नेगी ने कहा कि सरकार को पर्यटन व्यवसाय से करोड़ों रुपए का रैवेन्यू मिलता है, जिसका हिमाचल की आर्थिकी में बहुत बड़ा योगदान रहता है तथा लाखों लोगों को रोजगार मिलता है।

# मैक्सी कैब यूनियन की आम सभा में संगठन की मजबूती पर दिया जोर


मैक्सी कैब को-ऑपरेटिव यूनियन आनी की आम सभा के दौरान यूनियन के सदस्य।

**अनंत ज्ञान, आनी**

मैक्सी कैब को-ऑपरेटिव यूनियन आनी की आम सभा चेयरमैन महेंद्र सिंह कायथ की अध्यक्षता में आनी में संपन्न हुई। बैठक में यूनियन से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर गंभीर विचार-विमर्श किया गया।

बैठक की शुरुआत में कुछ पदाधिकारियों ने त्यागपत्र देने की बात कही, जिस पर चेयरमैन ने कारण जानना चाहा। पदाधिकारियों ने बताया कि कुछ ऑपरेटर यूनियन के नियमों की अनदेखी कर रहे हैं और सदस्यता शुल्क भी अदा नहीं कर रहे हैं। इस पर कुछ सदस्यों ने नई कार्यकारिणी के गठन की मांग भी रखी। चेयरमैन ने सभी से एकजुटता और सहयोग की अपील करते हुए कहा कि यदि सभी सदस्य नियमों का पालन करें और समन्वय से कार्य करें, तो यूनियन को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करने के निर्देश दिए। यदि कोई यूनियन के नियमों की अवहेलना करेगा, तो उसके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। यूनियन को अपना स्थायी स्थान दिलाने की मांग पर प्रदेश सरकार ने जिला कुल्लू और राजस्व विभाग को आवश्यक आदेश दिए हैं, अब स्थान का चयन हो चुका है और आगामी कार्रवाई प्रगति पर है।

# तांदी के समीप चंद्रभागा नदी में मिला अज्ञात शव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल घाटी में तांदी के समीप चंद्रभागा नदी में पुलिस ने अज्ञात शव बरामद किया है।

पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शव बहुत पुराना है। लंबे समय से शव पानी में रहने के कारण पहचानना मुश्किल हो गया है। मृतक की लंबाई 5 फुट 10 इंच है। काली जीन पेंट और काला लोअर पहना है। दाहिने हाथ में काले रंग की डोरी पहनी है तथा गले में चेन और लॉकेट है। लाहौल में 6 अप्रैल को समर्थ नामक पर्यटक नदी में बह गया था। पुलिस को आशंका है कि यह उसका शव हो सकता है। पुलिस अब जांच में जुटी है व पता लगा रही है कि यह यह शव किस का है।

# राजस्व मामलों को जल्द निपटाएं : डीसी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी तोरुल एस रवीश ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को दो साल पुराने राजस्व मामलों को निपटाने के निर्देश दिए।

मंगलवार को राजस्व कार्यों की प्रगति समीक्षा बैठक में डीसी ने कहा कि लोगों को तहसील के चक्कर न काटने पड़ें, इसलिए मामलों को निपटाना सुनिश्चित करें। तकसीम विशेषकर खानगी तकसीम, भूमि की निशानदेही और इंतकाल के मामलों का समय पर निपटारा किया जाए। उन्होंने राजस्व रिकॉर्ड संबंधी प्रविष्टियों को दुरुस्त करने के लिए भी तीव्रता से मामलों को निपटाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निशानदेही के मामलों को सभी तहसीलदार और नायब तहसीलदार तीन महीने के भीतर प्राथमिकता के आधार पर निपटाएं। उन्होंने राजस्व से संबंधित सभी लंबित मामलों को राजस्व प्रबंधन व्यवस्था (आरएमएस) पोर्टल पर अपलोड करने को कहा। उन्होंने ऑडिट पर तथा सीजी, पीएजी तथा मोटर व्हीकल के मामलों में ऑडिट पर तथा रिकवरी के कार्यों को भी बेहतरी से अंजाम देने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न बिजली परियोजनाओं के लाडा के अंतर्गत प्रोजेक्ट प्रभावित क्षेत्र तथा परियोजना प्रभावित परिवारों की सूची सभी तहसीलदारों को एक सप्ताह के भीतर भेजने के निर्देश दिए। उन्होंने लाडा तथा एसडीआरएफ, एनडीआरएफ के अंतर्गत चल रहे विभिन्न कार्यों का महीने में लगभग पांच कार्यों का निरीक्षण करने के सभी उपमंडल अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में राजस्व लोक अदालतों पर भी चर्चा की गई तथा समय-समय पर सभी राजस्व अधिकारियों को अपने क्षेत्राधिकार के अंतर्गत पड़ने वाली एडवेंचर स्पोर्ट्स साइट का भी निरीक्षण करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम के अंतर्गत सभी अधिकारियों को कम से कम एक स्कूल अडॉप्ट करने तथा इसका दौरा करके इसकी आवश्यकताओं तथा समस्याओं का आकलन एवं निराकरण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने सभी तहसीलदार को पटवारी-कानूनगो के स्तर पर आरएमएस पोर्टल के अंतर्गत लंबित कार्यों का स्वयं-डैशबोर्ड निरीक्षण तथा मॉनिटरिंग कर कार्य को तेजी देने के निर्देश दिए।


डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश बैठक में अधिकारियों के साथ चर्चा करती हुईं।

# गोदरेज की अलमारी में न रखें ज्वेलरी : महेंद्र कुमार

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

भुंतर में चोरी की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रही हैं। चोरी की बढ़ती वारदातों को देखते हुए भुंतर के थाना प्रभारी महेंद्र कुमार ने जनता से आग्रह किया कि घर में गोदरेज की अलमारी में अपनी ज्वेलरी न रखें।


उन्होंने बताया कि भुंतर थाना के अंतर्गत जितनी चोरियां हुईं, उनमें चोरों ने सबसे पहले गोदरेज की अलमारियों को ही निशाना बनाया। अलमारियों के लॉक तोड़कर उनसे कीमती सामान उड़ा लिया। चोरी की वारदातों में यही सामने आया कि गोदरेज की अलमारी पर चोरों ने सबसे पहले अपना हाथ साफ किया। महेंद्र कुमार ने जनता से आग्रह किया कि गोदरेज की अलमारियों में कोई भी कीमती सामान न रखें। घर में बहुत से सुरक्षित स्थान होते हैं, जहां पर आप अपनी ज्वेलरी और कीमती सामान सोच-समझ कर रख सकते हैं, अगर ज्वेलरी अधिक मात्रा में है, तो बैंक में जाकर लॉकर का इस्तेमाल करें। उन्होंने कहा जिस तरह बड़े व्यापारी लोग अच्छी गुणवत्ता वाले लॉकर का इस्तेमाल करते हैं, उस तरह के लॉकर का इस्तेमाल आप भी कर सकते हैं, ताकि अपनी खून-पसीने की कमाई को चोरों से बचाया जा सके। पुलिस सदैव जनता की सुरक्षा के लिए तत्पर है, लेकिन कुछ सावधानियां जनता को भी रखनी होंगी। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम से बचने के लिए अपने मोबाइल का इस्तेमाल किसी अजनबी को न करने दें। शातिर लोग किसी भी बहाने से मोबाइल लेकर ओटीपी द्वारा पासवर्ड बदल कर आपके बैंक को साफ कर सकते हैं। थाना प्रभारी ने जनता को जागरूक और सतर्क रहने की सलाह दी है।

# श्रीखंड महादेव यात्रा की तैयारियां शुरू

**जितेंद्र गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**आनी।** महादेव के पांच कैलाशों में से एक और उत्तर भारत की सबसे कठिनतम धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा की तैयारियों का आगाज हो चुका है। इसी कड़ी में श्रीखंड यात्रा ट्रस्ट की अध्यक्ष एवं उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश के दिशा-निर्देशों पर निरमंड प्रशासन ने मंगलवार को एक संयुक्त निरीक्षण दल को श्रीखंड मार्ग की स्थिति का जायजा लेने के लिए रवाना किया।

इस निरीक्षण दल में वन विभाग, राजस्व विभाग, जलशक्ति विभाग और पुलिस के अधिकारी और कर्मचारी शामिल रहे। टीम का नेतृत्व जितेंद्र वर्मा बीओ वन विभाग, बागा सराहन और पटवारी बुद्धि सिंह कर रहे हैं। उनके साथ अटल बिहारी वाजपेयी पर्वतारोहण संस्थान मनाली की टीम, पुलिस टीम और जलशक्ति विभाग के कर्मचारी भी शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान मार्ग की स्थिति, ग्लेशियर की स्थिति, जल स्रोतों और आवश्यक सुविधाओं का आकलन करेगा। इस दौरे का उद्देश्य यात्रा शुरू होने से पूर्व सभी तैयारियों का भली-भांति मूल्यांकन करना है। श्रीखंड यात्रा ट्रस्ट के उपाध्यक्ष एवं एसडीएम निरमंड मोहन सिंह ने बताया कि निरीक्षण दल की वापसी के पश्चात तैयार की गई रिपोर्ट उपायुक्त को सौंपी जाएगी। इसके आधार पर यात्रा से संबंधित आगामी निर्णय लिए जाएंगे, जहां सुधार की जरूरत होगी, उसे सुधारा जाएगा, ताकि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को यात्रा के दौरान कठिनाई न हो। प्रशासन की यह पहल आगामी यात्रा को सुरक्षित, सुव्यवस्थित और श्रद्धालुओं के लिए सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।



### समुद्रतल से 18570 फुट की ऊंचाई पर स्थित

**श्रीखंड** महादेव समुद्रतल से करीब 18570 फुट की ऊंचाई पर स्थित है, जहां पहुंचने के लिए निरमंड खंड में बेसकैंप बनाया जाता है, जहां यात्रा में जाने वाले श्रद्धालुओं की मेडिकल जांच के बाद ही उन्हें पंजीकृत कर यात्रा में भेजा जाता है। यह यात्रा करीब 35 किलोमीटर की पैदल यात्रा है। इसमें खतरनाक पगडंडियों के अलावा खड़ी चढ़ाई और ग्लेशियरों को पार करना पड़ता है। यात्रा में पांच कैंप वाली पड़ाव बनाए जाते हैं। इनमें बेस कैंप थाचड़ू, कुंशा, भीमडवारी व पार्वतीबाग में कैंप स्थापित होते हैं। इनमें रेस्क्यू टीम, मेडिकल टीम, पुलिस और होमगार्ड की टीम आदि तैनात की जाती है।

# आनी में किसान सभा व सेब उत्पादक संघ का प्रदर्शन, सीएम को भेजा ज्ञापन



हिमाचल किसान सभा और सेब उत्पादक संघ की स्थानीय इकाइयां प्रदर्शन करती हुई।

**अनंत ज्ञान, आनी**

हिमाचल किसान सभा और सेब उत्पादक संघ की स्थानीय इकाइयों ने आनी कस्बे में जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया और इसके बाद एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को 11 सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

यह विरोध-प्रदर्शन भूमि से जबरन बेदखली, प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित किसानों की उपेक्षा और वनाधिकार के क्रियान्वयन में लापरवाही को लेकर किया गया। ज्ञापन में आरोप लगाया गया कि प्रदेश में सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद हजारों किसानों को बिना उचित प्रक्रिया के उनकी जमीनों से बेदखल किया जा रहा है। खासकर वन क्षेत्र, नर्सरी भूमि और सड़क किनारे छोटे व्यवसाय कर रहे लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। किसान सभा ने मांग की है कि जब तक सुप्रीम कोर्ट भूमि विवादों पर बड़ी पीठ का निर्णय नहीं देता, तब तक सभी बेदखलियां रोकी जाएं। साथ ही सरकार वनाधिकार अधिनियम के तहत सभी दावों की समीक्षा कर उन्हें मान्यता दे। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि जिन किसानों की भूमि प्राकृतिक आपदाओं में नष्ट हो चुकी है, उन्हें नई भूमि आवंटित की जाए और पुनर्वास के लिए 7 लाख रुपए की सहायता दी जाए। इसके अतिरिक्त भूमि अधिग्रहण अधिनियम-2013 के तहत किसानों को 4 गुना मुआवजा और एलएससी पर आयकर माफ करने की भी मांग की है कि यदि सरकार जल्द कोई ठोस नीति नहीं बनाती, तो राज्यव्यापी आंदोलन छेड़ा जाएगा।

**विरोध** सीटू व प्रदेश भवन एवं सड़क निर्माण मजदूर यूनियन ने मांगों को लेकर किया प्रदर्शन

# केंद्र अपना रहा मजदूर विरोधी नीतियां

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सीटू व प्रदेश भवन एवं सड़क निर्माण मजदूर यूनियन द्वारा अपनी मांगों को लेकर डीसी कार्यालय कुल्लू के बाहर प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनकारियों को संबोधित करते हुए सीटू जिला महासचिव राजेश ठाकुर ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लगातार मजदूर विरोधी नीतियों को अपना रही है। श्रम कानूनों को खत्म कर चार श्रम संहिताओं को लागू कर रही है और काम के घंटों को 8 से बढ़ाकर 12 घंटे किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज प्रधानमंत्री को डीसी कुल्लू के माध्यम से मांग पत्र दिया जा रहा है।

इसमें मजदूर विरोधी श्रम संहिताओं को खत्म करने, सभी श्रमिकों को न्यूनतम वेतन 26000 रुपए लागू करने, मनरेगा बजट में बढ़ोतरी, अनुबंध, आउटसोर्स, ठेका फिक्स टर्म, मल्टी टास्क वर्कर्स को समान वेतन व लाभ सुनिश्चित करने, सार्वजनिक उपक्रमों का निजीकरण बंद करने, स्टोट वैंडरज एक्ट को सख्ती से लागू करने, एनपीएस को रद्द करके ओपीएस को बहाल करने तथा बढ़ती महंगाई पर रोक लगाने को लेकर ज्ञापन दिया गया। वहीं, सीटू जिला कोषाध्यक्ष भूप सिंह भंडारी ने कहा कि आज देश की 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों द्वारा जो देशव्यापी हड़ताल की जानी थी, उसे 20 मई की जगह, अब 9 जुलाई को किया जाएगा। मंगलवार को सीटू द्वारा प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को मांग पत्र दिए गए।

उन्होंने कहा कि जब से कांग्रेस की सरकार सत्ता में आई है, तब से मजदूरों को मिलने वाली सुविधाओं को बंद किया गया है। प्रदेश के मजदूरों द्वारा 2 वर्ष से अधिक आंदोलनों के बाद अब सरकार होश में आई है, जिससे अब बोर्ड द्वारा कुछ कार्य शुरू हो गए हैं। मजदूरों द्वारा मुख्यमंत्री को मांग पत्र दिया गया। इसमें पिछले 4 वर्षों से रुकी हुई वित्तीय सहायता को जल्द जारी करने, पुराने आवेदनों पर लगाई जा रही आपत्तियों पर रोक लगाने, नवीनीकरण की प्रक्रिया को तेज करने व 15 दिनों के अंदर नवीनीकरण करने, बस किराये में की गई बढ़ोतरी को वापस करने की मांग की गई है।


डीसी कार्यालय कुल्लू के बाहर मांगों को लेकर सीटू के बैनर तले मनरेगा मजदूर प्रदर्शन करते हुए।

# डीसी साहब! जल्द सड़क के मरम्मत कार्य को किया जाए पूरा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला कुल्लू की महाराजा कोठी की बाराहार पंचायत को जिला मुख्यालय से जोड़ने वाली सड़क की हालत बेहद खस्ता है।

आलम यह है कि दो सालों से सड़क की हालत खराब है, जिस कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि, यहां पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सड़क को ठीक करने का काम तो किया जा रहा है, लेकिन वह इतनी धीमी गति से हो रहा है कि अब स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को पैदल ही कई किलोमीटर का सफर तय करना पड़ रहा है। इसी मुद्दे को लेकर ग्राम पंचायत बाराहार का प्रतिनिधिमंडल ढालपुर में डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश से मिला और मांग रखी कि जल्द से जल्द इस सड़क की मरम्मत कार्य को पूरा किया जाए। बाराहार पंचायत के प्रधान परसराम ने बताया कि बीते दिन ग्राम सभा बैठक में प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया गया कि उपरोक्त कार्य को लोक निर्माण विभाग द्वारा बहुत ही धीमी गति से चलाया गया है। इस काम को अब लगभग दो वर्ष पूर्ण हो चुके हैं, लेकिन अभी तक सिर्फ तीन डंगों का ही कार्य पूर्ण हुआ है। डंगों का कार्य पूर्ण न होने के कारण बस गांव बरोगी तक ही जाती है। इस कारण आम लोगों को, स्कूल के बच्चों को व अध्यापकों को बहुत परेशानी हो रही है।


सड़क की मांग को लेकर डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश को ज्ञापन देते हुए ग्रामीण।

## न्यूज ब्रीफ

### बस की चपेट में आने से बुजुर्ग की मौत

**अनंत ज्ञान, सोलन।** धर्मपुर-सुबाथू मार्ग पर एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। इसमें दिलीप नामक एक बुजुर्ग व्यक्ति की जान चली गई। बताया जा रहा है कि दिलीप, लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में बतौर जूनियर इंजीनियर (जेई) के पद से सेवानिवृत्त हो चुके थे। वह सड़क की तरफ उतर रहे थे, तभी अचानक संतुलन बिगड़ने से बस के पिछले टायर की चपेट में आ गए। हादसे में दिलीप की मौके पर ही मृत्यु हो गई। यह पूरी घटना सड़क किनारे लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है और बस चालक से भी पूछताछ की जा रही है। इस हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वहीं, मामले की पुष्टि सोलन एएसपी राज कुमार ने की।

### सड़क हादसे में सतीवाला के उपप्रधान घायल

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर जिले के नाहन उपमंडल में एक सड़क दुर्घटना में सतीवाला पंचायत के उप-प्रधान यशवंत सिंह (40) गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा नाहन के शंभू वाला क्षेत्र में उस समय हुआ, जब उनकी बाइक फिसल गई और वह सड़क पर गिर पड़े। हादसे में यशवंत सिंह को सिर पर गंभीर चोटें आई हैं। स्थानीय लोगों द्वारा तुरंत उन्हें नाहन मेडिकल कॉलेज पहुंचाया गया, जहां उनकी हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने सीटी स्कैन और अन्य जरूरी जांचें शुरू कर दी हैं। घटना की सूचना मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

### तरसेम बने सलाहकार समिति के सदस्य



**अनंत ज्ञान, सोलन।** वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता एवं ऑल इंडिया कंज्यूमर वेलफेयर काउंसिल के वर्किंग चेयरमैन तरसेम भारती को आयकर विभाग द्वारा हिमाचल प्रदेश शिमला के लिए पुनर्गठित की जा रही क्षेत्रीय प्रत्यक्ष कर सलाहकार समिति के सदस्य के रूप में सहनामित किया गया है। यह समिति करदाताओं और आयकर विभाग के मध्य बेहतर समन्वय, पारस्परिक समझ और सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कार्य करती है। यह नामांकन तरसेम भारती की सार्वजनिक जीवन में पारदर्शिता, नीति सलाह तथा समाज सेवा में लंबे समय से निभाई जा रही प्रभावशाली भूमिका का प्रमाण है। तरसेम भारती ने इस प्रस्ताव पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल उनका नहीं, बल्कि हिमाचल के प्रत्येक जागरूक नागरिक का सम्मान है, जो पारदर्शिता और जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

### स्वयंसेवियों ने जंगल से हटाई चीड़ की पत्तियां




**आशीष, अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धुंदन के एनएसएस इकाई के 30 स्वयंसेवियों ने गर्मियों के चलते आगजनी घटनाओं से बचाव के लिए धुंदन मठ के नजदीकी जंगल में लगाए हुए पौधों से चीड़ की पत्तियों को हटाकर गुड़ाई की। एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी संतोष बट्टू और सुरेंद्र कुमार के नेतृत्व में बच्चों ने पौधों के बचाव व देखभाल के लिए कार्य किया। प्रधानाचार्य सरताज सिंह राठौर ने इस उत्कृष्ट कार्य के लिए बच्चों की सराहना की।

### गोरखा समुदाय की बेटियों ने लहराया परचम

**अनंत ज्ञान, नाहन।** हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के 10वीं और 12वीं कक्षा के नतीजों ने सिरमौर जिले के गोरखा समुदाय में खुशी की लहर दौड़ा दी है। जलापड़ी गांव की निहारिका गुरुंग ने 12वीं कक्षा में शानदार प्रदर्शन करते हुए 500 में से 433 अंक प्राप्त किए हैं। वहीं, गुन्नू घाट की सारिका बजगाई ने 10वीं कक्षा की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 700 में से 667 अंक हासिल किए हैं। इन दोनों बेटियों की इस सफलता पर सिरमौर गोरखा संगठन नाहन ने गर्व व्यक्त किया है। संगठन के प्रधान रणजीत सिंह राणा ने इन प्रतिभाशाली बेटियों और उनके परिवारों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि निहारिका और सारिका ने अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से यह महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर पूरे समुदाय को गौरवान्वित किया है।

### नालागढ़ व कंडाघाट में निकाली तिरंगा यात्रा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भारतीय सेना की ओर से चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर की सफलता पर नालागढ़ और कंडाघाट में भाजपा की ओर से तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इसमें भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा अन्य संगठनों के लोग भी शामिल हुए। इनमें पूर्व सैनिक लीग, विभिन्न महिला मंडलों और स्कूली-कालेज छात्र व छात्राएं भी शामिल हुए। रैली नालागढ़ के हेरिटेज पार्क से शुरू होकर रोपड़ चौक, अस्पताल मार्ग से बर्फानी चौक और कालका चौक से होते हुए वापिस हेरिटेज पार्क स्थित शहीद स्मारक पर संपन्न हुई। इस रैली में भाजपा के नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री राजीव सैजल भी शामिल हुए। वहीं भाजपा कार्यकर्ताओं के अलावा अन्य संगठनों के लोग भी शामिल हुए। रैली विश्राम गृह कंडाघाट से कंडाघाट बाजार से होकर चायल चौक तक निकली गई। रैली को भाजपा नेता रविंद्र परिहार, कश्यप, मदन ठाकुर सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। रैली में शहर व गांव के लोगों ने भी भाग लिया।

# चार दिन बाद हो रही पेयजल आपूर्ति

## वार्ड क्षेत्र की कॉलोनी में मांग अनुसार नहीं मिल रहा पानी, टैंकर का पानी खरीदने को मजबूर

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान**

**सोलन।** गर्मियों का आगाज होते ही शहर में पेयजल संकट गहराने लगा है। कारण है कि जल शक्ति विभाग की गिरि और अश्विनी उठाऊ पेयजल योजनाओं से मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है। इससे नगर निगम सोलन को शहरवासियों की प्यास बुझाना मुश्किल हो गया है। हालात ऐसे हैं कि शहर के वार्ड क्षेत्रों में तीन से चार दिन बाद पानी की आपूर्ति हो रही है।

लोगों को अब टैंकर का पानी खरीदकर गुजारा करना पड़ रहा है। इससे उपभोक्ताओं की मांग पूरा करना मुश्किल हो चुका है। शहर के अधिकतर वार्डों में ऐसे ही हालात हैं, जहां कुछ दिन पहले तक एक दिन छोड़कर पानी की सप्लाई की जा रही थी, वहीं अब सप्ताह में दो दिन ही लोगों को पानी मिल रहा है। इससे लोगों में नगर निगम के प्रति रोष पनप रहा है। आरोप है कि तीन से चार दिन बाद मिल रही पानी की सप्लाई के बावजूद गुजारा नहीं हो रहा है। प्रेशर नहीं होने से टंकियों में पानी नहीं पहुंच रहा है।




सोलन के राजगढ़ रोड पर टैंकर पानी लिफ्ट करते हुए।

### वार्ड क्षेत्रों में नहीं बने स्टोरेज टैंक

**निगम** ने शहर में पेयजल की आपूर्ति को बेहतर बनाने और उपभोक्ताओं को एक समान मात्रा में पेयजल की आपूर्ति करने के उद्देश्य से वार्ड क्षेत्रों में वाटर टैंकों का निर्माण निर्णय तो लिया पर इसके लिए जमीन ही उपलब्ध नहीं हो रही है। वार्ड क्षेत्रों में नगर निगम की जमीन तो है, लेकिन वाटर टैंक के निर्माण के लिए फिजीब्लिटी नहीं बन पा रही है। इसके चलते वाटर टैंकों के निर्माण की योजना सिरे चढ़ती नजर नहीं आ रही है। यदि कहीं जमीन उपलब्ध है भी, तो लोग सुरक्षा की दृष्टि से इसका विरोध कर रहे हैं। शहर के वार्ड क्षेत्रों में सरकारी जमीन भी उपलब्ध है, लेकिन इसकी निशानदेही का पता नहीं होने के चलते नगर निगम जोखिम नहीं लेना चाहती।

> **गर्मियों** में पानी की मांग बढ़ जाती है। शहरवासियों को मांग के मुताबिक पानी देने का पूरा प्रयास किया जा रहा है। टैंक रोड में अतिरिक्त वाटर स्टोरेज टैंक बनाने की योजना है। इससे काफी हद तक समस्या हल होगी। **उषा शर्मा, मेयर, नगर निगम, सोलन।**

### दिनोंदिन बढ़ रही समस्या

**गर्मियां** शुरू होते ही सोलन शहर में दिनों-दिन पेयजल संकट गहराने लगा है। नगर निगम की मानें, तो जल शक्ति विभाग से मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है। ऐसे में स्थानीय लोगों को अभी से पानी की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। बताया जा रहा है कि शहर की प्यास बुझाने वाली गिरि पेयजल योजना का पानी इन दिनों कुमारहट्टी और धर्मपुर भी भेजा जा रहा है। साथ ही राधा स्वामी सत्संग समागम के लिए भी जलशक्ति विभाग पानी दे रहा है। ऐसे में शहरवासियों को मांग अनुसार पानी नहीं मिल रहा है यदि स्थिति ऐसी ही रही, तो गर्मियां बढ़ते ही पानी की लिए हाहाकार मच जाएगी।

### दूरवर्ती क्षेत्रों में नहीं पहुंचता प्रेशर

**मुख्य** टैंकों में पानी की मात्रा कम होने की स्थिति में शहर के दूरवर्ती क्षेत्रों में पानी का प्रेशर नहीं पहुंच पाता। इसके चलते लोगों के घरों में लगी टैंकियों में पानी नहीं पहुंच पाता। सलोगड़ा, खुंडीधार, चंबाघाट, हाउसिंग कॉलोनी, कथेड़ और शामति क्षेत्रों में यह समस्या अधिक है। प्रेशर की कमी के चलते लोगों को मांगानुसार पानी नहीं मिलता, जिससे उन्हें प्राकृतिक जल स्रोतों पर निर्भर रहना पड़ता है। इसी को देखते हुए वार्ड क्षेत्रों में वाटर स्टोर टैंक निर्माण की योजना है। समस्या यह है कि वार्ड क्षेत्र में इसके लिए जमीन ही नहीं मिल रही है। निगम सरकारी जमीन पर भी टैंक बनाने को तैयार है, लेकिन जमीन की डिमार्केशन नहीं होने से यह संभव नहीं हो रहा है। जीआईएस से भी शहर में खाली जमीन की तलाश की जा रही है।

# पोवारी के साथ सतलुज नदी में ठेकेदार फेंक रहे मलबा



सतलुज नदी के समीप मलबा फेंकता हुआ एक डंपर।

**अनिल नेगी, अनंत ज्ञान**

**रिकांगपिओ।** पोवारी समीप लगातार सड़क निर्माण का काम करने वाले ठेकेदारों द्वारा सतलुज नदी में मलबा फेंका जा रहा है।

इसके चलते सतलुज नदी प्रदूषित होने के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में सेब बगीचों को भी भारी नुकसान झेलना पड़ रहा है। यह मामला पहले भी कई बार उठाया गया है, लेकिन गुपचुप तरीके से परियोजना में काम करने वाले ठेकेदारों के द्वारा सड़क चौड़ीकरण के दौरान निकले मलबे को सतलुज नदी के समीप फेंका जा रहा है। इसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। रोजाना सतलुज नदी पर फेंके जा रहे मलबे के कारण भारी ढेर लग गए हैं और निकट समय में यदि बारिश या सतलुज नदी का जलस्तर बढ़ता है, तो ऐसी स्थिति में यह मलबे का ढेर किसी बारूद से कम नहीं। ठेकेदारों द्वारा गुपचुप तरीके से फेंके जा रहे मलबे के कारण नदी में मौजूद व आसपास प्राकृतिक जीव-जंतु भी समाप्ति की कगार पर हैं। इस संदर्भ में डीसी किन्नौर डॉ. अमित कुमार शर्मा ने रिकांगपिओ में जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें सतलुज नदी में डंपरों द्वारा मलबा फेंकने का वीडियो मिला है और उक्त मलबा फेंकने वाले वाहन का चालान करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए हैं। साथ ही इस तरह के मामलों में संबंधित विभाग को निगरानी बनाए रखने के भी आदेश दिए हैं।

# दभोटा में शराब के ठेके खुलने के विरोध में किया प्रदर्शन

**भूपेंद्र चंदेल, अनंत ज्ञान**

**बद्दी।** उपमंडल की पंचायत दभोटा में शराब के ठेके के खुलने के विरोध में सैकड़ों ग्रामीणों और महिलाओं ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने ठेके के बाहर ठेकेदार और आबकारी विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। ग्रामीणों का कहना है कि जब तक ठेका बंद नहीं होता, उनका आंदोलन जारी रहेगा। इस दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम नालागढ़ के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजकर ठेका बंद करने की मांग उठाई।

दभोटा पंचायत के प्रधान कणवीर सिंह, उपप्रधान जगतार सिंह, संतोष कुमार, रावल सिंह, राजकुमार, गुरप्रीत सिंह, गुरचरण सिंह, रमन ने बताया कि हमारा गांव खिलाड़ियों का गांव है। यहां शराब ठेका खोलना हमारे युवाओं और गांव की पहचान पर हमला है। ठेका गांव के बीच में महज 200 मीटर के दायरे में खोला गया है, जो नियमों का उल्लंघन है। इससे पहले से ही माजरा रोड और माजरी रोड पर शराब के ठेके मौजूद हैं, अब तीसरा ठेका गांव में खोलना पूरी तरह गलत है। हम पहले दिन से इसका विरोध कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि 30 साल पहले भी गांव में शराब ठेके के खिलाफ आंदोलन हुआ था। इसमें गोलीकांड तक हो गया था। उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने इस पर गंभीरता नहीं दिखाई, तो हम आंदोलन को और उग्र करेंगे। एसडीएम नालागढ़ राजकुमार ने ज्ञापन मिलने की पुष्टि करते हुए बताया कि लोगों ने ठेके के विरोध में ज्ञापन सौंपा है, जिसे उचित कार्रवाई के लिए संबंधित मंच पर भेज दिया जाएगा।

# नाहन बस स्टैंड में एचआरटीसी के कर्मियों और यात्रियों के बीच मारपीट

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर जिला मुख्यालय नाहन स्थित मुख्य बस स्टैंड पर मंगलवार सुबह एचआरटीसी के कर्मियों और यात्रियों के बीच तीखी झड़प के बाद मारपीट हुई।

यह घटना सुबह करीब 5 बजे की है, जिसका वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि दोनों पक्षों के बीच लात-घूंसे चल रहे हैं। वहीं, कुछ लोग बीच-बचाव की कोशिश भी कर रहे हैं। एचआरटीसी की ओर से बस चालक अरुण कुमार ने इस संबंध में शहर की कच्चा टैंक पुलिस चौकी में शिकायत दर्ज करवाई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



### पुलिस ने शुरू की जांच

**कच्चा** टैंक पुलिस चौकी के प्रभारी अनिल कुमार ने बताया कि चालक की शिकायत के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना की जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

### दरवाजे के बहाने शुरू हुआ विवाद

**नाहन** बस स्टैंड के सहायक अड्डा प्रभारी धर्मेंद्र ने बताया कि यह घटना पांवटा साहिब-नाहन-शिमला सुपरफास्ट बस के रवाना होने से पहले की है। चालक बस स्टैंड में बस को बैक कर रहा था। इसी बीच परिचालक ने बस को रुकने के बाद ही सवारियों को चढ़ने के लिए बोला। इसी बीच एक युवक ने दरवाजा को जोरदार से पटककर बंद कर दिया। इससे परिचालक के माथे पर चोट आई। इसी बीच बहस हो गई। युवक ने अपने कुछ दोस्तों को भी मौके पर बुला लिया और परिचालक के साथ मारपीट करना शुरू कर दी। इसकी शिकायत पुलिस में दर्ज करवाई गई है। मारपीट के दौरान एक कर्मचारी की वर्दी भी फाड़ दी गई।

# सिरमौर के अस्पतालों में पहुंची स्नेक एंटी वेनम

**एसपी जैरथ, अनंत ज्ञान, नाहन।** जिले के सभी 42 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों और पांच प्रमुख अस्पतालों में स्नेक एंटी वेनम और एंटी रेबीज वैक्सीन की पर्याप्त मात्रा में आपूर्ति की जा चुकी है। बीते शनिवार को नाहन विधानसभा क्षेत्र के सिंबल वाला गांव में एक 14 वर्षीय बच्ची कातीजा को जहरीले सांप ने काट लिया। मरीज को तुरंत नाहन मेडिकल कॉलेज ले जाया गया, जहां उपलब्ध एंटी वेनम के चलते मात्र तीन घंटे में ही बच्ची की तबीयत में सुधार आ गया। सीएमओ डॉ. अमिताभ जैन ने बताया कि वर्ष 2024-25 में जिले में स्नेक बाइट के 146 मामले दर्ज किए गए थे। हालांकि, एंटी वेनम की उपलब्धता और जागरूकता के चलते इन मामलों में कोई मौत नहीं हुई। सीएमओ ने बताया कि स्नेक बाइट के साथ-साथ डॉग बाइट और मंकी बाइट के मामलों के लिए भी जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्रों में एंटी रेबीज वैक्सीन उपलब्ध कराई गई है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी भी सर्पदंश या अन्य जानवर के काटने की स्थिति में झाड़-फूंक के चक्कर में न पड़ें, बल्कि तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाएं।



# परिसीमन संबंधी आक्षेप 21 मई तक होंगे दर्ज

**अनंत ज्ञान, नाहन।** जिला पंचायत अधिकारी विनय कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि 2025 में होने वाले पंचायतीराज संस्थाओं के सामान्य निर्वाचन के लिए जिला परिषद के निर्वाचन क्षेत्रों का परिसीमन निर्धारण कर सूची जनसाधारण के लिए अवलोकन के लिए अधिसूचित की गई है। उन्होंने बताया कि जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) के परिसीमन संबंधी आक्षेप अथवा सुझाव जन साधारण द्वारा सात दिनों के भीतर दर्ज करवाए जाने थे, जिसे अब बढ़ाकर 21 मई कर दिया गया है, अब जन साधारण जिला परिषद निर्वाचन क्षेत्रों (वार्डों) के परिसीमन संबंधी आक्षेप अथवा सुझाव 21 मई, सायं 5 बजे तक लिखित रूप में डीसी सिरमौर को प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्वाचन क्षेत्रों की परिसीमन सूची एसडीएम नाहन, पांवटा साहिब, संगड़ाह, शिलाई, कफोटा, पच्छाद व राजगढ़ कार्यालय तथा सचिव जिला परिषद एवं जिले के सभी खंड विकास अधिकारी कार्यालय व जिले के सभी ग्राम पंचायतों में उपलब्ध है।

# 70 खिलाड़ियों ने दिखाया हुनर, अब आईपीएल की तर्ज पर होगी नीलामी

**बीआर चौहान, अनंत ज्ञान**

**राजगढ़।** राजगढ़ तहसील स्तरीय एलिट क्रिकेट चैंपियनशिप ट्रॉफी के लिए खिलाड़ियों के चयन के लिए ट्रायल्स का आयोजन नेहरू ग्राउंड राजगढ़ में हुआ।

इस अवसर पर पूर्व-पंजीकृत खिलाड़ियों ने अपने शानदार प्रदर्शन से उपस्थित चयनकर्ताओं का ध्यान आकर्षित किया। खिलाड़ियों के प्रदर्शन का मूल्यांकन पांच फ्रेंचाइजी टीमों स्पार्टन वॉरियर्स, गरुड़ 11, नाइट हॉक, आरएमजे और महादेव वॉरियर्स के ऑनर्स द्वारा किया गया। प्रतियोगिता संयोजक विजय कुमार ने बताया कि ट्रायल में लगभग 70 खिलाड़ियों ने भाग लिया। करीब 15-20 खिलाड़ी जिला स्तरीय चैंपियनशिप में व्यस्त होने के कारण ट्रायल्स में शामिल नहीं हो सके। इसके

**विजेता टीम को 60,000 का नकद पुरस्कार व ट्रॉफी की जाएगी प्रदान**

बावजूद, सभी पंजीकृत खिलाड़ियों को आगामी नीलामी सूची में शामिल किया जाएगा। नीलामी प्रक्रिया आईपीएल की तर्ज पर आयोजित की जाएगी। इसमें प्रत्येक फ्रेंचाइजी टीम खिलाड़ियों पर बोली लगाएगी। नीलामी की तिथि जल्द ही एलिट क्रिकेट चैंपियनशिप के आधिकारिक फेसबुक पेज पर साझा की जाएगी। इस प्रतियोगिता के मैच प्रस्तावित नौणी ग्राउंड में आयोजित किए जाएंगे। टूर्नामेंट विजेता टीम को 60,000 का नकद पुरस्कार व ट्रॉफी प्रदान की जाएगी, जबकि उपविजेता टीम को 40,000 नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

# अर्की अस्पताल में नहीं हड्डी रोग विशेषज्ञ

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** अर्की अस्पताल में लंबे समय से हड्डी रोग विशेषज्ञ व एक एमबीबीएस के पद रिक्त होने के चलते क्षेत्र में विभाग व स्थानीय नेताओं के खिलाफ भारी रोष पनप रहा है।

अर्की अस्पताल के लिए एक हड्डी रोग विशेषज्ञ के आदेश हुए थे, लेकिन विभाग की लापरवाही के चलते ट्रेनिंग किए स्पेशलिस्ट विशेषज्ञ को एक माह के भीतर उन्हें नियुक्त किया जाना चाहिए था, लेकिन पीरियड समाप्त होने के बाद उस विशेषज्ञ ने अर्की अस्पताल में ज्वाइन नहीं किया और आज तक किसी भी अन्य हड्डी रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति सरकार व विभाग द्वारा नहीं की गई है। इसके चलते मरीजों व तीमारदारों को शिमला या सोलन के धक्के खाने के साथ ही आर्थिक नुकसान भी सहना पड़ा रहा है। शुक्रवार 17 मई को अर्की उपमंडल में एक बस पलट गई। दुर्घटना में हड्डी की चोट से पीड़ित यात्रियों को अपनी जांच के लिए शिमला जाना पड़ा, जिससे अर्की अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा की पोल खुल गई। अर्की अस्पताल राष्ट्रीय राजमार्ग से कुछ ही दूरी पर है तथा कोई भी हादसा होने पर सबसे पहले अर्की अस्पताल ही नजदीक पड़ता है क्योंकि सोलन या शिमला लगभग 45 किलोमीटर दूर हैं यदि इस अस्पताल में ही स्वास्थ्य सेवाओं के ये हाल हैं, तो ग्रामीण क्षेत्रों का क्या हाल होगा। इस कारण अर्की अस्पताल केवल रेफर करने वाला यूनिट ही रह गया है, जब अर्की के विधायक के पास स्वास्थ्य विभाग की कमान थी, तो अर्की अस्पताल में चिकित्सकों की कमी नहीं होती थी। अर्की क्षेत्रवासियों की मुख्यमंत्री, स्वास्थ्य मंत्री व स्थानीय विधायक से मांग है कि जल्द अर्की अस्पताल में हड्डी रोग विशेषज्ञ की नियुक्ति की जाए।



> **अस्पताल** में किसी भी प्रकार की कमी के बारे में हर माह अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी जाती है तथा हड्डी रोग विशेषज्ञ की कमी के बारे में भी अधिकारियों को रिपोर्ट भेज दी गई है।
> **प्रदीप शर्मा, एमओ इंचार्ज अर्की अस्पताल।**

# मॉक ड्रिल के जरिए वन संपदा को आगजनी की घटनाओं से बचाना सीखा



वन आगजनी के दृष्टिगत फॉरेस्ट फायर मॉक ड्रिल का किया आयोजन।

**अनुराग गुप्ता, अनंत ज्ञान**

**पांवटा साहिब।** जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर ने ग्राम बनेठी में एनडीआरफ, वन विभाग, अग्निशमन विभाग, होमगार्ड विभाग के सौजन्य व समन्वय से वन आगजनी के दृष्टिगत फॉरेस्ट फायर मॉक ड्रिल का आयोजन किया।

इमसें एनडीआरफ, वन विभाग, वन मित्र, होमगार्ड अग्निशमन विभाग, जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने हिस्सा लिया। मॉक ड्रिल का उद्देश्य वन संपदा को आगजनी की घटनाओं से बचाना साथ ही विभागीय समन्वय में तालमेल, क्षमता निर्माण, तैयारियों का जायजा, राहत एवं बचाव कार्य की बारीकियां, जनमानस की वन आगजनी की घटनाओं में सहयोग, वन आगजनी में क्या करें व न करें व कैसे वन आगजनी की घटनाओं को कम किया जा सके विषय पर फॉरेस्ट फायर मॉकड्रिल आयोजित की गई। डीसी सिरमौर के दिशा-निर्देश अनुसार इस फॉरेस्ट फायर मॉकड्रिल में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सिरमौर से अरविंद चौहान (जिला समन्वयक), वन विभाग से रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर-जमटा, होमगार्ड विभाग से सोमदत्त, संतोष देवी अग्निशमन विभाग से एलफएम रमेश चंद, एफएम रामदयाल शर्मा, परमिंद्र कुमार, चालक जोगिंद्र सिंह, एनडीआरएफ, कमांडिंग ऑफिसर बलजिंद्र सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह नेगी, सबइंस्पेक्टर मोहित कुमार, कांस्टेबल प्रेमजीत, कांस्टेबल पूर्ण माल 26 जवान सहित वन मित्र तथा 140 स्थानीय ग्रामीणों ने इस फॉरेस्ट फायर मॉकड्रिल में विशेष रूप से भाग लिया।

**आयोजन** राज्य स्तरीय माता शूलिनी मेले के आयोजन के संबंध में बैठक आयोजित

# हमारी संस्कृति हमारी परंपराओं में निहित : शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि हिमाचल की विशिष्ट संस्कृति यहां की उच्च परंपराओं में निहित है और परंपराओं के निर्वहन के साथ-साथ संस्कृति का संरक्षण हम सभी का दायित्व है।

डॉ. शांडिल 20 से 22 जून तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय माता शूलिनी मेले के आयोजन के संबंध में बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। डॉ. शांडिल ने कहा कि सोलन की अधिष्ठात्री देवी मां शूलिनी को समर्पित यह मेला सोलन के साथ-साथ पड़ोसी जिलों और देश-विदेश में अपनी विशिष्टता के लिए जाना जाता है। हमारी परंपराएं जन-जन को सकारात्मक रूप से आगे बढ़ने का संदेश देती हैं। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी यह सुनिश्चित बनाया जाएगा कि मां शूलिनी से संबंधित विभिन्न परंपराओं का पूर्ण निर्वहन हो। उन्होंने कहा कि यह मेला सोलन शहर सहित विभिन्न स्थानों में उल्लास का प्रतीक है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि 20 से 22 जून के मध्य आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय शूलिनी मेले के अवसर पर अपने-अपने घरों को दीपावली की तरह सजावटी लाइटों के साथ सजाएं। उन्होंने नगर निगम सोलन के सभी वार्डों में प्रकाश व्यवस्था के संबंध में प्रतियोगिता करवाने का सुझाव भी दिया। डॉ. शांडिल ने कहा कि मेले के दौरान तहबाजारी के कारण अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि मेले में तहबाजारी के लिए आने वाले व्यापारियों का पंजीकरण किया जाए। यह पंजीकरण मेले की आरंभ तिथि से एक सप्ताह पहले किया जाना चाहिए। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि शूलिनी मेला संभवत: एक मात्र ऐसा आयोजन है, जिसमें तीन दिनों तक लगातार जगह-जगह भंडारों का आयोजन किया जाता है। इन तीन दिनों में मां के दर्शन करने आने वाले एवं मेला देखने वाला कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं रहता। उन्होंने जिला प्रशासन को निर्देश दिए कि इस अवधि में लगने वाले भंडारों के लिए स्थान चिन्हित करें और भंडारों में दिए जा रहे भोजन का नियमित निरीक्षण करें। उन्होंने निर्देश दिए कि ऐसी व्यवस्था बनाई जाए कि केवल पंजीकृत व्यक्ति ही भंडारों का आयोजन कर सकें।

उन्होंने निर्देश दिए कि सोलन शहर में सभी व्यवस्थाओं को यथावत बनाए रखते हुए स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता कार्य में संलग्न सफाई कर्मियों और स्वयं सेवियों को सम्मानित भी किया जाएगा। डॉ. शांडिल ने कहा कि मेला अवधि में शहर में पुलिस व्यवस्था को सुचारू रखा जाए, ताकि किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस कर्मी स्थल पर त्वरित पहुंच सकें। उन्होंने आमजन की सुविधा के लिए शहर के विभिन्न स्थानों पर ई-शौचालय स्थापित करने के निर्देश भी दिए। डीसी एवं मां शूलिनी मेला समिति के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा ने मुख्यातिथि को मेला आयोजन के संबंध में की जा रही तैयारियों से अवगत करवाया।




शूलिनी मेले को लेकर आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते स्वास्थ्य मंत्री शांडिल।

# सीएम के आश्वासन के बाद 8 ग्रामीण क्षेत्रों से टीसीपी हटाने की उम्मीद जगी

**प्रेम, अनंत ज्ञान**

**कंडाघाट।** चायल क्षेत्र की आठ ठेठ ग्रामीण पंचायतों के गांवों में नियमों को ताक पर रखकर टाउन एंड कंट्री प्लानिंग कानून लगाया गया है। इसे हटाने की मांग पिछले आठ सालों से उठाई जा रही है, लेकिन किसी ने सुनवाई नहीं की। इस मांग को प्रदेश के मुख्यमंत्री के पास उठाया गया।

उन्होंने तुरंत जांच और इसकी रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए और इस बारे आश्वासन दिया कि गांव है, तो वहां टीसीपी का कोई काम नहीं। इस आश्वासन के बाद लोगों में उम्मीद जगी है कि उनके गांवों से लगाया गया टाऊन एंड कंट्री प्लान का कानून हटाया जा सकेगा। क्षेत्र की ग्राम पंचायत सकोड़ी में सरकार गांव के द्वार कार्यक्रम में चायल क्षेत्र का यह मामला प्रदेश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता और सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल के समक्ष उठाया। इस मांग को उचित बताने के साथ इस पर जल्द कार्रवाई करते हुए क्षेत्र के लोगों के प्रतिनिधिमंडल को मुख्यमंत्री से मिलवाया। प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि क्षेत्र की 8 पंचायतों के करीब 100 गांवों और उपगावों में पिछली सरकारों के समय टीसीपी लगाया गया। क्षेत्र के कई ठेठ पहाड़ी गांव, जहां अभी तक बस योग्य सड़क नहीं, बस तक पहुंचने के लिए आठ किलोमीटर तक का पैदल रास्ता तय करना पड़ता है, गांव में जीवन जीने के लिए आवश्यक सुविधाएं प्राप्त नहीं, वहां शहरी कानून लगाया गया है। गांव में शहरी कानून को लगाने से लोगों को परेशानी और समस्याएं आ रही हैं। ग्रामीणों को निर्माण कार्य और भूमि संबंधित छोटे-मोटे काम के लिए भी टीसीपी के चक्कर काटने पड़ते हैं। कई ग्रामीण कार्यों के लिए अब टीसीपी की अनुमति लेनी होती है। मुख्यमंत्री के समक्ष इससे जुड़ा एक गंभीर विषय लिखित तौर से दिया गया कि जिस परियोजना के नाम पर गांवों में टीसीपी थोपा गया है उसे लगाते समय मनमर्जी और लोकतांत्रिक मूल्यों और नियमों को ताक पर रखा गया। इसकी जांच की भी मांग की गई है।




# सरकार प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध : सैनी

**जगदीश शर्मा, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि राज्य सरकार पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने पुलिस और सिविल प्रशासन को निर्देश दिए कि वे जमीनी स्तर पर एक टीम के रूप में कार्य करें ताकि अपराध और अपराधियों का प्रभावी तरीके से खात्मा किया जा सके। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य हरियाणा को एक 'शून्य अपराध राज्य' बनाना है। मुख्यमंत्री आज सिविल सचिवालय में अपराध और कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर आयोजित राज्य स्तरीय बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

इस बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, गृह विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता, पुलिस महानिदेशक शत्रुजीत कपूर, जेल महानिदेशक मोहम्मद अकील, हरियाणा पुलिस हाउसिंग कॉरपोरेशन के प्रबंध निदेशक ओपी सिंह सहित अधिकारी उपस्थित थे।



## अपराध दर में आई कमी

**मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में हरियाणा में अपराध दर में उल्लेखनीय गिरावट आई है, लेकिन इसे पूरी तरह खत्म करने के लिए निरंतर और लक्षित प्रयास जारी रखने होंगे। उन्होंने पुलिस को निर्देश दिया कि थाने में आने वाले हर व्यक्ति की बात ध्यान से सुनी जाएं, शिकायतों की तुरंत एफआईआर दर्ज की जाएं और उस पर त्वरित कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि इससे पीड़ितों को समय पर न्याय मिलेगा और पुलिस के प्रति जनता का विश्वास भी मजबूत होगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी शिकायतकर्ता को एफआईआर दर्ज करवाने के लिए बार-बार थाने के चक्कर न लगाने पड़ें। यदि किसी कारणवश एफआईआर दर्ज नहीं की जा सकती, तो पुलिस को उसे स्पष्ट कारणों की जानकारी देनी होगी ताकि शिकायतकर्ता संतुष्ट हो सके।

## ड्रग्स के खिलाफ राज्य सरकार के अभियान दे रहे सकारात्मक परिणाम

**मुख्यमंत्री** ने नशे के खिलाफ राज्य सरकार द्वारा चलाए गए अभियानों जैसे 'साइक्लोथॉन' और जागरूकता कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए बताया कि इन पहलों से युवाओं में नशे के दुष्प्रभावों को लेकर सकारात्मक जागरूकता फैली है। उन्होंने कहा कि सिर्फ युवा ही नहीं, समाज के सभी वर्गों ने इन अभियानों में उत्साहपूर्वक भाग लिया है, जिससे नई पीढ़ी को नशे से दूर रखने में मदद मिली है।

## सीमावर्ती जिलों और संवेदनशील इलाकों में पुलिस की निगरानी बढ़ेगी

**मुख्यमंत्री** नायब सिंह सैनी ने बैठक के दौरान पुलिस को निर्देश दिए कि ग्राम स्तर पर सरपंचों और अन्य गणमान्य व्यक्तियों की भागीदारी सुनिश्चित कर नशे के खिलाफ अभियान को और मजबूत किया जाए। उन्होंने कहा कि जो लोग पहले से नशे की गिरफ्त में हैं, उन्हें तुरंत नशा मुक्ति केंद्रों में उपचार की सुविधा मिलनी चाहिए। राज्य के सभी नशा मुक्ति केंद्रों की नियमित जांच की जाए ताकि दवाइयों और जरूरी संसाधनों की उपलब्धता बनी रहे। सीमावर्ती जिलों और संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाकर नशे की सप्लाई और मांग के नेटवर्क को तोड़ने के निर्देश दिए गए हैं।

# सड़क सुरक्षा बढ़ाने के लिए जिला समिति ने की बैठक

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

सड़क सुरक्षा बढ़ाने और सुरक्षित शहरी गतिशीलता सुनिश्चित करने के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए, चंडीगढ़ प्रशासन ने आज चंडीगढ़ के उपायुक्त निशांत कुमार यादव की अध्यक्षता में एक व्यापक जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की।

बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (यातायात और सुरक्षा), चंडीगढ़ प्रशासन के मुख्य अभियंता, चंडीगढ़ नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और चंडीगढ़ के मुख्य वास्तुकार के अलावा अन्य प्रमुख विभागों के प्रतिनिधियों ने सक्रिय भागीदारी की। सत्र में शहर भर में यातायात विनियमन, पैदल यात्रियों की सुरक्षा और बुनियादी ढांचे में सुधार की तत्काल आवश्यकता पर ध्यान केंद्रित किया गया।

उपायुक्त ने इन उपायों के समय पर कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए निर्बाध अंतरविभागीय समन्वय की आवश्यकता को दोहराया। पुलिस, इंजीनियरिंग विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम, इंजीनियरिंग विंग, वास्तुकला विभाग के बीच सहयोग प्रशासन के सड़क सुरक्षा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## ट्रैफिक सिग्नल टाइमर

पैदल यात्रियों की सुरक्षा की आवश्यकता को समझते हुए, उपायुक्त ने प्रमुख चौराहों पर उल्टी गिनती टाइमर के साथ ट्रैफिक लाइट लगाने की सिफारिश की। ये टाइमर पैदल यात्रियों को सुरक्षित क्रॉसिंग अवधि का आकलन करने में सहायता करेंगे, विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और विकलांग व्यक्तियों की सहायता करेंगे।

## साइकिल ट्रैक

बैठक के दौरान चेयरमैन को बताया गया कि पूरव मार्ग पर साइकिल ट्रैक बिछाने के लिए आवश्यक प्रशासनिक और वित्तीय मंजूरी मिल गई है और जल्द ही इस पर काम शुरू हो जाएगा।

## 'नो हॉर्निंग' साइनेज लगाना

डिप्टी कमिश्नर ने अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास 'नो हॉर्निंग' जोन बनाने की तत्काल आवश्यकता पर जोर दिया। अत्यधिक हॉर्न बजाने से ध्वनि प्रदूषण होता है, जो विशेष रूप से उन क्षेत्रों में हानिकारक है, जहां शांति और एकाग्रता की आवश्यकता होती है। यह पहल जिम्मेदार ड्राइविंग व्यवहार को बढ़ावा देने और चंडीगढ़ भर में शोर-संवेदनशील क्षेत्र बनाने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

## न्यूज ब्रीफ

### अटावा में मंदिर को तोड़ने के आदेश, लोगों में आक्रोश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** अटावा गांव स्थित एकमात्र प्राचीन मंदिर को कल तोड़े जाने की सूचना से स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश और दुख देखा जा रहा है। यह मंदिर नगर निगम चंडीगढ़ के अस्तित्व में आने से पहले का बना हुआ है और वर्षों से ग्रामीणों की आस्था का केंद्र रहा है। सीनियर डिप्टी मेयर जसबीर सिंह बंटी ने इस संबंध में चिंता जताते हुए कहा, गांव अटावा में यह इकलौता मंदिर है। यदि इसे भी तोड़ दिया गया, तो लोग माता के दर्शन और पूजा-पाठ के लिए कहां जाएंगे? यह केवल एक इमारत नहीं, बल्कि लोगों की आस्था और भावना से जुड़ा धार्मिक स्थल है। लोगों की धार्मिक भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना निंदनीय है।

### विकास के नाम पर करवाई तोड़फोड़ : नरेश

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश प्रवक्ता नरेश अरोड़ा ने प्रशासन द्वारा 21 धार्मिक स्थलों को तोड़ने के नोटिस पर कड़े शब्दों मे आलोचना की। नरेश अरोड़ा ने कहा कि चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी को सांसद बने एक साल हो गया परंतु उन्होंने चंडीगढ़ के विकास में एक भी पत्थर नहीं लगाया, उसके उलट चंडीगढ़ में बसे सैकड़ों लोगों को इंडस्ट्रियल एरिया की झुग्गी बस्ती हटाकर उजाड़ा, उसके बाद सेक्टर 25 में वर्षों से बैठे हुए लोगों की झुग्गियां तोड़कर उनको वहां से उजाड़ा, और अब 21 धार्मिक स्थलों को तोड़ने का नोटिस दिया है, सांसद तिवारी लोगों को परेशान करने का कोई भी मौका नहीं छोड़ रहे जब से वह सांसद बने हैं तब से प्रशासन के साथ मिलकर तोड़फोड़ की कार्रवाई तेज कर दी है।

### कांग्रेस ने धार्मिक स्थलों को तोड़ने की निंदा की

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने चंडीगढ़ प्रशासन और नगर निगम द्वारा शहर में 21 धार्मिक ढांचों को तोड़ने के मनमाने निर्णय की कड़े शब्दों में निंदा की है। कांग्रेस नेताओं ने इस कदम को असंवेदनशील और राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है तथा प्रशासन से इन तोड़फोड़ की कार्रवाई को तुरंत रोकने और धार्मिक स्थलों को सम्मानपूर्वक एवं वैध रूप से नियमित करने के लिए एक समग्र नीति बनाने की मांग की है। चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की ने इस मुद्दे पर भाजपा नेतृत्व की चुप्पी पर गहरी चिंता जताई। कांग्रेसने चंडीगढ़ प्रशासन से अपील की है कि वह प्रस्तावित तोड़फोड़ की कार्रवाई को तुरंत रोके और जनप्रतिनिधियों सहित सभी हितधारकों के साथ रचनात्मक संवाद शुरू करे।

# एनएचपीसी लिमिटेड बिजनेस फिलोसोफी का एक अभिन्न अंग

**राकेश, अनंत ज्ञान**

**चंडीगढ़।** सीएसआर (कॉर्पोरेट सोशल रेस्पॉन्सिबिलिटी) एनएचपीसी लिमिटेड के बिजनेस फिलोसोफी का एक अभिन्न अंग रहा है। एनएचपीसी लिमिटेड सामाजिक कल्याण को ध्यान में रखते हुए एवं नैतिक व्यवहार बनाए रखते हुए, सामाजिक रूप से जिम्मेदार तरीके से अपने व्यवसाय का संचालन कर रहा है।

सीएसआर के अंतर्गत एक और कदम बढ़ाते हुए, एनएचपीसी लिमिटेड क्षेत्रीय कार्यालय चंडीगढ़ के कार्यपालक निदेशक निर्मल सिंह के कुशल मार्गदर्शन में, पंजाब के संत लोंगोवल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीन्यरिंग टेक्नालजी, संगरूर, पंजाब को प्रदान किए गए साइकिलवन बाईसीकल शेयरिंग सिस्टम का शुभारंभ किया गया। इसके लिए एनएचपीसी द्वारा सीएसआर के अंतर्गत प्रदान की जाने वाली सहयोग राशि रुपए 11.50 लाख है।



साइकिलवन बाइसिकल शेयरिंग सिस्टम एक सॉफ्टवेर एप्प संचालित स्मार्ट बाइक सिस्टम है जो कि मोबाइल एप्प के द्वारा कार्य करेगा। यह परिवहन का एक सुविधाजनक तरीका प्रदान करेगा जिससे छात्र/छात्राएं आसानी से वशाल परिसर में क्लासरूम, हॉस्टल तथ अन्य सुविधाओं तक समय की बचत करते हुए आ जा सकते हैं। यह छात्र/छात्राओं की शारीरिक गतिविधि एवं एक स्वस्थ जीवन शैली को भी बढ़ावा देगा।

इस सौहार्दपूर्ण एवं जनकल्याण हेतु किए गए कार्य के लिए संत लोंगोवल इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग टेक्नालजी , संगरूर, पंजाब के निदेशक एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा एनएचपीसी लिमिटेड की सराहना की गई एवं आभार व्यक्त किया।

# जिला अदालत ने जगतार सिंह को हथियार से जुड़े मामले में किया बरी

**अनंत ज्ञान, मोहाली**

मोहाली की जिला अदालत ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) के प्रमुख जगतार सिंह हवारा को हथियार और विस्फोटकों से जुड़े मामले में बरी कर दिया है। वर्ष 2020 में खरड़ में दर्ज इस मामले में हवारा को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पेश किया गया था और उस पर आर्म्स एक्ट व एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत आरोप लगाए गए थे।

हवारा इस समय पूर्व मुख्यमंत्री बेअंत सिंह की हत्या के मामले में उम्रकैद की सजा काट रहा है और दिल्ली की मंडोली जेल में बंद है। हवारा के वकील एडवोकेट जसपाल सिंह मंझपुर ने दावा किया कि यह हवारा के खिलाफ दर्ज अंतिम लंबित मामला था, जिसमें बरी होने के बाद अब वह पैरोल का पात्र है। अगस्त 2023 में अदालत ने हवारा पर आईपीसी की धारा 120-बी, धारा 25 आर्म्स एक्ट और धारा 4 और 5 एक्सप्लोसिव एक्ट के तहत आरोप तय किए थे।

एडवोकेट ने कहा की यह मामला पूरी तरह से झूठा था और इसमें कोई दम नहीं था। पुलिस अदालत में अपना पक्ष साबित करने में नाकाम रही, जिसके चलते हवारा को अदालत ने बरी कर दिया। उसके खिलाफ कुल 32 मामले दर्ज थे और यह अंतिम मामला था, जिसमें वह बरी हुआ। अब वह कानूनी रूप से पैरोल के योग्य है।

# सूरजमुखी की खरीद के लिए खोली 17 मंडियां

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने ऐलान किया है कि हरियाणा खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता विभाग जल्द ही सूरजमुखी की खरीद शुरू करेगा। रबी विपणन सीजन 2025-26 के लिए आगामी 1 जून से 30 जून तक सूरजमुखी की खरीद की जाएगी।

राज्य में सूरजमुखी की खरीद के लिए अब तक 17 मंडियां खोली जा चुकी हैं। सरकार ने सूरजमुखी का न्यूनतम समर्थन मूल्य 7,280 रुपए प्रति क्विंटल तय किया है। राज्य में कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के अनुसार इस वर्ष 44,062 मीट्रिक टन सूरजमुखी की पैदावार होने की संभावना है। हरियाणा की दो खरीद संस्थाएं हैफेड और हरियाणा वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन सूरजमुखी की खरीद करेंगी।

# सोना 490 रुपए टूटा, चांदी में 1,000 रुपए की गिरावट

**एजेंसी, नई दिल्ली।** कमजोर मांग के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में मंगलवार को सोने की कीमत 490 रुपए की गिरावट के साथ 96,540 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। इसी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 450 रुपए की गिरावट के साथ 96,130 रुपए प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) रह गई। मंगलवार को चांदी की कीमतें 1,000 रुपए गिरकर 97,500 रुपए प्रति किलोग्राम रह गईं, जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 98,500 रुपए प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। (अनंत ज्ञान)



# गोंडा : इनामी बदमाश सोनू एनकाउंटर में ढेर

**एजेंसी, गोंडा।** सोमवार की रात में उमरी बेगमगंज, खोडारे पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम से एक लाख के इनामी बदमाश कर्नलगंज के कादीपुर निवासी सोनू उर्फ भुर्रे से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ के दौरान सीने में गोली लगने से बदमाश ढेर हो गया। उस पर हत्या व लूट समेत अन्य धाराओं में कुल 52 मुकदमे दर्ज थे। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने बताया कि खोड़ारे पुलिस व एसओजी टीम ने सूचना पर सर्च अभियान शुरू किया। देर रात सोनू बिना नंबर की बाइक लेकर जा रहा था। पुलिस ने रोका तो वह भागने लगा और पुलिस ने पीछा किया तो खुद को गिरता देख उसने गोली चला दी। एक गोली थाना प्रभारी नरेंद्र राय के बुलेट प्रूफ जैकेट में लगी। इसके बाद पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें बदमाश के सीने में गोली लगी। उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बेलसर ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने बाबू ईश्वर शरण चिकित्सालय रेफर कर दिया। यहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। (अनंत ज्ञान)



# आज से 'बिहार बदलाव यात्रा' पर प्रशांत किशोर

**एजेंसी, नई दिल्ली।** 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव को लेकर तमाम पार्टियों की तैयारियां चल रही हैं। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर भी पीछे नहीं हैं। पार्टी में सियासी गतिविधियां तेज हैं। पीके 'मिशन 2025' को लेकर एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। सभी 243 सीटों पर अकेले लड़ने का ऐलान कर चुके हैं। इस बीच प्रशांत किशोर ने मंगलवार से 'बिहार बदलाव यात्रा' की सिताबदियारा से शुरू कर दी है। इससे पहले दो अक्तूबर 2022 से जन सुराज पदयात्रा के जरिए वे लगभग दो साल बिहार का एक राउंड लगा चुके हैं। इस बार यात्रा का नाम 'बिहार बदलाव यात्रा' है। इस यात्रा के जरिए सूबे का दौरा करेंगे। बिहार चुनाव को लेकर यह यात्रा काफी अहम मानी जा रही है। किशोर की यह यात्रा 120 दिन तक चलेगी और राज्य की सभी 243 विधानसभा सीट तक जाएगी। (अनंत ज्ञान)

## देश-विदेश

# आम आदमी पार्टी ने लॉन्च किया नया स्टूडेंट विंग 'एएसएपी'

**एजेंसी, नई दिल्ली**




दिल्ली में हार के बाद आम आदमी पार्टी (आप) अपनी ताकत बढ़ाने के लिए नई कोशिशों में जुट गई है। पार्टी ने मंगलवार को अपने स्टूडेंट विंग का गठन किया, जिसे एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट्स फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एएसएपी) नाम दिया है। पार्टी छात्र संगठन के जरिए युवाओं के बीच अपनी पकड़ को मजबूत करने की कोशिश करेगी। आने वाले दिनों में पार्टी दिल्ली यूनिवर्सिटी, जेएनयू समेत अन्य यूनिवर्सिटी में छात्र संघ का चुनाव इसी विंग के जरिए लड़ेगी।

पार्टी के मुखिया अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और कोचिंग टीचर से नेता बने अवध ओझा की मौजूदगी में दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में इसका ऐलान किया गया। इस दौरान विंग का 'लोगो' भी जारी किया गया।

करीब एक दशक में राष्ट्रीय पार्टी बन चुकी 'आप' ने एक बार फिर विस्तार योजना पर काम शुरू किया है। पार्टी एक तरफ जहां पंजाब में विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुट गई है तो दूसरी तरफ गुजरात में भी संगठन को मजबूत करने पर ध्यान दिया जा रहा है। इस बीच पार्टी ने अब स्टूडेंट विंग के जरिए कैंपस पॉलिटिक्स में अपनी पकड़ बनाने की कोशिश शुरू की है। (अनंत ज्ञान)

# मोदी 22 को बंगाल में 3 रेलवे स्टेशनों का करेंगे उद्घाटन

**एजेंसी, कोलकाता।** प्रधानमंत्री मोदी वीरवार को केंद्र की अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत पश्चिम बंगाल में तीन पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का उद्घाटन करेंगे। अधिकारियों ने बताया कि स्टेशन पानागढ़, कल्याणी घोषपाड़ा और जॉयचंडी पहाड़ उन 103 अमृत भारत रेलवे स्टेशनों में शामिल हैं जिनका उद्घाटन प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए देशभर में करेंगे। पानागढ़ और कल्याणी घोषपाड़ा पूर्वी रेलवे के अधिकार क्षेत्र में हैं, जबकि जॉयचंडी पहाड़ दक्षिण पूर्वी रेलवे का हिस्सा है। अधिकारियों ने बताया कि इन मौजूदा रेलवे स्टेशनों का नई यात्री सुविधाओं और सौंदर्यीकरण के साथ पूर्ण नवीनीकरण किया गया है। (अनंत ज्ञान)

# विदेश मंत्री जयशंकर ने आतंकवाद के खिलाफ नीदरलैंड के समर्थन को सराहा

**एजेंसी, द हेग**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने नीदरलैंड के प्रधानमंत्री डिक स्कोफ से मंगलवार को मुलाकात की और आतंकवाद के खिलाफ नीदरलैंड के दृढ़ रुख के लिए उनका आभार व्यक्त किया। जयशंकर अपनी तीन देशों की यात्रा के पहले चरण में यहां आए हैं। वह डेनमार्क और जर्मनी भी जाएंगे। पहलगाम में आतंकवादी हमले के बाद भारतीय और पाकिस्तानी सशस्त्र बलों के बीच चार दिनों तक जारी सैन्य कार्रवाई के बाद यह जयशंकर की पहली विदेश यात्रा है।

जयशंकर ने 'एक्स' पर लिखा, ''आज हेग में प्रधानमंत्री डिक स्कोफ से मुलाकात कर प्रसन्नता हुई। प्रधानमंत्री मोदी की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं दीं और आतंकवाद के खिलाफ नीदरलैंड के दृढ़ रुख के लिए उनका आभार व्यक्त किया।''

उन्होंने लिखा, ''भारत-नीदरलैंड साझेदारी को नई ऊंचाइयों पर ले जाने की उनकी प्रतिबद्धता की सराहना करता हूं। आश्वस्त हूं कि हमारी टीमें इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करेंगी।'' स्कोफ ने कहा कि वह प्रधानमंत्री के आधिकारिक निवास कैट्सहुइस में जयशंकर का स्वागत करके खुश हैं। उन्होंने जयशंकर के साथ द्विपक्षीय रणनीतिक साझेदारी पर चर्चा की। (अनंत ज्ञान)

# तेलंगाना राजभवन में 4 हार्ड डिस्क हुई चोरी

**एजेंसी, तेलंगाना**




तेलंगाना के राजभवन में चोरी की घटना सामने आई है। राजभवन परिसर में स्थित सुधर्मा भवन की पहली मंजिल के एक कमरे से चार हार्ड डिस्क चोरी हो जाने की खबर है। यह घटना 14 मई की रात को हुई, जिसमें एक हेलमेट पहने व्यक्ति ने कंप्यूटर रूम में घुसकर यह चोरी की। चोरी हुई हार्ड डिस्क में राजभवन के मामलों से जुड़ी महत्वपूर्ण फाइलें और रिपोर्ट्स थीं, जिससे इस घटना ने सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

राजभवन के कर्मचारियों ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से एक संदिग्ध की पहचान की है। फुटेज में दिखा कि एक व्यक्ति हेलमेट पहने कंप्यूटर रूम में घुसा हुआ और हार्ड डिस्क लेकर फरार हो गया। इस घटना के बाद राजभवन के कर्मचारियों ने तुरंत पंजागुट्टा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की तलाश कर रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह चोरी सुनियोजित लग रही है, क्योंकि संदिग्ध ने केवल हार्ड डिस्क को ही निशाना बनाया है। (अनंत ज्ञान)

# मदरसों के पाठ्यक्रम में जल्द शामिल होगा 'ऑपरेशन सिंदूर'

**एजेंसी, देहरादून।** उत्तराखंड मदरसा बोर्ड ने मंगलवार को कहा कि उत्तराखंड के मदरसों के पाठ्यक्रम में, हाल में भारतीय सैन्य बलों द्वारा पाकिस्तान और उसके कब्जे वाले कश्मीर में आतंकी ठिकानों को नष्ट करने के लिए चलाए गए 'ऑपरेशन सिंदूर' की गाथा को शामिल किया जाएगा। बोर्ड के अध्यक्ष मुफ्ती शमून कासमी ने एक बयान में कहा, ''हम मदरसों में सफल 'ऑपरेशन सिंदूर' की गाथा को शामिल करेंगे, ताकि हमारे मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों को यह मालूम हो सके कि यह ऑपरेशन क्या था और इसकी जरूरत क्यों पड़ी।'' उत्तराखंड में कुल 451 मदरसे हैं, जिनमें लगभग 50 हजार बच्चे पढ़ते हैं। कासमी ने नई दिल्ली में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। उन्होंने रक्षा मंत्री को 'ऑपरेशन सिंदूर' की सफलता के लिए बधाई दी। (अनंत ज्ञान)

# अहमदाबाद : चंडोला तालाब पर 8 हजार से ज्यादा अवैध निर्माण होंगे ध्वस्त

**एजेंसी, अहमदाबाद**



गुजरात के अहमदाबाद शहर में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ प्रशासन का एक्शन जारी है। अहमदाबाद नगर निगम ने अवैध अधिक्रमण हटाने के लिए दूसरे चरण का अभियान शुरू कर दिया है। इसके तहत 2.5 लाख वर्ग मीटर की भूमि से अतिक्रमण हटाया जाना है।

सूत्रों के अनुसार, चंदोला क्षेत्र में प्रशासन ने अतिक्रमण हटाने का काम शुरू भी कर दिया है। मौके पर भारी पुलिस बल को तैनात किया गया है। बता दें कि पहले चरण के अभियान में 1.5 लाख वर्ग मीटर की जमीन से अतिक्रमण हटाया गया था। पुलिस कमिश्नर जीएस मलिक ने कहा कि ये अवैध निर्माण अवैध बांग्लादेशी नागरिकों का ठिकाना बन चुके थे। डिमोलिशन के दूसरे चरण के दौरान एक जेसीपी, एक एडीसीपी, 6 डीसीपी, एसीपी और पीआई सहित कुल 3 हजार से ज्यादा पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे, 25 एसआरपी कंपनियां भी मौजूद रहेंगी। (अनंत ज्ञान)

# पोस्टर वॉर : कांग्रेस ने जयशंकर को जयचंद कहा-भाजपा ने राहुल को मीर जाफर बताया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



'ऑपरेशन सिंदूर' पर भाजपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वॉर जारी है। भाजपा के राहुल गांधी को मीर जाफर बताने के जवाब में कांग्रेस ने विदेश मंत्री एस जयशंकर को जयचंद करार दिया।

मंगलवार को शुरुआत भाजपा नेता अमित मालवीय ने की। उन्होंने दो पोस्टर जारी किए। एक में राहुल गांधी चेहरा पाकिस्तान आर्मी चीफ आसिम मुनीर के साथ मिक्स किया। हालांकि, पोस्ट में उन्होंने मुनीर के नाम का जिक्र नहीं किया। इसके जवाब में कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने दोपहर 3 बजे पोस्टर जारी किया। इसमें विदेश मंत्री एस जयशंकर को जयचंद करार दिया।

अमित मालवीय ने लिखा-राहुल ने प्रधानमंत्री को ऑपरेशन सिंदूर के सफल होने की बधाई तक नहीं दी। वह बार-बार पूछते हैं कि हमने कितने एयरक्राफ्ट खो दिए, लेकिन राहुल ने कभी यह नहीं पूछा कि भारतीय सेना ने इस लड़ाई में कितने पाकिस्तानी जेट मारे या कितने हवाई अड्डों को तबाह किया। मालवीय ने दूसरा पोस्टर जारी करते हुए राहुल को आज के समय का मीर जाफर बताया।

# शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट बिकवाली दबाव से सेंसेक्स 873 अंक लुढ़का

**एजेंसी, मुंबई**




स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में गिरावट आई और बीएसई सेंसेक्स 873 अंक का गोता लगा गया। एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और आईसीआईसीआई बैंक जैसे प्रमुख शेयरों में गिरावट से बाजार नुकसान में रहा।

तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 872.98 अंक यानी 1.06 प्रतिशत लुढ़क कर 81,186.44 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 905.72 अंक लुढ़क गया था। सेंसेक्स के तीस शेयरों में से 27 नुकसान में जबकि तीन लाभ में रहे। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 261.55 अंक यानी 1.05 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,683.90 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में इटर्नल (पूर्व में जोमैटो) में सबसे अधिक 4.10 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, पावर ग्रिड, नेस्ले, बजाज फाइनेंस, हिंदुस्तान यूनिलीवर और एशियन पेंट्स भी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं। (अनंत ज्ञान)

## मौसम

### महाराष्ट्र-झारखंड में बिजली गिरने से 7 मरे, राजस्थान-दिल्ली में हीट वेव का अलर्ट

# बेंगलुरु में भारी बारिश से 500 घर डूबे, 3 की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



मौसम विभाग ने मंगलवार को मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश समेत 11 राज्यों में आंधी-बारिश के साथ तूफान का अलर्ट जारी किया है। झारखंड में बिजली गिरने से 5 और महाराष्ट्र में 2 मौतें हुई हैं। झारखंड, बिहार समेत 13 राज्यों में भारी बारिश की चेतावनी है।

इधर, बेंगलुरु में सोमवार तेज बारिश जारी है। शहर की ज्यादातर सड़कें पानी में डूबी हैं। 500 से ज्यादा घरों में पानी भर गया। बीटीएम लेआउट में पानी भरे अपार्टमेंट में करंट लगने से 12 साल के बच्चे और 63 साल के बुजुर्ग की मौत हो गई। व्हाइटफील्ड में दीवार गिरने से 35 साल की महिला की मौत हो गई। मौसम विभाग ने बेंगलुरु में मंगलवार को भी तेज बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। राजस्थान, दिल्ली और हरियाणा में हीटवेव मौसम विभाग ने राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा और चंडीगढ़ में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। मैदानी इलाकों में मध्य प्रदेश के खजुराहो में पारा 46 डिग्री रिकॉर्ड किया गया। उत्तर प्रदेश का बांदा 46.6 डिग्री के साथ देश में सबसे ज्यादा गर्म रहा। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल-18 रिकॉर्ड




ऑरेंज कैप
**साई सुदर्शन**
617




पर्पल कैप
**प्रसिद्ध कृष्णा**
21



सिक्सर किंग
**निकोलस पूरन**
35

## अंक तालिका

| क्रमांक | टीम | मैच | जीत | हार | रद्द | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | गुजरात | 12 | 09 | 03 | 00 | 18 |
| 2. | बेंगलुरु | 12 | 08 | 03 | 01 | 17 |
| 3. | पंजाब | 12 | 08 | 03 | 01 | 17 |
| 4. | मुंबई | 12 | 07 | 05 | 00 | 14 |
| 5. | दिल्ली | 12 | 06 | 05 | 01 | 13 |
| 6. | कोलकाता | 13 | 05 | 06 | 02 | 12 |
| 7. | लखनऊ | 12 | 05 | 07 | 00 | 10 |
| 8. | हैदराबाद | 12 | 04 | 07 | 01 | 09 |
| 9. | राजस्थान | 13 | 03 | 10 | 00 | 06 |
| 10. | चेन्नई | 12 | 03 | 09 | 00 | 06 |

## स्पोर्ट्स विंडो

### बीसीसीआई का बड़ा फैसला, अहमदाबाद में होगा आईपीएल का फाइनल

**एजेंसी, मुंबई।** आईपीएल 2025 का फाइनल मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। इसी मैदान पर क्वालिफायर-2 भी खेला जाएगा। यह फैसला मंगलवार को बीसीसीआई की एक बैठक में लिया गया। बोर्ड ने बताया कि क्वालिफायर-1 और एलिमिनेटर मैच मोहाली के पास मुल्लानपुर स्टेडियम में खेला जाएगा। इतना ही नहीं, रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच 23 मई को बेंगलुरु में होने वाले मैच को बारिश के कारण लखनऊ शिफ्ट कर दिया है। भारत-पाकिस्तान तनाव के कारण 9 मई को आईपीएल को रोका गया था। फिर 17 मई से लीग के शेष मैचों की शुरुआत हुई। अब तक मौजूदा सीजन के 61 मैच खेले जा चुके हैं। अभी 13 मैच बचे हुए हैं। अब टीम बेंगलुरु के खिलाफ मैच तक लखनऊ में ही रुकेगी।

### ईसा गुहा का बेहतरीन अंदाज

**ईसा** गुहा भारतीय मूल की खिलाड़ी है जिन्होंने इंग्लैंड की ओर से काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। ईसा गुहा ने 2012 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इन्होंने भारत के खिलाफ 17 साल की उम्र में 2002 में अपना टेस्ट डेब्यू किया था और उन्हें बीबीसी एशियन नेटवर्क स्पोर्ट्स पर्सनालिटी ऑफ द ईयर का भी अवार्ड मिला है।



### मुंबई इंडियंस ने बेयरस्टो, ग्लीसन और असलंका को किया अनुबंधित



**एजेंसी, नई दिल्ली।** पांच बार की आईपीएल चैंपियन मुंबई इंडियंस ने 26 मई को टीम के अंतिम लीग मैच के बाद अपनी-अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ने के लिए रवाना होने वाले विदेशी खिलाड़ियों के एक समूह के विकल्प के तौर पर जॉनी बेयरस्टो, रिचर्ड ग्लीसन और चरिथ असलंका को अनुबंधित किया है। इंग्लैंड के विल जैक्स और दक्षिण अफ्रीका के रेयान रिकेल्टन और कॉर्बिन बॉश 26 मई को पंजाब किंग्स के खिलाफ मुंबई के अंतिम लीग मैच के बाद वापस लौट जाएंगे। आईपीएल की आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, ''जैक्स की जगह इंग्लैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो लेंगे जो 5.25 करोड़ रुपए में टीम में शामिल होंगे।'' विज्ञप्ति में कहा गया, ''इंग्लैंड के तेज गेंदबाज रिचर्ड ग्लीसन एक करोड़ रुपए के आधार मूल्य पर रेयान रिकेल्टन जबकि श्रीलंकाई बल्लेबाज चरिथ असलंका 75 लाख रुपए में कॉर्बिन बॉश की जगह लेंगे।'' मुंबई इंडियंस की टीम अभी अंक तालिका में शीर्ष चार में है और प्लेऑफ में अपनी जगह पक्की करने के लिए उसे बुधवार को दिल्ली कैपिटल्स को हराना होगा। तीनों वैकल्पिक खिलाड़ी प्लेऑफ चरण से ही उपलब्ध होंगे, बशर्ते कि मुंबई इंडियंस नॉकआउट दौर के लिए क्वालीफाई कर ले।(अनंत ज्ञान)

**आईपीएल** प्ले ऑफ के लिए दावा मजबूत करने उतरेंगी टीमें

# मुंबई और दिल्ली का आज होगा आमना-सामना

**एजेंसी, मुंबई**




एकमात्र उपलब्ध प्ले ऑफ स्थान के लिए चुनौती पेश कर रही मुंबई इंडियन्स और दिल्ली कैपिटल्स की टीम बुधवार को जब यहां आमने-सामने होंगी तो दोनों की नजरें इस मुकाबले को जीतकर अपना दावा मजबूत करने पर टिकी होंगी। मुंबई का पलड़ा हालांकि भारी नजर आ रहा है। टीम ने बेहद खराब शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की और अब शीर्ष चार में शामिल है। दिल्ली की शुरुआत काफी अच्छी रही थी लेकिन टीम अपने पिछले छह मैच में सिर्फ एक जीत दर्ज कर पाई है।

सोमवार को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ सुपरजाइंट्स की हार के साथ टीम की प्ले ऑफ में जगह बनाने की उम्मीद भी खत्म हो गई जिससे अब मुकाबला मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच होगा। गुजरात टाइटन्स, पंजाब किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने पहले ही नॉकआउट में जगह पक्की कर ली है। मुंबई इंडियंस (14 अंक) और दिल्ली कैपिटल्स (13 अंक) दोनों के पास प्ले ऑफ में जगह बनाने का मौका है लेकिन वानखेड़े स्टेडियम में मेजबान टीम प्रबल दावेदार के रूप में उतरेगी। मुंबई की जीत से उनके 16 अंक हो जाएंगे और टीम अक्षर पटेल की अगुवाई वाली टीम की पहुंच से बाहर हो जाएगी वहीं दिल्ली कैपिटल्स को आगे बढ़ने के लिए अपने बचे हुए दोनों मुकाबले जीतने की जरूरत है। दोनों टीमों को अपने आखिरी मुकाबले पंजाब किंग्स के खिलाफ खेलने हैं। मुंबई इंडियंस की फॉर्म और गहराई उनके पक्ष में है। टीम को हालांकि लगभग दो सप्ताह पहले गुजरात टाइटन्स के खिलाफ करीबी मैच में हार का सामना करना पड़ा था। लगातार छह जीत के बाद मुंबई को यह हार झेलनी पड़ी थी। जीत के साथ मुंबई की टीम प्लेऑफ में पहुंच जाएगी लेकिन हार की स्थिति में उनका भाग्य 24 मई को दिल्ली और पंजाब के बीच होने वाले मुकाबले के नतीजे पर निर्भर करेगा। महेला जयवर्धने के मार्गदर्शन में खेल रही टीम हालांकि दिल्ली को हराकर अगर-मगर पर विराम लगाना चाहेगी।

मुंबई के सुपरस्टार रोहित शर्मा पर सभी की नजरें होंगी क्योंकि टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा के बाद यह उनका पहला मैच होगा। यह अनुभवी बल्लेबाज अपनी पूरी ताकत झोंकने और अपनी टीम को जीत दिलाने के लिए उत्सुक होगा।

मुंबई की टीम अपने मौजूदा संयोजन का भी पूरा लाभ उठाना चाहेगी जिसमें रेयान रिकेल्टन और कॉर्बिन बॉश प्रमुख भूमिकाओं में हैं। प्लेऑफ से पहले ये दोनों दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रीय टीम के साथ जुड़ने के लिए रवाना होंगे।

सूर्यकुमार यादव बल्ले से अपनी बेहतरीन फॉर्म को जारी रखना चाहेंगे लेकिन मुंबई को तिलक वर्मा के लय हासिल करने की उम्मीद होगी। बाएं हाथ का यह बल्लेबाज मौजूदा सत्र में प्रभाव छोड़ने में विफल रहा है और पिछले पांच मैच में तीन बार दोहरे अंक में भी नहीं पहुंच पाया। दिल्ली को गुजरात के खिलाफ पिछले मैच में अपने शीर्ष तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क (14 विकेट) की कमी खली जो आईपीएल के बहाल होने पर वापस नहीं लौटे। स्टार्क की गैरमौजूदगी में दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ पिछला मैच 10 विकेट से गंवाया। कुलदीप यादव (12 विकेट) ने एक छोर से नियंत्रण बनाया है लेकिन कप्तान अक्षर के लिए यह सत्र काफी हद तक निराशाजनक रहा है जिन्होंने 263 रन बनाने के अलावा सिर्फ पांच विकेट चटकाए हैं।(अनंत ज्ञान)

**मैच : शाम 7:30 बजे से**

### संभावित टीमें

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज, रेयान रिकेल्टन, श्रीजीत कृष्णन, बेवन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिचेल सेंटनर, राज अंगद बावा, रघु कुमार, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान और जसप्रीत बुमराह।

**दिल्ली कैपिटल्स :** अक्षर पटेल (कप्तान), मुस्ताफिजुर रहमान, अभिषेक पोरेल, करुण नायर, लोकेश राहुल, ट्रिस्टन स्टब्स, आशुतोष शर्मा, विपराज निगम, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, समीर रिजवी, दर्शन नालकांडे, त्रिपुराना विजय, दुष्मंता चमीरा, फाफ डु प्लेसी, टी नटराजन, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

# शुरुआती झटकों से नहीं उभर पाई चेन्नई सुपर किंग्स



**एजेंसी, नई दिल्ली**

आईपीएल 2025 का 62वां मैच चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स के बीच अरुण जेटली क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया। राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी, जो टीम के लिए फायदेमंद साबित हुई। चेन्नई की शुरुआत बहुत खराब रही। मैच का पहला ओवर तुषार देशपांडे ने डाला। उन्होंने इस ओवर में 7 रन खर्च किए। इसके बाद युद्धवीर सिंह ने एक ओवर में दो विकेट झटकर सनसनी फैला दी। उन्होंने ड्वोन कॉन्वे (10) को रियान पराग के हाथों कैच कराया तथा ओवर की आखिरी बॉल पर उर्विल पटेल को क्वेना मफाका के हाथों कैच कराया। उर्विल शून्य पर आउट हुए। इसके बाद चेन्नई ने पावरप्ले के आखिरी ओवर में तीसरा विकेट गंवा दिया। तुषार देशपांडे के ओवर की 5वीं बॉल पर आयुष म्हात्रे क्वेना मफाका के हाथों कैच कराया। म्हात्रे ने 20 बॉल पर 43 रन बनाए। इसके बाद रविचंद्रन अश्विन भी 13 रन बनाकर आउट हुए। 8वें ओवर में चेन्नई ने रवींद्र जडेजा के रूप में 5वां विकेट गंवाया। वह एक रन बनाकर आउट हुए। उन्हें युद्धवीर सिंह ने ध्रुव जुरेल के हाथों कैच कराया।

समाचार लिखे जाने तक चेन्नई ने 12 ओवर में 5 विकेट पर 132 रन बना लिए थे। डेवाल्ड ब्रेसिव 40 और दुबे 14 रन पर खेल रहे थे।

# आरसीबी बनी सबसे पसंदीदा टीम : सर्वेक्षण

**एजेंसी, मुंबई**



इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के करीब 65 प्रतिशत प्रशंसकों को इस साल नया ट्रॉफी विजेता मिलने की उम्मीद है जिसमें रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की टीम सबसे पसंदीदा बनकर उभरी है।

यह आंकड़े एक सर्वेक्षण में सामने आये हैं। इस सर्वेक्षण को करने वाले '23 वॉट्स इनसाइट्स स्टूडियो' ने बताया कि किशोरों और युवाओं सहित 5,000 से अधिक क्रिकेट प्रशंसकों के बीच पांच मई तक किए गए सर्वेक्षण के मुताबिक 12 प्रतिशत प्रशंसक दिल्ली कैपिटल्स को विजेता के रूप में देखना चाहते हैं जबकि सात प्रतिशत पंजाब किंग्स के पक्ष में हैं।

इस सर्वेक्षण में भाग लेने वाले ज्यादातर लोग चाहते हैं कि दिग्गज महेंद्र सिंह धोनी लीग में खेलना जारी रखे। धोनी के संन्यास से जुड़े सवाल पर 73 प्रतिशत क्रिकेट प्रशंसकों ने कहा कि वे चाहते हैं कि यह करिश्माई विकेटकीपर बल्लेबाज खेलना जारी रखें। राजस्थान रॉयल्स के वैभव सूर्यवंशी प्रशंसकों के चहेते खिलाड़ी बनते दिख रहे हैं। उनके बाद मुंबई इंडियंस के अश्वनी कुमार के लिए 21 प्रतिशत प्रशंसकों ने मतदान किया।

इस सर्वेक्षण में 78 प्रतिशत प्रशंसकों का मानना है कि 'इंपैक्ट खिलाड़ी' नियम ने खेल को ज्यादा रणनीतिक और आकर्षक बनाया है, जबकि 20 प्रतिशत का मानना है कि यह नियम हरफनमौला खिलाड़ियों के लिए अनुचित है।(अनंत ज्ञान)

# शिक्षा मंत्री ने नवाजे स्कूली खिलाड़ी

**अनंत ज्ञान, शिमला**



68 वें राष्ट्रीय स्कूली खेलों में व्यक्तिगत व टीम स्पर्धा में पदक लाने वाले स्कूली खिलाड़ियों को राजकीय आदर्श कन्या वरिष्ठ मध्यमिक विद्यालय पोर्टमोर शिमला में शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने राष्ट्रीय स्कूली खेल प्रतियोगिता में उत्कृस्ट प्रदर्शन करने वाले सभी खिलाड़ियों को सम्मानित किया ।

इस अवसर पर स्कूल शिक्षा निदेशक एवं अध्यक्ष हिमाचल स्कूली क्रीडा संगठन आशीष कोहली ने मुख्यातिथि व अन्य गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन का वास होता है। इस कार्यक्रम में समग्र शिक्षा के निदेशक राजेश कुमार शर्मा , संयुक्त निदेशक स्कूल डॉक्टर जगदीश कुमार नेगी, एडीपीईओ हेडक्वार्टर तिलक सिंह विजलवान और अजय पांटा, हिमाचल के विभिन्न जिलों के उप शिक्षा निदेशक और सभी उपस्थित एडीपीईओ, सभी खेल छात्रावासों के प्रधानाचार्य एवं खेल प्रशिक्षक, प्रधानाचार्य गवर्नमेंट गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल पार्ट मोर राखी पंडित, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य, हेडमास्टर सहित आदि मौजूद थे।

# श्रीकांत ने मलेशिया मास्टर्स के मुख्य ड्रॉ में जगह बनाई

**एजेंसी, कुआलालंपुर**

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने मंगलवार को मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 टूर्नामेंट के मुख्य ड्रॉ में जगह बना ली है। क्वालीफाइंग दौर में यह भारत के लिए एकमात्र अच्छी खबर रही, क्योंकि अन्य भारतीय खिलाड़ी एकल वर्ग में क्वालीफायर की चुनौती से पार नहीं पा सके। यह टूर्नामेंट बीडब्ल्यूएफ टूर सुपर 500 सीरीज का हिस्सा है और इसमें दुनिया के चोटी के खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता विश्व रैंकिंग की दृष्टि से महत्वपूर्ण है।

**यह प्रतियोगिता विश्व रैंकिंग की दृष्टि से महत्वपूर्ण**

वापसी की राह पर चल रहे श्रीकांत ने अपने दूसरे क्वालीफाइंग पुरुष एकल मुकाबले में पहला गेम गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए चीनी ताइपे के हुआंग यू काई को 9-21, 21-12, 21-6 से हराया। विश्व चैंपियनशिप 2021 के इस रजत पदक विजेता खिलाड़ी ने इससे पहले शुरुआती दौर में चीनी ताइपे के एक अन्य खिलाड़ी कुओ कुआन लिन को 21-8, 21-13 से हराकर शानदार शुरुआत की थी। पूर्व विश्व नंबर एक श्रीकांत अब मुख्य ड्रॉ में छठी वरीयता प्राप्त चीन के खिलाड़ी लू गुआंग जु के खिलाफ एक कठिन चुनौती का सामना करेंगे।



अन्य मैचों में थारुन मन्नेपल्ली को थाईलैंड के पनिचाफोन तीरात्साकुल के हाथों 13-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा जबकि एस शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन को चीन के झू झुआन चेन से दोनों करीबी गेम वाले मुकाबले में 20-22, 20-22 से हार का सामना करना पड़ा। अनमोल खरब को महिला एकल मुकाबले में ताइपे की हंग यी-टिंग ने 21-14, 21-18 से हराया।

मोहित जागलान और लक्षिता जगलान की मिश्रित युगल जोड़ी भी मलेशियाई जोड़ी मिंग याप टू और ली यू शान से 15-21, 16-21 से हारकर बाहर हो गई। शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधू और एचएस प्रणय बुधवार को 475,000 डॉलर इनामी इस प्रतियोगिता में अपने अभियान की शुरुआत करेंगे।

## पावर प्ले का फायदा उठाना जरूरी : अभिषेक

**एजेंसी,लखनऊ।** लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ 20 गेंद में 59 रन की पारी खेलकर सनराइजर्स हैदराबाद को आसान जीत दिलाने में अहम योगदान दिलाने वाले अभिषेक शर्मा ने कहा कि वह लक्ष्य का पीछा करते समय पावरप्ले का अच्छा इस्तेमाल करना चाहते थे। अभिषेक की इस पारी से सनराइजर्स ने जीत के लिए मिले 206 रन के लक्ष्य को 10 गेंद शेष रहते चार विकेट गंवा कर जीत लिया।

मैन ऑफ द मैच अभिषेक ने पुरस्कार समारोह में कहा, ''अगर हम पहले बल्लेबाजी करते तो मेरी योजना कुछ और होती। जब आप 200 से ज़्यादा रन का पीछा कर रहे होते हैं तो मुझे ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है।''

उन्होंने कहा, ''अथर्व और मेरे बीच बातचीत हुई कि हम शुरुआती ओवर में संभल कर खेलने के बाद आक्रामक रुख अपनायेंगे। आप अगर किसी अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी से पूछेंगे, तो वे कहेंगे कि लक्ष्य का पीछा करते समय आपको पावरप्ले को अपने पक्ष में करना चाहिये।'' अपनी पारी में छह छक्के और चार चौके लगाने वाले इस वामहस्त बल्लेबाज ने कहा, '' मैं समझता हूं कि अगर मै अच्छा प्रदर्शन करूंगा तो टीम भी अच्छा प्रदर्शन करेगी। एक अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी के तौर पर आपको जिम्मेदारी लेनी होती है।''

मैच के दौरान अभिषेक और लखनऊ सुपरजायंट्स के गेंदबाज दिगवेश राठी के बीच नोकझोंक हुई लेकिन इस सलामी बल्लेबाज ने कहा, ''हमने मैच के बाद बातचीत की है। अब सब कुछ अच्छा है।''

# ऋषभ पंत एक शानदार खिलाड़ी इसलिए वह वापसी करेगा : मार्श

**एजेंसी, लखनऊ**



ऋषभ पंत 27 करोड़ रुपए की भारी भरकम कीमत के बावजूद एक बेहतरीन मैच विजेता की अपनी प्रतिष्ठा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सके और लखनऊ सुपरजाइंट्स के मिचेल मार्श ने टीम के आईपीएल से बाहर होने के बाद कहा कि यह विकेटकीपर बल्लेबाज यह स्वीकार करने वाला पहला व्यक्ति होगा कि इस लुभावनी टी20 लीग में उनका सत्र अच्छा नहीं रहा।

सुपरजाइंट्स को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ सोमवार को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा और इसके साथ टीम प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो गई जबकि उसके दो और मैच बचे हैं। सुपरजाइंट्स के कप्तान पंत ने 12 मैच में 135 रन बनाए हैं और उनका स्ट्राइक रेट 100 से कम है। यह 2016 में दिल्ली कैपिटल्स के लिए पदार्पण करने के बाद से उनका सबसे खराब आईपीएल सत्र रहा है। अब तक पांच अर्धशतक से 443 रन बनाने वाले मार्श ने संवाददाताओं से कहा, ''वह यह कहने वाले पहले व्यक्ति होंगे कि उनका सत्र वैसा नहीं रहा जैसा उन्हें पसंद होता लेकिन मैं व्यक्तिगत रूप से जानता हूं कि कभी-कभी क्रिकेट इसी तरह चलता है।''

मार्श ने उम्मीद जताई कि पंत सुपरजाइंट्स के आखिरी दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करेंगे, हालांकि ये महज औपचारिकता के मुकाबले होंगे। ''हम जानते हैं कि वह एक शानदार खिलाड़ी हैं, बेहद कुशल और बेहद प्रतिभाशाली है इसलिए वह वापसी करेगा।'' सत्र के सकारात्मक पहलुओं के बारे में पूछे जाने पर मार्श ने कहा कि 14वें लीग मैच के खत्म होने के बाद सभी के प्रदर्शन की जांच की जा सकती है।

मार्श ने कहा, ''मुझे लगता है कि शायद इस सत्र के बाद आत्मचिंतन का समय आएगा। मेरा ध्यान बस अपनी टीम और अपनी फ्रेंचाइजी के लिए अगले दो मैच जीतने में योगदान देने की कोशिश करने पर है। जैसा कि मैंने कहा कि आईपीएल एक बहुत बड़ा टूर्नामेंट है और इसमें जीत का अंतर बहुत कम होता है। हमने पूरे सत्र में कुछ करीबी मैच गंवाए जो अब हमें नुकसान पहुंचा रहे हैं।''

सनराइजर्स हैदराबाद ने पिछले सत्र में केवल आक्रमण करने के अपने सिद्धांत के साथ टी20 बल्लेबाजी की नई परिभाषा लिखी थी लेकिन इस सत्र के दौरान यह कारगर नहीं रहा जहां टीम पहले ही प्ले ऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी है जबकि अभी उसके दो मैच बचे हुए हैं। मुख्य कोच डेनियल विटोरी ने कहा, ''लोगों ने इस बारे में बात की है कि जाहिर तौर पर हम इस वर्ष आक्रामक होने की प्रतिष्ठा के साथ आए थे ।(अनंत ज्ञान)

**हॉकी टूर्नामेंट** महिला वर्ग में दो नई टीमें, समय आने पर किया जाएगा खुलासा

# पांच जनवरी से शुरू होगी हॉकी इंडिया लीग

**एजेंसी, नई दिल्ली**



हॉकी इंडिया लीग का अगला सत्र पांच जनवरी 2026 से शुरू होगा जिसमें महिला वर्ग में दो नई टीमें जुड़ेंगी जिससे महिला वर्ग में छह और पुरूष वर्ग में आठ टीमें भाग लेंगी। हॉकी इंडिया के महासचिव भोलानाथ सिंह ने मीडिया को बताया ,'' हीरो हॉकी इंडिया लीग के लिए इस बार पांच जनवरी से विंडो है ताकि विदेशी खिलाड़ी क्रिसमस मनाकर आराम से यहां खेलने आ सके। पिछली बार टूर्नामेंट 28 दिसंबर से शुरू हुआ था जिसे एक हफ्ते के लिए आगे बढ़ाया गया है ।''

सात साल बाद बहाल हुई लीग के पहले सत्र में एक हजार से अधिक खिलाड़ियों ने नीलामी के लिए आवेदन दिए थे। हॉकी इंडिया ने सोमवार को ही खिलाड़ियों के लिए आनलाइन रजिस्ट्रेशन विंडो खोली है जो 20 अगस्त तक खुली रहेगी। भोलानाथ ने यहां एमिटी यूनिवर्सिटी आनलाइन के साथ हॉकी खिलाड़ियों के लिए स्कॉलरशिप को लेकर एक सहमति पत्र पर हस्ताक्षर कार्यक्रम से इतर यह भी कहा कि महिला वर्ग में दो नई टीमें अगले सत्र में खेलेंगी जिनकी घोषणा जल्दी ही की जाएगी । उन्होंने कहा ,'' लीग में पुरूषों की आठ ही टीम होंगी लेकिन महिला वर्ग में छह टीमें खेलेंगी। टीमें तय हो गई हैं और समय आने पर खुलासा किया जाएगा ।

वेन्यू के बारे में बात चल रही है । सभी पक्षों से बात करके तय किया जायेगा कि कितने शहरों में मैच कराने हैं और वे कौन से शहर होंगे।'' पिछली बार पुरूष वर्ग के मैच राउरकेला में और महिलाओं के रांची में करवाए गए थे । (अनंत ज्ञान)

### सरकार के निर्देशों का करेंगे पालन : महासचिव

**हॉकी** इंडिया महासचिव ने 27 अगस्त से सात सितंबर तक बिहार के राजगीर में होने वाले एशिया कप में पाकिस्तान की भागीदारी के बारे में पूछे जाने पर दोहराया कि वे सरकार के निर्देशों का पालन करेंगे। उन्होंने कहा,'' सरकार का जो फैसला होगा । हमें सरकार से जो भी दिशा निर्देश मिलेंगे, हम उनका पालन करेंगे । लेकिन यह तय है कि एशिया कप राजगीर में और साल के आखिर में जूनियर विश्व कप तमिलनाडु में होगा।'' भोलानाथ ने कहा,'' क्रिकेट में भी एशिया कप को लेकर इस तरह की अफवाह फैलाई जा रही थी लेकिन बाद में बीसीसीआई सचिव का खंडन आ गया । आप हॉकी के लिए भी सरकार के दिशा निर्देश का इंतजार करने को कहा। प्रधानमंत्री मोदी सभी के बारे में सोचते हैं और जो भी सरकार फैसला लेगी, हॉकी इंडिया पूरी तरह से उसके साथ है ।'' पाकिस्तान हॉकी टीम ने आखिरी बार 2023 में भारत में एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी में भाग लिया था जो चेन्नई में खेली गई थी । पाकिस्तानी टीम भुवनेश्वर में 2014 चैम्पियंस ट्रॉफी, 2018 विश्व कप और 2021 जूनियर विश्व कप खेल चुकी है । लखनऊ में 2016 जूनियर विश्व कप में वीजा दिक्कतों के कारण पाकिस्तान ने भाग नहीं लिया था। एशियाई हॉकी महासंघ के रूख के बारे में पूछने पर इसके उपाध्यक्ष भोलानाथ ने कहा ,'' मैं एएचएफ का उपाध्यक्ष हूं और हॉकी इंडिया का महासचिव भी लेकिन पद और बाकी चीजें एक तरफ है, देश और सरकार के निर्देश सर्वोपरि है ।''

# लखनऊ सुपरजाइंट्स के दिग्वेश राठी एक मैच के लिए निलंबित

**एजेंसी, लखनऊ**



लखनऊ सुपर जाइंट्स के लेग स्पिनर दिग्वेश सिंह राठी को यहां आईपीएल मैच के दौरान सनराइजर्स हैदराबाद के सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा को आउट करने के बाद 'टिक द नोटबुक' (किताब में टिक लगाने) जश्न मनाने के एक और मामले के बाद एक मैच के लिए निलंबित कर दिया गया।

अभिषेक को भी इसी घटना के लिए फटकार लगाई गई और उन्हें सत्र के अपने पहले अपराध के लिए मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना और एक डिमेरिट अंक दिया गया। दिग्वेश के लिए यह आचार संहिता का तीसरा उल्लंघन था और उन्हें अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ सुपरजाइंट्स के अगले मुकाबले से निलंबित कर दिया गया है क्योंकि इसी प्रकृति के तीन अलग-अलग अपराधों के बाद उन्हें पांच डिमेरिट अंक मिले हैं। आईपीएल विज्ञप्ति में कहा गया है, ''लखनऊ सुपर जाइंट्स (एलएसजी) के गेंदबाज दिग्वेश सिंह पर सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ अपनी टीम के मैच के दौरान आईपीएल आचार संहिता का उल्लंघन करने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।'' इसमें एक अप्रैल 2025 को पंजाब किंग्स के खिलाफ एक डिमेरिट अंक और चार अप्रैल 2025 को मुंबई इंडियंस के खिलाफ दो डिमेरिट अंक शामिल हैं।'' (अनंत ज्ञान)